- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 113 | पृष्ठ : 22+16
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 1 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2082


**रिपोर्ट** कीमतों में रिकॉर्ड तेजी से पांच साल में सबसे कम रह सकती है सोने की मांग...कारोबार


दिल्ली-एनसीआर



SWAMI VIVEKANAND
SUBHARTI UNIVERSITY™
Approved by UGC
Where Education is a Passion...

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

HURRY UP! Limited Seats Available

Make your Tomorrow possible Today @Subharti

ENGINEERING 9639010192

- B.TECH
  - CS, IT, EC, EEE, ME, CE, Food Tech, CSE
  - Aerospace Engg.
  - CSE with specialization in AI&ML
  - (Lateral Entry for Diploma or B.Sc. Holder) CS, IT, EC, EEE, ME, CE, Food Tech., CSE, Aerospace Engg.
- M.TECH
  CS, Cyber Security, RF & Microwave Engg., Power Electronics & Drives, Production Engineering, Environmental Engineering & Management, Structural Engineering, Defence Technology Engg.
- Certificate Course
  Bio Medical Instrumentation/ 3-D printing/ Drone Pilot Training

FINE ARTS, FASHION DESIGN & ANIMATION 9897099838

- BFA
  - Foundation Programme
  - Painting • Sculpture
  - Applied Arts • Animation
- BPA
- DFA
- B.Sc.
  Animation, Interior Design, Textile Design
- M.Sc.
  Animation, Interior Design
- B.Design
- M.Design
  Fashion Design, Design Comm., Luxury Brand Mgmt.
- MPA
- MFA

MANAGEMENT 9897099856

- MBA
  /Integrated MBA / MBA (Aviation)
- BBA
- B.Com.
- M.Com.



SAFE, SECURE & PROTECTED CAMPUS
- Anti Ragging Cell
- Gender Sensitization Cell
- Women Empowerment Committee
- Internal Complaints Committee
- Legal Advisory Committee
- Student Council Committee
- Personality Development Cell

and many more...

OUR PRIDE RECRUITERS
MARUTI SUZUKI, GOLD PLUS, WIPRO, HYUNDAI, asianpaints, AXIS BANK, HDFC BANK, Justdial, FUSION, YAMAHA, Infosys, Mahindra Finance, Hero, ZEBRONICS, NISSAN, अमर उजाला, HCL, Paytm, Radical Minds

ADMISSION THROUGH S-NET
Online/Offline Examination

Special SCHOLARSHIP Schemes For CUET Qualified Candidates

www.subharti.org

UNIVERSITY OFFERS UG, PG & Ph.D. PROGRAMMES

• LAW • SCIENCE • PARAMEDICAL • HOME SCIENCE • PHARMACY • NURSING • PHYSIOTHERAPY • NATUROPATHY & YOGA • POLYTECHNIC • EDUCATION • PHYSICAL EDUCATION • LIBRARY SCIENCE • JOURNALISM & MASS COMM. • HOTEL MANAGEMENT • ARTS & SOCIAL SCIENCE • POLITICAL SCIENCE & SOCIOLOGY • BUDDHIST STUDIES • LANGUAGE DEPARTMENT

MoUs INTERNATIONAL ACADEMIC COLLABORATIONS
BHUTAN, LESOTHO, LIBERIA, KOREA, TANZANIA, SWAZILAND, MALAWI, THAILAND, VIETNAM, NIGERIA, SRI LANKA, NEPAL, NETHERLAND, ZAMBIA, ZIMBABWE, SOUTH AFRICA, SOUTH SUDAN, U.K.

/ subhartiuni / subhartiofficia

FOR ADMISSION (REGULAR MODE)
Subhartipuram, NH-58,
Delhi-Haridwar Bypass Road,
Meerut, NCR Region, U.P., India.
9639222288/ 89/ 90
9639222291/ 93/ 98

ACADEMIC COLLABORATIONS
Beehive College • Dehradun
Call:8126266666, 8126244444
www.beehivecollege.com

RAS BIHARI BOSE SUBHARTI UNIVERSITY Dehradun
CALL: 7617585561, 08194007624, www.rbbsu.edu.in

SCAN ME For More Information



**सड़क लबालब** पूर्वी दिल्ली में बारिश के कारण निर्माण विहार में जलभराव हो गया। ऐसे में वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। अमर उजाला

# कोरोना काल से भी ज्यादा साफ रही इस बार जुलाई

## वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट से खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** जुलाई-25 का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) छह साल की तुलना में सबसे साफ दर्ज किया गया है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, बदलते मौसम और कई प्रयासों से जुलाई दिल्ली में 2018 के बाद से सबसे साफ हवा अधिकतम एक्यूआई 78 के साथ संतोषजनक श्रेणी में रहा। इसे कोविड-19 लॉकडाउन वाले वर्ष 2020 से भी अधिक स्वच्छ दर्ज किया गया है।

वहीं, जुलाई का औसत एक्यूआई 2018 में 104, 2019 में 134, 2020 में 84, 2021 में 110, 2022 में 87, 2023 में 84 व 2024 में 96 दर्ज किया गया था। इसके अलावा जुलाई में सबसे अधिक संतोषजनक दिन (एक्यूआई 51-100) भी देखे गए। ऐसे में इस महीने में 29 दिन संतोषजनक श्रेणी में रहे जबकि केवल दो दिन ही मध्यम श्रेणी में दर्ज किए गए। वहीं, 2018 में 16, 2019 में 12, 2020 में 25, 2021 में 20, 2022 में 25, 2023 में 26 और 2024 में 17 दिन संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किए गए थे। संवाद

**एक्यूआई 59 दर्ज :** बृहस्पतिवार को एक्यूआई 59 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार की तुलना में सात सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई।

### जुलाई में 29 दिन साफ, सरकार के कदम से असरदार परिणाम : सिरसा

**नई दिल्ली।** जुलाई के 31 में से 29 दिन वायु गुणवत्ता के मामले में संतोषजनक या अच्छे श्रेणी में दर्ज किए गए। यह कई दशकों की सबसे स्वच्छ जुलाई है जिसने वायु प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली की लड़ाई में नया मानक स्थापित किया। ये जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी टीमें 24 घंटे सातों दिन जमीन पर काम कर रही हैं। वन महोत्सव से हरियाली बढ़ाने, सीएंडडी साइट्स पर कड़ा धूल नियंत्रण और कचरे के पहाड़ हटाने के लिए बायो-माइनिंग तक हर कदम असरदार परिणाम दे रहे हैं। संवाद

## अगस्त की शुरुआत बारिश के साथ... पूरे सप्ताह भीगेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** राजधानी में बुधवार को शुरू हुआ बारिश का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। बारिश ने लोगों को उमस से राहत दिलाई तो कई इलाकों में जलभराव के कारण जाम ने लोगों को परेशान किया। स्कूल-कॉलेज और दफ्तर जाने वालों की परेशानी बढ़ गई। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का यह सिलसिला सात दिनों तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह 8:30 बजे से बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे तक सफदरजंग मानक केंद्र पर औसत 39.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम 29.9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में नमी का स्तर 100 से 98 फीसदी रहा।

**39.1** मिलीमीटर बारिश दर्ज

**जुलाई में औसत से ज्यादा बारिश :** जुलाई में दिल्ली में औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अब तक 259.3 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य औसत 209.7 मिमी है। बारिश के दिनों की बात करें तो 1901 के बाद से जुलाई 22वां सबसे बारिश वाला महीना बन गया है। ब्यूरो

### आज के कार्यक्रम

**संगीत**

- इंडिया हैबिटेट सेंटर : शाम 7 बजे द थिएटर में राग रूट संगीतमय संध्या का आयोजन होगा।

**नाटक**

- एलटीजी ऑडिटोरियम : शाम 5:30 बजे ब्लैक कैनवास में कंजूस नाटक का मंचन होगा।

**फिल्म**

- इंडिया हैबिटेट सेंटर : शाम 7 बजे से द स्टेन ऑडिटोरियम में गर्म हवा फिल्म की प्रस्तुति।

### आपकी आवाज

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com

व्हाट्सएप करें
9873687563

### न्यूज डायरी

#### मालेगांव केस पर फैसले का स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मालेगांव ब्लास्ट केस में फैसले का स्वागत करते हुए इसे हिंदू आतंकवाद की झूठी थ्योरी की हार और न्याय की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उन तमाम साजिशों का पर्दाफाश है जिनके तहत हिंदू समाज को बदनाम करने की कोशिशें की गई थीं। सचदेवा ने मांग की कि इस मामले में झूठा मुकदमा चलाने वाले अधिकारियों, नेताओं और जांचकर्ताओं के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाए ताकि भविष्य में किसी निर्दोष को राजनीतिक एजेंडे के तहत प्रताड़ित न किया जा सके। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति के तहत एक खास समुदाय को खुश करने के लिए हिंदू समाज को आतंकवाद से जोड़ने का षड्यंत्र रचा था। ब्यूरो

#### गोस्वामी तुलसीदास को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को लाल किले के समीप स्थित गोस्वामी तुलसीदास चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन श्री सनातन धर्म महासभा और भाजपा चांदनी चौक मंडल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से किया। इसकी अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष सुशील कुमार गोयल ने की। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर और पूर्व पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसमूह को संबोधित किया। ब्यूरो

# हॉट एयर बैलून से निहार सकेंगे दिल्ली की सुंदरता

## दिल्ली विकास प्राधिकरण की नई पहल, निजी एजेंसी का चयन

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोग जल्द ही राजधानी की प्राकृतिक सुंदरता को आसमान से निहार सकेंगे। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पहली बार शहर में हॉट एयर बैलून सेवा शुरू करेगा।

डीडीए ने यह रोमांचक पहल इको-टूरिज्म को बढ़ावा, लोगों को नया मनोरंजन विकल्प व दिल्ली के हरित क्षेत्रों को नई पहचान दिलाने के लिए की है। डीडीए के अनुसार, यह परियोजना उपराज्यपाल वीके सक्सेना की पहल पर तैयार की गई है। बैलून सेवा यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और यमुना किनारे स्थित असिता व बांसेरा पार्क में शुरू की जाएगी।

**प्रारंभिक तौर पर तीन वर्षों के लिए कार्य सौंपा**

डीडीए ने इस परियोजना के लिए निजी एजेंसी का चयन कर लिया है जिसे प्रारंभिक तौर पर तीन वर्षों के लिए कार्य सौंपा गया है। भविष्य में इस अवधि को अधिकतम नौ वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। चयनित एजेंसी को प्रत्येक स्थल पर 3600 वर्गमीटर स्थान संचालन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।



**02** माह में शुरू होगी रोमांचक सेवा | **04** जगहों पर यमुना किनारे मिलेगी सेवा

### रस्सी से बंधा होगा बैलून

यह योजना दिल्लीवासियों के लिए नया मनोरंजन और पर्यटन का अवसर लाएगी। टेदर्ड हॉट एयर बैलून को जमीन से रस्सियों के सहारे बांधा जाता है जिससे यह सुरक्षित और रोमांचक दोनों होता है। रस्सियों से बंधा होने के कारण बैलून हवा के साथ दूर नहीं जाता। अभी देश के कुछ ही शहरों में ये सुविधा उपलब्ध है।

### उड़ान की समयसीमा और संचालन व्यवस्था

बैलून सेवा दो माह के भीतर शुरू हो जाएगी। हर दिन चार घंटे की उड़ान की अनुमति दी गई है जिसे आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाया भी जा सकता है। सेवाओं का संचालन राजस्व साझेदारी मॉडल के तहत किया जाएगा जिसमें टिकटों की कीमत डीडीए की स्वीकृति के बाद तय की जाएगी। सभी टिकटों से प्राप्त राशि सीधे डीडीए के खाते में जमा होगी जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी।

### खेल परिसरों का नया उपयोग

यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सूरजमल विहार स्थित दिल्ली का सबसे बड़ा खेल परिसर है। यह कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स कांप्लेक्स 2010 में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बनाया गया था। अब इन परिसरों को मनोरंजन और पर्यावरण-पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### यमुना किनारों को किया बेहतर

- डीडीए ने हाल के वर्षों में यमुना को बेहतर करने के अनेक प्रयास किए हैं। असिता जो कभी अतिक्रमण की चपेट में थे उसे अब एक खूबसूरत ग्रीन जोन बना दिया गया है। वहीं, बांसेरा में सीएंडडी वेस्ट डंपिंग साइट थी लेकिन अब 30,000 बांस के पौधों, तीन जल निकायों और एक संगीतमय फव्वारे से सजा अद्वितीय थीम पार्क है।

# निर्माण कार्यों को मिलेगी रफ्तार

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की कई फैसलों की घोषणा, प्रक्रिया होगी पारदर्शी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में निर्माण कार्यों की रफ्तार बढ़ाने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की दिशा में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कई फैसलों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन बदलावों से न केवल निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को लाभ होगा बल्कि राजधानी विकसित दिल्ली के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत वर्षों में निर्माण कार्यों की धीमी गति व जटिल प्रक्रियाओं के कारण दिल्ली के बुनियादी ढांचे की स्थिति चिंताजनक हो गई थी। इसके समाधान के लिए सरकार ने विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और निर्माण एजेंसियों के साथ विस्तार से चर्चा की और नई कार्यनीति बनाई।



### नई दर अनुसूची लागू

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब निर्माण कार्यों के लिए सीपीडब्ल्यूडी की नवीनतम दर अनुसूची डीएसआर-2023 को लागू कर दिया गया है जो पहले डीएसआर-2016 थी। इससे निर्माण सामग्रियों और श्रम दरों का यथोचित भुगतान हो सकेगा। बड़ी कंपनियों की भागीदारी भी इससे बढ़ेगी।

### ये लिए गए फैसले

- **मुख्यमंत्री विकास निधि में 1400 करोड़ का प्रावधान :** मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक विधायक अपने क्षेत्र में एक परियोजना के लिए अधिकतम 10 करोड़ रुपये की निधि ले सकेंगे। इसमें प्रशासनिक विभाग, निगम या स्वायत्त संस्थाएं प्रस्ताव बनाएंगी और मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद योजना विभाग 50 प्रतिशत राशि अग्रिम जारी करेगा। शेष 50 प्रतिशत भुगतान कार्य की प्रगति और प्रमाणपत्रों के आधार पर होगा।
- **विधायक निधि योजना में भुगतान प्रणाली का सरलीकरण :** अब कार्य स्वीकृत करते समय 10 प्रतिशत राशि जारी होगी। फिर आवश्यक दस्तावेज के आधार पर 50 प्रतिशत (पहले जारी 10 प्रतिशत समेत) और बाकी 50 प्रतिशत राशि कार्य पूर्ण होने पर दी जाएगी। इससे ठेकेदारों को भुगतान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी।
- **अनधिकृत कॉलोनियों में निगम को मिली जिम्मेदारी :** पहले विधायक फंड से सिंचाई विभाग या डीएसआईआईडीसी से ही कार्य करवा सकते थे जिससे छोटे कार्यों में देरी होती थी। अब नगर निगम को यह जिम्मेदारी मिलने से कार्यों में तेजी आएगी।

## मेयर ने यमुना घाट पर बांटे 1.35 लाख जामुन के बीज

**नई दिल्ली।** मेयर राजा इकबाल सिंह ने बृहस्पतिवार को श्री दिल्ली गुजराती समाज की ओर से यमुना घाट पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में 1,35,000 जामुन के बीज बांटे।

इस दौरान मेयर ने कहा कि जब ये बीज वृक्ष बनेंगे तो ऑक्सीजन और प्रदूषण नियंत्रण का पुण्य सभी को मिलेगा। उन्होंने इस पहल के लिए गुजराती समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज हमेशा देश की दशा और दिशा तय करने में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

मेयर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें मां यमुना का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला और वर्षों बाद यमुना का इतना साफ जल देखकर आत्मिक संतोष हुआ।

दिल्ली की ट्रिपल इंजन सरकार दिल्ली को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने के लिए संकल्पित है। यह कार्यक्रम केवल बीज वितरण का नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य की नींव है। ब्यूरो

# लावारिस कुत्तों को खाना देने पर लगे जुर्माना: विजय

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली में बढ़ते लावारिस कुत्तों के काटने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए दिल्ली सरकार और एमसीडी से त्वरित और सख्त कदम उठाने की मांग की है।

उन्होंने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लावारिस कुत्तों को सड़कों पर खाना खिलाने वालों पर जुर्माना और एफआईआर होनी चाहिए। जैसे मुंबई में कबूतरों को दाना डालने पर किया गया है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मामला स्वास्थ्य आपदा और कानूनी संकट में बदल सकता है।

उन्होंने महाराष्ट्र हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों पर सख्ती जरूरी है। हर साल भारत में 20,000 से अधिक लोग रेबीज के कारण जान गंवाते हैं। अब तक इसका कोई इलाज भी नहीं है। ऐसे में कुत्तों को सड़कों पर खाना डालने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए और सिविल डिफेंस व पुलिस की मदद से निगरानी की जाए।

गोयल ने पीड़ितों को मुआवजा देने, एक टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू करने, कुत्तों की गणना कराने और नसबंदी में लापरवाही पर एमसीडी को जिम्मेदार ठहराते हुए केंद्र को एबीसी नियमों में संशोधन के लिए पत्र लिखने की भी मांग की।



पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली सरकार व एमसीडी से कदम उठाने की मांग की

# जलभराव पर भाजपा-आप में रार

## भाजपा ने आप पर लगाया डिसिल्टिंग घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली।** राजधानी में जलभराव की समस्या को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। बृहस्पतिवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप पर डिसिल्टिंग घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तेजी से जल निकासी सुनिश्चित कर रही है तो आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज बौखलाहट में जवाबी बयानबाजी कर रहे हैं।



सचदेवा ने कहा कि आप सरकार ने 2015 से लेकर 2024 तक डिसिल्टिंग के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया। जल बोर्ड और लोक निर्माण विभाग लूट के अड्डे बन गए थे। इसी कारण एक नागरिक संगठन को 2018 में डिसिल्टिंग ऑडिट की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा था।

कोर्ट में याचिका के बावजूद केजरीवाल सरकार ने वर्षों तक ऑडिट टालने की कोशिश की। जब 2024 में अदालत ने डिसिल्टिंग ऑडिट का आदेश दिया तब भी सौरभ भारद्वाज ने जिम्मेदारी लेने की जगह अधिकारियों पर दोष लगा दिया। भारद्वाज को यह बताना चाहिए कि 2015 से 2018 के बीच डिसिल्टिंग क्यों नहीं करवाई गई और उस दौरान करोड़ों रुपये किस मद में खर्च किए गए। ब्यूरो

## नालों से गाद निकालने के मामले की एसीबी से जांच हो : आप

**नई दिल्ली।** आप ने नालों से गाद निकालने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने मांग उठाई है। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को कहा कि 8 अप्रैल 2024 को हाईकोर्ट का निर्देश आया था कि दिल्ली सरकार की ओर से कराए जाने वाले डिसिल्टिंग के कार्य का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए।



ऐसे में कोर्ट का निर्देश दिल्ली सरकार पर बाध्य हैं। क्या भाजपा सरकार ने नालों से गाद निकालने के कार्य का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया। गाद निकालने के मामले में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार होता है। ठेकेदारों को कार्य के बदले भुगतान कर दिया जाता है लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं होता। दो दिन पहले दिल्ली में हुई थोड़ी सी बारिश के बाद जलभराव इसका एक बड़ा उदाहरण है। दिल्ली सरकार ने गाद निकालने को लेकर दावे किए, लेकिन स्थिति जस की तस रही।

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के सवाल पर उन्होंने कहा कि आप सरकार ने थर्ड पार्टी ऑडिट के लिए कई बार मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्टेटस रिपोर्ट के बारे में पूछा। कोर्ट के आदेश के बावजूद भी उस समय के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने डिसिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं कराया। यदि जांच होती तो इसमें कई बड़े अधिकारी फसेंगे। भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए डी-सिल्टिंग का थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं कराया गया। ब्यूरो

# निगम की विशेष और तदर्थ समितियों में आप ने दी चुनौती



बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल करते आप नेता। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** एमसीडी की विशेष और तदर्थ समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा को आप ने चुनौती दी है। इन समितियों के चुनाव में पहली बार विपक्षी दल ने उम्मीदवार उतरे हैं।

आप ने भाजपा को नियुक्ति, पदोन्नति, अनुशासनात्मक एवं संबद्ध विषय समिति, निर्माण समिति, चिकित्सा राहत एवं जन स्वास्थ्य समिति, पर्यावरण प्रबंधन सेवा समिति, उद्यान समिति, कानूनी एवं सामान्य प्रयोजन समिति, पार्षदों के लिए आचार संहिता समिति, हिंदी समिति, खेल प्रोत्साहन एवं संबद्ध विषय समिति, आश्वासन समिति, राजस्व परियोजना समिति, लाइसेंसिंग एवं तहबाजारी समिति, सामुदायिक सेवा समिति, अनुसूचित जाति कल्याण समिति, महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति, एंटी मलेरिया उपाय समिति व शिकायत निवारण समिति में चुनौती दी है। अधिकतर समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर आप ने उम्मीदवार खड़े किए हैं। हालांकि, संपत्ति कर, हिंदी समिति व निगम लेखा समिति में केवल उपाध्यक्ष पद पर आप ने नामांकन दाखिल कराया। ब्यूरो

**चुनाव में पहली बार विपक्षी दल ने उम्मीदवार मैदान में उतारे**

**मुहिम** | दिल्ली सरकार की पहल पर हर क्षेत्र में चलेगा विशेष सफाई अभियान

# एमसीडी का कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान आज से

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की पहल पर शुक्रवार से एक माह के लिए कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान शुरू होगा।

इसके लिए एमसीडी के सभी विभागों और जोनल अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अभियान की शुरुआत सभी जोनल और विभागीय कार्यालयों की सफाई से होगी। इस दौरान पुराने कागज, फर्नीचर, कार्ड बोर्ड आदि को इकट्ठा कर री-साइक्लिंग एजेंसियों को सौंपा जाएगा। साथ ही, हर कार्यालय में दो कूड़ेदान अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे ताकि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा सके।

**500** से अधिक प्रमुख बाजारों में रात को होगी सफाई

एमसीडी की सफाई टीम अगस्त में हर शनिवार को झुग्गी बस्तियों में विशेष अभियान चलाएगी जिसमें नालियों की सफाई, कचरे का हटाना और झाड़ू लगाना शामिल है। वहीं, एक से 15 अगस्त तक राजधानी के 500 से अधिक प्रमुख वाणिज्यिक बाजारों में रात के समय विशेष सफाई अभियान चलेगा ताकि दिन में आम जनता को असुविधा न हो। इधर, 4 से 14 अगस्त के बीच सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की सफाई के साथ-साथ पेट्रोल पंप, रेस्तरां और होटलों के शौचालयों का निरीक्षण कर बेहतर बनाने की कार्रवाई होगी। इसी दौरान पार्कों और बाग-बगीचों में सफाई व पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत चलाया जाएगा। पार्कों के आसपास सड़क किनारे झाड़ियों की छंटाई भी होगी।

**स्कूलों और युवाओं की भागीदारी :** एमसीडी ने 11-12 अगस्त को स्कूलों और उनके आसपास की सफाई की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और सफाई विभाग को सौंपी है। साथ ही, 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कॉलेजों, एनसीसी, एनएसएस व माई भारत वॉलंटियर्स के साथ प्लॉग रन आयोजित होगी। इसमें छात्र कचरा उठाते हुए दौड़ लगाएंगे। सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे ताकि युवाओं में जागरूकता बढ़े।

### रेलवे ट्रैक और निर्माण मलबे पर भी फोकस

रेलवे ट्रैकों के किनारे पड़े ठोस कचरे को हटाने के लिए 1, 7, 14 और 21 अगस्त को विशेष सफाई की जाएगी जिसमें सफाई विभाग और मेंटेनेंस विभाग मिलकर काम करेंगे। वहीं, 4, 11 व 18 अगस्त को निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट के लिए विशेष संग्रहण अभियान भी चलेगा।

### अभियान के तहत सफाई व्यवस्था मजबूत होगी : सत्या

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल सफाई व्यवस्था को मजबूत करना है बल्कि नागरिकों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता भी बढ़ाना है। अभियान को बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ लागू किया जाएगा ताकि इसके परिणाम दीर्घकालिक और प्रभावी हों।

**अस्पतालों में भी चलेगा अभियान**

अस्पतालों में शुक्रवार से स्वच्छता अभियान चलेगा। इस संबंध में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने सभी अस्पतालों के चिकित्सा निदेशकों और अधीक्षकों को पत्र लिखा है।



**बेजुबान की मदद :** गाजीपुर पेपर मार्केट में सीवर खुला होने से गाय गिर गई। काफी मशक्कत के बाद जब वह नहीं निकल पाई, तो लोगों ने मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि सीवर पर ढक्कन नहीं लगाया गया। फिरदौस आलम

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी
वर्ष 23 | अंक 113 | पृष्ठ : 22+16
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 1 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2082



प्रस्ताव | कनाडा और माल्टा भी उतरे फलस्तीन के समर्थन में...18






## मालेगांव विस्फोट : साध्वी प्रज्ञा समेत सभी सात आरोपी 17 साल बाद बरी...भरोसेमंद सबूत पेश नहीं कर सका अभियोजन पक्ष

# आतंकवाद का धर्म नहीं होता, शंका के आधार पर नहीं सुना सकते सजा

## इसी धमाके के बाद गढ़ा गया था भगवा आतंकवाद शब्द

अमर उजाला ब्यूरो

### विशेष जज ने कहा-यह गंभीर अपराध था, पर फैसले के लिए ठोस व निर्विवाद प्रमाण जरूरी

**मुंबई।** मालेगांव विस्फोट के 17 साल बाद विशेष एनआईए अदालत ने मुख्य आरोपी भाजपा की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा की वकालत नहीं करता। इस मामले में अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए भरोसेमंद साक्ष्य नहीं पेश कर सका। केवल शंका के आधार पर सजा नहीं सुनाई जा सकती। अदालत ने सरकार को विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये व घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए।

विशेष जज एके लाहोटी ने कहा, अभियोजन पक्ष ने यह तो साबित कर दिया कि बम विस्फोट हुआ था, पर यह साबित नहीं कर पाया कि मोटरसाइकिल पर विस्फोटक रखा गया था। साथ ही वह यह भी साबित नहीं कर सका कि जिस मोटरसाइकिल से विस्फोट का दावा किया जा रहा है वह प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी। विशेष जज ने जांच की खामियां उजागर करते हुए कहा, आरोपी व्यक्ति संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। इस मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने कहा, यह गंभीर अपराध था, पर फैसले के लिए ठोस व निर्विवाद प्रमाण की जरूरत होती है।

कोर्ट ने चिकित्सा प्रमाणपत्र में हेराफेरी का भी जिक्र किया। कहा, अदालत का निष्कर्ष है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि 95 थी। बता दें कि 29 सितंबर, 2008 को मुंबई से करीब 200 किमी दूर मालेगांव में मस्जिद के पास मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ था। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 101 के घायल होने की बात कही गई। शुरुआत में मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की। बाद में जांच एनआईए को सौंप दी गई। मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, ले. कर्नल प्रसाद पुरोहित, सेवानिवृत्त मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, समीर कुलकर्णी व सुधाकर चतुर्वेदी को आरोपी बनाया गया। बृहस्पतिवार सुबह सभी आरोपी कोर्ट में हाजिर हुए। 11 बजे विशेष जज ने फैसला पढ़ना शुरू किया। कहा, सभी आरोपियों के जमानत बांड रद्द किए जाते हैं और जमानतदारों को मुक्त किया जाता है।



साध्वी प्रज्ञा ठाकुर | मेजर रमेश उपाध्याय | ले. कर्नल पुरोहित | समीर कुलकर्णी | अजय राहिरकर | सुधाकर द्विवेदी | सुधाकर चतुर्वेदी

### रो पड़ीं साध्वी प्रज्ञा, कहा-17 सालों में बर्बाद हो गया जीवन

साध्वी प्रज्ञा फैसला सुनते ही रो पड़ीं। कहा, यह न सिर्फ उनकी, बल्कि भगवा की भी जीत है। 17 वर्षों में जीवन बर्बाद हो गया। भगवान भगवद्गीता का अपमान करने वालों को सजा देंगे। भगवा को षड्यंत्र के तहत बदनाम किया गया।

### अब हमारे जीवन से यह कलंक मिट जाएगा : मेजर रमेश

मेजर (सेनि) रमेश उपाध्याय ने कहा, शारीरिक, मानसिक व आर्थिक यातना सही। स्वेच्छा से नार्को टेस्ट कराया, पर उस पर भरोसा नहीं किया क्योंकि अभियोजन पक्ष के अनुकूल नहीं था। पत्नी-बेटे को आतंकी की पत्नी-बेटा कहा गया। अब हमारे जीवन से यह कलंक मिट जाएगा।

### व्यवस्था में आम आदमी का भरोसा बहाल हुआ : कर्नल पुरोहित

ले. कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा, व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर बहाल हुआ है। राष्ट्रप्रेमी के लिए निजी जीवन नहीं, राष्ट्र ही मायने रखता है। धन्यवाद देता हूं कि मुझे दृढ़ विश्वास के साथ देश व संगठन की सेवा का मौका मिला, जैसा फंसाए जाने से पहले कर रहा था।

***फैसला इसलिए अहम...** महाराष्ट्र आतंक निरोधी दस्ते (एटीएस) की मालेगांव व समझौता एक्सप्रेस धमाकों की जांच के बाद राजनीतिक हलकों में भगवा आतंकवाद शब्द गढ़ा गया था। देश का बड़ा वर्ग इसे हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश मानता है। राजनीतिक विमर्श में भी यह खासा चर्चा में रहा।*

### पांच आरोपी पहले ही हो चुके बरी

मामले में कुल 12 आरोपी थे। इसमें से पांच पहले ही बरी हो चुके हैं। इनमें शिवनारायण कलसांगरा, श्यामलाल साहू, प्रमोद मुतालिक के अलावा दो अन्य रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे वांछित आरोपी थे। दोनों इंदौर के रहने वाले थे। एक पुलिस अधिकारी ने दावा किया था, दोनों की हिरासत में मृत्यु हो गई थी। संदीप पर दस लाख रुपये का इनाम भी घोषित था।

### ■ कोई सबूत नहीं कि पुरोहित कश्मीर से लाए आरडीएक्स

विशेष जज लाहोटी ने कहा, इसके कोई सबूत नहीं हैं कि ले. कर्नल पुरोहित कश्मीर से आरडीएक्स लाए और घर पर बम बनाया। पुरोहित के घर में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। जांच अफसर ने घटनास्थल का रेखाचित्र नहीं बनाया। कोई फिंगरप्रिंट या डाटा नहीं लिया। जो नमूने लिए, वे दूषित थे। इसलिए रिपोर्ट निर्णायक व भरोसेमंद नहीं हो सकी।

**रमजान में इलाका बंद...बाइक कैसे पहुंची**

■ विस्फोट रमजान के दौरान हुआ। तब इलाका बंद था। यह स्पष्ट नहीं हुआ कि बाइक वहां पहुंची कैसे।

■ इंदौर, उज्जैन व नासिक में साजिश रचने के लिए बैठकें होने का कोई विश्वसनीय प्रमाण पेश नहीं किया।

■ अभिनव भारत संगठन की भूमिका भी कोर्ट में साबित नहीं हुई। पुरोहित, राहिरकर व उपाध्याय में वित्तीय लेनदेन के सबूत तो मिले, पर साबित नहीं हुआ कि उपयोग आतंकी गतिविधियों में हुआ था।

### पीड़ित परिवार फैसले को हाईकोर्ट में देंगे चुनौती

**पीड़ित** परिवारों के वकील शाहिद नदीम ने कहा कि वह फैसले को जल्द ही हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। नदीम ने कहा, दुखद है कि हम 17 साल से फैसले का इंतजार कर रहे थे। लेकिन, पीड़ितों को फैसला सुनकर तकलीफ हुई। पीड़ित मालेगांव से अपने जख्म दिखाने आए थे, अदालत ने संदेह का लाभ दिया क्योंकि एजेंसी, एटीएस और सरकार नाकाम रहीं। नदीम ने कहा, अदालत ने माना है कि धन का इस्तेमाल बम विस्फोट के लिए नहीं किया गया था, लेकिन उसने यह माना है कि बम विस्फोट हुआ था।

### निराशाजनक फैसला, क्या सरकार अपील करेगी : ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने फैसले पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, विस्फोट में छह नमाजी मारे गए और लगभग 100 घायल हुए थे। उन्हें उनके धर्म के कारण निशाना बनाया गया। जान-बूझकर की गई घटिया जांच और अभियोजन पक्ष ही आरोपियों के बरी होने के लिए जिम्मेदार है। ओवैसी ने पूछा, क्या सरकार इस फैसले के खिलाफ अपील करेगी, जिस तरह उन्होंने मुंबई ट्रेन विस्फोटों में आरोपियों को बरी करने के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी?

### सच सामने आया, झूठी धारणा खारिज : आरएसएस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि सच सबके सामने आ गया। कुछ लोगों ने अपने निजी और राजनीतिक कारणों से इस मुद्दे को उठाया था। पूरे हिंदू समुदाय और हिंदू धर्म को आतंकवाद से जोड़ने की कोशिश की थी। अदालत ने उस झूठी धारणा को खारिज कर दिया।

■ महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती समेत कई नेताओं ने कहा कि फैसले के बाद भगवा आतंकवाद कहने वाली कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने वोटबैंक की राजनीति के लिए झूठ गढ़ा और देश की संस्कृति व सनातन धर्म को बदनाम किया।


>> आखिर दोषी कौन : संपादकीय/>> 17 साल बाद फैसला : पेज 15





## ग्रेटर बांग्लादेश के दुष्प्रचार से निपटने के लिए सरकार तत्पर : जयशंकर



**नई दिल्ली।** भारत के कुछ हिस्सों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश के दुष्प्रचार से निपटने के लिए भारत पूरी तरह मुस्तैद है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में बताया कि सल्तनत-ए-बांग्ला नाम के इस्लामी समूह ने ग्रेटर बांग्लादेश का एक नक्शा जारी किया है। इसमें भारत के कुछ हिस्से शामिल किए हैं। सरकार ने इसका संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर भारत सरकार कड़ी नजर रखती और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

ग्रेटर बांग्लादेश के दुष्प्रचार को लेकर कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, सरकार की नजर है। गौरतलब है कि सल्तनत-ए-बांग्ला ने यह नक्शा ढाका विश्वविद्यालय में प्रदर्शित किया था। इस समूह को तुर्की यूथ फेडरेशन नामक तुर्किये के एनजीओ का समर्थन प्राप्त है। हालांकि, आयोजकों ने प्रदर्शनी का किसी भी विदेशी राजनीतिक संस्था से संबंध होने से इन्कार किया। बांग्लादेश सरकार के फैक्ट जांच प्लेटफॉर्म बांग्लाफैक्ट ने भी दावा किया, सल्तनत-ए-बांग्ला के सक्रिय होने का कोई सबूत नहीं है। इसमें स्पष्ट किया कि नक्शा पूर्ववर्ती बंगाल सल्तनत के संदर्भ में प्रदर्शनी में लगाया गया था। ब्यूरो

### एसबीके सिंह को मिली दिल्ली पुलिस की कमान



**नई दिल्ली।** दिल्ली होम गार्ड के डीजी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह ने बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हुए संजय अरोड़ा का स्थान लिया। >> पेज 2

### रोहिंग्या शरणार्थी या घुसपैठिये सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या प्रवासी, शरणार्थी घोषित किए जाने के हकदार हैं या नहीं सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे का परीक्षण करेगा। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एक बार इसका निर्णय हो जाए, उसके बाद ही अन्य मुद्दे महत्वपूर्ण हो सकते हैं। >> पेज 15

## पटना एम्स की नर्स के दो बच्चों को घर में घुसकर जिंदा जलाया

### चुनाव आयोग कार्यालय में कार्यरत हैं बच्चों के पिता



अंश | अंजलि

**पटना।** अज्ञात अपराधियों ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की एक नर्स के दो बच्चों को जिंदा जला दिया। मृतक बच्चों की पहचान जानीपुर निवासी शोभा देवी और ललन कुमार गुप्ता की बेटी अंजलि व अंश के रूप में हुई। ललन चुनाव आयोग के कार्यालय में कार्यरत हैं।

बच्चे बृहस्पतिवार को दोपहर बाद स्कूल से लौटे थे। कुछ ही देर बाद घर से धुआं उठता देखा गया। परिजनों का आरोप है कि बच्चों की हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए आग लगाई गई। कई थानों की पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचा। घर की घेराबंदी कर नमूने जुटाए गए। पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वारदात पर कहा कि पटना में सत्ता संरक्षित अपराधियों ने नर्स के नाबालिग बच्चों को जिंदा जलाया। मुख्यमंत्री अचेत हैं, बदमाश सचेत। गौरतलब है कि पटना में हाल में कई हत्याएं हुई हैं, जिसे लेकर राज्य सरकार विपक्ष के निशाने पर है। ब्यूरो

## वाड्रा के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र पर कल फैसला

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम जमीन घोटाला मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति व कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में ईडी के आरोपपत्र पर राउज एवेन्यू कोर्ट दो अगस्त को संज्ञान ले सकता है।

कोर्ट को बृहस्पतिवार को फैसला सुनाना था, पर दो अगस्त के लिए टाल दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वाड्रा की कंपनी स्काइलाइट हॉस्पिटैलिटी पर शिकोहपुर गांव में 3.53 एकड़ भूमि फर्जी घोषणाओं के आधार पर खरीदने का आरोप लगाया है। ईडी के मुताबिक बिक्री दस्तावेज में 7.5 करोड़ के भुगतान की झूठी जानकारी दी, जबकि असली भुगतान बाद में हुआ ताकि स्टांप ड्यूटी बचाई जा सके। ब्यूरो




## वादी कर रहे गुमराह...हाईकोर्ट व ट्रायल कोर्ट तय राशि जमा करने के वादे पर न दें जमानत : शीर्ष अदालत

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिकाओं पर गुण-दोष के आधार पर करें फैसला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि किसी आरोपी या उसके परिवार के सदस्यों की ओर से निर्धारित रकम जमा करने के लिए शपथपत्र देने के आधार पर जमानत आदेश पारित न करें।

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वादी अदालतों को गुमराह कर रहे हैं। इस प्रथा को रोकना होगा। इसलिए अदालतें नियमित या अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिकाओं पर मामले के गुण-दोष के आधार पर फैसला करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा, अब से, कोई भी ट्रायल कोर्ट या हाईकोर्ट किसी भी ऐसे वचन पर नियमित जमानत या अग्रिम जमानत देने का आदेश पारित नहीं करेगा। उन्हें इस संबंध में अभियुक्त की तरफ से दिए किसी भी वचन पर अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। पीठ ने कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जहां अभियुक्तों ने शपथपत्र में कहा, वे एक निश्चित अवधि में एक तय राशि जमा करेंगे। फिर यह कहकर आसानी से मुकर जाते हैं कि यह कठिन शर्त है। कोर्ट ने कहा कि हो सकता है कि कुछ मामलों में अभियुक्त वचन का पालन करें, पर अनुभव यही रहा है कि कई मामलों में ऐसा नहीं करते हैं।

**बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर आया आदेश**

शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई को बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत पर रिहा आरोपी को चार हफ्ते में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। आरोपी को जमानत तब दी गई थी, जब उसने हाईकोर्ट में एक शपथपत्र दायर कर कहा था कि वह 25 लाख रुपये जमा करने को तैयार है।

**शीर्ष कोर्ट ने कहा...** आरोपी ने जमानत पर रिहाई तो पा ली, लेकिन वह हाईकोर्ट के समक्ष दायर शपथपत्र में दिए गए आश्वासन के अनुसार तय राशि जमा कराने में विफल रहा।



# ट्रंप का टैरिफ

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाया गया 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ आज से प्रभावी हो रहा है। इसका असर भारत ही नहीं, अमेरिका पर भी पड़ेगा।

अक्तूबर तक दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद जता रहे हैं विशेषज्ञ। रूस से स्थायी दूरी से भारत बरतेगा परहेज, रक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाने पर भी नहीं होगा राजी। दीर्घकालिक हित साधने के लिए अल्पकालिक कष्ट उठाने की है भारत की रणनीति। चीन मामले में भारत पर निर्भरता अमेरिका पर बढ़ाएगा दबाव

## विकल्प सीमित इसलिए अमेरिका के सामने नहीं झुकेगा भारत

हिमांशु मिश्र

**नई दिल्ली।** द्विपक्षीय व्यापारिक समझौते पर अधिकारी स्तर की वार्ता जारी रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर 25% टैरिफ लगाने और रूस से ऊर्जा-तेल आयात पर जुर्माना लगाने की घोषणा से चिंतित भारत ने दीर्घकालिक हित साधने के लिए अल्पकालिक कष्ट उठाने की रणनीति बनाई है। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन जैसे देशों की तरह जल्दबाजी दिखाने के बदले भारत अब भी निष्पक्ष, संतुलित और परस्पर लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए इंतजार करेगा। संभवतः इसके लिए अगस्त में अधिकारी स्तर की वार्ता संपन्न हो जाने के बाद आगामी अक्तूबर तक इंतजार करना होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप भारत को जिस हद तक झुकाना चाहते हैं, वह रणनीतिक, कूटनीतिक व घरेलू परिस्थितियों के कारण संभव नहीं है। ट्रंप जो चाहते हैं, उसे देने के लिए भारत के पास बेहद सीमित विकल्प हैं। सबसे पहले तो भारत रूस से इतनी दूरी नहीं बना सकता कि वह पूरी तरह चीन के पाले में चला जाए। ऐसा हुआ तो चीन-पाकिस्तान की दोस्ती के कारण बड़ी कूटनीतिक-सामरिक चुनौती झेल रहे भारत का सामना चीन-पाकिस्तान-रूस की तिकड़ी से होगा।

ट्रंप की इच्छाओं के अनुरूप भारत अपने कृषि क्षेत्र और उद्योग को अमेरिका के रहमोकरम पर नहीं छोड़ सकता। वैसे भी ऑपरेशन सिंदूर मामले में जनमानस का रुख अमेरिका के बेहद प्रतिकूल है। कोई भी सरकार अपने जनमानस के विपरीत अमेरिका के सामने हथियार डालने का खतरा मोल नहीं ले सकती।

पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल कहते हैं कि वार्ता जारी रहने के बीच ट्रंप की 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा भारत पर मनमाफिक समझौता थोपने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। भारत अमेरिकी इच्छाओं के अनुरूप उससे कोई रक्षा सौदा तो कर सकता है, रूस से तेल-ऊर्जा आयात में कटौती तो कर सकता है, मगर रक्षा उपकरणों की खरीद के मामले में अमेरिका को रूस की जगह नहीं दे सकता।

कूटनीतिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्म चेलानी ट्रंप की घोषणा को व्यापारिक उपायों का आर्थिक युद्ध के उपयोग के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने ऑटो पार्ट्स, स्टील और एल्युमीनियम निर्यात पर ट्रंप की ओर से पहले लगाए गए टैरिफ का जवाब देने से परहेज किया और इसके बजाय बातचीत का विकल्प चुना, मगर अमेरिका भारत के विशाल बाजार तक निर्बाध पहुंच के लिए अतिवादी मांगों पर जोर दे रहा है।




अमेरिका भारतीय बाजार में निर्बाध प्रवेश के साथ रक्षा क्षेत्र में रूस की जगह लेना चाहता है। उसकी निगाहें कृषि क्षेत्र पर भी हैं। दूसरी ओर भारत इसके लिए किसी भी सूरत में तैयार नहीं है।

### अमेरिका को क्या दे सकता है भारत

अमेरिका भारतीय बाजार में निर्बाध प्रवेश चाहता है। उसकी निगाहें भारत के कृषि क्षेत्र पर भी है। उसकी इच्छा है कि भारत रूस की जगह उससे रक्षा उपकरण खरीदे और ऊर्जा जरूरतों के लिए उसे तरजीह दे। वहीं, भारत किसी भी सूरत में न तो कृषि क्षेत्र में अमेरिकी पैठ बढ़ाने के लिए तैयार है और न ही रक्षा उपकरणों के मामले में अमेरिका पर निर्भर होना चाहता है। ऐसे में भारत अमेरिका को ऊर्जा क्षेत्र में आयात बढ़ाने, तेल आयात और जीवाश्म ईंधन आयात बढ़ाने का प्रस्ताव दे रहा है।

### रूस को अहमियत क्यों?

रक्षा सहयोग में भारत और पहले यूएसएसआर और अब रूस के बीच भारत का रिश्ता सात दशक पुराना है। रूस भारत को रक्षा उपकरणों के साथ तकनीक और प्रशिक्षण भी देता है। कूटनीतिक मंच पर हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। उसके उपकरण अमेरिका से सस्ते हैं। रक्षा उपकरणों को सेना में अपने अनुरूप ढालने में एक से डेढ़ दशक का समय लगता है। दूसरी ओर अमेरिका भारत का कभी विश्वस्त मित्र नहीं रहा है। अगर, अमेरिका पर निर्भरता बढ़ी तो इंडक्शन, ट्रेनिंग, सर्विसिंग और मेंटेनेंस में बहुत समय और रूस के मुकाबले भारी भरकम राशि खर्च होगी।



### बंदूक के बल पर कोई समझौता नहीं

सरकारी सूत्र ने कहा, भारत बंदूक की नोक पर समझौता करने के बदले अपने दीर्घकालिक हितों को साधने के लिए अल्पकालिक कष्ट सहने की रणनीति पर चलेगा। भारत को अधिकारी स्तर की वार्ता के नतीजे का इंतजार है। मध्य अगस्त तक हम किसी नतीजे पर पहुंचेंगे। हो सकता है कि इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से पहल हो और समझौते तक पहुंचते-पहुंचते अक्तूबर तक का समय लगे। भारत किसी समझौते तक पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया या ब्रिटेन की तरह जल्दबाजी कर नुकसान नहीं झेलना चाहता। इसकी जगह चीन की तरह वार्ता जारी रखने और तब तक अल्पकालिक टैरिफ कष्ट को झेलने की रणनीति पर चलेगा।

#### अमेरिका को भी भारत की जरूरत

- सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से एशिया खासकर चीन के मामले में अमेरिका की भारत पर निर्भरता है।
- हिंद महासागर क्षेत्र में चीन को संतुलित करने या उस पर दबाव बनाए रखने के लिए उसके पास भारत से अधिक उपयोगी कोई और देश नहीं है।
- अगर हालात बिगड़े तो इस क्षेत्र में नए वैश्विक समीकरण पैदा होने की संभावना बनेगी। इसके कारण भारत और चीन के बीच नजदीकी बढ़ने की भी संभावना है।

**अर्थशास्त्रियों का दावा...**ट्रंप के टैरिफ से भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को लग सकता है झटका, अतिरिक्त जुर्माने से और धुंधला हो सकता है भविष्य

## 0.40 फीसदी तक घट सकती है जीडीपी की रफ्तार घरेलू शेयर बाजार और रुपये पर भी पड़ेगा असर

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा सकती है। घरेलू शेयर बाजार और रुपये पर भी असर डाल सकती है। टैरिफ की घोषणा के बाद रुपया बुधवार को टूटकर 88 के करीब रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स और निफ्टी में भी 0.6 फीसदी की गिरावट देखी गई।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह टैरिफ 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार 0.40 फीसदी तक कम कर सकता है। अमेरिका अतिरिक्त जुर्माना लगाता है, तो भविष्य और भी धुंधला हो सकता है।

**वोंटोबेल में ईएम इक्विटीज के सह-प्रमुख राफेल लुएशर ने कहा,** टैरिफ लागू रहे, तो भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को झटका लग सकता है। इससे भारत की वृद्धि बाधित हो सकती है।

**जेफरीज में वैश्विक फॉरेक्स के प्रमुख ब्रैड बेचटेल का कहना है,** क्रूड में उछाल और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी के बाद अमेरिकी टैरिफ से रुपये में और गिरावट आ सकती है। यह 90 का स्तर भी छू सकता है।

**गोल्डमैन सैश के अर्थशास्त्री शांतनु सेनगुप्ता का कहना है,** अमेरिका में नीतिगत अनिश्चितता बढ़ने से भारतीय कंपनियां खासकर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव में आने वाली इकाइयां निवेश संबंधी फैसले टाल सकती हैं। हालांकि, **डीबीएस बैंक के अर्थशास्त्रियों का मानना है** कि श्रम-प्रधान उद्योग एवं छोटी निर्यातक कंपनियां राजकोषीय मदद व आगे दरों में कटौती से नकारात्मक जोखिम की भरपाई करने में सक्षम होंगी।

**ऑलस्प्रिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट्स में टोटल इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी की प्रमुख एलिसन शिमादा ने कहा,** टैरिफ का व्यापक आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, क्योंकि भारत का निर्यात जीडीपी का सिर्फ 2-3 फीसदी है। पर, भारत रूस-अमेरिका दोनों से व्यापारिक संबंध चाहता है। वह अमेरिका से आयात बढ़ा सकता है।

**बार्कलेज का कहना है कि** टैरिफ का जीडीपी वृद्धि पर व्यापक असर पड़ने की आशंका नहीं है। उम्मीद है, अंतिम टैरिफ दर आगे चलकर 25% से नीचे आ सकती है।

### आभूषण उद्योग : एक लाख से ज्यादा नौकरियां खतरे में



अमेरिकी टैरिफ से भारत के रत्न और आभूषण उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। आभूषण उद्योग के मुताबिक, देश की निर्यात अर्थव्यवस्था में यह उद्योग एक प्रमुख योगदानकर्ता है। टैरिफ से एक लाख नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, हस्तनिर्मित आभूषणों के निर्यात पर भारी असर पड़ सकता है। टैरिफ से एक लाख से अधिक लोग बेरोजगार हो सकते हैं।

- **अमेरिका भारतीय रत्न और आभूषणों के सबसे बड़े बाजारों में से एक है...**पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को 9.9 अरब डॉलर मूल्य के आभूषण निर्यात किए गए थे।

### आईफोन निर्माण पर नहीं पड़ेगा असर

**एपल ने दीर्घकालिक नीतियां बनाई, कम लागत के कारण भारत एक बेहतर विकल्प**



विश्लेषकों का मानना है, टैरिफ के बावजूद भारत में आईफोन का निर्माण करना सस्ता विकल्प ही बना रहेगा। एपल की रणनीति से वाकिफ उद्योग के अधिकारी ने कहा कि एपल की निर्माण योजनाएं लंबी अवधि के लिए बनाई गई हैं। एपल ने अपने भारत निर्यात को लगभग पूरी तरह अमेरिकी बाजार के लिए पुनर्गठित किया है और मार्च और मई के बीच फॉक्सकॉन ने भारत से 3.2 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन निर्यात किए हैं, जो सभी अमेरिकी बाजार में उपलब्ध होंगे।

**एपल के लिए चीन के बजाय भारत अब विनिर्माण में विविधता लाने की उसकी रणनीति का मुख्य आधार है...**काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, अप्रैल और जून के बीच अमेरिकी बाजार में बेचे गए सभी आईफोन में से 71% की आपूर्ति भारत ने की, जो एक साल पहले 31% थी।

### वस्त्र उद्योग : निर्यात में कमी आने के आसार



**33%**
अमेरिकी हिस्सेदारी थी 2024 में भारत के कुल परिधान निर्यात में

टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे प्रतिस्पर्धी देशों में कम टैरिफ के कारण भारतीय निर्यातकों के लिए मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अमेरिका कपड़ा निर्यात में भारत के लिए बड़ा बाजार है। वियतनाम में 20%, जबकि इंडोनेशिया को अमेरिका से 19% टैरिफ का सामना करना पड़ता है। भारतीय निर्यातकों को ऑर्डर रद्द होने और कीमतें कम करने जैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष सुधरी सेखरी ने कहा,** भारत को तब तक ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, जब तक वियतनाम और बांग्लादेश पर लागू टैरिफ को मौजूदा स्तरों से कम नहीं किया जाता।

### स्टील : 1,300 करोड़ रुपये घटेगा आर्सेलर का मुनाफा



दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील निर्माता कंपनी आर्सेलर मित्तल ने आशंका जताई है कि टैरिफ से उसके मुनाफे में करीब 1,300 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। कंपनी के वित्त प्रमुख जेनुइनो क्रिस्टिनो ने कहा, हम कनाडा से अमेरिका को उच्च मूल्यवर्धित सामग्री की आपूर्ति करते हैं। इसकी जगह आसानी से नहीं ली जा सकती।

- **अमेरिका में विनिर्माण बढ़ाकर समाधान निकालेगी...** आर्सेलर मित्तल अमेरिका में अपने विनिर्माण को बढ़ाकर समस्या का समाधान ढूंढ रही है। जून में इसने निप्पॉन स्टील का 50% हिस्से का अधिग्रहण पूरा कर लिया था। इससे अलबामा स्थित इस संयंत्र का पूर्ण नियंत्रण उसके हाथ में आ गया।

### चावल : अस्थायी बाधा, मूल्य लाभ के कारण अमेरिकी बाजार में टिका रहेगा भारतीय अनाज

भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) ने टैरिफ को इस क्षेत्र के लिए अस्थायी बाधा करार दिया। महासंघ का कहना है कि भारत अब भी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में मूल्य लाभ बरकरार रखता है। यही वजह है कि उच्च टैरिफ के दीर्घकालिक बाधा बनने की गुंजाइश कम ही है। भारतीय चावल पर नया अमेरिकी टैरिफ चीन (34%), वियतनाम (46%), पाकिस्तान (29%) और थाईलैंड (36%) जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए शुल्कों से कम है।

**पश्चिम एशिया बासमती चावल का प्रमुख बाजार :** पश्चिम एशिया भारतीय बासमती चावल का प्रमुख बाजार है। वहीं, अमेरिका को 2023-24 में भारत ने कुल 52.4 लाख टन वैश्विक निर्यात में से महज 2.34 लाख टन चावल ही निर्यात किया।

### स्वास्थ्य : अमेरिका में दवाएं महंगी...मरीज होंगे परेशान

जिस अमेरिका की 47 फीसदी दवाओं की जरूरतें भारत से पूरी होती हैं, 25 फीसदी टैरिफ का फैसला उसी पर भारी पड़ सकता है। इससे अमेरिका में जरूरी दवाओं की लागत बढ़ेगी। मरीजों को ज्यादा पैसे देने होंगे। इससे बीमा कंपनियां भी प्रीमियम बढ़ा सकती हैं।

- **फार्मेक्सिल के अध्यक्ष नमित जोशी ने कहा,** अमेरिकी बाजार सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) और कम लागत वाली जीवन रक्षक कैंसर दवाओं, एंटीबायोटिक और जेनरिक दवाओं के लिए भारत पर अधिक निर्भर है। भारतीय कंपनियां दवाइयों की कीमतें बढ़ाती हैं, तो अमेरिका को वैकल्पिक स्रोत खोजने में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**अन्य देशों से आयात में तीन से पांच वर्ष लगेंगे :** औषधि निर्माण को अन्य देशों या अमेरिका में घरेलू स्रोतों में स्थानांतरित करने के प्रयासों में कई वर्ष लगने का अनुमान है। यह कम से कम 3-5 वर्ष हो सकता है।

- **अमेरिका को भारत करीब 9 अरब डॉलर का फार्मा निर्यात करता है...**अमेरिका में भारत के कुल निर्यात का 28% फार्मा उत्पाद हैं। 80% फार्मा की कच्ची सामग्री अमेरिका में नहीं बनती।

### जानें टैरिफ का क्या होगा असर

## अभी जो टैरिफ लग रहा है उसमें और जुड़ेगा 25 फीसदी

भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से घोषित 25% अतिरिक्त शुल्क और जुर्माना शुक्रवार से लागू होगा। इस शुल्क के लगने से भारत के निर्यात पर किस तरह का असर पड़ेगा? कौन सी वस्तुएं और सेक्टर इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे, देखना अहम है। ट्रंप ने भारत में रूस से आयात होने वाले तेल और हथियारों पर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह जुर्माना कितना होगा और किस तरह लागू किया जाएगा?

अमेरिका में भारत से निर्यात होने वाले स्टील और एल्युमीनियम पर 50% और ऑटो व ऑटो पार्ट्स पर 25% शुल्क लगा हुआ है। हाल में ट्रंप ने जिस शुल्क की घोषणा की है, वह भारतीय वस्तुओं पर लागू मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त लगाया गया है। इसको इस तरह समझें, वर्तमान में वस्त्र उद्योग पर 6-9% शुल्क लगता है। 25% शुल्क जोड़ने के बाद एक अगस्त से अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय वस्त्र उत्पादों पर 31-34 फीसदी शुल्क लगेगा।

**सेवा क्षेत्र में दोनों का व्यापार :** सेवा क्षेत्र में भारत ने अनुमानित 28.7 अरब डॉलर का निर्यात और 25.5 अरब डॉलर का आयात किया। इससे भारत को 3.2 अरब डॉलर का अधिशेष प्राप्त हुआ। भारत का अमेरिका के साथ कुल व्यापार अधिशेष 44.4 अरब डॉलर रहा। हालांकि, थिंक टैंक जीटीआरआई के अनुसार, शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, वित्तीय गतिविधियों, रॉयल्टी व हथियारों के व्यापार से प्राप्त राजस्व को शामिल करने पर कुल अधिशेष 35-40 अरब डॉलर है।

**आज से निर्यात पर इतना शुल्क**

- दूरसंचार पर 25 प्रतिशत
- रत्न व आभूषण पर 30-38.5% (वर्तमान में 5-13.5%)
- खाद्य और कृषि उत्पाद पर 29-30% (वर्तमान में 14-15 %)
- कपड़ों पर 12 प्रतिशत के साथ अतिरिक्त 25 प्रतिशत।

**व्यापार घाटा अधिक होने की दी दलील :** अमेरिका का दावा है कि भारत के साथ उसका व्यापार घाटा काफी अधिक है। इसके लिए उसने अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाने के लिए नई दिल्ली को जिम्मेदार ठहराया है। अमेरिका का कहना है कि इससे भारतीय बाजार में अमेरिकी निर्यात बेहद सीमित हो जाता है। अधिक टैरिफ से यह घाटा पाटा जा सकता है।

**निर्यात 18 फीसदी, आयात 6.22 फीसदी :** भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ, भारत का 2024-25 में 41 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार अधिशेष (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) था। यह 2023-24 में 35.32 अरब अमेरिकी डॉलर और 2022-23 में 27.7 अरब डॉलर था।

**अमेरिका को मुख्यतः क्या निर्यात करता है भारत**

| निर्यात (2024 में) | मूल्य |
|---|---|
| दवा निर्माण तथा जैविक | 8.1 |
| दूरसंचार उपकरण | 6.5 |
| कीमती, अर्ध-कीमती पत्थर | 5.3 |
| पेट्रोलियम उत्पाद | 4.1 |
| सोना व अन्य आभूषण | 3.2 |
| सहायक उपकरण सहित सूती वस्त्र | 2.8 |
| लोहा-इस्पात के उत्पाद | 2.7 |

*(निर्यात मूल्य अरब डॉलर में)*

**अमेरिका से आयात की स्थिति**

भारत ने 2024 में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब), कोयला, कोक (3.4 अरब), तराशे व पॉलिश किए गए हीरे (2.6 अरब), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब), विमान, अंतरिक्ष यान तथा कलपुर्जे (1.3 अरब) व सोना (1.3 अरब डॉलर) का आयात किया।

- भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा केवल 41 अरब डॉलर है, जो चीन (270 अरब डॉलर) या वियतनाम जैसे देशों (113 अरब डॉलर) की तुलना में कहीं नहीं ठहरता। (टीम अमर उजाला)

## भारत ने अमेरिका के सामने हथियार डाल दिया : राहुल



सियासत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि वह सही कह रहे हैं। भारत को डेड इकोनॉमी बनाने के लिए भाजपा खुद जिम्मेदार है। हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप से कोई फायदा नहीं हुआ।

राहुल ने बृहस्पतिवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में दावा किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता ट्रंप की शर्तों पर होगा। भारत ने अमेरिका के सामने हथियार डाल दिए हैं। पीएम मोदी वही करेंगे, जो ट्रंप कहेंगे। इस सरकार ने देश की आर्थिक नीतियों को तबाह कर दिया है। राहुल ने कहा कि मोदी को देश चलाना ही नहीं आता। मौजूदा समय में भारत की आर्थिक स्थिति बेहद संवेदनशील है। नोटबंदी, जीएसटी कुप्रबंधन, असफल असेंबल इन इंडिया, एमएसएमई का सफाया, किसानों की अनदेखी की वजह से ही अर्थव्यवस्था बर्बाद हुई है। ब्यूरो

## राष्ट्र विरोधी बयान लपकना तो राहुल की आदत : अनुराग



पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर तीखा पलटवार किया है। अनुराग ने कहा, भारत विरोधी बयान को लपकना, भारत की उपलब्धियों से चिढ़ना और पीएम मोदी का विरोध ही राहुल की आदत है। हालांकि ऐसा करते समय वह भूल जाते हैं कि यूपीए के दस साल के शासन को अवसरों के इस्तेमाल के मामले में मृत दशक के रूप में जाना जाता है।

भाजपा सांसद अनुराग ने कहा कि मोदी और देश के विरोध में राहुल यह भूल जाते हैं कि भारत वर्तमान में दुनिया में तेज विकास करने वाली अर्थव्यवस्था है। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में 48% से ज्यादा की हिस्सेदारी कर भारत ने दुनिया के कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। दो दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी के अभिशाप से मुक्त हुए हैं। 21 शहरों में मेट्रो ट्रेन दौड़ रही है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है। उन्होंने राहुल को भारत विरोध बंद कर विकास पर चर्चा की सलाह दी। ब्यूरो

## कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला बोले-भ्रम में जी रहे ट्रंप



कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने राहुल के उलट कहा कि मृत अर्थव्यवस्था के बारे में उनका बयान गलत है। हमारी अर्थव्यवस्था मृत नहीं है। यदि कोई दावा करता है कि वह हमें आर्थिक रूप से खत्म कर सकता है, तो गलतफहमी में है। ट्रंप भ्रम में जी रहे हैं। हम पर टैरिफ लगाना गलत है। हर देश को यह अधिकार है कि वह ये चुने कि उसे किसके साथ व्यापार करना है। इसे लेकर प्रतिबंध लगाना, ब्रिक्स, व्यापार, रूस से आयात आदि के खिलाफ बोलना सही नहीं है।

### ट्रंप की दोस्ती से टैरिफ का इनाम मिला : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, आपके दोस्त-नमस्ते ट्रंप और अबकी बार ट्रंप सरकार ने हमारे देश को आपकी दोस्ती का इनाम इस तरह दिया? यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के लिए गंभीर झटका है।

### चुनौती को आत्मनिर्भरता के अवसर में बदलें : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने केंद्र से अपील की कि वह ट्रंप के फैसले को आत्मनिर्भरता के अवसर में बदले। उन्होंने कहा कि भारत को दोस्त कहकर भी अमेरिका ने जो कठोर कदम उठाया है, उससे अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### राहुल की विश्वसनीयता मृत : भाजपा

- **भाजपा नेता और आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा** कि राहुल डेड इकोनॉमी वाले तंज को दोहराकर एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा, यहां केवल एक चीज सचमुच मृत है, वह है राहुल गांधी की अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता और विरासत। भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं है। यह एक उभरता, लचीला भारत है। राहुल भारत को कमजोर करने वाले विदेशी प्रचार को क्यों दोहराते हैं?
- **भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि** भारत सरकार निश्चित रूप से इस पर कुछ कदम उठाएगी। सरकार अमेरिकी प्रशासन से भी बातचीत कर सकती है। इस फैसले के बाद, चीजें निश्चित रूप से महंगी हो जाएंगी। हमें देखना होगा कि इसका बाजार पर क्या प्रभाव पड़ेगा। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन को जल्द ही इसका एहसास होगा और वे फैसला वापस ले लेंगे।
- **तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई** ने राहुल और शशि थरूर के बयानों की तुलना की। उन्होंने कहा, एक (थरूर) ने भारत के हित में बात की। दूसरे (राहुल) ने ऐसे लहजे में बात की, जिससे उनके विदेशी आका खुश हो जाए। राहुल अंधे हो चुके हैं। वह भारत को कमजोर करने वाली विदेशी आवाजों को दोहराने के लिए तत्पर रहते हैं।

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 23 | अंक 113 | पृष्ठ : 22+16
मूल्य : साढ़े चार रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
शुक्रवार, 1 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2082

amarujala.com



ऑस्ट्रेलिया | बाल सुरक्षा मामले में एक्स की अपील खारिज...18 | दिल्ली-एनसीआर

## अमेरिका से फाइटर जेट एफ-35 नहीं खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अमेरिकी स्टील्थ फाइटर जेट एफ-35 खरीदने से मना कर दिया है। ब्लूमबर्ग ने सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।



लंबे समय से अमेरिकी रक्षा अधिकारी संकेत देते रहे हैं कि फरवरी में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच वार्ता में इन विमानों को खरीदे जाने की बात हुई थी। हालांकि भारत ने कभी इसकी पुष्टि नहीं की। ब्यूरो

### यूपीआई में आज से अहम बदलाव

## अब एक दिन में केवल 50 बार ही चेक कर पाएंगे बैलेंस

**नई दिल्ली।** यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में एक अगस्त से कई बड़े बदलाव हो रहे हैं। सबसे बड़ा यह है कि अब आप एक दिन में केवल 50 बार बैलेंस चेक कर पाएंगे। बैंक खातों की सूची सिर्फ 25 बार ही देख पाएंगे।

- किस्त, म्यूचुअल फंड एसआईपी और ओटीटी सब्सक्रिप्शन जैसे बार-बार होने वाले यूपीआई ऑटोपे लेनदेन अब सिर्फ गैर व्यस्त समय में ही पूरे किए जाएंगे।
- ऑटोपे लेनदेन का समय सुबह 10 बजे से पहले, दोपहर एक से पांच बजे के बीच और रात 9:30 बजे के बाद होगा। यानी अगर आपका नेटफ्लिक्स का बिल सुबह 11 बजे कटता था, तो अब वह पहले या बाद में कट सकता है।
- इसी तरह, आपका यूपीआई भुगतान असफल हो जाता है, तो उसका स्टेटस चेक करने के लिए सिर्फ तीन मौके मिलेंगे। हर कोशिश के बीच 90 सेकंड का इंतजार करना होगा।
- किसी को पैसे भेजते समय हमेशा प्राप्तकर्ता का नाम दिखेगा। इससे गलत भुगतान होने से बचा जा सकेगा। हाल में चर्चा थी कि 2,000 रुपये से ज्यादा भुगतान पर जीएसटी लगेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐसा कोई फैसला नहीं है। व्यापारियों को अलग से कुछ शुल्क देने पड़ सकते हैं। ब्यूरो

## बैंकिंग संशोधन कानून आज से लागू

बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के प्रमुख प्रावधान एक अगस्त से लागू होंगे। संशोधित कानून का मकसद सरकारी बैंकों में लेखा-परीक्षा में सुधार करना और सहकारी बैंकों में निदेशकों का कार्यकाल बढ़ाना है। अब सरकारी बैंकों को बिना दावे वाले शेयरों, ब्याज और बॉन्ड राशि को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की मंजूरी होगी।

**ट्रंप टैरिफ :** अमेरिकी राष्ट्रपति के भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताए जाने पर सरकार ने दिया जवाब...

# भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का चमकता केंद्र राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उठाएंगे जरूरी कदम

### गोयल ने बताया-अमेरिका से चल रही वार्ता में 10 से 15 फीसदी टैरिफ की ही बात

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था का चमकता केंद्र बताते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने टैरिफ मामले में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

लोकसभा और राज्यसभा में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा, सरकार भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा के प्रभाव का आकलन कर रही है। सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ के साथ रूस से तेल खरीदने की सजा के रूप में जुर्माने की भी घोषणा की थी।

संसद के दोनों सदनों में स्वतःस्फूर्त विस्तृत बयान में गोयल ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों के बीच हो रही बातचीत में अमेरिका के 25 फीसदी टैरिफ लगाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा, सरकार इसके असर का सभी पक्षों के साथ मिलकर आकलन और समीक्षा कर रही है। सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, उद्योग जगत और सभी हितधारकों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने वार्ता के दौरान ही टैरिफ की घोषणा का जिक्र करते हुए कहा, भारत और अमेरिका ने मार्च में न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की थी। इसमें आयात पर 10 से 15 फीसदी टैरिफ की बात थी। वार्ता का लक्ष्य अक्तूबर-नवंबर, 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। इसकी कड़ी में दोनों पक्षों ने दिल्ली में 29 मार्च को पहली बैठक में समझौते की बातचीत को अंतिम रूप दिया। अब तक दोनों पक्षों के बीच चार दौर की बैठक के अलावा कई वर्चुअल बैठकें हो चुकी हैं।



### वैश्विक विकास में भारत का 16% योगदान

गोयल ने ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताने का दो-टूक जवाब दिया। कहा, दुनियाभर की संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में ब्राइट स्पॉट के रूप में देखते हैं। वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 फीसदी है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। सुधारों, किसानों, लघु-मध्यम उद्योगों और उद्यमियों की कड़ी मेहनत से भारत 11वीं से पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं।

### किसानों, निर्यातकों समेत सभी हितधारकों की करेंगे रक्षा

भारत वैश्विक व्यापार में न सिर्फ मजबूती से खड़ा रहेगा, बल्कि सरकार देशहित के लिए हर चुनौतियों का सामना करेगी। किसानों, लघु-मध्यम उद्योगों, उद्यमियों, निर्यातकों के सभी प्रकार की हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। भारत ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है। इसके कारण निर्यात को गति मिली है। **-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

### मार्च से चल रही दोनों देशों में बातचीत

गोयल ने कहा, भारत और अमेरिका ने मार्च में न्यायसंगत, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू की थी। यह बातचीत नई दिल्ली और अमेरिका में होती रही। इसी बीच, दो अप्रैल को ट्रंप ने जवाबी शुल्क लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके बाद से देश पर 10 प्रतिशत का एक बेसलाइन शुल्क अप्रैल से ही लागू है। उस समय भारत पर इस 10 फीसदी को मिलाकर 26 फीसदी शुल्क लगाया गया था। 10 अप्रैल को समयसीमा बढ़ाकर 9 जुलाई, फिर एक अगस्त कर दिया गया।

### जवाबी टैरिफ नहीं लगाएगा भारत

इस बीच, सरकारी सूत्र ने बताया कि भारत चीन की तर्ज पर अमेरिका पर जवाबी टैरिफ नहीं लगाएगा। भारत की रणनीति बातचीत से इस मामले को सुलझाने और तर्कपूर्ण व्यापारिक समझौते तक पहुंचने की है।

## दबाव की राजनीति : ट्रंप बोले- भारत व रूस मृत अर्थव्यवस्थाओं को गर्त में ले जा सकते हैं

■ नया टैरिफ आज से प्रभावी

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस/एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-रूस के बीच करीबी रिश्तों को लेकर फिर कड़वे बोल बोले हैं। भारत पर शुल्क की घोषणा के कुछ घंटों बाद ट्रंप ने कहा, भारत-रूस अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ गर्त में ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रंप के ऐसे बयानों को दबाव की राजनीति माना जा रहा है।

ट्रंप ने कहा, मुझे परवाह नहीं कि रूस के साथ भारत क्या करता है। हमने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है, उनके शुल्क बहुत अधिक हैं। सब कुछ ठीक नहीं है... इसलिए भारत को एक अगस्त से 25 फीसदी शुल्क व जुर्माना भी देना होगा। जुर्माना इसलिए, क्योंकि भारत ने रूस से तेल व हथियारों की बड़ी खरीद की है। ट्रंप ने कहा, भारत ने रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा उत्पाद तब खरीदे हैं जब हर कोई चाहता है कि यूक्रेन में रूस हत्याएं बंद करे।

भारत रूसी आयात के लिए जुर्माने का सामना करने वाला पहला देश है। हालांकि जिस जुर्माने की बात है, उसके बारे में अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं है। रूस से भारत का कच्चा तेल आयात रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले कुल खरीद का 0.2 फीसदी था, जो अब 35-40 फीसदी हो गया। चीन के बाद भारत विश्व में रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।



### पाकिस्तान में विशाल तेल भंडार बनाएंगे, कभी शायद भारत भी उससे तेल खरीदे

ट्रंप ने पाकिस्तान में विशाल तेल भंडार बनाने और उसके साथ व्यापार समझौते की घोषणा भी की। उन्होंने यह तो नहीं बताया कि पाकिस्तान पर कितना टैरिफ लगेगा, पर कहा-पाकिस्तान में विशाल तेल भंडार विकसित करने के लिए अमेरिका मिलकर काम करेगा। ट्रंप ने कहा, भविष्य में क्या पता भारत भी पाकिस्तान से तेल खरीदे। उन्होंने कहा, हम उस तेल कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, जो साझेदारी का नेतृत्व करेगी। समझौते के लिए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने ट्रंप को धन्यवाद दिया।

### ट्रंप को राहुल का साथ, बोले-भारत डेड इकोनॉमी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ट्रंप के भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बताने का समर्थन किया। संसद परिसर में पत्रकारों से राहुल ने कहा, ट्रंप सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को छोड़कर सारी दुनिया जानती है कि भारत एक मृत अर्थव्यवस्था है। इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। देश से सारे छोटे कारोबार खत्म हो गए हैं। केवल बड़े उद्योगपति और गौतम अदाणी के लिए प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं।

### कांग्रेस सांसद शुक्ला बोले-भ्रम में जी रहे ट्रंप

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने ट्रंप के बयान पर कहा कि वह भ्रम में जी रहे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था मृत नहीं है। यदि कोई दावा करता है कि वह हमें आर्थिक रूप से खत्म कर सकता है, तो गलफहमी में है। >> विशेष पेज : ट्रंप का टैरिफ

Hero

VIDA

VIDA
EVOOTER
VX2
बदलते इंडिया का स्कूटर



शुरुआत सिर्फ ₹84990* से
(राज्य की सब्सिडी शामिल नहीं है।)

BaaS के साथ सिर्फ ₹44990* में
और प्रति किमी खर्च ₹1.24

REMOVABLE BATTERIES
CONVENIENCE OF INDOOR CHARGING

VIDA | BaaS
BATTERY AS A SERVICE
5-YEAR COMPREHENSIVE WARRANTY**

500+ OUTLETS
FOR SALES AND SERVICE

Complimentary benefits worth Rs. 20000 viz. battery warranty (**upto 5years/60k kms for VX2 Plus & 5 years/50k kms for VX2 Go); warranty on critical components upto 5 years/75k kms; access to fast charging network & My Vida App during BaaS period; option to avail assured buyback upto 67.5% of the effective showroom price of VX2 series; *Limited period offer. T&C apply. BaaS offer is subject to T&Cs of respective financiers. **Visit us at: www.vidaworld.com**

Hero MotoCorp Limited
(CIN: L35911DL1984PLC017354)

Visit us in **DELHI**: Naraina Industrial Area Phase 2 - PREMIA HIMGIRI, 080-48247227 | Near ESIC Hospital, Pocket F, Okhla Phase 1 - PREMIA SINGLA AGENCIES, 9289234180 | Jyoti Nagar, Durgapuri - HIMGIRI AUTOMOBILES PVT LTD, 7428446623 | Pandav Nagar, Near Mother Dairy Plant - SINGLA AUTO NEED, 7428447707 | Lajpat Nagar Part 2 - SAPPHIRE BIKES, 7428447503 | Aurobindo Marg, Adhchini - PASHUPATI MOTORS, 7428447891 | Mahavir Enclave, Dabri Road, Dwarka - SINGLA AUTOMOBILES, 7428447716 | Budh Vihar, Rohini - JMD AUTOWORLD, 080-48247228 | Azadpur Industrial Area - SHRAMAN AUTOMOBILES, 7428447783| Khanna Enterprises: WZ/1A, Ganesh Nagar Market, Tilak Nagar – 8744059854 | Aman Motors: J/128/1 Pusta, Kartar Nagar, Shahdara, 9354684649 | **FARIDABAD**: Ajronda - SEHGAL AUTOMOBILES, 080-48247237 | **GURGAON**: Sector 16, IDC, Industrial Development Area - PREMIA SINGLA MOBIKES, 9289233718 | Badshahpur - HIMGIRI AUTOMOBILES PVT LTD, 7428447947 |Sector 9 - SHARMA AGENCIES, 080-48247238 | **SOHNA**: AUTO LINKS, 7428448129 | **NOIDA**: Sector 63 - DHANSRI MOTOCORP, 7428480164 | Opposite Noida Authority - UPPAL MOTORS PVT LTD, 7428480152 | Near Labour Chowk, Sector 58 - SINGLA AUTO AGENCIES, 7428447930 | **GHAZIABAD**: Vijay Nagar - AMAN AUTOMOTIVES, 7428448139 | Sahibabad Industrial Area Site 4 - SAHIB AUTOMOBILES, 080-48247299 | **PALWAL**: Ground Floor, NH-19, Civil Lines - DEV VAAHAN, 080-48247322 | **GOHANA**: Gajraj Hospital - KRISHNA ENTERPRISES, 080-48247324

# एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा



परेड

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के सम्मान में किंग्सवे कैंप स्थित न्यू पुलिस लाइंस के ग्राउंड में विदाई परेड का आयोजन किया गया। अमर उजाला

## 36 वर्षों से अधिक के कॅरिअर में दिल्ली पुलिस में कई पदों पर किया कार्य, जनवरी 2026 को होंगे सेवानिवृत्त

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी और दिल्ली होमगार्ड के महानिदेशक एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्होंने 36 वर्षों से अधिक के कॅरिअर में दिल्ली पुलिस में कई पदों पर कार्य किया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एसबीके सिंह ने बृहस्पतिवार शाम चार बजे दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। वह अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा में अपने व्यापक अनुभव के लिए जाने जाने वाले एसबीके सिंह इससे पहले पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिजोरम, डीजीपी अरुणाचल प्रदेश, विशेष पुलिस आयुक्त



एसबीके सिंह। अमर उजाला

(तकनीक और पीआई), विशेष पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था), विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा), विशेष पुलिस आयुक्त (खुफिया),संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) दिल्ली पुलिस में रहे हैं। दिल्ली पुलिस कमिश्नर के रूप में उनका कार्यकाल चुनौतीपूर्ण होगा। सरकार ने लंबे अनुभव, ईमानदारी व जनता से संवाद के मजबूत रिकॉर्ड को देखते हुए एसबीके सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी है। एसबीके सिंह की सेवानिवृत्ति की तिथि जनवरी 2026 है। ऐसे में वह कुछ महीनों के लिए दिल्ली पुलिस के इस शीर्ष पद पर सेवाएं देंगे, जब तक स्थायी नियुक्ति पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता है।

**सबसे युवा आईपीएस बने थे :** दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र एसबीके सिंह 1986 में स्नातक करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए। बाद में उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए की। वह सबसे युवा आईपीएस बने थे। दिल्ली पुलिस में सिंह ने दक्षिण के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और उत्तर-पूर्व तथा मध्य दोनों जिलों में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जैसे प्रमुख पदों पर कार्य किया है। बाद में आर्थिक अपराध शाखा का नेतृत्व किया और खुफिया, सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और प्रौद्योगिकी एवं परियोजना कार्यान्वयन सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और विशेष पुलिस आयुक्त के रूप में कार्य किया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) के रूप में सिंह ने पुलिस थानों में जन सुविधा डेस्क की शुरुआत की और 89 पुलिस थानों वाले सात जिलों में प्रमुख व्यवस्थाओं और जांचों की निगरानी की।

### दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा हुए सेवानिवृत्त

एसबीके सिंह की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब निवर्तमान दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। संजय अरोड़ा का दो साल का कार्यकाल संगठित अपराध के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलताओं, रिकॉर्ड ड्रग्स बरामदगी और एक अलग लो-प्रोफाइल नेतृत्व शैली के लिए याद किया जाएगा। तमिलनाडु कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी अरोड़ा ने 1 अगस्त 2022 को राकेश अस्थाना के बाद दिल्ली के पुलिस आयुक्त का पदभार संभाला था। उनके कार्यकाल के दौरान गैंगवार, जबरन वसूली की धमकियां, साइबर धोखाधड़ी, बम धमकी की घटनाएं, रोहिणी में दो विस्फोट, राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी और श्रद्धा हत्याकांड जैसे मामले देखने को मिले। पूर्व कमिश्नर संजय अरोड़ा ने कार्यकाल में कई बड़ी चुनौतियों का सामना किया, जिनमें प्रदर्शन, संवेदनशील आयोजनों व सुरक्षा स्थितियों का सफल संचालन शामिल है।

## अपराध संक्षेप

### नशीले पदार्थों की तस्करी में 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला ऑपरेशन सेल और सागरपुर थाना पुलिस ने स्मैक की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक की पहचान सागरपुर निवासी हितेश के रूप में हुई। उसके पास से 8.24 ग्राम स्मैक मिली। दूसरे की पहचान पश्चिम सागरपुर निवासी देव के रूप में हुई। उसके पास से 9.58 ग्राम स्मैक मिली। वहीं बाहरी जिला पुलिस ने भी गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा। एक की पहचान सुल्तानपुरी निवासी सूरज के रूप में हुई। उससे 447 ग्राम गांजा बरामद हुआ। दूसरे की पहचान बापा नगर निवासी अजय के रूप में हुई। उससे 268 ग्राम गांजा मिला। ब्यूरो

### विशेष अभियान चलाकर 5 वाहन चोर पकड़े

**नई दिल्ली।** पश्चिम जिला पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान रविकांत, दीपा सिंह, गगन, अजय और जतिन के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से छह बाइक और तीन स्कूटी बरामद की हैं। सभी बदमाशों पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने नौमामले सुलझाने का दावा किया है। जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए जिले के सभी थानों और यूनिटों को वाहन चोरों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए थे। ब्यूरो

### वेब सीरीज देखकर डाटा चुराया था, गिरफ्तार

**नोएडा।** वेब सीरीज देखकर मूवर्स एंड पैकर्स कंपनी का डाटा चोरी करने वाले आरोपी हवा सिंह को साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ डेढ़ माह पहले कंपनी प्रबंधन की तरफ से साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपी के पास से मोबाइल, फर्जी दस्तावेज व विजिटिंग कार्ड बरामद किया है। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि द्वारका दिल्ली निवासी जसविंदर सिंह अहलूवालिया ने 18 जून को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया था कि सेक्टर-60 में अग्रवाल मूवर्स एंड पैकर्स के नाम से कंपनी का कार्यालय है। वह कंपनी के समूह अध्यक्ष और सीईओ हैं। उनका कंपनी प्रबंधन प्रतिष्ठित सार्वजनिक लॉजिस्टिक्स संगठन है। ब्यूरो

# करंट से भाई-बहन की मौत, बचाने के प्रयास में पिता भी गंभीर रूप से झुलसे

## बेगमपुर के राजीव नगर में हादसा, परिवार ने बिजली कंपनी को जिम्मेदार ठहराया

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बेगमपुर में बुधवार देर रात करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। उसे बचाने के प्रयास में बहन और पिता भी करंट की चपेट में आ गए। पड़ोसियों की मदद से तीनों को अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया। वहीं पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की शिनाख्त विवेक (26) और अंजू (28) के रूप में हुई है। परिवार वालों ने बिजली कंपनी टीपीडीडीएल को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि बुधवार देर रात 10.56 पर पुलिस को एक शख्स ने बताया कि राजीव नगर के बी ब्लॉक स्थित एक मकान की लाइट कटवा दें, यहां तीन लोग बिजली के तार से चिपके हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिजली कंपनी को इसकी जानकारी दी और मौके पर पहुंची।

मौके पर सूचना देने वाला अभिषेक मिला, जिसने बताया कि तीन लोगों को करंट लग गया था, जिन्हें अग्रसेन अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस क्राइम और फोरेंसिक टीम को घटना की जानकारी देने के बाद अस्पताल पहुंची जहां पता चला कि डॉक्टरों ने विवेक और उसकी बहन अंजू को मृत घोषित कर दिया है। पिता कालीचरण का इलाज चल रहा है। छानबीन में पता चला कि 50 गज में बने घर में खुली वायरिंग थी, जिसमें सीढ़ियों की लोहे की ग्रिल पर तार खुले हुए थे। रात में मेन गेट बंद करने के बाद विवेक बाथरूम के लोहे के दरवाजे को बंद करने लगा, इसी दौरान वह दरवाजे से चिपक गया। शोर सुनकर बहन उसे बचाने लगी लेकिन वह भी चिपक गई। पिता भी बचाने के लिए आए लेकिन वह भी चिपक गए। परिवार के अन्य सदस्य शोर मचाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग आए और उन्हें वहां से निकलने की कोशिश की लेकिन बिजली के झटके की वजह से कोई कामयाब नहीं हो पाया। इसी बीच बिजली कंपनी को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक लाइट नहीं कटने पर अभिषेक नामक व्यक्ति ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।



विवेक (फाइल फोटो)



अंजू (फाइल फोटो)



हादसे के बाद भावुक परिजन। अमर उजाला

### मां से बचाने की गुहार लगा रहा था विवेक

जवान बेटे और बेटी को खोने के बाद मां स्तब्ध है। वह कुछ भी बोल नहीं पा रही है। रिश्तेदार राकेश चौहान ने बताया कि कालीचरण राजीव नगर के बी ब्लॉक स्थित मकान में पत्नी बेबी, बेटे विवेक, विक्की और उसकी पत्नी और उसके 2.5 साल के बेटे के साथ रहते हैं। बेटी अंजू की दो महीने पहले ही बदरपुर में शादी हुई थी। कालीचरण वेल्डिंग का काम करते हैं। विवेक उनके काम में हाथ बंटाता था। बुधवार की रात सभी खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। देर रात विवेक घर का मुख्य दरवाजा बंद करने गया था तभी दरवाजे के बगल में बाथरूम का गेट छूते ही उसे करंट लग गया। वह मां को आवाज लगा बचाने की गुहार लगा रहा था।

### बी ब्लॉक की जगह काट दी ए ब्लॉक की लाइट

मृत विवेक के चचेरे भाई कन्हैया का आरोप है कि अफरातफरी के माहौल के बीच उन्होंने बिजली कंपनी के ग्राहक सेवा केंद्र पर फोन लगाया। करीब आधे घंटे बाद फोन लगा। फिर उन्हें इस घटना की जानकारी दी। उसके बावजूद काफी देर तक लाइट नहीं काटी गई। बाद में पता चला कि कंपनी के लोगों ने बी ब्लॉक की लाइट काटने की जगह ए ब्लॉक की लाइट काट दी। फिर पुलिस को घटना की जानकारी देने के बाद लाइट काटी गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे कर्मचारी ने जांच की। आरोप है कि एक कर्मचारी ने खंभे से आ रहे अर्थिंग के तार को काट दिया जिसके बाद घर में करंट आना बंद हुआ।

### कंपनी ने कमरे में लगाया था मीटर, नहीं किया शिफ्ट

पीड़ित परिवार और आसपास के लोगों का आरोप है कि बिजली कंपनी टीपीडीडीएल की लापरवाही से हादसा हुआ है। विवेक के रिश्तेदार राकेश चौहान ने बताया कि बिजली का मीटर कई साल पहले घर के अंदर एक कमरे में लगाया गया था। मीटर हटाने के लिए कई बार टीपीडीडीएल से बात की। इसकी ऑनलाइन शिकायत की गई पर मीटर कमरे के बाहर नहीं लगाया गया। खंभे से मीटर का तार छत के रास्ते सीधा कमरे में गया हुआ है। इस तार के साथ एक लोहे का तार जिसे अर्थिंग का बताया गया है वह भी खंभे से मीटर तक गया है।

## मेरी आवाज सुनो...

### लटके तारों से रहता है खतरा



शाहदरा के छोटा बाजार स्थित गंगाराम गली में तारों का जाल बना हुआ है। यह जाल इतने नीचे तक लटक गया है कि वहां से गुजरने वाले लोग कभी भी फंसकर गिर सकते हैं। साथ ही, तारों में करंट होने से बड़ा हादसा हो सकता है।

**- रजनेश सिंह, गंगाराम गली**

### पेपर मार्केट बनी तालाब



गाजीपुर की पेपर मार्केट तालाब बन चुकी है। यहां जल निकासी के इंतजाम न होने से सड़कें जलमग्न हैं। कई जगहों पर आवाजाही पूरी तरह प्रभावित है। इसके अलावा जलभराव होने से कई इमारतों के बेसमेंट में भी बारिश का पानी पहुंच गया है। ऐसे में व्यापारियों को बहुत नुकसान झेलना पड़ रहा है।

**- संभव जैन, व्यापारी**

आप भी भेज सकते हैं अपने क्षेत्र की ऐसी किसी समस्या की जानकारी जो लोकहित से जुड़ी हो और जिसकी सुनवाई न हो रही हो।

जानकारी साझा करें
del-cityincharge@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें 9873687563

### अखबार अच्छी राह दिखाता है, पढ़ते रहिए



नवनीत सिंह, स्वरूप विहार

अमर उजाला पढ़ते हुए आप भी अपनी तस्वीर नाम और पते के साथ 9873687563 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। चुनिंदा तस्वीरों को रोजाना प्रकाशित किया जाएगा।

# बैंक व बीमा कंपनी के खिलाफ वित्तीय घोटाले की शिकायत

**नई दिल्ली।** लाहौरी गेट पुलिस स्टेशन में एक शख्स ने वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की है। इसमें उन्होंने एक प्रमुख राष्ट्रीय बैंक और उसके संबद्ध बीमा भागीदार के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। मामले को आर्थिक अपराध शाखा को ट्रांसफर कर दिया गया है।

विजेंद्र बंसल ने अपनी शिकायत में बताया कि वह बैंक के लंबे समय से खाता धारक हैं। दावा किया है कि भ्रामक बीमा योजनाओं के माध्यम से उन्हें बड़ी रकम का चूना लगाया गया है। बैंक अधिकारियों ने बंसल को विभिन्न बीमा पॉलिसियों में समय के साथ लगभग 5 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए राजी किया। उन्हें इसके एवज में उच्च रिटर्न का वादा किया गया। अवधि के पूरा होने के समय तक प्रीमियम राशि को दोगुना या तिगुना कर दिया गया। हालांकि जैसे-

**लाहौरी गेट थाने में दी गई, मामला आर्थिक अपराध शाखा को ट्रांसफर**

जैसे परिपक्वता की तारीखें नजदीक आईं शिकायतकर्ता को पता चला कि बीमा कंपनी को धनराशि हस्तांतरित करने के बजाय बैंक ने कथित तौर पर धन को अपने आंतरिक खातों में डायवर्ट कर दिया। इससे उन्हें बैंक और बीमा संस्था के बीच गबन और मिलीभगत का शक हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप है कि धोखाधड़ी करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए गए, जिससे उनके खातों से लगभग 20 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई।

आरोपों की गंभीरता को देखते हुए लाहौरी गेट थाना पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच करने के बाद इसे 17 जुलाई 2025 को विस्तृत जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया है। ब्यूरो

### पूर्व कर्मी ने रची थी लूटपाट की साजिश, चार धरे

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर में पूर्व कर्मचारी अशोक कुमार यादव ने कर्ज चुकाने के लिए कारोबारी के घर में लूटपाट की साजिश रची थी। पुलिस ने कैमरों की मदद से वारदात के 72 घंटे बाद आरोपियों की पहचान कर ली और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीन पिस्टल, चार कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट, कार के व्हील कैप्स, अपराध के समय पहने गए जूते, और कार बरामद की है। आरोपियों की पहचान सोनीपत के गांव तेवरी निवासी कमल राज, जींद के गांव लगवाना कलां निवासी रॉकी, दिल्ली के नारायणा निवासी अशोक कुमार यादव और मेरठ के गांव दयालपुर निवासी शिवम के रूप में हुई। उत्तर पश्चिम जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि 27 जुलाई की सुबह तीन बदमाशों ने मुखर्जी नगर में रहने वाले कारोबारी जतिंदर सिंह के घर में घुसकर हथियार के बल पर लूटपाट की। जतिंदर सिंह का चांदनी चौक में कारोबार है। बदमाश घर से गहने और 1.5 लाख रुपये लेकर भाग गए। मुखर्जी नगर थाना प्रभारी राजीव शाह के नेतृत्व में पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। ब्यूरो

# जन्मदिन की पार्टी करने गए युवक की चाकू मारकर हत्या

## गाजीपुर में वारदात, दोस्त की टांग तोड़ी, पुलिस ने एक नाबालिग समेत चार को पकड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**पूर्वी दिल्ली।** गाजीपुर में बुधवार रात बर्थडे की पार्टी करने गए एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त विकास वलेचा (28) के रूप में हुई है। हमले के दौरान बदमाशों ने विकास के दोस्त सुमित शर्मा पर भी रॉड से हमला कर टांग तोड़ दी। बाद में आरोपी फरार हो गए।

सुमित को पहले एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां से परिजन निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर नाबालिग समेत चार आरोपियों को दबोच लिया। इनकी पहचान खोड़ा कॉलोनी निवासी सलमान खान, आजाद कुमार मिश्रा, मोनू मिश्रा और नाबालिग के रूप में हुई है।

छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि विकास के दोस्त अभिषेक का दो दिन पहले गाजीपुर पेपर मार्केट में मोमोज की दुकान चलाने वाले सलमान से झगड़ा हुआ था। बुधवार को इसी बात पर दोबारा विवाद हुआ। सलमान ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर विकास की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और रॉड बरामद कर ली है।



विकास (फाइल फोटो)

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि विकास वलेचा परिवार के साथ फरीदाबाद के एनआईटी सेक्टर-5 में रहता था। परिवार में पिता संजय वलेचा, मां और एक बहन हैं। विकास नोएडा के सेक्टर-5 में निजी कंपनी में सेल्स मैनेजर था। परिजनों ने बताया कि घर से दूर ऑफिस होने की वजह से कुछ दिन से वह खोड़ा कॉलोनी में पीजी में रह रहा था।

बुधवार 30 जुलाई को उसका जन्मदिन था। रात को उसने पार्टी देने की बात की। तीन कारों में सवार होकर विकास और उसके दोस्त सुमित, अभिषेक, विशाल व अन्य गाजीपुर में शराब के ठेके पर पहुंचे। अभिषेक ने पार्टी के दौरान बताया कि दो दिन पहले मोमोज की दुकान चलाने वाले सलमान से उसका झगड़ा हो गया था और वह उसे देख लेने की धमकी दे रहा था।

इस बात पर सभी युवक सलमान को ढूंढने लगे। वह अपनी दुकान पर दिख गया। सभी युवक सलमान के पास पहुंचे और उससे झगड़ा करने लगे। सलमान ने हालात देखकर अपने दोस्तों को फोन कर बुला लिया। इस बीच विकास ने सलमान को थप्पड़ मार दिया।

झगड़े के बीच अचानक सलमान के दोस्त हो गए। इन लोगों ने रॉड और चाकू से विकास पर कई वार कर दिए। सुमित, विकास को बचाने का प्रयास करने लगा। इस बीच इनके सारे दोस्त मौके से भाग खड़े हुए। बदमाशों ने सुमित पर रॉड से कई वार किए और उसकी टांग तोड़ दी। विकास को कई चाकू मारने के बाद आरोपी भी भाग गए। एक आरोपी आजाद कुमार मिश्रा को लगा कि अगर विकास मर जाएगा तो वह फंस जाएंगे इसलिए वह खुद ही विकास को एलबीएस अस्पताल ले गया। अस्पताल में विकास को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में आजाद भी फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

**ऐसे पकड़े गए :** आजाद कुमार ने अस्पताल में बताया कि वह पेपर मार्केट में मौजूद था। कुछ अज्ञात लड़कों ने इन पर हमला किया। वह तो बस विकास को अस्पताल लेकर आया। हत्या की सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक्स स्क्वायड, स्पेशल स्टाफ, एएटीएस और गाजीपुर थाने की चार टीमों का गठन कर दिया गया। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। विकास को अस्पताल पहुंचाने वाले आजाद से पूछताछ की गई तो वह गुमराह करने लगा। पुलिस ने आजाद से सख्ती से पूछताछ की तो हत्या की बात स्वीकार ली। उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में नाबालिग समेत अन्य तीन को खोड़ा कालोनी से दबोच लिया।

### ...तो जिंदा होता विकास

विकास के परिजनों ने कहा कि उसके साथ मौजूद साथियों ने थोड़ी सी भी हिम्मत दिखाई होती तो आज विकास जिंदा होता।

### मालिक की दुकान से चुराए 8 लाख रुपये, फोन व कपड़े खरीदे, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कार एसेसरीज की दुकान पर काम करने वाले एक कर्मचारी ने अपना इलाज करवाने के लिए मालिक के आठ लाख रुपये चोरी कर लिए। बाद में फरार हो गया। दरअसल कर्मचारी गौरव सोनी को ब्रेन ट्यूमर हो गया था। मालिक से इलाज के लिए रुपये मांगे तो मालिक ने मना कर दिया। इस पर आरोपी ने अलमारी की डुप्लीकेट चाबी बनवाकर वारदात को अंजाम दिया। पैसे चोरी करने के बाद आरोपी ने डेढ़ लाख का आईफोन-16 और एक दूसरा फोन खरीदने के अलावा महंगे कपड़े खरीदे पर पुलिस ने आरोपी को कानपुर के यशोदा नगर स्थित घर से दबोच लिया। आरोपी के पास से कैश व फोन बरामद हो गए। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि 21 जुलाई को करोल बाग में कार एसेसरीज के कारोबारी ने दुकान से आठ लाख रुपये चोरी होने की शिकायत दी। ब्यूरो

परेशानी

**व्यापारी बोले - सरकार को टैक्स देने के बावजूद नहीं मिल रहीं सुविधाएं**

# गाजीपुर पेपर मार्केट में समस्याओं का अंबार, व्यापारी परेशान

संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पूर्वी दिल्ली।** गाजीपुर पेपर मार्केट के व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि मार्केट में समस्याओं का अंबार है। पुलिस की गश्त न होने से बाजार में कानून व्यवस्था चरमरा गई है।

बाजार में जगह-जगह शराब की दुकानें खुल गई हैं। खुलेआम शराब पीने वाले लोगों से व्यापारियों में डर का माहौल है। बृहस्पतिवार को संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों ने बताया कि लोग कहीं से भी आकर गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। अवैध रूप से सीमेंट ट्रकों की पार्किंग भी होती है। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लाखों रुपये टैक्स देने के बावजूद सुविधाओं की कमी है। नाले जाम होने से बरसात के दौरान बाजार में पानी भर जाता है। महीनों तक कूड़ा पड़ा रहता है। इसके अलावा आसपास के इलाके से असामाजिक तत्व चहारदीवारी कूदकर बाजार में प्रवेश कर जाते हैं और खुले में नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। कई बार इन समस्याओं को लेकर शिकायत की गई लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। इस दौरान व्यापारी संजय गेड़ा, आरपी जोशी, उमेश यादव, अश्वनी कुमार सिंह, राजेंद्र गुप्ता, ऋषि पाल यादव, संभव जैन और धर्मेंद्र जैन मौजूद रहे।



अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में समस्याएं बताते व्यापारी। अमर उजाला

### समस्याएं गिनाईं



अतिक्रमण की समस्या है। लोग कहीं भी इधर-उधर अपनी गाड़ियां खड़ी करके चले जाते हैं। इससे आवागम में परेशानी होती है। **-संजय गेड़ा,** अध्यक्ष



आसपास के इलाके से आकर स्थानीय लोग बाजार में गोबर फेंककर चले जाते हैं। शौचालय न होने से लोग खुले में शौच करके चले जाते हैं। **-उमेश यादव,** व्यापारी



पुलिस की गश्त ने होने से आए दिन चोरियां होती रहती हैं। असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण यहां कोई महिला कर्मचारी भी काम नहीं करती। **- आरपी जोशी,** व्यापारी



बाजार में साफ-सफाई नहीं होती। बारिश के दौरान पानी भर जाता है। इससे व्यापारियों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। **- अश्वनी कुमार,** व्यापारी

# गर्भवती को गिराकर बुरी तरह से पीटा, जेठानी और बेटे पर आरोप

**पूर्वी दिल्ली।** दयालपुर में पारिवारिक विवाद में एक गर्भवती महिला को गिराकर बुरी तरह पीटा गया। हमले में वह जख्मी हो गई। उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता शहाना (33) ने जेठानी और उसके बेटे पर मारपीट का आरोप लगाया है। करीब एक सप्ताह बाद पीड़िता का बयान लेकर पुलिस ने अब मामला दर्ज किया है। पीड़िता का कहना है कि झूठे आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, शहाना परिवार के साथ दयालपुर के डी ब्लॉक में पहली मंजिल पर रहती है। पति राशिद अली का कारोबार है। इसी मकान की दूसरी मंजिल पर शहाना की जेठानी मुस्लिमा रहती है। 21 जुलाई की सुबह 11 बजे जेठानी व उसका बेटा परवेज शहाना के पास आए।

**पीड़िता बोली-झूठे आरोप लगाकर मारपीट की गई**

उस समय शहाना का पति बाहर गया हुआ था। आते ही जेठानी ने कहा कि उसकी वजह से वह पूरे मोहल्ले में बदनाम हो रही है। बातचीत के दौरान दोनों ने शहाना को पीटना शुरू कर दिया। शहाना ने बाहर निकलने का प्रयास किया तो उसका रास्ता रोककर और गिराकर बुरी तरह पीटा। ब्यूरो

# आमों के अजीब नामों ने लुभाया

## तालकटोरा में आम महोत्सव का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व अन्य। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** आम जहां अपने अद्भुत मीठे स्वाद के लिए जाने जाते हैं। वहीं दिल्ली के तालकटोरा में आयोजित आम महोत्सव में आम अपने अजीबोगरीब नाम से लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। एक तरफ जहां सुंदरी ने लोगों को खूब लुभाया तो वहीं दूसरी तरफ योगी आम ने लोगों के बीच एक अलग जगह बनाई।

आम महोत्सव में मेजों पर सजे अलग-अलग किस्म के आमों ने अपनी मिश्रित खुशबू से दर्शकों को आम के बगीचे का एहसास कराया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि एक बगीचें में मानों सैंकड़ों किस्म के आमों के पेड़ लगे हों। तालकटोरा ऑडिटोरियम में बृहस्पतिवार को फलों के राजा आम की अनोखी महफिल सजी। इसमें देश और दुनिया की तमाम बड़ी शख्सियतें शरीक हुईं। आम महोत्सव में भारी संख्या में लोगों ने आम का स्वाद चखा। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गायक के गीतों ने माहौल को और भी मीठा कर दिया। कानपुर से बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी के प्रयासों से आयोजित इस महोत्सव में देश-दुनिया की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें राजनेता, कलाकार, लेखक, वैज्ञानिक और पत्रकार शामिल रहे।

इस वर्ष महोत्सव में 300 से अधिक आम की किस्में प्रदर्शित की गई, जिनमें नवाबी गोला, कमल आम, रईस पसंद, योगी आम, सुरमेदानी, हैदर साहब, कलुआ, माया, जनार्दन पसंद, बरेली वाला, दशहरी, जहांगीर, नूर जहां, नगीना, चौसा, अल्फांसो, मल्लिका और 'मोदी आम' खास आकर्षण का केंद्र रहा। महोत्सव में आम उत्पादक किसानों की मेहनत को सम्मानित करते हुए उनकी आर्थिक और तकनीकी उन्नति पर भी जोर दिया गया। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना, केंद्रीय मंत्री बी. एल. वर्मा और रामदास आठवले ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, नितिन गडकरी, रवि किशन, कुमार विश्वास, संजय सिंह और अरबाज खान समेत कई दिग्गज उपस्थित रहे।

## अनुगूंज ने दर्शकों का मन मोह लिया



प्रस्तुति देतीं नृत्यांगना। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** मंडी हाउस स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में बृहस्पतिवार की शाम भरतनाट्यम की विशेष प्रस्तुति साहस और सौंदर्य की अनुगूंज ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह संध्या नृत्य, साहित्य और स्त्री गरिमा का उत्कृष्ट संगम बनकर दर्शकों के मन में स्थायी छाप छोड़ गई। गोस्वामी तुलसीदास की नायिकाओं पर आधारित इस समकालीन दृष्टिकोण युक्त प्रस्तुति का आयोजन आयाम संस्था की तरफ किया गया, जिसका निर्देशन प्रसिद्ध नृत्यांगना गुरु सिंधु मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, कि यह प्रस्तुति नारी शक्ति और हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव को समर्पित नटेश कवत्वम् से हुई, जिसके बाद अर्शिया माथुर ने सीता की भावनाओं को राग बागेश्री के सुरों के साथ जीवंत किया। संवाद

## प्रेमचंद की विरासत पर साहित्य मंच

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी की तरफ से बृहस्पतिवार को प्रेमचंद जयंती पर प्रेमचंद की विरासत और वर्तमान कथा परिदृश्य विषयक चर्चा का आयोजन किया गया। प्रख्यात लेखक श्यौराज सिंह 'बेचैन' ने प्रेमचंद की विरासत को व्यापक और बहुआयामी बताते हुए कहा कि लेखक का काम दर्पण दिखाना होता है, वह प्रेमचंद ने बहुत ईमानदारी से किया। प्रसिद्ध पत्रकार शिव कुमार राय ने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद के जीवन और लेखन से कई उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी विरासत अनमोल है और नई पीढ़ी को उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात सवाल-जवाब के क्रम में कहानीकार राजकुमार गौतम ने प्रेमचंद की विरासत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को केवल उनके लेखन से नहीं बल्कि उनके जीवन संघर्षों और उच्च लक्ष्यों के प्रति उनकी निष्ठा को भी समझना और अपनाना होगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में साहित्यकार और छात्र उपस्थित थे। संवाद

## गीता और नाट्यशास्त्र के यूनेस्को में शामिल होने पर संगोष्ठी

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का बृहस्पतिवार को समापन हुआ। दरअसल, आईजीएनसीए की तरफ से भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र के यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड इंटरनेशनल रजिस्टर में शामिल होने पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि गीता 5,000 वर्षों से प्रासंगिक है और आगे भी रहेगी। उन्होंने इस वैश्विक मान्यता को भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐतिहासिक पुष्टि बताया और आईजीएनसीए व भंडारकर संस्थान को बधाई भी दी। वहीं समापन सत्र में संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने कहा कि अब ज़रूरत है पांडुलिपियों के ज्ञान को विद्वानों, छात्रों और आमजन तक पहुंचाने की। इस दौरान स्वामी ज्ञानानंद, डॉ. सोनल मानसिंह, रामबहादुर राय और डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने इन ग्रंथों की सार्वकालिक शिक्षाओं और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ब्यूरो

# पद्मश्री मालिनी अवस्थी की कजरी पर झूमे लोग

ज्योति सिंह



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं मालिनी अवस्थी। जी पाल

**नई दिल्ली।** घिरी-घिरी आई बदरिया रे... हो बदरिया रे... एक तरफ राजधानी में रात से बरस रहे बदरा ने मौसम सुहाना किया दूसरी तरफ कमानी ऑडिटोरियम में गायिका ने सावन की कजरी से लोगों को भिगोना शुरू कर दिया। कहते हैं मतवाले सावन में विरहिणी का दिल कांपता ही नहीं झूमता भी है। जैसे सावन में प्रकृति शीतलता की चादर ओढ़ लेती है वैसे ही पिया मिलन और प्रेम वियोग में स्त्री का मन भी व्याकुल हो उठता है। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने जैसे ही मधुर शुरुआत की तो दर्शक अपनी सीटों पर बैठे कजरी की मस्ती में झूमने लगे। इस कजरी में केवल सावन ही नहीं था, इसमें था सावन में पिया से वियोग, मिलन, भादों के प्रेम और खाली बरसात।

कमानी ऑडिटोरियम में बृहस्पतिवार को आयोजित सावन कार्यक्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कजरी और झूला की मधुर प्रस्तुति दी। लगभग दो घंटे की इस सुरमयी यात्रा ने कजरी, झूला, मल्हार, विंटेज ठुमरी और दुर्लभ गजलों के माध्यम से सावन की मोहकता को जीवंत कर दिया। शायद इसलिए कहते हैं कि सावन का सौंदर्य और वर्षा बहार का जो वर्णन लोक गायन की विधा कजरी में है वह कहीं और नहीं।

सावन कार्यक्रम पर अपने विचार रखते हुए मालिनी अवस्थी ने कहा कि वर्षा का आगमन धरती ही नहीं, हम सबके तन-मन में आशा उमंग और प्रसन्नता लेकर आता है। संगीत ने सदा प्रकृति से प्रेरणा ली है इसलिए वर्षा को उत्सव के रूप में मानने जाने की परंपरा है।

आकाश में घिरे बादलों की रिमझिम बूंदाबांदी के बीच नहाए हुए वृक्ष, नाचते मयूर कुहुकते पंछी, हरियाए खेत खलिहान ताल नदियां, सब कुछ मोहित कर देने वाला होता है। ऐसे में गाये जाने वाले राग-रागिनी मल्हार हो या ठुमरी, कजरी, झूला, सावनी ऐसे कर्णप्रिय रस छंद सावन के श्रृंगार हैं। ये गीत हमारी सामूहिक स्मृति को प्रतिध्वनित करते हैं जो पीढ़ियों को जोड़ती है।







# डीयू में नया सत्र आज से, कॉलेजों में शुरू हुए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

## कॉलेजों में रैगिंग रोकने के लिए उत्तरी व दक्षिणी परिसर में संयुक्त कंट्रोल रूम स्थापित किए गए, 12 से 18 अगस्त तक रैगिंग विरोधी सप्ताह मनाया जाएगा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का आज आगाज होने जा रहा है। नए छात्रों के पहले दिन को खास बनाने के लिए कॉलेज पूरी तरह से तैयार हैं। डीयू दाखिले के दो राउंड संपन्न होने के बाद दाखिला पाए छात्र पहले दिन का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

कॉलेजों में फ्रैशर्स (नए छात्रों) के लिए पहला दिन ओरिएंटेशन डे के नाम रहेगा। जहां कुछ कॉलेजों में बृहस्पतिवार को ओरिएंटेशन हो गए हैं, कुछ में शुक्रवार तो कुछ में सोमवार को कार्यक्रम होंगे।

### दोषी पाए जाने पर संबंधित छात्र का दाखिला और डिग्री हो सकती है रद्द

सत्र की शुरूआत से ही कैंपस में छात्रों की हलचल बढ़ जाएगी। इस दौरान रैगिंग की घटना न होने पाए इसके लिए डीयू प्रशासन भी सख्त है। इसके लिए डीयू के उत्तरी व दक्षिणी परिसर में संयुक्त कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। यह एक से आठ अगस्त तक कार्य करेंगे। 12 अगस्त से 18 अगस्त तक रैगिंग विरोधी सप्ताह मनाया जाएगा। डीयू प्रॉक्टर कार्यालय की टीम भी कॉलेजों का दौरा करेंगी।

पुलिस वैन वामिका 24 घंटे कैंपस में घूमेगी। दिल्ली पुलिस कैंपस में अन्य स्थानों के साथ ही संवेदनशील स्थानों पर नजर रखेगी। कॉलेजों में बाहर के व्यक्तियों पर पूर्ण तरीके से रोक रहेगी। रैगिंग का दोषी पाए जाने पर ना केवल छात्र का निलंबन बल्कि डिग्री भी रद हो सकती है।



महाराजा अग्रसेन कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मौजूद छात्र। अमर उजाला

### हंसराज व महाराजा अग्रसेन कॉलेज में आयोजित हुए ओरिएंटेशन

हंसराज व महाराजा अग्रसेन कॉलेज में बृहस्पतिवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुए। हंसराज कॉलेज में तो इस कार्यक्रम में हवन पूजन करके नए सत्र की विधिवत शुरुआत की गई। अब शुक्रवार से कॉलेज में सामान्य दिनों की तरह कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। वहीं वसुंधरा एनक्लेव स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज में भी बृहस्पतिवार को ओरिएंटेशन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो संजीव कुमार तिवारी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये नये सत्र के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज के स्नातक के दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं।

हिम्मत एप का प्रयोग करें कैंपस सिक्योरिटी व्हीकल, एसएचओ मौरिस नगर नंबर 8750870128

**रैगिंग की यहां कर सकते हैं शिकायत**

एंटी रैगिंग हेल्पलाइन नंबर- 1800-180-5522

नॉर्थ कैंपस संयुक्त कंट्रोल रूम का नंबर-27667221

साउथ कैंपस संयुक्त कंट्रोल रूम का नंबर-011-24119832

## जामिया में जलवायु परिवर्तन पर विमर्श

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया में जलवायु परिवर्तन की संवेदनशीलता, प्रवासन और विस्थापन विषय पर वैश्विक नेटवर्क पहल पाठ्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विषयों के अलग-अलग संस्थानों के शोधार्थी और संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया।

पाठ्यक्रम में नीति निर्माताओं ने 21वीं सदी की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक जलवायु-जनित विस्थापन और गतिशीलता पर चर्चा की। कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने वैश्विक चुनौतियों पर शोध को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। संवाद

# मिसाइल वुमेन आईआईटी के छात्रों को देंगी डिग्री

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दो अगस्त को 56वें दीक्षांत समारोह में 2,750 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के दो अगस्त को होने वाले 56वें दीक्षांत समारोह में 2750 छात्रों को डिग्री दी जाएगी। इस बार सर्वाधिक 530 छात्रों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी। समारोह में 20 देशों के 35 छात्रों को भी यूजी, मास्टर और पीएचडी की डिग्री मिलेगी। समारोह की मुख्य अतिथि मिसाइल वुमेन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर वैज्ञानिक डॉ. टेसी थॉमस होंगी।

दीक्षांत समारोह को लेकर बृहस्पतिवार को आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने आईआईटी दिल्ली की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि इस बार बीटेक कोर्स इन एनर्जी इंजीनियरिंग और तीन पीजी कोर्सेज के छात्र भी समारोह का हिस्सा होंगे। आईआईटी दिल्ली ने यूजी, पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रम को संशोधित कर वर्तमान शैक्षणिक सत्र में लागू किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दो नए यूजी कोर्सेज बैचलर ऑफ साइंस इन केमिस्ट्री और बीटेक इन डिजाइन की शुरुआत की। साथ ही ऑप्टिक्स और फोनेटिक्स में दो पीजी कोर्सेज भी शुरू किए।



डॉ. टेसी थॉमस। स्रोत : सोशल मीडिया

### एल्युमिनी वॉल का होगा अनावरण

दीक्षांत समारोह में आईआईटी के सात एल्युमिनी को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 1989 बैच से लेकर 2016 के बैच के एल्युमिनी शामिल है। अब तक 151 एल्युमिनी को सम्मानित कर चुके है। समारोह में लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में एल्युमिनी को समर्पित पूर्व छात्र पुरस्कार(डीएए) वॉल का अनावरण किया जाएगा।

### 650 छात्राओं को हॉस्टल किया आवंटित

इसके अलावा करीब 650 छात्राओं को हॉस्टल आवंटित किया गया है। इसमें 249 यूजी, 286 पीजी और 120 पीएचडी की शात्रा शामिल है। साथ ही बाहरी छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा देने की योजना पर कार्य चल रहा है। जिससे वह 10-15 दिन तक अतिथि के तौर पर रहकर अपने आवास की व्यवस्था कर सकें। जल निकासी की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 200 स्वचालित पंप लगाए गए है।

### क्वांटम मेटेरियल और डिवाइस पर करेंगे काम

आईआईटी निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने शोध व विकास को लेकर बताया कि औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास इकाई के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 352 करोड़ से 650 प्रायोजित परियोजनाएं व परामर्श सेवाएं शुरू की। भारत सरकार की ओर से आवंटित 312 करोड़ वर्ष 2031 तक क्वांटम मेटेरियल और डिवाइस परियोजना पर खर्च किए जाएंगे। सेना के लिए संसाधन तैयार करने की दिशा में काम चल रहा है।

### एआई पेटा फ्लॉप्स सुपरकंप्यूटिंग की सुविधा

मोबिलिटी टेक्नोलॉजी, औद्योगिक-शैक्षणिक साझेदारी को लेकर एक मोटर कंपनी ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया है। पहले पांच वर्ष के लिए 70 करोड़ रुपये से अधिक की योजना तैयार की गई है। सेंटर का मुख्यालय आईआईटी दिल्ली रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क होगा। आईआईटी दिल्ली के सोनीपत कैंपस में 258 एआई पेटा फ्लॉप्स सुपरकंप्यूटिंग सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है।

### योग और संगीत थेरेपी से तनाव कर रहे दूर

आईआईटी दिल्ली के स्टूडेंट्स डीन वेलफेयर प्रो. बी.के पाणिग्राही ने बताया कि छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर योग, संगीत थेरेपी, ड्रामा थेरेपी और ध्यान की शुरुआत की है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर वर्ष 2025 में जनवरी से लेकर अप्रैल के बीच 25 वेलनेस वर्कशॉप आयोजित कर चुके है। छात्रों के तनाव को दूर करने के लिए छात्र शिक्षक बातचीत प्रकोष्ठ भी स्थापित किया है।

**20** देशों के 35 छात्रों को भी यूजी, मास्टर और पीएचडी की डिग्री मिलेगी

**530** छात्रों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी

**622** कंपनी प्लेसमेंट के लिए आई

### 1,357 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

उन्होंने वर्ष 2024-25 में हुए प्लेसमेंट को लेकर बताया कि अलग-अलग तरह के 59 जॉब प्रोफाइल के लिए 622 कंपनी प्लेसमेंट के लिए आई। इसमें 1478 को जॉब ऑफर की गई और 1357 का चयन हुआ। जबकि इंटर्नशिप के लिए 326 कंपनी पहुंची। इसमें 902 को इंटर्नशिप का ऑफर मिला। लेकिन 821 चयनित हुए। पिछले एक साल में 23 विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने को लेकर समझौता ज्ञापन किया।

### हॉस्टल में क्यूआर कोड से उपस्थिति दर्ज

उन्होंने कहा कि छात्रों की हॉस्टल में उपस्थिति दर्ज करने के लिए क्यूआर आधारित व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए हॉस्टल के कमरों के दरवाजों के पीछे भी बार कोड लगाए गए है। काउंसलर की संख्या बढ़ाकर 14 कर दी गई है। मनोचिकित्सक की भी व्यवस्था है। एम्स के मनोचिकित्सक भी समय-समय पर आकर छात्रों को संबोधित करते है।

## जेएनयू के माही मांडवी हॉस्टल का विवादों से है पुराना नाता

### हॉस्टल में वेज-नॉन वेज को लेकर हुआ है विवाद

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) का माही मांडवी हॉस्टल एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार मेस में वेज-नॉन वेज खाने की व्यवस्था को लेकर विवाद सामने आया है। इसको लेकर एक नोटिस भी मेस में चस्पा किया गया था। हालांकि उसे बाद में हटा लिया गया है।

मगर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(एबीवीपी) और लेफ्ट छात्र संगठनों के बीच वेज-नॉन वेज को लेकर विवाद जारी है। बता दें कि इससे पहले भी जेएनयू का यह हॉस्टल वर्ष 2016 में चर्चा का केंद्र रह चुका है। जब यहां पर अक्टूबर महीने में जेएनयू के लापता छात्र नजीब अहमद के साथ कुछ छात्रों की झड़प हुई थी।

उस समय हॉस्टल का कमरा नंबर 106 काफी चर्चा का विषय रहा था। हालांकि उस घटना के बाद से छात्र नजीब के बारे में कुछ पता नहीं चल सका। इस मामले में जांच एजेंसी कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर चुकी है।

सांकेतिक



**2016 में लापता छात्र नजीब अहमद के साथ हुई थी झड़प**

वहीं वेज-नॉन वेज मामले को लेकर एबीवीपी से जेएनयू छात्र संघ में संयुक्त सचिव वैभव मीणा ने कहा कि मेस में वेज और नॉन वेज खाना बनने के बर्तन अलग होने चाहिए। यह वेज खाने वाले छात्रों का अधिकार है कि खाना कैसे बने और कैसे मिल रहा है।

छात्र संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि वेज और नॉन वेज खाने को अलग चश्मे से देखना जातिवाद के सिवा कुछ नहीं है ऐसे विचार का छात्र संघ पुरजोर विरोध करता है।

## डीजे एक्सपो में जुटे संगीत और मनोरंजन व्यवसाय से जुड़े लोग

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित डीजे एक्सपो संगीत और मनोरंजन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। पहले दिन ही संगीत और मनोरंजन व्यवसाय से जुड़े लोगों की भारी भीड़ देखी गई। बृहस्पतिवार से शुरू हुए डीजे एक्सपो में साउंड और लाइट रेंटल कंपनियों के लिए प्रो ऑडियो, पीए, लाइटिंग, एलईडी स्क्रीन उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। संयोजक मैनुअल डायस ने बताया कि डीजे एक्सपो लंबे समय से भारत के संगीत और मनोरंजन व्यवसाय के लिए एग्रीगेटर की भूमिका निभा रहा है। 10वां डीजे एक्सपो अत्याधुनिक तकनीक और उत्पादों को सीधे अनुभव करने का एक अवसर प्रदान कर रहा है। मैनुअल डायस के मुताबिक, एक्सपो का उद्देश्य देश में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना है। संवाद


## सार्वजनिक सूचना

### हरियाणा सरकार
### आबकारी एवं कराधान विभाग

**राज्य के सभी जिलों में नीति वर्ष 2025-27 के लिए आईएमएफएल (एल-1) और देशी शराब (एल-13) के थोक लाइसेंस के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना।**

राज्य में सभी आबकारी जिलों में एल-1 के रूप में आईएमएफएल के थोक लाइसेंस और एल-13 के रूप में देशी शराब के थोक लाइसेंस प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आईएमएफएल (एल-1) और देशी शराब (एल-13) का थोक लाइसेंस क्रमशः भारतीय निर्मित विदेशी शराब (एल-2) और देशी शराब (एल-14ए) के खुदरा आउटलेट आवंटियों/लाइसेंसधारियों में से आवेदक को प्रदान किया जाएगा। एल-1 और एल-13 लाइसेंस (नीति वर्ष 2025-27) आबकारी जिले के भीतर खुदरा क्षेत्रों के आवेदक आवंटियों/लाइसेंसधारियों में भारतीय निर्मित विदेशी शराब (एल-2) और देशी शराब (एल-14ए) के कोटा योगदान के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। एल-1 और एल-13 लाइसेंस प्रदान करने के उद्देश्य से कोटा योगदान की गणना 06.08.2025 तक आवंटित खुदरा शराब क्षेत्रों के आधार पर की जाएगी ताकि एल-1/एल-13 के लिए ऐसे आवेदनों को प्राप्त किया जा सके। एल-1/एल-13 लाइसेंस केवल उन पात्र आवेदकों को प्रदान किए जाएंगे जो आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा द्वारा निर्धारित/विस्तारित तिथि के भीतर लाइसेंस के लिए आवेदन करते हैं। आबकारी नीति यह प्रावधान करती है कि आबकारी एवं कराधान आयुक्त अपनी इच्छानुसार एल-1/एल-13 लाइसेंसों की उतनी संख्या के लिए आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। आबकारी एवं कराधान आयुक्त आवेदन आमंत्रित करने के कई दौरों में आवंटन की प्रक्रिया भी संचालित कर सकते हैं। एल-1 एवं एल-13 लाइसेंस के आवेदन का अगला दौरा 6ठें दौर के पूरा होने के बाद शुरू किया जाएगा।

जिले में आईएमएफएल (एल-1) और देशी शराब (एल-13) के थोक लाइसेंसों की संख्या जिनके लिए 6ठें दौर में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, निम्नानुसार हैः-

| क्र.सं. | जिला | प्रदान किए जाने वाले एल-1 की संख्या | प्रदान किए जाने वाले एल-13 की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंबाला | 1 | 2 |
| 2 | भिवानी | 1 | 1 |
| 3 | फरीदाबाद | 3 | 2 |
| 4 | फतेहाबाद | 1 | 1 |
| 5 | गुरुग्राम (ईस्ट) | 5 | 3 |
| 6 | गुरुग्राम (वेस्ट) | 3 | 3 |
| 7 | हिसार | 0 | 1 |
| 8 | जगाधरी | 2 | 2 |
| 9 | झज्जर | 2 | 2 |
| 10 | जींद | 2 | 2 |
| 11 | कैथल | 1 | 1 |
| 12 | करनाल | 2 | 2 |
| 13 | कुरूक्षेत्र | 2 | 2 |
| 14 | मेवात | 1 | 1 |
| 15 | नारनौल | 1 | 1 |
| 16 | पलवल | 2 | 2 |
| 17 | पंचकूला | 1 | 1 |
| 18 | पानीपत | 1 | 1 |
| 19 | रेवाड़ी | 0 | 3 |
| 20 | रोहतक | 1 | 1 |
| 21 | सिरसा | 3 | 1 |
| 22 | सोनीपत | 2 | 4 |
| | कुल | 37 | 39 |

आईएमएफएल (एल-1) और देशी शराब (एल-13) के थोक आउटलेट के लिए लाइसेंस हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914 के प्रावधानों, उसके तहत बनाए गए नियमों और वर्ष 2025-27 की आबकारी नीति के अनुसार प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2025-27 की आबकारी नीति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.haryanatax.gov.in** पर उपलब्ध है।

आवेदन संबंधित डीईटीसी (आबकारी) के कार्यालय में 06.08.2025, शाम 05.00 बजे से पहले जमा किए जा सकते हैं। आवेदन को डीईटीसी (आबकारी) द्वारा अपनी सिफारिश के साथ तुरंत आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा को अग्रेषित किया जाएगा।

कोटा योगदान 06.08.2025 तक लिया जाएगा।

विनय प्रताप सिंह, आईएएस
आबकारी एवं कराधान आयुक्त,
हरियाणा, पंचकूला

PRDH:- 1037/11/291/2026/37197/1/7 Dt. 31/07/2025


# डिग्री और मार्कशीट लेने के लिए नहीं किया आवेदन : डीयू

अमर उजाला ब्यूरो

### लेंस कार्ट सह-संस्थापक के डिग्री विवाद मामले में डीयू परीक्षा शाखा की जांच में खुलासा

**नई दिल्ली।** लेंस कार्ट सह-संस्थापक का डिग्री विवाद इन दिनों सुर्खियों में है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। डीयू ने स्पष्ट किया है कि लेंस कार्ट के सहसंस्थापक सुमित कपाही ने डिग्री व मार्कशीट लेने के लिए कोई आवेदन नहीं किया है।

डीयू परीक्षा शाखा ने इस मामले की गहनता से जांच की है। इसमें पाया गया कि कोई फार्म नहीं भरा न ही आवेदन किया है। डीयू ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य व्यक्ति ने उनके नाम पर डुप्लीकेट मार्कशीट प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था।

दरअसल बीते दिनों सुमित कपाही ने कहा था कि वह बीकॉम की डिग्री और मार्कशीट डीयू की वेबसाइट पर खोज नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कई बार ईमेल और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए विश्वविद्यालय से संपर्क किया लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

यह जानकारी सामने आने के बाद डीयू की परीक्षा शाखा ने जवाब दिया है कि उन्हें सुमित कपाही की ओर से कोई ईमेल या आवेदन नहीं मिला है। ऐसे में उन्हें कैसे डिग्री जारी की जा सकती है। यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि दीपेश नाम के एक व्यक्ति ने 16 जुलाई को डुप्लीकेट मार्कशीट जारी करने के लिए सुमित कपाही का नाम लिया था। इसके लिए विविध अनुभाग में शुल्क का भुगतान किया है।

जांच में पाया गया कि आवेदन सुमित कपाही ने ऑनलाइन-ऑफलाइन फॉर्म नहीं भरा है और ना ही डुप्लीकेट डिग्री व मार्कशीट के लिए कोई औपचारिक रूप से आवेदन किया है।

डीयू की ओर से उन्हें सलाह दी गई है कि वह विश्वविद्यालय पोर्टल पर https://exam.du.ac.in/index.php?Services/Duplicate-Marksheet लिंक के माध्यम से आवेदन करें और डिग्री व ट्रांसक्रिप्ट प्राप्त करने के लिए उचित शुल्क जमा करें।

## जेएनयू : पीएचडी दाखिले के लिए साक्षात्कार 13 अगस्त से

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिला को लेकर आठ अगस्त से वाइवा परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने दाखिला के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। 13 अगस्त से लेकर 20 अगस्त के बीच साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। पहली मेरिट सूची 29 अगस्त को जारी होगी। इसके दाखिला के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया आठ सितंबर से लेकर 11 सितंबर के बीच होगी। सीट ब्लॉक करने के लिए 29 और 31 अगस्त को फीस भुगतान के साथ पंजीकरण करना होगा। दूसरी मेरिट सूची 12 सितंबर को और 14 सितंबर तक सीट ब्लॉक कर सकेंगे। जबकि दाखिला सत्यापन 18 सितंबर को किया जाएगा। इसके अलावा अंतिम सूची 26 सितंबर को जारी होगी। इसके दाखिला 28 सितंबर तक होंगे और तीन अक्टूबर तक दाखिला सत्यापन करवा सकेंगे। दाखिला पंजीकरण की प्रक्रिया दस अक्टूबर को समाप्त हो जाएगी। संवाद

# सरकारी स्कूल के बच्चों को जॉब ऑफर देने पहुंचीं 30 कंपनियां

## रोहिणी के सर्वोदय विद्यालय में हुआ व्यावसायिक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो



रोहिणी के सर्वोदय विद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे शिक्षा मंत्री आशीष सूद। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** अब दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों के नौकरी पाने के दरवाजे खुलने लगे हैं। रोहिणी के सर्वोदय विद्यालय में बृहस्पतिवार को व्यावसायिक प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इसमें स्कूली बच्चों को नौकरी के ऑफर देने के लिए करीब 30 कंपनियां पहुंची। वहीं प्लेसमेंट ड्राइव में बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी पहुंचे।

शिक्षा मंत्री ने इस दौरान ना केवल रोजगार के ऑफर लेकर पहुंची कंपनियों के प्रतिनिधियों से वेतन और सुविधा के संबंध में बात की बल्कि बच्चों के साथ भी संवाद किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बच्चों की बड़ी संख्या को देखकर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल प्लेसमेंट ड्राइव नही बल्कि इस बात का प्रतीक है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा ने कितनी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों में दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में कई स्तरों पर परिवर्तन करेगी।

उन्होंने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में 4.2 लाख से अधिक छात्रों ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा का चयन किया, जो यह दर्शाता है कि कौशल-आधारित शिक्षा अब मुख्यधारा की शिक्षा का अभिन्न अंग बन चुकी है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक छात्र न केवल स्कूल के लिए तैयार हो, बल्कि कौशल युक्त शिक्षा और भविष्य की चुनौतियां के लिए भी तैयार हो।

प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां पहुंची जिनमें हल्दीराम, सिटीकार्ट, नवगुरुकुल, टेक महिंद्रा, एचसीएल ने उन छात्रों को नौकरी के अवसर प्रदान किए, जिन्होंने वर्ष 2024-25 या उससे पहले बारहवीं कक्षा व्यावसायिक शिक्षा के साथ पूरी की है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह ड्राइव छात्रों के लिए उद्योग जगत से जुड़ने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे न केवल करियर के विकल्प समझते हैं, बल्कि व्यावसायिक दुनिया की अपेक्षाओं से भी रूबरू होते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार चौहान, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।

### सरकारी और निजी स्कूल के अंतर को खत्म करेगी सरकार

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार जल्द ही सरकारी और प्राइवेट स्कूल के अंतर को खत्म करेगी। सरकार संसाधनों, अवसरों, समानता, प्रतिभा को आगे बढ़ाने और स्कूल में बच्चों के पढ़ने के लर्निंग आउटकम के संदर्भ में सरकारी स्कूलों को अपग्रेड कर रही है। आने वाले पांच साल में नौंवी, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, रोबोटिक्स, डाटा साइंस, आईसीटी लैब, निजी कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे। जब सरकारी स्कूलों से बारहवीं की पढ़ाई करके छात्र यूनिवर्सिटी में जाएंगे तो वहां के उपकरणों से, तकनीक से अनभिज्ञ नहीं होंगे।

**तैयारी** | स्कूल में जितना बड़ा एरिया होगा उतनी ही कक्षाएं चलाई जा सकेंगी, सीबीएसई ने अपने संबद्धता उपनियमों में हाल ही में किया संशोधन

# स्कूलों के कारपेट एरिया के आधार पर कक्षाओं की संख्या होगी तय

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) से संबद्ध स्कूलों में अब कारपेट एरिया के आधार पर कक्षाओं की संख्या तय होगी। इस तरह से स्कूल का जितना बड़ा एरिया होगा, उतनी ही कक्षाएं चलाई जा सकेंगी।

चार सौ वर्ग मीटर बिल्ट-अप कारपेट एरिया पर तीन सेक्शन चलाने की अनुमति होगी। सीबीएसई ने अपने संबद्धता उपनियमों में संशोधन किया है। यह नया नियम मौजूदा और नई संबद्धता लेने वाले सभी स्कूलों पर लागू होगा। दरअसल जमीन की उपलब्धता कम होने के कारण स्कूलों को नई कक्षाएं शुरू करने में कठिनाई हो रही थी। सीबीएसई के नियमित कैटेगरी विदेशी स्कूलों को इन नियमों से छूट दी गई है।

सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता की ओर से इस संबंध में सभी स्कूल संचालकों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार किसी स्कूल में अधिकतम सेक्शन की संख्या स्कूल भवन के कुल निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर निर्धारित की जाएगी। बोर्ड ने यह भी निर्णय लिया है कि स्कूलों को माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर समान संख्या में सेक्शनों की अनुमति दी जाएगी। सीबीएसई को स्कूलों और हितधारकों से लगातार फीडबैक मिल रहा था कि कुछ क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की भारी कमी है। इस कारण कई बार स्कूलों को नए दाखिले की होने पर भी सीमा से अधिक अतिरिक्त सेक्शन बढ़ाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्कूलों को नए दाखिले के दबाव के कारण 1:40 के सेक्शन(छात्र अनुपात) को पूरा करना भी मुश्किल लगता है। लेकिन भूमि मानदंड के अनुसार वे अतिरिक्त सेक्शन जोड़ नहीं पाते हैं।

ऐसे में बोर्ड ने निर्णय लिया है कि किसी स्कूल में अधिकतम सेक्शनों की संख्या स्कूल भवन के कुल निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर तय होगी। स्कूल भवन के निर्मित क्षेत्रफल को स्थानीय निकाय या किसी लाइसेंस प्राप्त आर्किटेक्ट द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

### सीबीएसई के यह हैं नए मानक

सांकेतिक




कक्षा नौंवी-दसवीं और ग्यारहवीं-बारहवीं में सेक्शन संख्या स्कूल के कुल सेक्शन (बालवाटिका से दसवीं या बारहवीं तक) की अधिकतम एक चौथाई होगी। मसलन यदि किसी स्कूल में कुल 20 सेक्शन हैं तो नौवीं-दसवीं और ग्यारहवीं-बारहवीं के लिए मिलाकर सिर्फ पांच सेक्शन हो सकते हैं। इसके अलावा हर तीन अतिरिक्त सेक्शंस के लिए कम से कम 400 वर्ग मीटर का अतिरिक्त कार्पेट एरिया अनिवार्य होगा। स्कूल की ब्रांच एरिया का कारपेट एरिया 1000 वर्ग मीटर है तो बाल वाटिका से बारहवीं तक 8 सेक्शन चलाने की अनुमति होगी। यदि मिडिल और सेकेंडरी स्तर के स्कूल का एरिया 1400 वर्गमीटर है तो 13 सेक्शन, यदि 1800 वर्गमीटर है तो 15 सेक्शन चलाने की अनुमति होगी। इसके साथ ही बोर्ड ने कहा है कि हर स्कूल में 112 वर्ग मीटर का पुस्तकालय होना अनिवार्य है। छठी कक्षा से दसवीं तक के लिए विज्ञान, गणित और कंप्यूटर लैब जरूरी हैं। 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी लैब भी जरूरी हैं। संगीत, कला, खेल और अन्य गतिविधियों के लिए 216 वर्गमीटर का हॉल होना चाहिए या फिर चार अलग-अलग कमरे हों।

# चिड़ियाघर में दो दशक बाद दिखेंगे ऊदबिलाव

## आदान-प्रदान के तहत संगाई हिरण गुजरात के सूरत भेजे जाएंगे

संवाद न्यूज एजेंसी



अगले महीने दिल्ली से एक टीम ऊदबिलावों को लाने के लिए सूरत जाएगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में 20 साल से भी अधिक समय बाद ऊदबिलाव वापसी करने वाले हैं। चिड़ियाघर में आखिरी ऊदबिलाव 2004 में मर गया था और तब से इस प्रजाति को प्राप्त करने के प्रयास असफल रहे हैं।

अब गुजरात से चिकने बालों वाले ऊदबिलाव का एक जोड़ा अगले महीने तक चिड़ियाघर में आने की उम्मीद है जो इसकी पशु आबादी में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत है। यह स्थानांतरण सूरत चिड़ियाघर के साथ पशु विनिमय कार्यक्रम का हिस्सा है जिसके बदले में दिल्ली से संगाई हिरण के दो जोड़े प्राप्त होंगे।

चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि अगले महीने दिल्ली से एक टीम ऊदबिलावों को लाने के लिए सूरत जाएगी। उनके पास मौजूदा समय में 80 से अधिक संगाई हिरण हैं जो देश के किसी भी चिड़ियाघर में सबसे अधिक संख्या में हैं। ऐसे में वह उनमें से कुछ को सूरत भेजने की स्थिति में हैं। यह आदान-प्रदान मूल रूप से मार्च में निर्धारित किया गया था और दिल्ली से एक चिड़ियाघर संचालक सहित एक प्रतिनिधिमंडल ऊदबिलावों का निरीक्षण करने, उनके आवास और देखभाल का अध्ययन करने के लिए सूरत आया था। हालांकि उच्च तापमान और अनुपयुक्त यात्रा परिस्थितियों के कारण इसमें देरी हुई।

संजीत कुमार ने बताया कि ऊदबिलावों के आने से चिड़ियाघर की प्रजातियों की संख्या 96 हो जाएगी जिससे प्रदर्शनी में मौजूद जैव विविधता और समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि 2004 में चिड़ियाघर ने अपना आखिरी ऊदबिलाव खो दिया था तब से यहां एक भी ऊदबिलाव नहीं आया है और यह आदान-प्रदान हमारे लिए एक बड़ा कदम है। इस बीच दिल्ली चिड़ियाघर बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है।

# प्रोफेसर की बर्खास्तगी मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने हाल ही में पॉश अधिनियम के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एक प्रोफेसर पर उनकी छात्राओं की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच को सही ठहराया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की संकाय सदस्य की अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सिफारिश करने के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया।

उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि छात्राएं इस तरह के दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने से हिचकिचाती हैं और कई छात्राएं उपहास और अपमान का सामना करने के कारण कॉलेज भी छोड़ देती हैं। उन्होंने कहा कि पॉश अधिनियम का उद्देश्य अन्य बातों के अलावा, छात्राओं को एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण प्रदान करना और आश्वस्त करना है, जहां वे स्वतंत्र रूप से अध्ययन कर सकें। तीन छात्राओं और एक पूर्व छात्रा ने डॉ. अमित कुमार पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। छात्राओं ने आरोप लगाया था कि कुमार ने उन्हें फेसबुक मैसेंजर और व्हाट्सएप के जरिए अश्लील संदेश भेजे थे।

इन आरोपों के बाद आईसीसी ने पॉश अधिनियम के तहत जांच शुरू की और पाया कि कुमार के खिलाफ प्रथम दृष्टया यौन उत्पीड़न का मामला बनता है। इसके चलते डीयू ने उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति का पत्र जारी कर दिया। कुमार ने निष्कासन पत्र और आईसीसी के गठन, प्रक्रिया और निष्कर्षों को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है। संवाद




दिव्या देशमुख, भारत की पहली विमेन्स वर्ल्ड कप चेस चैंपियन

## एनसीआरटीसी ने दिव्यांगों को वितरित कीं व्हीलचेयर

**नई दिल्ली।** एनसीआरटीसी ने बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सहायक और उद्यमिता उपकरणों का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन जापान फंड फॉर प्रॉस्पेरस एंड रेजिलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक (जेएफपीआर) के तहत एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से किया गया। इस पहल के तहत दिव्यांगजनों को 108 व्हीलचेयर वितरित की गईं, जिससे उनकी गतिशीलता व आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। दैनिक गतिविधियों, परिवहन और कार्यस्थलों तक पहुंचने में आसानी होगी। ब्यूरो

## हजूर साहिब के प्रबंधकीय बोर्ड में सरकारी दखल के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** तख्त श्री हजूर साहिब के प्रबंधकीय बोर्ड में सरकारी दखल के विरोध में बृहस्पतिवार को जंतर-मंतर पर सिख संगत और शिरोमणि अकाली दल (दिल्ली इकाई) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पार्टी अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में संगत ने केंद्र और महाराष्ट्र सरकार पर धार्मिक संस्थाओं पर कब्जा जमाने का आरोप लगाया।

सरना ने कहा कि दिल्ली की गुरुद्वारा कमेटी पहले ही सरकारी प्रभाव में आकर सिख मर्यादा और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रही है और अब सरकार श्री हजूर साहिब को भी उसी रास्ते पर ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम न दिल्ली में चुप बैठे हैं न महाराष्ट्र में बैठेंगे। ब्यूरो




**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

## बेली ब्रिज बनाने के लिए सेना को 25 लाख दे पीडब्ल्यूडी : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को निर्देश दिया है कि वह राजपूताना राइफल्स के सैनिकों के लिए बेली ब्रिज का निर्माण शुरू करने हेतु 25 लाख रुपये की अग्रिम राशि का भुगतान करे। इन सैनिकों को हर सुबह अपने बैरक से परेड ग्राउंड की ओर जाते समय एक गंदे नाले की पुलिया से गुजरना पड़ता है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने आदेश दिया कि भुगतान प्राप्त होने के तुरंत बाद सभी एजेंसियों की तरफ से समय-सीमा का पालन किया जाए। अदालत इस मुद्दे पर एक समाचार पत्र की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर विचार कर रहा था।

यह घटनाक्रम तब हुआ जब यह सहमति बनी कि फुटओवर ब्रिज के निर्माण के लिए दस महीने का समय लगेगा। इस बीच यह सहमति बनी कि बेली ब्रिज का निर्माण सेना की तरफ से स्वयं 40 दिनों के भीतर किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि सैनिकों के लिए फुटओवर ब्रिज के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया भी पीडब्ल्यूडी की तरफ से शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक रिपोर्ट दाखिल की जाए। ब्यूरो







**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

**निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**

मुख्य महाप्रबंधक/अंबाला, डीएफसीसीआईएल के लिए एवं की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु अपेक्षित अनुभव एवं वित्तीय क्षमता धारक फर्मों/कंपनियों/संयुक्त उद्यमों से निर्धारित प्रपत्रों पर एकल लिफाफा प्रणाली में ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं:–

**ई–निविदा सं.:** यूएमबी/केआरजे–पीकेवाईएन/डीआरओडब्ल्यू/2025–26, **कार्य का नाम:** खुर्जा–पिलखनी खंड के अंतर्गत 3 मी. की दूरी पर कंटीली तार की बाड़ सहित प्रीकास्ट आर.सी.सी. एम20 पोस्ट्स के साथ आरओडब्ल्यू की अधिशेष अधिग्रहित डीएफसीसीआईएल भूमि का सीमांकन तथा ध्वस्त संरचनाओं की बची हुई सामग्री का विखंडन एवं निपटान। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,58,18,168/– (दो करोड़ अट्ठावन लाख अठारह हजार एक सौ अड़सठ रुपये मात्र), **पूर्णता अवधि:** 06 (छह) माह, **बोली का प्रकार:** खुली ई–निविदा एकल लिफाफा, **निविदा शुल्क:** रु. शून्य, जो **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध कराए गए भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन अदा की जानी है। **धरोहर राशि:** रु. 2,79,100/–, **बोली डाउनलोड करना:** 21.07.2025 को 15:00 बजे **www.ireps.gov.in** पर, **ऑनलाइन बोली प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 22.08.2025 को 15:00 बजे **www.ireps.gov.in** पर, **ऑनलाइन बोली खुलने की तिथि एवं समय :** 22.08.2025 को 15:30 बजे **www.ireps.gov.in** पर, **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन, **निम्न हेतु विचारणीय समकक्ष कार्य की प्रकृति की परिभाषा:** पीसीसी/आरसीसी/पीएससी कार्य को शामिल करते हुए कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य, **संचार हेतु पता:** कार्यालय – मुख्य महाप्रबंधक, डीएफसीसीआईएल, आनंद बाजार के समीप, ओल्ड रेलवे कॉलोनी, अंबाला छावनी–133001 (हरियाणा), **दूरभाष नं.** : 9717636939, **ई–निविदा हेतु हेल्प डेस्क :** किसी भी स्पष्टीकरण, सहायता एवं ई–टेंडरिंग हेतु पंजीकरण एवं डिजिटल हस्ताक्षर संबंधी विषय–वस्तु के लिए **www.ireps.gov.in** की हेल्पडेस्क तथा फोन नं. 011–23761525 पर संपर्क करें। **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता:** निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदादाता जो निःशुल्क अधिसूचना तथा निविदा दस्तावेज देखना चाहते हैं वे **www.ireps.gov.in** पर जाएं। डीएफसीसीआईएल निविदा दस्तावेज हेतु परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जारी करेगी।

**हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी** G20
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

**हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 (जुलाई-2025)**

**सार्वजनिक सूचना**

सभी सम्बन्धित को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा दिनांक 30.07.2025 व 31.07.2025 को आयोजित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (HTET)-2024 के लेवल-1 (PRT), लेवल-2(TGT) व लेवल-3 (PGT) से सम्बन्धित सभी विषयों की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी दिनांक 31.07.2025 सायं से बोर्ड कार्यालय की वेबसाइट **www.bseh.org.in** पर सार्वजनिक कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न-पत्र बुकलेट में दिए गए किसी प्रश्न अथवा उत्तरकुंजी में दिए गए किसी प्रश्न के उत्तर (विकल्प) के बारे में कोई आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में पूर्ण तथ्यों / प्रमाण सहित दिनांक 01.08.2025 से 03.08.2025 सायं 05.00 बजे तक अपनी आपत्ति निर्धारित शुल्क 1000 /- रूपये प्रति प्रश्न सहित बोर्ड कार्यालय की वेबसाइट पर जारी किए गए पोर्टल/लिंक पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के सम्बन्ध में दर्ज करवाई गई आपत्ति सही पाई जाती है तो उस प्रश्न के लिए जमा करवाया गया शुल्क, परीक्षा परिणाम घोषित होने से तीन मास के अन्दर-अन्दर सम्बन्धित अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध करवाए गए बैंक खाते में वापिस (Refund) कर दिया जाएगा। दिनांक 03.08.2025 सायं 05.00 बजे के पश्चात प्रश्न पत्र व उत्तरकुंजी के सम्बन्ध में किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली आपत्ति पर किसी भी स्थिति में कोई विचार नहीं किया जाएगा और इस बारे कोई पत्राचार भी नहीं किया जाएगा।

Letter No.41/2025 सचिव

SAMVAD:- 1012/11/51/2026/37115/C/1/7 Dt.29/07/2025



व्यापार की कटु सच्चाई यह है कि उसके नतीजे अनिश्चित होते हैं।
-मार्क डगलस

# आखिर दोषी कौन



महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए की विशेष अदालत का साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी करने का फैसला भारतीय न्याय प्रणाली, जांच एजेंसियों के तौर-तरीकों और आतंकवाद से जुड़े मामलों के राजनीतिकरण पर गहरे सवाल खड़े करता है। उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम धमाके में कम से कम छह लोग मारे गए थे और सौ से ज्यादा घायल हुए थे। शुरुआती जांच में इस धमाके को मुस्लिम आतंकी संगठनों से जोड़कर देखा गया, लेकिन बाद में महाराष्ट्र एटीएस ने हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया और तभी प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत पुरोहित जैसे नाम सामने आए। यहां तक कि 'भगवा आतंकवाद' की अवधारणा भी गढ़ने की कोशिश की गई। 2011 में तत्कालीन सरकार ने मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस से लेकर एनआईए को सौंप दी। इस दौरान कई गवाहों ने अपने बयान बदले, तो पूर्ववर्ती एटीएस की जांच पर भी सवाल उठे। आज जब 17 वर्ष बाद अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि क्या हमारी जांच एजेंसियां आतंकवाद जैसे गंभीर मामलों की निष्पक्ष, वैज्ञानिक और न्यायसंगत जांच करने में सक्षम नहीं हैं? अगर हां, तो ऐसे मामलों में निर्दोषों की जिंदगी बर्बाद करने की जिम्मेदारी किसकी होगी? अब अदालत कह रही है कि जांच एजेंसी आरोप साबित नहीं कर पाई है, इसलिए आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। लेकिन क्या इससे उनकी पीड़ा, सामाजिक कलंक, मानसिक यातना और उनके परिवारों की बिलखती दुनिया की भरपाई हो सकती है? क्या उन अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होगी, जिन्होंने बगैर किसी ठोस सुबूत के गिरफ्तारी की? क्या इसे संस्थागत अपराध नहीं माना जाना चाहिए? इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है। हाल ही में बहुचर्चित निठारी कांड में भी पुलिस और सीबीआई द्वारा साक्ष्य जुटाने में बरती गई लापरवाही के चलते शीर्ष अदालत ने दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। ऐसे मामले संशय भी पैदा करते हैं कि अगर सभी आरोपी निर्दोष थे, तो उन्हें क्यों फंसाया गया। मालेगांव मामले से यह सबक लेना चाहिए कि आतंकवाद विरोधी कार्रवाई केवल तभी प्रभावी हो सकती है, जब आरोप प्रमाण और निष्पक्षता के आधार पर लगाए गए हों। अन्यथा यह असली दोषियों को बच निकलने का रास्ता भी देता है। इससे यह भी पता चलता है कि आतंकवाद को धर्म से जोड़ने की राजनीतिक कोशिशें कितनी खतरनाक हो सकती हैं।

# मित्रता का मतलब अधीनता नहीं

**संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। चीन के साथ दोस्ती की कसमें खाने वाला पाकिस्तान भी तो आज अमेरिका की गोद में बैठा हुआ है। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंध पहले भी झेले हैं, लेकिन ट्रंप की उन लोगों के प्रति बेलगाम शत्रुता, जो उनके वफादार अनुयायी बनने से इन्कार करते हैं, उन्हें अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के लिए मजबूर करती है।**

जिस तरह लोगों के बीच संबंधों के कई आयाम होते हैं, उसी तरह राष्ट्रों के बीच। मित्रता का अर्थ बिना शर्त अधीनता नहीं है। फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया, जिन्होंने भारी ऋण और निवेश का वादा किया था, लेकिन जब एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने कुछ विवादित द्वीपों को मनीला को सौंप दिया, तो दोनों देश एक-दूसरे से भिड़ गए। चीन के साथ अपनी दोस्ती को पाकिस्तान पहाड़ों से ऊंचा, समुद्र से गहरा और मधु से ज्यादा मीठा बताता रहा है, लेकिन अब वह चीन के सबसे बड़े दुश्मन अमेरिका के साथ दोस्ती के गीत गा रहा है।

भारत-अमेरिका के बीच संबंध ठीक-ठाक चल रहे थे, लेकिन अपनी दूसरी बारी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक रुख अपनाने का फैसला कर लिया। जुलाई में भारत जब अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा था, तो ट्रंप प्रशासन ने भारतीय आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया और रूस से तेल एवं हथियार खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगा दिया। अपनी मंशा स्पष्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि ब्रिक्स समूह (जिसमें भारत एक संस्थापक सदस्य है) मूलतः अमेरिका विरोधी है और डॉलर पर हमला करना चाहता है, लेकिन वह किसी को भी डॉलर पर हमला नहीं करने देंगे। इसलिए भारत के खिलाफ उनके टैरिफ आंशिक रूप से ब्रिक्स और आंशिक रूप से व्यापार के लिए लगाए हैं।



**दीपक वोहरा**
*पूर्व राजनयिक*

फिर ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने कई देशों के नेताओं से बात की है, और वे सभी अमेरिका को 'बेहद खुश' करना चाहते हैं। हो सकता है कि किसी ने उन्हें कहा हो कि उनका टैरिफ आतंकवाद भारत को रूस के और करीब ले जाएगा। शायद इसी कारण गुस्से में उन्होंने पोस्ट किया कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है और वे 'अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ नीचे ले जा सकते हैं, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।'



ट्रंप की उन लोगों के प्रति बेलगाम शत्रुता, जो उनके वफादार अनुयायी बनने से इन्कार करते हैं, उन्हें अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के लिए मजबूर करती है। भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के बीच अमेरिका की बढ़ती नकारात्मक छवि के कारण, 2025 में अमेरिका में पर्यटकों का आगमन आधा होने की संभावना है। एक ऐसे देश में, जिसने स्वतंत्रता प्रेमियों और मानवीय भावना को महत्व देने वालों को आकर्षित किया, ट्रंप स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के वादे को फिर से लिख रहे हैं।

अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं को पर्यटकों की कमी का एहसास हो रहा है, जून 2025 में विदेशी पर्यटकों के आगमन में छह फीसदी से ज्यादा की गिरावट आने की संभावना है। एक आलोचक ने पोस्ट किया है कि अगर ट्रंप का ब्रेन स्कैन कराया जाए, तो उसमें हड़प्पा के खंडहरों जैसी बहुत ज्यादा संरचनाएं (कैल्सीफिकेशन) दिखाई देंगी! डोनाल्ड ट्रंप को पता होना चाहिए कि एशियाई लोग टैरिफ के झटके को उन अमेरिकियों की तुलना में कहीं ज्यादा आसानी से झेल सकते हैं, जो मुश्किलें बर्दाश्त नहीं कर सकते। मेक अमेरिका ग्रेट एगेन के नारों के बावजूद अमेरिका पूरी तरह से सब्सिडी पर चलने वाला बेरोजगारों का देश है।

ट्रंप से दुखी होकर रूस और चीन ब्रिक्स के केंद्र के रूप में रिक (RIC) यानी रूस, भारत और चीन के समूह का प्रस्ताव रख चुके हैं। लेकिन भारत इसका सदस्य नहीं बन सकता, क्योंकि वह चीन पर कभी भरोसा नहीं करेगा। चीन पर भरोसा तो रूस भी नहीं करता, लेकिन कुछ संबंध सुविधा के लिए भी होते हैं।

टैरिफ के इस तूफान से हमें कैसे निपटना है? टैरिफ प्रतिबंधों से हल्का शब्द है। हम पहले भी 1974 और 1998 में ऐसे तूफानों का सामना कर चुके हैं, जब अमेरिका ने हमारे परमाणु कार्यक्रम को लेकर भारत पर प्रतिबंध लगाए थे। अधिकांश अमेरिकी सहयोगियों ने भी हमारे साथ यही किया। हमें आर्थिक नुकसान तो हुआ, लेकिन हम बच गए।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा पर नई दिल्ली की प्रतिक्रिया संतुलित और सम्मानजनक रही है। हमारे प्रवक्ता ने कहा कि हम टैरिफ घोषणा के निहितार्थों का अध्ययन कर रहे हैं और एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम अपने किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देते हैं, और अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे, जैसा कि ब्रिटेन के साथ व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों में किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि विभिन्न राष्ट्रों के खिलाफ अलग-अलग शुल्कों का पैटर्न महानतम रणनीतिकार कौटिल्य के सिद्धांत में वर्णित है, जो प्रत्येक पड़ोसी देश के साथ उसकी शक्ति और इरादों के आधार पर अलग-अलग व्यवहार करने की सलाह देता है।

ट्रंप प्रशासन ने विशिष्ट द्विपक्षीय शक्ति गतिशीलता के अनुसार, विभिन्न दबाव रणनीतियां लागू की हैं। वह दृढ़ स्थिति को दरकिनार करते हैं, सैन्य उलझनों (जो लंबे समय से अमेरिकी प्राथमिकता रही है) के खिलाफ हैं और टैरिफ को हथियार बनाना पसंद करते हैं, जिसका उन्होंने विरोधियों और सहयोगियों, दोनों के खिलाफ इस्तेमाल किया है। हमने विघटनकारी तकनीकों के बारे में सुना है, डोनाल्ड ट्रंप विघटनकारी शासन के सर्वोच्च चैंपियन हैं। उन्हें टैरिफ बहुत पसंद है, जिसे वे शब्दकोश का सबसे सुंदर शब्द कहते हैं। वैश्वीकरण को धिक्कार है!

आगे क्या होगा? डोनाल्ड ट्रंप हमें अपने बेकार एफ-35 बेचने की कोशिश करते रहेंगे और हम उनका विरोध करेंगे। वह 14 अगस्त, 2025 को पाकिस्तान के निर्माण दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे। वाशिंगटन क्वाड पर धीमी गति से काम करेगा और यूक्रेन-रूस तथा इस्राइल-ईरान युद्धों पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगा, ताकि उन्हें समाप्त होने से रोका जा सके। कंबोडिया-थाईलैंड संघर्ष वैश्विक उथल-पुथल का एक अच्छा रूपक है, जिसमें दो बौद्ध राष्ट्र एक हिंदू मंदिर वाले क्षेत्र के लिए लड़ते हैं और मुस्लिम राष्ट्र मलयेशिया शांति स्थापित करने की कोशिश करता है। प्रभुत्व का संघर्ष न तो समाप्त होगा और न ही संयुक्त राष्ट्र का नाश होगा।

edit@amarujala.com

## आर्थिकी

# झटका तो है, पर लंबा नहीं खिंचेगा

**ट्रंप के टैरिफ ने भारत के विदेश व्यापार के सम्मुख चुनौती पेश की है, लेकिन आप जितना सोचते हैं, भारत उससे बेहतर ढंग से इस चुनौती से लड़ने के लिए तैयार है।**

जहां तक भारत के विदेशी व्यापार की बात है, तो विशुद्ध तौर पर यह एक आयातक देश है। हम जितना निर्यात करते हैं, उससे कहीं अधिक वर्षों से खनिज ईंधन, तेल, मोती व कीमती पत्थर, धातुएं, विद्युत व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इत्यादि का आयात करते आए हैं। पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न व आभूषण, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल व मशीनरी जैसे क्षेत्र, जो हमारे निर्यात के लिहाज से अहम हैं, उनमें भी ज्यादातर इनपुट सामग्री का हम आयात ही करते हैं। सरल शब्दों में कहें, तो निर्यात भी हमारे द्वारा आयातित वस्तुओं पर ही निर्भर हैं, खासकर रिफाइनरी और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में। वैश्विक व्यापार के बदलते कानूनों के साथ तालमेल बैठाते और अपनी सीमाओं व आयात पर निर्भरता को समझते हुए ही भारत की व्यापार नीति विकसित हुई है।

राष्ट्रों ने जब यह समझा कि आर्थिक प्रगति नियमों पर आधारित विश्वव्यापी व्यापार के जरिये वैश्विक एकीकरण पर निर्भर करती है, तब करीब तीस साल पहले विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई। इन नियमों ने काफी दबाव झेला, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि पिछले कुछेक वर्षों में वैश्विक वार्षिक प्रगति शानदार रही है। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की दो अप्रैल, 2025 को घोषित टैरिफ योजनाओं ने मौजूदा संतुलन को बिगाड़ दिया। भारत के लिए यह एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि वह अमेरिका का शुद्ध निर्यातक है। ट्रंप की ताजा घोषणा के अनुसार, भारत को 25 फीसदी टैरिफ के साथ ही अतिरिक्त जुर्माना भी देना होगा, क्योंकि भारत रूस से तेल आयात करता है। अमेरिका और भारत के बीच बेशक समानांतर व्यापार बातचीत चल रही है, जिससे पता चला है कि ताजा टैरिफ स्थायी नहीं भी हो सकते हैं।



**नारायण कृष्णमूर्ति**
वरिष्ठ पत्रकार

दो देशों के बीच व्यापार केवल अर्थशास्त्र पर नहीं, पारस्परिक व्यवस्थाओं पर भी निर्भर करता है, जिसमें देशों के बीच संबंध और आपसी धारणाएं भी महत्वपूर्ण होती हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ हालिया समझौता और रूस के साथ भारत के व्यापारिक रिश्ते इसकी ही पुष्टि करते हैं। भारत पर लगे टैरिफ को अगर कुछ समकक्ष देशों, जैसे वियतनाम या इंडोनेशिया, जिन पर क्रमशः बीस और उन्नीस फीसदी टैरिफ है, के संदर्भ में देखें, तो इसका प्रभाव महत्वपूर्ण है और इससे भारत का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ कम होगा। उसका यह लाभ जापान जैसे उन बड़े देशों की तुलना में भी कम होगा, जिनके अमेरिका से कम टैरिफ वाले समझौते हैं। भारत एक ऐसा व्यापार समझौता चाहता है, जो उसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अमेरिकी बाजारों में तरजीही पहुंच प्रदान करे। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने आयात पर अपनी निर्भरता और आंतरिक राजनीतिक मजबूरियों को कम करने के लिए टैरिफ लगाए हैं। इससे सिर्फ भारत ही नहीं, कई देश परेशान हैं, जिससे इस वर्ष वैश्विक व्यापार कम रहने की पूरी आशंका है।

हमें आगामी महीनों में व्यापार समझौते पर चल रही वार्ताओं के निष्कर्ष पर पहुंचने का इंतजार करना होगा, जिससे दो महान देशों के बीच एक दीर्घकालिक समझौते की नींव रखी जा सकेगी। ऑटो और सार्वजनिक खरीद क्षेत्रों में हाल ही में हुए भारत-ब्रिटेन समझौते ने यह दर्शाया है कि भारत उन उद्योगों में अपने संरक्षणवादी टैग को हटाने को तैयार है, जहां यह सीमांत उत्पादक को प्रभावित नहीं करता, जो उसके पहले के रुख से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। भारत को अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अलग-अलग वस्तुओं के आधार पर देखना होगा और अमेरिका तथा अन्य प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ के लिए अल्पकालिक आर्थिक झटके के लिए तैयार रहना होगा।




# जीवन ज्यादा आनंदमय ढलान पर होता है

**फल तब सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं, जब वे लगभग खत्म होने को होते हैं। इसी प्रकार इन्सान की उम्र भी अपने आखिरी समय में सबसे ज्यादा मनमोहक होती है।**

मैं जहां भी मुड़ता हूं, मुझे अपनी बढ़ती उम्र के निशान दिखाई देते हैं। मैं इन्हें संजोता हूं, प्यार करता हूं, क्योंकि मैं जानता हूं कि अगर कोई इन निशानों का उपयोग करना जानता है, तो वह आनंद से भरपूर होता है। फल तब सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं, जब वे लगभग खत्म होने को होते हैं, इसी प्रकार जीवन तब सबसे ज्यादा आनंदमय होता है, जब वह ढलान पर होता है। धीरे-धीरे ढलती उम्र इन्सान की जिंदगी के सबसे मीठे वर्ष होते हैं, और मेरा मानना है कि जब ये चरम सीमा पर पहुंच जाते हैं, तब भी इनका अपना आनंद होता है।



**सेनेका द यंगर**

बुजुर्ग अनुभवों के भंडार हैं, जिन्होंने समय की कसौटी पर अपनी बुद्धि को तराशा है। वृद्धावस्था जीवन को गहराई से समझने का एक अवसर है। जीवन की लंबाई नहीं, बल्कि उसकी गहराई मायने रखती है। वृद्ध लोग हमें सिखाते हैं कि जीवन की सच्ची खुशी धन या शारीरिक शक्ति में नहीं, बल्कि मन की शांति, धैर्य और समझ में निहित है। जब हम वृद्ध व्यक्तियों को देखें, तो उनके अनुभवों को देखें, वे कहानियां, वे सबक अपने आप में एक खजाना हैं। वृद्ध लोग हमें मृत्यु को स्वीकार करना सिखाते हैं। उनकी आंखों में हमें वह शांति दिखेगी, जो जीवन के उतार-चढ़ाव को स्वीकार करने से आती है। वे हमें याद दिलाते हैं कि जीवन का हर क्षण कीमती है, और हमें इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उनकी हर बात में जीवन का एक सबक छिपा होता है, कभी धैर्य का, कभी साहस का, और कभी प्रेम का।

मुड़-मुड़ के देख

सच्चा सुख वह है, जो भीतर से आता है। वृद्ध लोग हमें यह सिखाते हैं कि सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आत्मिक संतुष्टि में है। उनके अनुभव हमें गलतियों से बचाते हैं, और उनकी बुद्धि हमें सही मार्ग दिखाती है। जीवन का अंतिम चरण उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना प्रारंभ। वृद्ध लोग हमें यह सिखाते हैं कि जीवन का हर क्षण जीने योग्य है। उनकी उपस्थिति हमें प्रेरित करती है कि हम अपने जीवन को पूर्णता के साथ जिएं, चाहे वह कितना भी लंबा या छोटा हो।




# संवाद से दुख की हर धुंध छट जाती है

सेवानिवृत्त पति की बेरुखी से परेशान **श्रीमती साधना शर्मा** को मनोवैज्ञानिक **नीलकंठ** ने ये सलाह दी

**मैं गृहिणी हूं और मेरे पति रिटायर हो चुके हैं। पांच साल पहले बड़ी बेटी के देहांत के बाद हमारे बीच पहले-सी आत्मीयता नहीं रही। वह बस गुरुओं के साथ समय बिताते हैं। मैं क्या करूं?**

आप दोनों पर ही जो बीत रही है, उसे समझा जा सकता है। किसी भी उम्र में जब अपनी संतान की दुखद मृत्यु का सामना करना पड़ता है, तो उस स्थिति से निपटना किसी भी माता-पिता के लिए एक त्रासद अनुभव होता है। आपने साहस और धैर्य के साथ ऐसी विकट स्थितियों में भी खुद को संभाले रखा है और अपने पति के लिए फिक्रमंद हैं, यह काबिलेतारीफ है। आपको समझना चाहिए कि आपके पति भी इस दुख से निपटने के लिए उपाय तलाश रहे हैं, भले ही अब तक उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली है। और यही वजह है कि वह विभिन्न गुरुओं की शरण में जा रहे हैं।

वास्तव में जो कुछ भी दुखद घटनाएं आपके परिवार में हुईं, उसे आपके पति को स्वीकार करने और उससे बाहर निकलने की जरूरत है। निस्संदेह संतान की मृत्यु सबसे बड़ा दुख है, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि जो इस धरती पर जन्म लेता है, उसे एक न एक दिन मृत्यु का सामना करना पड़ता है। कहा जाता है कि दुर्गम बाट और अंधेरी रात बातचीत करने से कट जाती है। एक-दूसरे के साथ बांटने से दुख कम होता है और मन में जमी दुख की बर्फ पिघलने लगती है। इसलिए अपनी अतीत की समस्या को किनारे रखकर उन्हें खुलकर अपने दुख को व्यक्त करने दीजिए। अगर वह विभिन्न गुरुओं के पास



अपनी समस्या लेकर जाते हैं, तो उन्हें यह मत कहिए कि वह मूर्खता कर रहे हैं। इसके बजाय, आप दोनों अपनी दूसरी संतानों या दिवंगत बेटी के बच्चों और अपने करीबी मित्र-रिश्तेदारों के साथ समय बिताकर मन बहला सकते हैं। अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ ज्यादा से ज्यादा घुलने-मिलने और काम करने से दुख की धुंध छंटेगी और आत्मीयता का उजास फैलेगा।

यही नहीं, आप चाहें, तो उन्हें कहीं घूमने-फिरने या किसी रिश्तेदार के यहां शुभ समारोहों में जाने के लिए भी मनाने की कोशिश कर सकती हैं। इन सब उपायों के बावजूद अगर आपके पति की मनोदशा में सुधार नहीं होता है, तो उन्हे किसी कुशल मनोचिकित्सक के पास ले जाएं, हो सकता है कि वह गहरे अवसाद में घिरे हों और उन्हें मनोवैज्ञानिक सलाह और निदान की आवश्यकता हो। इन सबके लिए धैर्य और साहस की आवश्यकता होगी, जो आपमें भरपूर है।

*जिंदगी की **दूसरी पारी** बहुत महत्वपूर्ण होती है। हर शुक्रवार इस पर आपको नया पढ़ने को मिलेगा। आप अपने विचार, अनुभव या समस्याएं* **edit@amarujala.com** *पर भेज सकते हैं, विशेषज्ञों की मदद से हम कोशिश करेंगे कि संवाद का पुल बन सके।*

## 79 साल की पुल-अप दादी



*कोई जादू हो जाए और बगैर मेहनत सब कुछ मिल जाए, तो कितना अच्छा हो! आधुनिक जीवनशैली में ज्यादातर लोगों की सोच ऐसी ही होती है। लेकिन, सिंगापुर की 79 साल की शार्लोट लिम कुछ अलग ही हैं। लोग प्यार से उन्हें 'पुल-अप दादी' कहते हैं। उनकी दिनचर्या सुनकर या देखकर आप हैरान हो जाएंगे। वे पुल-अप्स, चिन-अप्स, पुश-अप्स, सिट-अप्स, बर्पीज, रस्सी पर चढ़ना और वजन उठाना जैसी मुश्किल कसरतों को पार्क में टहलने जितना आसान बना देती हैं। उनकी बेटी अपनी मां के फिटनेस सफर को सोशल मीडिया पर साझा करती हैं, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। समाचार-पत्रों से बातचीत में शार्लोट लिम कहती हैं कि अधिक व्यायाम करें, पौष्टिक भोजन खाएं और रोग-मुक्त जीवन का आनंद लें। स्वास्थ्य से बढ़कर कोई आनंद नहीं है।*



## वरिष्ठ नागरिकों के काम की योजना

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड

आयुष्मान वय वंदना कार्ड 70 वर्ष या अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है। इस योजना के तहत सर्जरी से लेकर नैदानिक प्रक्रियाओं और हृदय रोग, मधुमेह या गुर्दे की समस्याओं जैसी पुरानी बीमारियों के इलाज तक सब कुछ शामिल है। इसके लिए नीचे दी गई वेबसाइट पर जाकर PMJAY for 70+ पर क्लिक करके पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिक अपने आधार कार्ड के साथ नजदीकी जन सेवा केंद्र या आयुष्मान भारत-संबद्ध अस्पताल में यह लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस वेबसाइट पर जाएं www.pmjay.gov.in या हेल्पलाइन 14555 पर संपर्क करें।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

अब किसी भी पीड़ित व्यक्ति को आर्थित तंगी के कारण न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नीचे दी गई वेबसाइट पर जाते ही कई सारे विकल्प मिलेंगे, अपनी 'जरूरत के फॉर्म' पर क्लिक कर सहायता ले सकते हैं। वहीं आप हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क करके सीधे लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस वेबसाइट पर जाएं https://nalsa.gov.in/ या दिए गए हेल्पलाइन पर संपर्क कर मदद प्राप्त करें।

न्यूज डायरी

### कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही पर रोक से इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन में कार्यरत एक कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही पर रोक लगाने से हाईकोर्ट ने इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर व न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता का प्रयास शुरू से ही अपने खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही को निष्क्रिय करने और उसे आगे बढ़ने से रोकने का था। मामला टिकट मशीन चुराने और अवैध रूप से रिचार्ज किए गए स्मार्ट कार्ड बेचने के आरोप से जुड़ा है। अदालत ने कहा कि याचिका केवल अनुशासनात्मक कार्यवाही को लंबा खींचने का एक जरिया है। संवाद

### ट्रॉले की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**फरीदाबाद।** सेक्टर-58 थाना इलाके में बल्लभगढ़-सोहना फ्लाईओवर के पास ट्रॉला चालक ने साइकिल सवार को कुचल दिया। हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को बीके की मोर्चरी में रखवाया। बृहस्पतिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर-58 थाना पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ट्रॉला को जब्त कर लिया है। ये हादसा बुधवार रात को हुआ। भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले तेज नारायण सिंह सेक्टर-24 इलाके में एक कंपनी में काम करते थे। रात को छुट्टी के बाद वो साइकिल से अपने घर जा रहे थे। ब्यूरो

### मानहानि मामले में सुनवाई 18 अगस्त तक के लिए टली

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की तरफ से भाजपा विधायक करनैल सिंह के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई को 18 अगस्त तक के लिए टाल दिया है। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल की अदालत के गवाह भानु गुलाटी की पूर्व-समन साक्ष्य में पूछताछ की गई। ऐसे में शिकायतकर्ता पक्ष ने अदालत को खुद से गवाह प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। ऐसे में न्यायाधीश ने मामले को आगे की पूर्व-समन साक्ष्य के लिए तय किया। संवाद

# ईडी के ट्वीट से मिली बांसुरी को क्लीन चिट

## आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की अपील खारिज

सिमरन

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृहस्पतिवार को आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन की निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। जैन ने सत्र न्यायालय में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ कथित मानहानि मामले में मुकदमा दायर किया था। ऐसे में उनकी शिकायत पर संज्ञान लेने से निचली कोर्ट ने इन्कार कर दिया था। इसी फैसले को जैन ने सत्र न्यायालय में चुनौती दी थी।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने कहा कि संज्ञान लेने में यह मूल्यांकन जरूरी है कि क्या शिकायत में प्रथम दृष्टया कानूनी कार्रवाई का मामला सामने आया है। न्यायाधीश ने कहा कि स्वराज ने एक जवाब दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि साक्षात्कार में किसी नए आरोप का खुलासा नहीं किया गया था, बल्कि केवल ईडी के 6 जून, 2022 के ट्वीट को दोहराया गया था। इसके अनुसार, जैन से कथित रूप से जुड़े परिसरों से सोने के सिक्के और नकदी बरामद की गई थी। ऐसे में अदालत ने एक संक्षिप्त टिप्पणी करते हुए कहा कि ईडी का यह दायित्व है कि वह सटीक जानकारी प्रसारित करे, क्योंकि भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करने से न केवल एजेंसी की ईमानदारी कमजोर होगी, बल्कि यह सत्ता का दुरुपयोग भी हो सकता है।

### निचली अदालत ने शिकायत की थी खारिज

अदालत से

निचली अदालत ने 20 फरवरी को जैन की तरफ से दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत खारिज कर दी थी। आपराधिक मानहानि के लिए अधिकतम दो साल की जेल की सजा हो सकती है। जैन ने आरोप लगाया था कि स्वराज ने 5 अक्तूबर, 2023 को एक टीवी चैनल पर दिए साक्षात्कार में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वराज ने झूठा दावा किया कि उनके घर से 3 करोड़ रुपये, 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद हुए हैं।

# यातना की सही तारीख न बताने का मतलब यह नहीं कि घरेलू हिंसा नहीं हुई : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने कहा है कि पत्नी अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों की तरफ से कथित यातनाओं की सही तारीख और समय नहीं बता पाती, इसका मतलब यह नहीं है कि घरेलू हिंसा नहीं हुई और अधिनियम के तहत दायर मामला निराधार है।

न्यायमूर्ति अमित महाजन एक पत्नी की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें पारिवारिक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे और उसके नाबालिग बच्चे को 4,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने से इन्कार कर दिया गया था।

आरोप लगाया गया कि पर्याप्त दहेज मिलने के बावजूद पति ने उसके परिवार से मोटरसाइकिल की मांग की और उसके परिवार के सदस्यों ने उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया। आरोप लगाया कि उसके साथ मारपीट की गई और उसे अपनी ननद की शादी के लिए 50 हजार लाने के लिए भी कहा गया। जब वह मांग पूरी नहीं कर पाई तो उसे ससुराल से निकाल दिया गया। संवाद

# एफसीआरए प्रमाणपत्र नवीनीकरण मामले में केंद्र सरकार को नोटिस

नितिन राजपूत

### हाईकोर्ट ने एनजीओ का सर्टिफिकेट रिन्यू करने से इन्कार करने वाले फैसले को किया रद्द

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने हाल में केंद्र सरकार के एक आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें उन्होंने भारतीय सामाजिक कार्य मंच (इंसाफ) नामक एक गैर सरकारी संगठन के विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत जारी प्रमाण पत्र के नवीनीकरण से इन्कार कर दिया था।

न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए कहा कि सरकार ने बिना किसी कारण या बुनियादी विचारों के नवीनीकरण को अस्वीकार कर दिया।

पीठ ने विवादित पत्र को खारिज कर दिया और केंद्र सरकार को एफसीआरए प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए एनजीओ के अनुरोध पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया। अदालत 21 अक्तूबर, 2016 को पारित केंद्र सरकार के आदेश के खिलाफ एनजीओ की याचिका पर विचार कर रहा था। हाईकोर्ट ने कहा कि वह उम्मीद करती हैं कि प्रतिवादी संदर्भित 2010 के अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों के अनुसार मामले को देंखे। साथ ही, प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए दावे के समर्थन में याचिकाकर्ता की तरफ से उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री के संबंध में याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करेगा। फैसला सुनाने से 90 दिनों की अवधि में उचित आदेश पारित करेगा।

### दिल्ली दंगे मामले में 30 को होगी बहस

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट में बृहस्पतिवार को वर्ष 2020 के दिल्ली दंगे के मामले में कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ सुनवाई हुई। इस दौरान विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने मामले में बहस के लिए अगली तारीख 30 अगस्त के लिए टाल दिया है। यह भी कहा कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। अदालत ने कहा कि 9 अप्रैल का अंतरिम आदेश तब तक जारी रहेगा। संवाद

# सुरक्षा गार्ड की हत्या का आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** साकेत कोर्ट ने वर्ष 2020 में ग्रेटर कैलाश में एक सुरक्षा गार्ड की हत्या के आरोपी को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ अपराध साबित करने में विफल रहा।

हालांकि अदालत ने आरोपी को सबूत मिटाने का दोषी ठहराया और कहा कि यह साबित हो गया है कि उसने पीड़िता के शव को जलाने की कोशिश की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) गीतांजलि आरोपी इमरत सिंह के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थीं। मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और 201 (अपराध के सबूतों को गायब करना) के तहत सीआर पार्क पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, सिंह ने 12 जून 2020 को सरनाम सिंह चौहान को धक्का दिया, जिससे वह गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। संवाद

# एकता कपूर और विभु की गिरफ्तारी की मांग

## अश्लीलता फैलाने वाले प्लेटफार्मों के संचालन का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी



प्रेसवार्ता के दौरान उदय माहुरकर संजीव नेवर, स्वाति गोयल शर्मा और चरुदत्त । अमर उजाला

**नई दिल्ली।** डिजिटल प्लेटफार्म पर फैल रही अश्लीलता को रोकने के मकसद से हाल ही में सरकार ने कथित तौर पर अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले 25 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाया है। इसमें उल्लू और ऑल्ट जैसे चर्चित नाम शामिल हैं। इसके बाद से एकता कपूर की गिरफ्तारी की मांग भी उठने लगी है।

बृहस्पतिवार को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में सेव कल्चर सेव भारत फाउंडेशन ने एकता कपूर, विभु अग्रवाल और अन्य प्रतिबंधित ओटीटी मंचों के संचालकों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। फाउंडेशन के संस्थापक एवं भारत सरकार के पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहूरकर, जेम्स ऑफ बॉलीवुड आंदोलन के संस्थापक संजीव नेवर, वरिष्ठ पत्रकार स्वाति गोयल शर्मा और हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉ. चरुदत्त ने संयुक्त रूप से ऐसे प्लेटफोर्मों पर सभ्यता और संस्कृति को खतरे में डालने के अलावा युवा पीढ़ी को भटकाने का आरोप लगाया है। उदय माहूरकर ने कहा, यह केवल नैतिकता का नहीं, बल्कि एक सभ्यता का संकट है। वहीं सर्वोच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका के सह-याचिकाकर्ता संजीव नेवर ने कहा कि यह लड़ाई केवल कानूनी नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व की है। ओटीटी मनोरंजन के नाम पर भारतीय युवाओं का नैतिक पतन इस देश की आत्मा पर सीधा हमला है। ऐसे मामलों में समझौता नहीं, सार्वजनिक दंड आवश्यक है।

**अप्रैल में याचिका हुई थी दायर**

इसी वर्ष अप्रैल में सर्वोच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका को स्वीकार किया था, जिसे उदय माहूरकर, संजीव नेवर और स्वाति गोयल शर्मा ने दायर किया था। इस याचिका में नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम, एएलटीटी, उल्लू और मूबी जैसे कई ओटीटी मंचों के साथ-साथ गूगल, मेटा, एप्पल और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे तकनीकी माध्यमों को भी पक्षकार बनाया गया है। इन पर भारतीय अश्लीलता विरोधी कानूनों का उल्लंघन करने और मुख्यधारा के मनोरंजन के नाम पर सॉफ्ट पॉर्न को सामान्य बनाने का आरोप है। इस याचिका के समर्थन में जेम्स ऑफ बॉलीवुड अभियान की तरफ से एक विस्तृत डोजियर प्रस्तुत किया गया था, जिसमें 100 से अधिक आपत्तिजनक दृश्यों का उल्लेख है।

# पटियाला हाउस परिसर में बच्चों के लिए खुला देखभाल केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

### परिसर में स्थित फैमिली कोर्ट में एक नया क्रेच शुरू किया गया

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट में दिल्ली न्यायपालिका और नई दिल्ली बार एसोसिएशन (एनडीबीए) ने संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य न्यायपालिका और वकीलों के बीच समन्वय और सौहार्दपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान परिसर में स्थित फैमिली कोर्ट में एक नया क्रेच (बच्चों के लिए देखभाल केंद्र) शुरू किया गया, जो अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों के बच्चों के लिए कार्य करेगा। इस दौरान एनडीबीए महासचिव तरुण राणा ने अधिवक्ताओं को कोर्ट परिसर में आने वाली चुनौतियों को उजागर किया। इनमें पार्किंग की समस्या, बैठने की कमी, कोर्ट रूम तक पहुंच और आधारभूत ढांचे की कमी जैसी परेशानियां शामिल हैं। उन्होंने कोर्ट परिसर में लाइब्रेरी की बेहतर व्यवस्था और बीएससीसी के साथ समन्वय की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में एनडीबीए अध्यक्ष नागेंद्र कुमार ने दिल्ली बार काउंसिल अध्यक्ष व दिल्ली के जिला कोर्ट बार संघों के समन्वय समिति प्रमुख के रूप में दो मुख्य मुद्दे उठाए। उन्होंने मांग करी कि जिला अदालतों में दीवानी क्षेत्राधिकार को बढ़ाया जाए।

साथ ही, डिजिटल कोर्ट्स के एनआइ एक्ट मामलों के प्रिसाइडिंग अफसरों की चुनौतियों का समाधान किया जाए। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि उन्होंने पहले ही इन मुद्दों को संबंधित पक्षों के समक्ष रखा है और जल्द ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल का संदेश गया है। इस अवसर पर कोर्ट परिसर में पहली बार एक फोटोग्राफी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।




क्या आप जानते हैं? 1 अक्टूबर, 2025 से, सेबी-पंजीकृत मध्यस्थों को भुगतान के लिए केवल हरे त्रिकोण चिह्न वाली सत्यापित यूपीआई आईडी ही स्वीकार की जाएंगी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फण्ड द्वारा जनहित में जारी

SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड Securities and Exchange Board of India

MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND

सूचित निवेशक बने रहने के लिए स्कैन करें

सेबी निवेशक वेबसाइट पर ज्ञान के भंडार को अनलॉक करें।

QR कोड स्कैन करें।





PARAS



## उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः– | 30-Elect-18-T-2025-26-E3 बोरवेल और मोनोब्लॉक सबमर्सिबल पंपों की मरम्मत और रिवाइंडिंग के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागतः– | रू० 7666420 |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः– | रू० 153300 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 26.08.2025, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 26.08.2025, 16.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः– | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता / जी, नई दिल्ली 2335/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई–निविदा सूचना क्रमांकः एनआईटी / 11 / 25 / 17 दिनांक 23.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र की लागत (₹) | प्रतिभूति राशि जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255968 | 25.08.2025 | 10.30 | 00 | 477190.00 |

विवरण :– सीपीसीबी–आईवी या नवीनतम पीसीसी पैनल (पावर कमांड और कंट्रोल पैनल) के साथ एलएचबी पावर कार के लिए 500 केवीए (336 किलोवाट), 750 वोल्ट, 3–फेज डीजल अल्टरनेटर सेट की आपूर्ति, सीपना, परीक्षण और चालू करना, आरडीएसओ / पीई / स्पेक / एसी / 0084–2008, आरईव्ही–1 के अनुरूप, आरसीएफ अनुलग्नक–ए और आईसीएफ संशोधन–1 के साथ ईडीएमएल–208 के अनुसार मैनुअल आइसोलेटिंग स्विच और एमसीएमएफ / आरबीएल मेडटस–0006, आरईव्ही–0 के अनुसार रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ डीजल अल्टरनेट सेट स्पेक संख्या आरडीएसओ / पीई / एमएस / एसी / 0045–2008 आरईव्ही–0 संशोधन–1 के अनुसार शोर कम करने वाली सुविधाओं (ध्वनिक पैनलों के बिना) के साथ होगा, आरसीएफ अनुलग्नक–सी के साथ। निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर जाएं।

वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

CPR/10/FL/201

South East Central Railway @secrail



**New Okhla Industrial Development Authority**
Administrative Building, Sector-6, Noida, (U.P.)
Website: www.noidaauthorityonline.in

**RFP for Empanelment of Consultants for Preliminary Structural Safety Audit of Multi-storey buildings in Noida**

**Job No. 01/Planning/2025**

New Okhla Industrial Development Authority (NOIDA) invites **"RFP for Empanelment of Consultants for Preliminary Structural Safety Audit of Multi-storey buildings in Noida".**

| | |
|---|---|
| Publishing of Bid | 01.08.2025 |
| Last date for Submission of pre-bid queries | 07.08.2025 upto 18:00 Hrs (IST) |
| Last date of bid submission | 18.08.2025 before 18:00 Hrs (IST) |
| Opening of Bid | 19.08.2025 at 11:00 Hrs (IST) |

Interested eligible bidders can submit the bid along with the mentioned documents. RFP can be downloaded from the Website: **www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in.** Last date of bid submission is **18.08.2025** before **18:00 hrs (IST).**

**General Manager**
Planning Department, Noida

CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA



## दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

दिल्ली ट्रांसको लि. (एनसीटी दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्न कार्य हेतु दो भाग घरेलू प्रतियोगी बोली (डीसीबी) हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है :-

**निविदा सं. T25P090651:** विभिन्न डीटीएल सब-स्टेशन पर टर्न की आधार पर 100 एमवीए पावर ट्रांसफार्मरों हेतु सम्बन्धित उपकरणों के साथ 220 केवी एवं 33 केवी बेय की आपूर्ति, उत्थापन, परीक्षण एवं कमीशनिंग।

निविदा की संपूर्ण जानकारी हेतु कृपया निम्न वेबसाईट पर जाएं :- **https://govtprocurement.delhi.gov.in** (Tender ID 2025_DTL_276119_1) एवं **https://dtl.gov.in** ( निविदा संदर्भ सं. : DTL-9683-290725)

बोली जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 16.09.2025 को अप. 01.30 बजे

इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/ जोड़पत्र/ संशोधन/तिथि विस्तार/स्पष्टीकरण, यदि कोई है, केवल ऊपर निर्दिष्ट वेबसाईटों पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोलीदार स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाईट पर जाएं।



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्धनगर

पत्रांकःUHWC/अनुबन्ध / 2025-26 / 3239 दिनांकः 30/07/25

**प्रेस विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र०, लखनऊ के पत्रांकः एसपीएमयू / एनएचएम / 15 एफसी / 2022-23 /83/4574 दिनांकः 26-09-22, के अनुपालन में अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की स्थापना हेतु जनपद गौतमबुद्धनगर के शहरी क्षेत्रों में निम्नांकित विवरण के अनुसार किराये पर भवन की आवश्यकता है।

| क्र०सं० | शहरी क्षेत्र का विवरण | भवन का प्रारूप | प्रस्तावित किराया |
|---|---|---|---|
| 1 | वाजिदपुर | लगभग 1400 वर्ग फुट | अधिकतम सीमा रू.50,000 अथवा डी०एम० सर्किल रेट, दोनों में जो कम हो |
| 2 | बिशनपुर | | |
| 3 | मामूरा | | |
| 4 | चौडा रघुनाथपुर | | |
| 5 | झुण्डपुरा | | |
| 6 | छपरौला | | |
| 7 | बेगमपुर | | |
| 8 | ककराला | | |
| 9 | गेझा | | |
| 10 | नगली वाजिदपुर | | |
| 11 | भूडा | | |
| 12 | नगला चरणदास | | |
| 13 | देवला | | |
| 14 | कुलेसरा | | |
| 15 | हलदौनी | | |

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हेतु आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में)

| क्र०सं० | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में) |
|---|---|---|
| 1 | ओ०पी०डी० रूम | 100 |
| 2 | औषधि भण्डार एवं वितरण | 80 |
| 3 | टीकाकरण / काउन्सलिंग | 80 |
| 4 | स्टॉफ नर्स कक्ष एवं परीक्षण कक्ष | 100 |
| 5 | वेटिंग रूम व पंजीकरण | 210 |
| 6 | शौचालय 02 नग | 60 |
| 7 | वेलनेस कक्ष | 250 |
| 8 | डे केयर रूम | 220 |
| | योग | 1100 वर्ग फुट |

- कारपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सर्कुलेशन का होता है। इस प्रकार भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्ग फुट आयेगा।
- भवन में विद्युत कनेक्शन हो, तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति हों ।
- एम्बूलेंस आदि वाहनों के आने व जाने का पर्याप्त रास्ता हो ।
- आवश्यकतानुसार रैम्प की व्यवस्था होनी चाहिये।

नोटः- उक्त शहरी क्षेत्रों का स्थान परिवर्तित हो सकता है, इच्छूक भवन स्वामी अपने आवेदन 10.08.2025 तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर, कोविड हॉस्पिटल, 8वां तल पर कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों के साथ जमा कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्धनगर

पत्रांकः PM- ABHIM / अनुबन्ध / 2025-26/3240 दिनांकः 30/07/25

**प्रेस विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ०प्र०, लखनऊ के पत्रांकः एसपीएमयू / पीएम - एमीम / यू- आम / 2024-25 /87/963 दिनांकः 28-05-25 के अनुपालन में अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की स्थापना हेतु जनपद गौतमबुद्धनगर के शहरी क्षेत्रों में निम्नांकित विवरण के अनुसार किराये पर भवन की आवश्यकता है।

| क्र०सं० | शहरी क्षेत्र का विवरण | भवन का प्रारूप | प्रस्तावित किराया |
|---|---|---|---|
| | नोएडा क्षेत्र | लगभग 1400 वर्ग फुट | अधिकतम सीमा रू.50,000 अथवा डी०एम० सर्किल रेट, दोनों में जो कम हो |
| 1 | सलारपुर | | |
| 2 | नया हैबतपुर | | |
| 3 | सूरजपुर | | |
| 4 | हबीबपुर | | |
| 5 | ग्रेटर नोएडा क्षेत्र | | |
| 6 | ऐच्छर | | |
| 7 | इकोटेक-6 (कासाना) | | |
| 8 | शफीपुर | | |
| 9 | सेक्टर चाई- 4 | | |
| 10 | दादरी क्षेत्र | | |
| 11 | एस्कोर्ट कालोनी | | |
| 12 | ब्रहमपुरी | | |

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हेतु आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में)

| क्र०सं० | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में) |
|---|---|---|
| 1 | ओ०पी०डी० रूम | 100 |
| 2 | औषधि भण्डार एवं वितरण | 80 |
| 3 | टीकाकरण / काउन्सलिंग | 80 |
| 4 | स्टॉफ नर्स कक्ष एवं परीक्षण कक्ष | 100 |
| 5 | वेटिंग रूम व पंजीकरण | 210 |
| 6 | शौचालय 02 नग | 60 |
| 7 | वेलनेस कक्ष | 250 |
| 8 | डे केयर रूम | 220 |
| | योग | 1100 वर्ग फुट |

- कारपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सर्कुलेशन का होता है। इस प्रकार भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्ग फुट आयेगा।
- भवन में विद्युत कनेक्शन हो, तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति हों ।
- एम्बूलेंस आदि वाहनों के आने व जाने का पर्याप्त रास्ता हो ।
- आवश्यकतानुसार रैम्प की व्यवस्था होनी चाहिये।

नोटः- उक्त शहरी क्षेत्रों का स्थान परिवर्तित हो सकता है, इच्छूक भवन स्वामी अपने आवेदन 10.08.2025 तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर, कोविड हॉस्पिटल, 8वां तल पर कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों के साथ जमा कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर ।

# अस्पताल के बाहर अतिक्रमण के 'इलाज' का इंतजार

## चाचा नेहरू अस्पताल के आसपास ऑटो, ई-रिक्शा चालकों और रेहड़ी पटरी वालों ने कर रखा है कब्जा, आपातकालीन स्थिति में फंस जाती हैं एंबुलेंस

फिरदौस आलम



चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के पास लगा जाम। अमर उजाला

पूर्वी दिल्ली। चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय पहुंचना मरीजों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गया है। अस्पताल के आसपास ऑटो व ई-रिक्शा चालकों और रेहड़ी पटरी वालों ने कब्जा कर रखा है। ऐसे में मरीजों को अस्पताल पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

अस्पताल के पास से होकर गुजरने वाला राजा राम कोहली मार्ग, गुरुद्वारा रोड और गीता कॉलोनी रोड पर रोजाना लंबा जाम लग जाता है। आपातकालीन स्थिति में कई बार एंबुलेंस फंस जाती हैं जिसकी वजह से मरीज की जान को खतरा बना रहता है। इन मार्गों पर दिनभर वाहन रेंगते रहते हैं। इससे आम लोगों को भी खासी दिक्कत होती है। इसके अलावा सड़क पर कई किलोमीटर तक बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इनकी मरम्मत नहीं की गई है। लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है।

यह मार्ग गांधी नगर मार्केट, गीता कॉलोनी मार्केट, रामनगर मार्केट और आईटीओ को जोड़ता है। मार्ग पर कई स्कूल, पेट्रोल पंप और फायर स्टेशन भी हैं। इसके चलते यहां दिल्ली समेत एनसीआर से लोग अस्पताल में बच्चों का उपचार कराने और मार्केट में सामान खरीदने आते हैं। ऐसे में सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं जिस वजह से अन्य वाहनों के निकलने के लिए बहुत ही कम जगह बचती है। लोगों ने बताया कि जाम से होकर गुजरने पर आधा-आधा घंटा लग जाता है। वहीं, बरसात के दौरान अस्पताल के आसपास लबालब पानी भर जाता है। इससे मरीज समेत आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सड़क के किनारे ही वाहन होते हैं पार्क

लोगों ने बताया कि अस्पताल के बाहर एक भी वैध पार्किंग नहीं है। इसकी वजह से लोग सड़क के किनारे ही अपने वाहन पार्क कर देते हैं। इससे पैदल आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। लोगों का दावा है कि अस्पताल के आसपास ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए एक भी ट्रैफिक पुलिस नहीं रहता। इसकी वजह से यातायात नियमों का पालन नहीं होता है।

### पुलिस व निगम की गाड़ियां देखकर चले जाते हैं

स्थानीय लोगों ने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाते हुए जब अस्पताल के पास से होकर गुजरती हैं तो इस दौरान ऑटो व ई-रिक्शा चालक और रेहड़ी-पटरी वाले यहां से कुछ समय के लिए गायब हो जाते हैं। कुछ देर बाद यह फिर से लौट आते हैं।



अस्पताल के आसपास अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या है। इसकी वजह से जाम लग जाता है। एंबुलेंस भी फंस जाती हैं। ऐसे में दिल के मरीजों को ज्यादा खतरा रहता है। उनकी जान भी जा सकती है। - **विपिन कुमार जैन**, स्थानीय निवासी



स्कूलों की छुट्टी के दौरान ज्यादा परेशानी होती है। निकलने की जगह नहीं बचती है। अस्पताल के आगे सड़क के दोनों ओर पेट्रोल पंप है। इसकी वजह से गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रहती है। - **योगेश कांडपाल**, स्थानीय निवासी



अस्पताल के सामने टूटी सड़क। अमर उजाला

# एसएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, हिरासत में लिया



हिरासत में ले जाती पुलिस। स्रोत: सोशल मीडिया

नई दिल्ली। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे एसएससी अभ्यर्थियों पर दिल्ली पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने जंतर मंतर पर बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी जंतर मंतर पहुंचे और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने अभ्यर्थियों के धरना स्थल पर पहुंचकर घायल अभ्यर्थियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि एनएसयूआई अभ्यर्थियों के हक के लिए लगातार संघर्ष करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सिर्फ पुलिस की बर्बरता नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की हताशा है, जो युवाओं की आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र वर्षों की मेहनत के बाद भी पेपर लीक और अव्यवस्था का शिकार हो रहे हैं।

सरकार को जवाब देना होगा कि परीक्षाएं बिना नोटिस क्यों रद्द हो रही हैं और जवाबदेही कहां है? एनएसयूआई ने एसएससी को एक आधिकारिक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने एसएससी सिलेक्शन पोस्ट फेज 13 जैसी परीक्षाओं का बिना कारण बताए रद्द होना, परीक्षा वेंडर बदलने के बाद तकनीकी विफलताएं, सिस्टम क्रैश और गलत केंद्र आवंटन, अभ्यर्थियों को दूर दराज तक केंद्रों पर रोके रखना जैसी समस्या थी। साथ ही, शिकायत करने पर स्टाफ द्वारा दुर्व्यवहार, परिणामों और शिकायत निवारण में पारदर्शिता का अभाव जैसे मुद्दे उठाए है।

इसके अलावा एसएससी की अव्यवस्थाओं और वेंडर की जवाबदेही की उच्च स्तरीय जांच, परीक्षा प्रक्रिया में तत्काल सुधार, लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। ब्यूरो


**Tender Notice**

Sealed tender affixing Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight & Paise Twenty-Five) only are invited from the interested parties/firms/RVSF by the undersigned for auction sale of 02 (two) nos. confiscated vehicles (1) Maruti Car bearing Registration No. AS-01-G-5685, Chassis No. SB308IN1276663 & Engine No. F8BIN1761162 (2) Bus bearing Registration No. MN 01-1773, Chassis No. 4120608ZZ118766 & Engine No. Not found.

The tenders must reach the undersigned on or before 01:00 PM on 16/08/2025 and will be opened on the same day at 03:00 PM by the undersigned or by the constituted committee on behalf of the office of the Crime Investigation Department (CID) Headquarters, Assam, Ulubari, Guwahati in presence of the authorised representative/Tenderer himself/herself.

**Spl. Sr. Superintendent of Police, CID, Assam, Ulubari, Guwahati.**

DIPR/C/AMJ/225/1-AUG-25


### नौकरी दिलाने के बहाने युवती से दुष्कर्म

फरीदाबाद। पलवल की रहने वाली युवती को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ इलाके में नौकरी दिलाने के बहाने होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने दुष्कर्म की वीडियो बना ली और उसके आधार पर ब्लैकमेल कर लगभग दो साल तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवती के गर्भवती होने पर आरोपी ने गर्भपात भी कराया। अब आरोपी ने शादी से भी इंकार कर दिया है। पलवल से आई जीरो एफआईआर पर बल्लभगढ़ सिटी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। ब्यूरो


UPSIDA

कार्यालय वरिष्ठ प्रबन्धक, विद्युत खण्ड-द्वितीय

उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

टीडीएस सिटी, गाजियाबाद। E-Mail- ed2@upsida.co.in

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत विकास कार्य हेतु सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/प्राधिकरणों/परिषदों/नगर निकायों में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से पूर्णकालीन मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | [illegible] |
|---|---|---|
| 1. | Supply and installation of street lights and high mast at remaining dark zones at IA. Khurja. | 8.41 |
| 2. | Supply and installation of decorative pole at entrance gate of Saur Urja Marg site-4, Sahiababad, Ghaziabad. | 8.21 |

निविदा दिनांक 01.08.2025 को 11:00 बजे से दिनांक 21.08.2025 को 17:00 बजे तक खण्डीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, जिसे दिनांक 22.08.2025 को 11:00 बजे या इसके पश्चात् खोला जायेगा। निविदादाताओं द्वारा समस्त शपथ पत्रों एवं अन्य प्रपत्रों की मूल प्रतियां निविदा खोलने के बाद 03 कार्य दिवस में पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा की जा सकती है। नोट: 1. निविदादाता अपनी निविदाओं में समस्त कर सहित दरें अंकित करें, अलग से मात्र जी0एस0टी0 देय होगा। 2. विद्युत कार्यों हेतु निविदादाताओं को निविदा अपलोड करते समय "विद्युत सुरक्षा विभाग" उ0प्र0 शासन, लखनऊ में 'क' श्रेणी, अनुमोदित लाइसेन्स एवं Eligibility Criteria के अनुसार समस्त प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा को Consider नहीं किया जायेगा। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु श्री प्रवेश गिरी, प्रबन्धक (वि0), दूरभाष नं0 9927030700 पर सम्पर्क कर सकते है।

वरिष्ठ प्रबन्धक, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, गाजियाबाद


### इक्फाई के समारोह में मोहन गुरुस्वामी को एस जयपाल रेड्डी डेमोक्रेसी अवार्ड





नई दिल्ली (वि)। आईसीएफएआई (इक्फाई) के आईसीएफएआई लॉ स्कूल ने कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी के सहयोग से हैदराबाद के होटल ताज कृष्णा में एस जयपाल रेड्डी डेमोक्रेसी अवार्ड की मेजबानी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री रेड्डी ने प्रख्यात लेखक, विचारक और नीति सलाहकार मोहन गुरुस्वामी को एस जयपाल रेड्डी डेमोक्रेसी अवार्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने समाज की उल्लेखनीय सेवा करने वालों को भी पुरस्कार प्रदान किए। डॉ. बीआर अंबेडकर उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार डॉ. सस्मित पात्रा को प्रदान किया गया। इस मौके पर इक्फाई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के कुलपति प्रो. एलएस गणेश, कैपिटल फाउंडेशन के महासचिव विनोद सेठी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. के पुरुषोत्तम रेड्डी भी उपस्थित थे। अध्यक्षता शोभारानी यशस्वी, डॉ. पी रविशेखर राजू व डॉ. के हरिहरन ने की।

### युवक के शव की हुई शिनाख्त

रेवाड़ी। मालपुरा से मऊ लोकरी को जाने वाले रोड के किनारे मंगलवार शाम एक कंपनी के पास मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला मनोज कुमार (33) था। सिर पर मिले चोट के गहरे निशान के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। युवक ट्रक पर क्लीनर लगा हुआ था। वह दिल्ली से ट्रक चालक के साथ धारूहेड़ा आया था। पुलिस ने शव का परिजनों को सौंप दिया है। संवाद

### पिटाई से घायल महिला की मौत

फरीदाबाद। एनआईटी थाना के गांव फतेहपुर चंदीला में पानी की सप्लाई को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान पिटाई से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका सुनीता पांच जुलाई को झगड़े के बाद से घायल हालत में अस्पताल में उपचाराधीन थी। वहीं पुलिस का कहना है कि झगड़े में मारपीट महिला नहीं बल्कि उसके पति के साथ हुई थी। ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट होने के बाद ही पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज करेगी। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मामले में टीम जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिवार के हवाले कर दिया गया। मृतका बिहार की मूल निवासी सुनीता (39) बीते दस साल से परिवार के साथ गांव फतेहपुर चंदीला में रह रही थी। ब्यूरो


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-निविदा/2025/23**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी: **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं : **(1) ई-केजीपी-एचक्यू-26-2025**, एडीईएन/ सेटलमेंट/ खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई (वर्क्स)/दक्षिण/ खड़गपुर की शाखा में सेवा भवनों, आवासीय भवन आदि की मरम्मत एवं नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,32,19,858.64, **बयाना राशि:** रु. 2,16,100/-, **(2) ई-केजीपी-एचक्यू-27-2025**, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई (वर्क्स)/एसडब्ल्यू/खड़गपुर की शाखा में सेवा भवनों, आवासीय भवन आदि की मरम्मत एवं नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,15,02,935.47, **बयाना राशि:** रु. 2,07,500/-, **(3) ई-केजीपी-एचक्यू-28-2025**, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई (वर्क्स)/एनई/खड़गपुर की शाखा में सेवा भवनों, आवासीय भवन आदि की मरम्मत एवं नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,03,06,270.42, **बयाना राशि:** रु. 2,01,500/-, **(4) ई-केजीपी-एचक्यू-29-2025**, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई (वर्क्स)/एनडब्ल्यू/खड़गपुर की शाखा में सेवा भवनों, आवासीय भवन आदि की मरम्मत एवं नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,03,06,270.42, **बयाना राशि:** रु. 2,01,500/-, **(5) ई-केजीपी-एचक्यू-30-2025**, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई (वर्क्स)/पश्चिम/खड़गपुर की शाखा में सेवा भवनों, आवासीय भवन आदि की मरम्मत एवं नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 88,36,089.60, **बयाना राशि:** रु. 1,76,700/- **(6) ई-केजीपी-एचक्यू-31-2025**, एईएन/वाटर वर्क्स/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई (डब्ल्यू)/डब्ल्यूडब्ल्यू/खड़गपुर की शाखा में विभागीय इस्तेमाल के लिए समाग्री की आपूर्ति के साथ खड़गपुर सेटलमेंट और साथ ही जीकेएल एवं सीएसवाई वाटर सप्लाई कॉम्प्लेक्स एरिया में प्रतिस्थापन सहित वाटर सप्लाई पाइप लाइन एवं पीवीसी टैंक का रखरखाव। **निविदा मूल्य:** रु. 87,35,847.63, **बयाना राशि:** रु. 1,74,700/- **(7) ई-केजीपी-एचक्यू-32-2025**, एईएन/डब्ल्यूडब्ल्यू/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/हॉर्टि/खड़गपुर की शाखा में खड़गपुर सेटलमेंट में बीएनआर गार्डेन, डिवीजनल अकाउंट्स ऑफिस, डीआरएम कार्यालय, मेन हॉस्पिटल, बीआईपी रेस्ट हाउस, ऑफिसर्स क्लब, बंगलो का रखरखाव। **निविदा मूल्य:** रु. 65,51,395.92, **बयाना राशि:** रु. 1,31,000/-**(8) ई-केजीपी-एचक्यू-33-2025**, एडीईएन/तमलुक के कार्यक्षेत्र में हाई स्पीड 8 व्हीलर टावर कारों की आवास व्यवस्था के लिए हल्दिया ओएचई डिपो में मौजूदा 4 व्हीलर टावर वैगन शेड की क्षमता में वृद्धि। **निविदा मूल्य:** रु. 1,40,60,407.27, **बयाना राशि:** रु. 2,20,300/-, **(9) ई-केजीपी-एचक्यू-34-2025**, एसएसई (पी.वे)/कांथि के अधीन शौचालयों, पेयजल की सुविधाओं, रूफ ट्रीटमेंट और स्टैंडर्ड फेंसिंग (25 अदद) की व्यवस्था द्वारा एलसी गेट गुमटियों की उन्नति। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,300/-, **बयाना राशि:** रु. 2,65,000/- **(10) ई-केजीपी-एचक्यू-35-2025**, एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के कार्यक्षेत्र में खड़गपुर में ग्रीन शॉप आरपीएफ बैरक का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 23,31,477.78, **बयाना राशि:** रु. 46,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** प्रत्येक हेतु रु.0.00, **खुलने की तिथि:** क्रम सं. 1 से 8 प्रत्येक हेतु दिनांक 18.08.2025, क्रम सं. 9 एवं 10 प्रत्येक हेतु दिनांक 22.08.2025, **कार्य की समापन अवधि:** प्रत्येक हेतु 12 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** क्रम सं. 1 से 8 हेतु दिनांक 04.08.2025 से 18.08.2025 को 15.00 बजे तक, क्रम सं. 9 से 10 हेतु दिनांक 08.08.2025 से 22.08.2025 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-465)**



बिहार सरकार

**न्यायालय समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, बक्सर**
**(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)**
**उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के अन्तर्गत राज्यसात वाहनों के**
**अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बक्सर जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों में निम्न वाहनों का बिहार मद्य–निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, **2016** एवं (संशोधित) अधिनियम, **2018** के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, बक्सर के न्यायालय द्वारा राज्यसात **(Confiscate)** वाहनों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक **19.08.2025** को **11:00** बजे पूर्वाह्न में **समाहरणालय सभाकक्ष, बक्सर** जहाँ है जिस अवस्था में है के आधार पर की जायेगी। उक्त तिथि के उपरांत शेष बचे वाहनों की नीलामी पुनः दिनांक **20.08.2025** को पूर्व निर्धारित स्थान एवं समय पर की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को तालिका में वर्णित वाहनों के सामने अंकित अग्रधन की राशि दिनांक **14.08.2025** तक उत्पाद अधीक्षक, बक्सर के कार्यालय में **10000/-रू0 तक नगद रूप में एवं उससे उपर की राशि बैंक ड्राफ्ट** के रूप में जमा करना होगा। जो आवेदक के नामित एवं राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत होना चाहिए तथा अधीक्षक मद्य निषेध, बक्सर के नाम से एवं **Payable at SBI Main Branch, Buxar** के नाम से देय होगा। **सफल नीलाम क्रेता को कुल नीलामी राशि का 3% अतिरिक्त राशि सेवा शुल्क के रूप में जमा करना होगा।** नीलामी प्रक्रिया नीलामी समिति के पर्यवेक्षण में सम्पन्न होगी। नीलाम होने वाले वाहनों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार से है :–

**नोट :–**प्रथम नीलामी के उपरांत शेष बचे वाहनों की नीलामी वाहन के निर्धारित नीलामी मूल्य का स्वतः 10 प्रतिशत घटकर दिनांक 26.08.2025 को होगा, जिसका अग्रधन की राशि दिनांक 23.08.2025 तक अधीक्षक मद्य निषेध कार्यालय में जमा करना होगा। द्वितीय नीलामी के उपरांत शेष बचे वाहनों की नीलामी वाहन के निर्धारित नीलामी मूल्य का स्वतः 10 प्रतिशत घटकर दिनांक 02.09.2025 को होगा, जिसका अग्रधन की राशि दिनांक 30.08.2025 तक अधीक्षक मद्य निषेध कार्यालय में जमा करना होगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड/उत्पाद वाद सं0 | वाद सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या | वाहन का निर्धारित न्यूनतम मूल्य | अग्रधन की राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बक्सर उत्पाद 177/24 | 75/24 213/24 | मारूति सुजुकी कार | DL8CP-2211 | 25000 | 2,500 | फिटनेस की वैधता समाप्त हो गई है। (निजी वाहन) स्क्रैप मूल्य निर्धारित |
| 2 | बक्सर उत्पाद 211/24 | 72/24 210/24 | हुण्डयी कार | DL4CAH-4779 | 25000 | 2,500 | फिटनेस की वैधता समाप्त हो गई है। (निजी वाहन) स्क्रैप मूल्य निर्धारित |

1.अधिक जानकारी के लिए बक्सर मद्य निषेध के E-Mail buxar-excise@nic.in id पर E-mail कर सूचना प्राप्त की जा सकती हैं।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 010010 ( Excise ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला पदाधिकारी, बक्सर



अमर उजाला **क्लासीफाइड**

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:- 1800-121-1166

बुकिंग टाइम: सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

## आवश्यकता है

### सामान्य

सुरक्षागार्ड और ऑफिस सुपरवाइजर की आवश्यकता, लड़के- लड़कियों की: पोस्ट 508 (8th- 12th) सैलरी: (21,500-38,500) ड्यूटी जिलानुसार ALL India:- 9516190692

## मेडिकल

### सैक्स संबंधी









## सूचना

### व्यक्तिगत

I, Dhanesh Kumar S/o Digendra singh R/o village Chamrawali Ramgarh, Dadri, distt. Gautam Buddh Nagar. In school records, my son's name is Dhushyant Singh, date of birth is 10.01.2011, which is wrong. Correct name is Dushyant Singh and date of birth is 10.01.2012. This name and date of birth should be considered in future.

I, Anup Gupta S/o Late Sh. Y.C. Gupta have lost the Original Allotment letter No 6636 Dt. 7.5.2016 in respect of Flat No. B 8/23 Sapna 2 Mandola Vihar, Sector 6 Ghaziabad U.P., issued by Avas Vikas. FIR has been lodged in this regard on 24-7-2025. If found contact: 9811525106

My name is Anshu Tomar in my Aadhaar card and Anita Tomar in some documents. Both of these are my names. In future, I should be known and identified as Anshu Tomar W/o. Nirankar Singh Tomar, R/o.- SC-294, Shastri Nagar, Ghaziabad.

मेरे पति के आर्मी रिकार्ड नं0-10391109 एफ में मेरा नाम त्रुटिवश Archna Devi दर्ज है, जोकि गलत है। जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में सही नाम Archana Devi दर्ज है। अर्चना देवी पत्नी सोविन्द्र कुमार, ग्राम मुबारकपुर सलामतपुर, हापुड़ उत्तर प्रदेश।

शुभिका पंवार पुत्री धर्मेन्द्र सिंह पंवार, मेरा पूर्व नाम तृप्ति पंवार था जोकि अब मेरा नाम शुभिका पंवार है मेरे सारे दस्तावेज पर शुभिका पंवार ही है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है भविष्य मे मुझे शुभिका पंवार के नाम से पहचाना जाये।

मैने अपना नाम मुकेश चन्द्र (Mukesh Chandra) से बदलकर मुकेश चन्द्र मित्तल (Mukesh Chandra Mittal) हमेशा के लिए रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। मुकेश चन्द्र मित्तल पुत्र प्रेमचंद्र मित्तल, निवासी- 3/19, प्रेम विहार, फ्रैण्डस कालोनी, बुलन्दशहर उ0प्र0- 203001

मेरे पुत्र अंशाल मुईन का संस्कार इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा चार (2020- 21) की टीसी में पिता का नाम मुईन बाबर अंकित है। जबकि समस्त दस्तावेजों में मुईनउद्दीन दर्ज है। दोनों ही नाम एक व्यक्ति के हैं, जो सही हैं। मुईनउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला तरीनान खुर्जा बुलंदशहर।

I, Lokendra Pal Singh S/o Todey Singh R/o Flat No. K-506, 5th Floor, Block-J 1, Plot No. 06, Golf Greens,VTC: Ghaziabad, PO: Crossing Republik, District: Ghaziabad, State: Uttar Pradesh- 201016, have changed my name to Lokender Pal Singh for all future purposes.

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम Adhyayan Gautam दर्ज है। जबकि सही नाम Adhyayan Singh है, अब उसे इसी नाम से जाना जाए। Joni पुत्र श्री नत्थू सिंह, निवासी 293 खानपुर, जिला मेरठ

मै अपने पुत्र अजहर खान, उसकी पत्नी शमीम को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे इकरामुद्दीन पुत्र सलाउद्दीन खान निवासी न्यू साठा इस्लामाबाद बुलंदशहर।

मैं अपने पुत्र फरदीन के गलत आचरण के कारण अपने समस्त परिवार से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अली मोहम्मद पुत्र हकीमुद्दीन निवासी झाझर सिकंदराबाद बुलंदशहर।

मैं अपने पुत्र मोनू, पुत्रवधू पिंकी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर करता हूं। लेनदेन कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। किरणपाल पुत्र बाला सिंह गांव मंडावरा सिकंदराबाद बुलंदशहर।

हम नानक पुत्र समय सिंह व लज्जावती पत्नी नानक ग्राम ऐचना थाना गुलावठी बुलंदशहर अपने पुत्र पिंटू पुत्रवधु ज्योति पौत्र वशू पोत्री वैष्णवी को गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद व समस्त संपत्ति से बेदखल करते हैं।

मैं अपने पुत्र इमरान को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा मौ0 इरफान पुत्र अल्लादिया उर्फ हपुआ मौहल्ला मनीहारन थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर।

I, Niraj Kumari W/o Basant Tanwar R/o 3i 701 AWHO society, Gurinder Vihar Sector-Chi1, Greater Noida, my name is wrongly recorded as Neeraj Tanwar in the school documents of my Daughter Prisha Tanwar. The correct my name is Niraj Kumari.

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम काशवी दर्ज है जोकि अपूर्ण है। उसका पूरा नाम काशवी नेहरा Kashvi Nehra है। आकाश नेहरा पुत्र सतीश नेहरा निवासी इंद्रपुरी सौंदा रोड मोदीनगर गाजियाबाद

हम अपने पुत्र मनीष कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका कुमारी को गलत आचरण व गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद करते हैं भविष्य में अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे श्यौनाथ पुत्र चिरंजी व ऊषा देवी पत्नी श्यौनाथ निवासी ग्राम सराय माजरा कस्बा व तहसील स्याना जिला बुलंदशहर।

मेरी सेवा संख्या 2993819K Rank-NK विक्रम सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम मुरादगढ़ी, पोस्ट- जाडौल, तहसील स्याना, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश पिनकोड 245409 मेरी सेना अभिलेख में मेरी माता का नाम मगना देवी गलत दर्ज है। मेरी माता का सही नाम मगन देवी है, को मेरी सर्विस रिकार्ड में दर्ज करे।

हम अपने पुत्र सौरभ, पुत्रवधू सपना व पौत्र आर्यन को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। सुमन पत्नी राकेशवीर पुत्र बलवीर सिंह, धर्मपुरी, मोदीनगर

मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड No-13605963N में मेरी पुत्री का नाम Kumari Raj Kumari व जन्मतिथि 17.09.1979 गलत अंकित हो गया है जबकि पुत्री के आधारकार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में पुत्री का नाम Rajkumari व जन्मतिथि 01.07.1981 है जो सही है को आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए सेवानिवृत एक्स हवलदार दिलावर सिंह पुत्र रामरिख सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट जड़ौल थाना खानपुर तहसील स्याना जिला बुलंदशहर।

मैं अपने पुत्र अभिषेक पुत्रवधू कोमल को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करती हूं। अनीता पत्नी राकेश कर्दम, कासमपुरा हापुड़।

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका में मेरे पिता का नाम Vijay Chauhan व माता का नाम Meeta Chauhan गलत अंकित हो गया है। जबकि आधारकार्ड व पैन कार्ड मेरे पिता का नाम Vijay Partap Singh व माता का नाम Meeta Rani है जोकि सही है, मेरे स्कूल रिकार्ड दर्ज करे। महाकृति चौहान पुत्री विजय प्रताप सिंह निकट एमएमआर मॉल चांदपुर रोड, बुलन्दशहर।

श्रीमती नूर फातमा पत्नी स्व इसराईल निवासीः एच.नं0- डी-265 शहीद नगर गाजियाबाद अपने पुत्र दानिश व पुत्रवधू शाजिया को चल अचल संपत्ति से बेदखल करके रिश्ते नाते समाप्त करती हूं।

मैं राहुल कुमार पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण नि0- म0सं0-83, नंदनी एन्कलेव नन्दग्राम मेरठ रोड गाजियाबाद मैंने अपना नाम राहुल से बदलकर राहुल कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे राहुल कुमार के नाम से जाना जाये।

मैं विवेक सिंघल पुत्र विनोद कुमार सिंघल निवासी भगवान गंज मंडी, मोदीनगर, गाजियाबाद हूँ, मैंने अपने पुत्र का नाम राघव सिंघल से बदल कर अर्यमन सिंघल (Aryaman Singhal) कर दिया है। उसके जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड में उसका नाम Aryaman Singhal है और पासपोर्ट में राघव सिंघल है। मेरे पुत्र का सही नाम अर्यमन सिंघल है। भविष्य में उसे अर्यमन सिंघल (Aryaman Singhal) के नाम से ही जाने।

मैं मेहरईलाही पुत्र मेहरबान निवासी म0नं0-49, गली नं0-2, मीना मस्जिद के पास, इस्लाम नगर, तहसील व जिला गाजियाबाद उ0प्र0 अपने पुत्र निजामुद्दीन पुत्रवधू शबाना को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में ये अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जाँच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।



**Medical Helpline**

लिवर के रोगों से छुटकारा पायें

**प्राणाचार्य आरोग्यम्**

विजयगढ़ वाले वैद्य जी का चिकित्सालय

भूख ना लगना , अपच, कब्ज, फैटी लीवर, उच्च कोलेस्ट्रॉल, पीलिया, बढ़ा हुआ लिवर और लिवर से संबंधित बीमारियों का उपचार आयुर्वेदिक दवाओं से करायें

**वैद्य शशांक अग्रवाल (आयुर्वेदाचार्य)**

बी.ए.एम.एस., पी.जी.डी.ई.एम.एस., एम.डी.ए.एम. (पुणे)

**मो. : 97199 96848, 7500759797**

प्रत्येक शनिवार: जे- 64, सेक्टर 12, एचडीएफसी बैंक के सामने, प्रताप बिहार, गाजियाबाद (समय - प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक)

विज्ञापन की कटिंग लाने पर कोई परामर्श शुल्क नहीं केवल उचित औषधि मूल्य

नोट: नब्ज द्वारा रोग की जॉच कराने के लिए खाली पेट आयें।

**इंदिरा IVF रवि वुमन्स हॉस्पिटल**

अब सेक्टर-35 नोएड़ा में

**नि:शुल्क**

नि:संतानता परामर्श

सप्ताह के 7 दिन खुला



**8826975080, 8585808073**

ए-1 गोल्फ कोर्स रोड सेक्टर 35 (मोरना बस स्टैण्ड के पास)

RAVI HOSPITAL

Email : noida@ravihospital.org

आगरा । अलीगढ । फिरोजाबाद । नोएडा



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली में यातायात लेखा भवन के सुधार के साथ दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 47,51,774.84/- मात्र | |
| **धरोहर राशि :** रु. 95,000/- मात्र | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 25.08.2025, 15:00 बजे तक | |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |

सं.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1018 दिनांक: 31.07.2025 2339/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी**

सं. : कॉम/पार्सल/लीजिंग/लॉग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पीटी-III दिनांक 29.07.2025 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 09 यात्रीवाही ट्रेनों में 10 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। मौजूदा ई-नीलामी के लिए बोली ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से www.ireps.gov.in पर जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए, वेबसाइट www.ireps.gov.in में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-25-8ए। **कम्पार्टमेंट:** 09 यात्रीवाही ट्रेनों में 10 अदद एसएलआर कम्पार्टमेंट । **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 11.08.2025, 13.00 बजे।

HWH-217/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसजेपी के फ्लैट कुर्क कर खरीदार को कब्जा देगा रेरा

## यूपी रेरा के न्याय निर्णायक अधिकारी की पीठ ने दिया आदेश, रिसीवर भी नियुक्त, एक माह के अंदर होगी कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण के न्याय निर्णायक अधिकारी की पीठ ने एसजेपी होटल एंड रिजॉर्ट्स बिल्डर के मिगसन विन प्रोजेक्ट का फ्लैट कुर्क करने का आदेश दिया है।

पीठ ने रिसीवर भी नियुक्त कर दिया है। एक माह के अंदर फ्लैट को कुर्क कर पीठ को जानकारी दी जाएगी। पीठ रजिस्ट्री के साथ खरीदारों को कब्जा देगी। बिल्डर के



आदेश का पालन नहीं करने पर पीठ ने सख्ती की है। अब मामले की अगली सुनवाई दो सितंबर को होगी।

खरीदार संपूर्णानंद शुक्ला ने ग्रेटर नोएडा में एसजेपी होटल एंड रिजॉर्ट्स बिल्डर के मिगसन विन प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदा था। वर्ष 2016 में बुकिंग की थी। बिल्डर ने तीन साल में कब्जा देने का वादा किया था, लेकिन समय पर कब्जा नहीं दे सका। परेशान होकर खरीदार ने यूपी रेरा में शिकायत की। खरीदार के अधिवक्ता इंद्रेश विक्रम सिंह व विनीत कुमार ने बताया कि यूपी रेरा की पीठ वन-ए ने 19 दिसंबर, 2022 को खरीदार के पक्ष में आदेश दिया।

पीठ ने फिर से संशोधित मांग पत्र जारी करने, वैध ऑफर ऑफ पजेशन व ओसी-सीसी के साथ कब्जा देने का आदेश दिया था। आदेश के 17 माह बाद भी बिल्डर ने उसका पालन नहीं किया है। इस बीच पीठ ने 11 बार आदेश का पालन करने का मौका दिया, लेकिन फिर भी बिल्डर ने आदेश का पालन नहीं किया।

### आदेश का पालन करने पर दिया गया नोटिस

आदेश का पालन करने की जगह बिल्डर ने फ्लैट रद्द करने का नोटिस जारी कर दिया जबकि यूपी रेरा अवैध मांग को अस्वीकार कर चुका था। 28 जुलाई को न्याय निर्णायक अधिकारी की पीठ ने सुनवाई कर बिल्डर के फ्लैट को कुर्क करने का आदेश दिया है। साथ ही एक रिसीवर नियुक्त किया है। आदेश दिया है कि एक माह के अंदर फ्लैट को कुर्क कर रिपोर्ट पेश करनी होगी। जिसके बाद यूपी रेरा खरीदारों को रजिस्ट्री के साथ कब्जा दिलाने की कार्रवाई करेगा।

# ऑपरेशन से प्रसव के दौरान कटा नवजात का हाथ, अस्पताल में हंगामा

**नगीना।** जिला नागरिक अस्पताल मांड़ीखेड़ा में डॉक्टरों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। परिजनों का कहना है कि बुधवार को ऑपरेशन से प्रसव के दौरान नवजात का हाथ धड़ से अलग हो गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने आननफानन में नवजात को नल्हड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

नल्हड़ अस्पताल के डॉक्टरों ने शिशु को जिला नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मुकीम निवासी दोहा थाना फिरोजपुर झिरका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार शाम को वह अपनी भाभी सरजीना पत्नी शकील की डिलीवरी कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे। करीब दो घंटे बाद डॉक्टरों ने बताया की लड़के का जन्म हुआ है लेकिन उसके हाथ में गलती से कट लग गया है। जब जाकर देखा तो पता चला कि लड़के का हाथ धड़ से बिल्कुल अलग है। ऐतराज जताने पर डॉक्टर गुस्से से आग बबूला हो गए और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए वार्ड से बाहर निकाल दिया। थाना

> मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है। मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- संजीव मेहता, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट**

प्रभारी प्रवीण कुमार भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। बच्चे के मौसा राहुल खान ने बताया कि डाक्टरों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर ने नल्हड़ हॉस्पिटल इलाज कराने की बात कहकर भेज दिया। संवाद

# तीन साल तक पैसे नहीं देने हैं...के झांसे में आए हजारों लोग, गंवाए लाखों रुपये

## सबवेंशन स्कीम: तीन साल बाद बैंकों ने लोन के लिए खरीदारों को धमकाना किया शुरू

सुशील पांडेय

**नोएडा।** मुजफ्फरनगर निवासी सुनील कुमार गोयल परचून की दुकान चलाते हैं। बिल्डर ने उनसे कहा कि आपको बुकिंग के बाद तीन साल तक पैसे नहीं देने हैं। यह सुनकर उनको लगा मानो मन की मुराद पूरी हो रही है।

बिल्डर ने यहां तक कहा कि आपको लोन के लिए भी कहीं जाने की जरूरत नहीं है। इसके बाद उन्होंने 2014 में यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में सुपरटेक गोल्फ विलेज प्रोजेक्ट में निवेश किया। यहां सारे दस्तावेज जमा करा दिए। चार लाख रुपये बुकिंग के दौरान भी दिए।

बिल्डर ने एक निजी कंपनी से उनका 30 लाख रुपये का लोन मंजूर करा दिया लेकिन तीन साल में घर देने और तीन साल तक किस्त पर ब्याज देने का दावा जब झूठ निकला तो सुनील के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। इसके बाद फाइनेंस कंपनी किस्त भरने का दबाव बनाने लगी।

इस लोन के दौरान खरीदार के भाई, दोस्त, पत्नी आदि को गारंटर बनाया गया था। वे भी सभी फंस गए। उन पर पैसे चुकाने का दबाव बनाया जाने लगा।

सुप्रीम कोर्ट के 2022 के आदेश के बाद अब किस्त भरने का दबाव तो नहीं है लेकिन 30 लाख लोन के एवज में 20 लाख रुपये चुका चुके हैं। अब भी ब्याज बढ़कर करीब 25-30 लाख रुपये का बकाया है। इसके बाद भी इनको घर नहीं मिला है। इसमें सबवेंशन स्कीम के हजारों और भी खरीदार हैं।



### खरीदारों के कई समूह लड़ रहे लड़ाई

- सबवेंशन स्कीम परियोजना में ठगी के शिकार हुए हजारों खरीदार अलग-अलग ग्रुप बनाकर रेरा और कोर्ट के चक्कर लगा रहे हैं। कहीं 100 तो कहीं 200 और 500 लोगों के ग्रुप बने हैं।

### किसानों के स्टे लेने के बाद भी टावर की बुकिंग

फ्लैट खरीदार नीरज धीमान ने सुपरटेक गोल्फ विलेज प्रोजेक्ट के सबवेंशन स्कीम में निवेश किया है। करीब 10 लाख रुपये का लोन भी चुका दिया है। फिर भी ब्याज के साथ करीब 10 लाख रुपये बकाया है। नीरज को जिस टावर में फ्लैट देने का दावा किया गया था वह जमीन के मामले फंस गया। किसानों ने इस जमीन पर 2012-13 में कोर्ट से स्टे ले लिया था। इसके बावजूद बिल्डर ने उस जमीन पर फ्लैट बनाने का सपना दिखाकर 2014 में बुकिंग की। तीन साल तक लोन के किस्त का ब्याज भी नहीं जमा किया और बाद में इनको अपनी जीवन भर की पूंजी ईएमआई और ब्याज में गंवानी पड़ी।

### मंजूरी के बिना कराई बुकिंग

ग्रेनो वेस्ट में आम्रपाली की आदर्श आवास योजना में दिल्ली निवासी राकेश भाटिया ने बुकिंग कराई है। बुकिंग के दौरान उन्होंने करीब पांच लाख रुपये जमा किए थे। संचार मंत्रालय में कार्यरत राकेश की इस परियोजना में दिलचस्पी इसलिए बढ़ी क्योंकि यह ऑफर केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए थी। इसमें उनके नाम पर 35 लाख रुपये का लोन कराया गया। बिल्डर के साथ एमओयू भी हुआ। एक साल बाद ही बिल्डर डिफॉल्टर हो गया। बात में उनको पता चला कि परियोजना का केवल फेस-एक से तीन तक तो मंजूर है।

### परियोजना की शिफ्टिंग में भी ठगी

सुपरटेक के कुछ खरीदारों ने बताया कि जब सबवेंशन स्कीम फेल हो गई। घर नहीं मिल पाया तो बिल्डर ने मेरठ के प्रोजेक्ट में फ्लैट देने का झांसा दिया। इसके बाद उनसे कुछ और पैसे ले लिए। जिन खरीदारों ने यहां घर लेने की मंजूरी दी। वह फिर से फंस गए। कुछ परियोजनाओं में दूसरे बिल्डर भी घुस गए। उन्होंने खरीदारों को धमकाना शुरू किया। दूसरे प्रोजेक्ट में फ्लैट देने की बात कहते हुए केस वापस लेने का दबाव बनाया।

# स्याना हिंसा : आज सुनाई जाएगी सभी 38 दोषियों को सजा

**बुलंदशहर।** स्याना हिंसा में दोषी करार दिए गए सभी 38 दोषियों को शुक्रवार (आज) एडीजे 12 गोपालजी के न्यायालय में सजा सुनाई जाएगी। सभी दोषियों को सुबह 11 बजे तक न्यायालय स्थित हवालात लाया जाएगा। इसके बाद न्यायालय में इनके अधिवक्ता सजा के सवाल पर बहस करेंगे। बहस पूरी होने पर दोपहर बाद फैसला आ सकता है। दोषियों में जिला पंचायत सदस्य योगेश राज, भाजपा नेता सचिन अहलावत और निषाद पार्टी का पदाधिकारी शिखर अग्रवाल भी शामिल है।

शासन की ओर से नियुक्त किए गए स्पेशल काउंसिल अधिवक्ता ने बताया कि तीन दिसंबर 2018 को स्याना की चिंगरावठी चौकी पर गोवंश कटान के बाद हुए बलवे में इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह और चिंगरावठी निवासी युवक सुमित कुमार की मौत हो गई थी। करीब डेढ़ साल से सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लगातार सुनवाई हो रही थी। बुधवार को न्यायालय ने सभी 38 अभियुक्तों को मामले में दोषी करार दिया था। इसके बाद सभी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। मामले में एक अन्य बाल अपचारी है, जिसकी पत्रावली बाल न्यायालय में विचाराधीन है।

**इंस्पेक्टर की पत्नी ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट :** अभियुक्तों के दोषसिद्ध होने की जानकारी मृतक इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह की पत्नी रजनी सिंह को स्पेशल काउंसिल अधिवक्ता यशपाल सिंह ने फोन पर दी। इसके बाद रजनी सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से आरोपियों की दोषसिद्ध होने की जानकारी शेयर की। उन्होंने फोन पर बातचीत में कहा कि भविष्य में भी आरोपियों के खिलाफ न्याय की जंग जारी रहेगी। संवाद

# डीयू की छात्रा से मैनपुरी में चार युवकों ने की दुष्कर्म की कोशिश

**प्रतापगढ़ की रहने वाली छात्रा रोडवेज बस से जा रही थी दिल्ली**

संवाद न्यूज एजेंसी

**भोगांव (मैनपुरी)।** थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे स्थित एक ढाबा पर बृहस्पतिवार तड़के दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की बीएससी की छात्रा से चार युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। प्रतापगढ़ की रहने वाली छात्रा से पहले छेड़छाड़ की, इसके बाद उसे दुष्कर्म की नीयत से उसे खींचकर ले जाने लगे। युवती के शोर मचाने पर दौड़े लोगों ने आरोपियों को दबोच लिया और उनकी पिटाई करने के बाद पुलिस के सुपुर्द किया।

प्रतापगढ़ के थाना लालगंज क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय युवती दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की पढ़ाई कर रही है। बुधवार को वह रोडवेज बस में दिल्ली जाने को सवार हुई थी। बृहस्पतिवार तड़के बस भोगांव क्षेत्र में जीटी रोड हाईवे स्थित सिटीजन ढाबे पर चाय विश्राम के लिए यात्रियों ने रुकवाई।

युवती बस से उतरने के बाद लघुशंका के लिए बाथरूम की ओर गई। वहां अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। तभी कस्बा भोगांव के ही रहने वाले सुनील कुमार निवासी छोटा बाजार, नारायण निवासी गांव तोलकपुर, विशाल और दिनेश निवासी शाह आलमपुर ने उसके साथ छेड़खानी कर दी। उसे खींचकर दुष्कर्म की नीयत से खेतों की ओर ले जाने का प्रयास किया। युवती ने शोर मचाया तो ढाबे पर मौजूद कर्मी व अन्य यात्री दौड़ पड़े। उन्होंने आरोपियों को दबोच लिया। उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।

सीओ भोगांव सत्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि मौके से चारों युवकों को गिरफ्तार किया गया है। युवती की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### आज होंगे पीड़िता के मजिस्ट्रेटी बयान

सीओ भोगांव ने बताया कि पीड़ित छात्रा के शुक्रवार को मजिस्ट्रेटी बयान होंगे। छात्रा को आने के लिए कहा गया है। आरोपियों को कड़ी से कड़ी दिलाने के लिए पुलिस मजबूत साक्ष्य व गवाह जुटा रही है।



गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक में धंसी जमीन। संवाद

# गाजियाबाद में धंसी सड़क पांच गाड़ियां गड्ढे में गिरी

**गाजियाबाद।** बारिश के दौरान क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित अंसल सुशांत एक्वापॉलिस टाउनशिप के अंदर की सर्विस रोड तेज बारिश और नाला ओवरफ्लो होने से बृहस्पतिवार को धंस गई। पांच गाड़ियां गड्ढे में गिर गईं। क्रेन और जेसीबी की मदद से गाड़ियों को निकाला गया। वहीं शहर में कई जगह भरे पानी को बृहस्पतिवार की रात तक निकालने की कवायद होती रही। दिन में लोग जाम से भी लोग जूझते रहे। संवाद



जमीन धंसने के दौरान गिरने से क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी। संवाद

# गृह क्लेश में कैंची मारकर पिता की ले ली जान, बेटा हिरासत में

**हथीन।** पलवल रोड पर स्थित मलोखडा गांव में गृह क्लेश ने खूनी रूप ले लिया। 25 वर्षीय युवक ने अपने पिता की कैंची मारकर हत्या कर दी। हथीन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी हरिकिशन ने बताया कि मृतक अयूब की पत्नी हंसीरा ने बयान दिया है कि उनका बड़ा पुत्र अनीश बिना कारण अपने पिता अयूब और परिवार के साथ झगड़ा करता रहता है। बृहस्पतिवार को सुबह पांच बजे जब पूरा परिवार सोकर उठा। उसके पति अयूब ने बच्चों से पशुओं को चारा डालने के लिए कहा। बेटियों ने तुरंत ही चारा डाल दिया। इसी दौरान अकस्मात अनीश ने अपने पिता अयूब के साथ झगड़ा शुरू कर दिया।

विवाद इतना बढ़ गया कि अनीश अपने कमरे में गया। वहां से कपड़े काटने वाली कैंची लेकर आया। उसने अयूब की गर्दन में बाएं तरफ कैंची घोंप दी।

हंसीरा के बयान के मुताबिक जब उनके छोटे पुत्र मनीष ने अपने पिता

**छोटे बेटे ने बचाने की कोशिश की तो उस पर भी कैंची से वार किया**

अयूब को बचाने का प्रयास किया तो उसको भी पीठ एवं हाथ में कैंची मारकर घायल कर दिया। इसके बाद घायल अयूब आंगन में लड़खड़ाते रहे।

अनीश ने किसी को भी अयूब की मदद करने नहीं दी। अयूब की घर पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पड़ोसी एकत्रित हो गए। पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। परिवारजनों को पुलिस ने समझाया और मृतक अयूब की पत्नी हंसीरा के बयान दर्ज किए। मौके पर हथीन थाना प्रभारी हरिकिशन एवं डीएसपी मोहिंदर सिंह भी पहुंचे। उन्होंने परिवारजनों से बात की और जांच की।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी अनीश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक अयूब के परिवार में उसके अलावा उसकी पत्नी, छह पुत्री, चार पुत्र एवं पुत्रवधू है। पुलिस मामले की जांच गहनता से कर रही है।

# फर्जी राजदूत से एसटीएफ ने की पांच घंटे पूछताछ, कई दस्तावेज बरामद

## विदेशों से उसके खाते में आए रुपये के संबंध में ली गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गाजियाबाद।** कविनगर की कोठी संख्या केबी-45 में फर्जी दूतावास चलाने वाले हर्षवर्धन जैन से एसटीएफ एडिशनल एसपी के मिश्रा ने घंटों पूछताछ की। हर्षवर्धन ने फर्जी कंपनियों और दूतावास से जुड़ी कुछ फाइलें दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र स्थित जहांगीरपुरी में रखी होने की बात स्वीकार की है। एक टीम दिल्ली रवाना हुई और बताए पते से अहम दस्तावेज बरामद किए हैं। शुक्रवार को भी टीम फर्जी राजदूत हर्षवर्धन से पूछताछ करेगी।

कविनगर थाने पहुंचे एसटीएफ के अतिरिक्त एसपी ने हर्षवर्धन से दोपहर 12 बजे पूछताछ शुरू की। बंद कमरे में करीब पांच घंटों तक एसपी ने पूछताछ की और मोबाइल पर लिखे मैसेज और विदेशों से उसके खाते में आई धनराशि की बाबत जानकारी ली। साथ ही कुछ अन्य लोगों से खाते में आई धनराशि की बाबत पूछताछ की गई। हर्षवर्धन ने टीम को जानकारी दी कि फर्जी दूतावास और उसकी विदेशी यात्राओं की जानकारी का ब्योरा कुछ फाइलों में है। यह फाइल दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र स्थित जहांगीरपुरी में किराये के मकान में रखी हैं। बताया कि जहांगीरपुरी में उसकी ससुराल है और उन्होंने ही एक छोटा सा मकान अपने आवास के नजदीक किराये पर दिलाया था। पूछताछ में यह भी उजागर किया कि पिता से जुड़े मार्बल्स के कारोबार के चलते वह वर्ष 2000 में विदेश यात्रा पर गया था। करीब पांच घंटों तक चली पूछताछ के दौरान एसपी ने एक टीम दिल्ली के लिए रवाना की। देर शाम मिली जानकारी के अनुसार जहांगीरपुरी से भी फर्जी राजदूत और दूतावास से संबंधित कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं। एसटीएफ को कुछ ऐसे लोगों की बाबत जानकारी हुई है कि जो दक्षिण भारत और एनसीआर क्षेत्र के हैं और हर्षवर्धन से जुड़े हैं। कुछ ऐसे लोगों की भी जानकारी हुई है जो विदेशी संस्थाओं के पदाधिकारी मनोनीत होने की एवज में हर्षवर्धन को धनराशि दी है। बृहस्पतिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे एडिशनल एसपी हर्षवर्धन से पूछताछ कर नोएडा लौट गए। बताया गया कि शुक्रवार को रिमांड के चौथे दिन भी एसटीएफ और कविनगर पुलिस फर्जी राजदूत से पूछताछ करेगी।



हर्षवर्धन

# बीटेक छात्रा के आत्महत्या मामले में दो प्रोफेसर निलंबित

## केसीसी कॉलेज ने गठित की जांच समिति, नकल करने के आरोप से छात्रा थी परेशान

अमर उजाला ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** बीटेक छात्रा की आत्महत्या मामले की जांच के लिए केसीसी इंस्टीट्यट कॉलेज की ओर से गुरुवार को जांच समिति गठित की गई है। समिति 10 अगस्त तक जांच कर अपनी रिपोर्ट बीटा-2 कोतवाल पुलिस को सौंपगी।

प्रबंधन की ओर से मामले में दो प्रोफेसरों को निलंबित किया है। गोपनीयता का हवाला देते हुए प्रबंधन ने निलंबित प्रोफेसरों का नाम साझा करने से इंकार किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि समिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार के जिला वैशाली की रहने वाली खुशबू (19) नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज से बीटेक (एआईबीएस) प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परीक्षा देने के बाद मंगलवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा के भाई का आरोप है कि केसीसी कॉलेज में 9 जुलाई को छात्रा परीक्षा देने गई थी। परीक्षा के दौरान वह वॉशरूम गई थी। वहां से वापस आने पर शिक्षक ने सीट पर नकल की पर्ची मिलने की बात कहकर उसकी उत्तर पुस्तिका जब्त कर नई उत्तर पुस्तिका दी थी। तभी से छात्रा तनाव में चल रही थी। उसने इसकी शिकायत अपने कॉलेज में की थी, लेकिन वहां से कोई मदद नहीं मिली। केवल काउंसलिंग की गई। बाद में छात्रा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) को ईमेल कर शिकायत की थी।

महिला आयोग और केसीसी कॉलेज के डायरेक्टर को भी ईमेल किया था, लेकिन किसी स्तर से उसे मदद नहीं मिली। छात्रा ने शिकायत में लिखा था कि बिना गलती उसकी कॉपी छीन ली गई। पर्ची उसकी नहीं थी। जिस विषय की परीक्षा थी, पर्ची उस विषय की भी नहीं थी। उसने माफी भी मांगी थी। इसके बाद भी उसकी परीक्षा में अनुचित साधन एवं कदाचार (यूएफएम) लगा दिया गया। इससे छात्रा को बैक लगने की आशंका थी और वह तनाव में थी।



खुशबू (फाइल)

### सीडीआर खंगाल रही पुलिस

पुलिस की छानबीन में पता चला है कि खुशबू ने खुदकुशी करने से पहले अपने एक दोस्त को व्हाट्सऐप पर मैसेज किया था। इसके अलावा रजिस्टर में परिवार से जुड़ी कुछ बातों का जिक्र किया है। पुलिस मोबाइल और रजिस्टर में लिखे नोट की भी जांच कर रही है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि मामले में जांच के लिए केसीसी कॉलेज प्रबंधन को समिति बनाने को कहा है। पुलिस टीम भी अपनी जांच कर रही है। कॉलेज प्रबंधन की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### छात्रा खुशबू को न्याय दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने नॉलेज पार्क स्थित केसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की बीटेक छात्रा खुशबू को न्याय दिलाने के लिए डीसीपी ग्रेटर नोएडा को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि आत्महत्या करने के मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से पदाधिकारियों ने बताया कि छात्रा खुशबू पर परीक्षा के दौरान नकल का झूठा आरोप लगाया गया, जिसकी शिकायत छात्रा ने कॉलेज प्रशासन और विश्वविद्यालय दोनों स्तरों पर की, लेकिन कहीं से भी उसे न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो जिलेभर में उग्र छात्र आंदोलन किया जाएगा।

> मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है। दो प्रोफेसरों को निलंबित किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे पुलिस से साझा किया जाएगा।
>
> **-केशव कुमार झा, डीन एवं चीफ वार्डन, केसीसी कॉलेज**

### ठंडे बस्ते में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट

शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस की छात्रा के आत्महत्या के मामले की जांच कर रही आंतरिक जांच रिपोर्ट ठंडे बस्ते में चली गई है। विश्वविद्यालय की ओर से घटना के दो सप्ताह बीतने के बाद भी अब तक रिपोर्ट नहीं सौंपी है। जबकि समिति की ओर से जांच के लिए महज पांच दिन का वक्त मांगा गया था। वहीं छात्रा के परिजन आज अपने बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस से मिलेंगे। गुरुग्राम निवासी छात्रा ज्योति शर्मा ने 18 जुलाई को छात्रावास में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में सहायक और एसोसिएट प्रोफेसर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

# नोबल को-ऑपरेटिव बैंक के सीईओ मैनेजर समेत 9 पर धोखाधड़ी का केस

**नोएडा।** लोन की किस्त जमा करने के बाद भी प्रॉपर्टी सील कर धोखाधड़ी करने के मामले में नोबल कॉपरेटिव बैंक के सीईओ, मैनेजर समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि बैंक के सीईओ ने प्रॉपर्टी सील कराकर पत्नी के नाम रजिस्ट्री करा दी। आरोपी सीईओ बाइक बोट घोटाले में जेल जा चुका है। मामले में कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

नोएडा निवासी कालू सिंह चौहान ने पुलिस से शिकायत की है कि उन्होंने सेक्टर-22 स्थित नोबल को-ऑपरेटिव बैंक से 2018 से 2019 के बीच 55 लाख रुपये का लोन लिया था। 2021 में कोविड के वक्त वह कुछ किस्त जमा नहीं कर पाए थे। इस दौरान केंद्र सरकार के निर्देश के बाद भी बैंक अफसरों ने उनके दोनों लोन अकाउंट का एनपीए घोषित कर दिया। इस मामले में जानकारी होने पर वह बैंक गए और उन्होंने बताया कि 2023 तक अपने सभी पुराने बकाए दे चुका हूं। आगे की किस्तें भी समय से जमा कर रहे हैं। बैंक को किस्त देने के बाद भी उनकी सेक्टर-100 की प्रॉपर्टी को सील कर लिया। इसके बाद बैंक के सीईओ विजय शर्मा ने बैंक मैनेजर हेमलता के नाम पर 2024 में रजिस्ट्री कर दी। संवाद

# भाई-बहन ने जहरीला पदार्थ खाकर कर ली आत्महत्या

**युवक आईबी में तो युवती निजी कंपनी में करती थी नौकरी**

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र की गोविंदपुरी में रहने वाले अविनाश कुमार (28) और उनकी बहन अंजली (25) ने बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया। घर पहुंची दोनों की मां ने कमरा बंद देखा तो पड़ोसियों को बुलाया और दरवाजा काटकर बेहोशी की हालत में दोनों को बाहर निकाला। पड़ोसी उन्हें सर्वोदय अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने अस्पताल के मीमो के आधार पर दोनों के शवों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इन्कार किया है। गोविंदपुरम कॉलोनी के मकान संख्या एच-352 निवासी अविनाश कुमार सिंह जो इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) दिल्ली में कार्यरत थे और निजी कंपनी में नौकरी करने वाली उनकी बहन अंजली ने बृहस्पतिवार की शाम घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। शाम करीब पांच बजे उनकी मां घर पहुंची और दोनों बच्चों को घर में न देख फोन किया। मोबाइल बंद कमरे में बजता मिला। मां ने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन वह अंदर से बंद था। पड़ोसी दरवाजा काटकर कमरे में दाखिल हुए। जहां दोनों भाई-बहन बेहोशी की हालत में पड़े दिखे।

आनन-फानन दोनों को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि पीड़ित परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इन्कार किया है। बताया कि चिकित्सकों के अनुसार दोनों ने सल्फास खाया है और अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही दोनों की मौत हो चुकी थी। मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ। संवाद

## कृषि उत्पादन मण्डी समिति हापुड़ जनपद हापुड़

पत्रांकः म०स०हा० / 2025-426 दिनांकः 31/07/2025

**दुकान आवंटन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 424 दिनांक 30.07.2025 द्वारा दुकान आवंटन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करायी गयी थी, जिसमें 'ब' श्रेणी की दुकान संख्या 10 सुपर मार्केट की दुकान संख्या 66 एवं आवंटन दिनांक 28.05.2025 त्रुटिवश प्रकाशित कर दिया गया है जबकि त्रुटिरहित सूचना निम्नानुसार हैः- 'ब' श्रेणी की दुकान संख्या 19, सुपर मार्केट की दुकान संख्या 65 एवं आवंटन दिनांक 25.08.2025

सचिव सभापति


# आफ्शा अंसारी के खिलाफ गैर जमानती वारंट के साथ ही कुर्की का नोटिस जारी

मऊ। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए राजीव कुमार वत्स की कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में आरोपी माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। साथ ही, उसकी संपत्ति कुर्क करने के लिए नोटिस जारी किया है। मामले में हाजिरी के लिए 1 सितंबर की तिथि तय की है। मामला दक्षिण टोला थाना क्षेत्र का है।अभियोजन



के अनुसार, दक्षिण टोला थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की तहरीर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी, अनवर सहजाद, सरजीत रजा उर्फ आतिफ रजा, रविंद्र नारायण सिंह, जाकिर हुसैन उर्फ विक्की को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना कर मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी के विरुद्ध फरारी में आरोप पत्र न्यायालय में भेजा। न्यायालय में आफ्शा अंसारी के अलावा शेष आरोपी उपस्थित हो रहे हैं, जबकि आफ्शा अंसारी हाजिर नहीं हो रही है। इस पर विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए की कोर्ट ने उसके विरुद्ध गैरजमानती वारंट के साथ ही संपत्ति को कुर्क करने का नोटिस जारी किया है। संवाद

# फर्जी आधार के साथ बांग्लादेशी मॉडल गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने बांग्लादेश की एक मॉडल को फर्जी आधार कार्ड और वोटर कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान शांता पाल के रूप में हुई है। वह एयरहोस्टेस से मॉडल बनी थी और छह वर्षों से कोलकाता में रह रही थी। युवती विक्रमगढ़ में किराये के मकान में रह रही थी। पुलिस की तलाशी के दौरान उसके नाम पर जारी बांग्लादेशी पासपोर्ट, रीजेंट एयरवेज (बांग्लादेश) का कर्मचारी कार्ड, ढाका की माध्यमिक शिक्षा का प्रवेश पत्र, भारतीय आधार कार्ड, भारतीय मतदाता पहचान पत्र, विभिन्न पतों के राशन कार्ड पाए गए। उन्हें जब्त कर लिया गया है। उसके पास फर्जी आधार-वोटर कार्ड कैसे आया, उसकी जांच की जा रही है। ब्यूरो


## संपदा कार्यालय, सेक्टर-17, चंडीगढ़

ज्ञापन सं.9666/कॉलोनी आवंटन/2025 दिनांकः 31.07.2025

### सार्वजनिक सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध **343 आवेदकों** के दावे छोटे फ्लैटों के आवंटन के लिए लंबित हैं। आवेदकों द्वारा **चंडीगढ़ लघु फ्लैट योजना, 2006** और उसके बाद के संशोधनों के प्रावधानों के तहत संपदा कार्यालय द्वारा विधिवत अनुशंसित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के बाद, ये मामले **चंडीगढ़ आवास बोर्ड, चंडीगढ़** को पहले ही भेज दिए गए थे।

हालांकि, अनुमोदन और अपने दावों के लंबे समय से लंबित होने के बावजूद, ये आवेदक उक्त योजना के तहत फ्लैटों के आवंटन के लिए **न तो आगे आए हैं** और न ही **चंडीगढ़ आवास बोर्ड, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़** से संपर्क किया है। यह भी उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ आवास बोर्ड द्वारा इस संबंध में पहले ही कई सार्वजनिक सूचनाएं जारी की जा चुकी हैं।

इसके अलावा, आधिकारिक रिकॉर्ड में इन आवेदकों का **कोई पत्राचार पता या वैध संपर्क** विवरण उपलब्ध नहीं है। विवरण इस प्रकार हैं:

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | फार्म नं. | झुग्गी नं. | कालोनी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गंगाराम | 35167 | 3 | अम्बेडकर |
| 2 | किशन कुमार | 36380 | 2880/2017 | बापूधाम |
| 3 | मांडेश्वर शाहगोड | 35956 | 1076,Ph-3 | बापूधाम |
| 4 | रवि विलास | 36374 | 2007/ 2034 | बापूधाम |
| 5 | सुरजीत सिंह | 4186 | 108-G | कॉलोनी नंबर-4 |
| 6 | जमीला पुत्र रशीद अहमद | 33046 | 204,Block-H | कॉलोनी नंबर-4 |
| 7 | शाहना | 33538 | 216-I | कॉलोनी नंबर-4 |
| 8 | अमरूद निशा | 32643 | 230-E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 9 | लक्ष्मी पुत्र अनमोल | 32093 | 278-E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 10 | श्री राम उजागर यादव पुत्र श्री जुरा प्रसाद यादव | 34631 | 300,Block-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 11 | चंपा | 31143 | 32-C | कॉलोनी नंबर-4 |
| 12 | धनवती देवी पुत्री मिताई राम | 32395 | 331, Block-E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 13 | सीता राम पुत्र हरिलाल | 34074 | 35,Block-L | कॉलोनी नंबर-4 |
| 14 | श्री-बाल चंद पुत्र श्री-लालसू | 32548 | 469-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 15 | रामकली पुत्री गोगा | 33952 | 50-C | कॉलोनी नंबर-4 |
| 16 | गन परसाद | 4338 | 62-B/G | कॉलोनी नंबर-4 |
| 17 | अग्नो राम | 33800 | 126-BBlock-J | कॉलोनी नंबर-4 |
| 18 | भगत चंद | 33668 | J-35/B | कॉलोनी नंबर-4 |
| 19 | बिट्टू | 33658 | 43-A Block-J | कॉलोनी नंबर-4 |
| 20 | देव लाल | 34531 | 180 Block-A | कॉलोनी नंबर-4 |
| 21 | हेम राज | 32071 | 304-E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 22 | जनार्दन राम | 33840 | 169/12Block- J | कॉलोनी नंबर-4 |
| 23 | झगडू राम राय, मगरू राय और पारस राम | 0,33191 and 3 | 103-I | कॉलोनी नंबर-4 |
| 24 | कमल चंद | 33209 | 109A | कॉलोनी नंबर-4 |
| 25 | कामता पार्षद | 31893 | 5 Block-E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 26 | कार्तिक महतो | 33626 | 169/24BlockJ | कॉलोनी नंबर-4 |
| 27 | लाखो देवी | 33834 | J-54 | कॉलोनी नंबर-4 |
| 28 | लीला देवी | 34089 | 24-L | कॉलोनी नंबर-4 |
| 29 | मोहम्मद अफजल | 34222 | 167-H | कॉलोनी नंबर-4 |
| 30 | मोहम्मद शाहिद | 33540 | 216-I | कॉलोनी नंबर-4 |
| 31 | मोना देवी | 32449 | 372-Ablock-E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 32 | मुन्ना देवी | 34918 | 500-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 33 | नगीना रे | 33439 | 18-I | कॉलोनी नंबर-4 |
| 34 | नवल किशोर | 32758 | 530-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 35 | प्रताप | 32533 | 447/Ablock -E | कॉलोनी नंबर-4 |
| 36 | प्रभावती | 33081 | 51-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 37 | राजबीर | 33664 | 47-B Block-J | कॉलोनी नंबर-4 |
| 38 | राजीव कुमार | 32843 | 32/ABlock- H | कॉलोनी नंबर-4 |
| 39 | रामबिलास | 32165 | 19-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 40 | राम सकल | 31410 | 103-B | कॉलोनी नंबर-4 |
| 41 | रामसेवक | 35029 | 82/C | कॉलोनी नंबर-4 |
| 42 | रमेश यादव | 32211 | 680B | कॉलोनी नंबर-4 |
| 43 | रूप चंद | 34210 | 337-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 44 | शैलेश महतो | 33645 | 34-I | कॉलोनी नंबर-4 |
| 45 | संत लाल | 34246 | 68block-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 46 | सत्या/सत्ता सिंह | 34625 | H24-Block-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 47 | शक्ति प्रकाश | 33421 | 219/1Block-H | कॉलोनी नंबर-4 |
| 48 | श्यामलाल | 34989 | J-121 | कॉलोनी नंबर-4 |
| 49 | सोमनाथ | 32409 | 369-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 50 | सुकुमार | 34958 | 180-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 51 | सुरेंद्र, राज कुमार गुप्ता और भिवानी सरोज | 4638 | H 16-A, 37G and129-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 52 | सुरिंदर | 32101 | 329 | कॉलोनी नंबर-4 |
| 53 | विजय कुमार | 34287 | 114-EBlock-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 54 | प्रभु | 32234 | 279-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 55 | मोहरा | 32674 | 117-C | कॉलोनी नंबर-4 |
| 56 | कांति देवी | 34422 | 221-K | कॉलोनी नंबर-4 |
| 57 | राजिंदर कुमार | 34499 | 183/A | कॉलोनी नंबर-4 |
| 58 | सतपाल | 31764 | 209-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 59 | दिवाकर | 32276 | 288 | कॉलोनी नंबर-4 |
| 60 | गुरचरण सिंह | 31775 | 134-F | कॉलोनी नंबर-4 |
| 61 | श्रीमती परमीला देवी पत्नी स्वर्गीय श्री सुनील कुमार(पी-1016014) | 34196 | 254-B,Block-I | कॉलोनी नंबर-4 |
| 62 | किशन यादव | 14174 | B-271 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 63 | धर्म पाल | 21164 | 345 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 64 | राम वती | 21137 | 370 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 65 | सुभाष | 13741 | 489 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 66 | मोहम्मद तौहित | 13181 | 675 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 67 | कौशल्या | 13276 | 751 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 68 | राम प्यारी | 15482 | 1597-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 69 | विधा दिन | 21671 | 133/2-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 70 | शिया राम | 23776 | 1541-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 71 | सूरजमल | 23780 | 1570/4-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 72 | साहिद मोहम्मद | 21477 | 2067/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 73 | महादेव | 21510 | 2-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 74 | बाबू राम | 13695 | 503/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 75 | श्याम लाल | 20526 | 720/19-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 76 | राजिंदर कुमार | 20685 | K-560 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 77 | अमर कौर | 22268 | K-160 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 78 | अयोध्या प्रसाद | 15214 | 1648/12-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 79 | बद्रीनाथ | 16004 | 1717/3-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 80 | भरत शाह | 14523 | 150/72Block-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 81 | चंद्रजीत चौहान | 21879 | K-2007 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 82 | चंद्रिका प्रसाद | 20990 | 87-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 83 | घनश्याम | 19870 | 1180-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 84 | ज्ञाना देवी | 13991 | 930-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 85 | हीरा लाल | 19579 | 2695/2-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 86 | जगन्नाथ | 19164 | 1417-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 87 | जगत सिंह | 14017 | 385-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 88 | जगदीश राम | 13839 | 556-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 89 | जमुना पारसाद | 14663 | B-150/72 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 90 | जसवन्त सिंह | 20415 | 1396/7-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 91 | जियालाल | 15071 | 18Block-D | कॉलोनी नंबर-5 |
| 92 | कैलाश चंद | 22012 | 1819/K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 93 | कलावती देवी | 15478 | 1616-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 94 | कमल कुमार | 21665 | 133K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 95 | कमलेश बारी | 20396 | 743/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 96 | काफील अहमद | 13130 | 669-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 97 | लाजो | 13699 | 501-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 98 | पंछी | 14163 | B-269/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 99 | फूलचंद | 19157 | K-1341 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 100 | फूलवती | 13291 | 758-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 101 | राधा राम | 13854 | B-500 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 102 | राधे लाल | 13620 | 3736 (423 block- B) | कॉलोनी नंबर-5 |
| 103 | राज कुमार | 14897 | 78-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 104 | राज कुमार | 21175 | K-333/2 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 105 | राम चन्द्र | 13933 | 370/3-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 106 | राम प्रीत गौड | 14688 | 1048-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 107 | रमा देवी | 13273 | 769 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 108 | रमाकांत | 20382 | 2195 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 109 | राम जी | 15440 | 1619-1K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 110 | रवि शर्मा | 14144 | 262-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 111 | रोधन | 15224 | K-1647/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 112 | रुलदा राम | 13787 | 954 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 113 | सकल देव | 13360 | 806 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 114 | शम्भू | 14860 | 105-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 115 | शेर बहादुर | 22301 | K-1968 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 116 | शिव प्रकाश | 13758 | 474 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 117 | सुमन | 13425 | 896-2 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 118 | स्वर्ण सिंह | 15399 | 1631-1-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 119 | उमेश चौहान | 16091 | 1716/27 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 120 | विजय कुमार | 14165 | 270-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 121 | राम सरूप | 13514 | 410-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 122 | दशरथ सिंह | 19329 | 1773-K | कॉलोनी नंबर-5 |
| 123 | दीप चंद राम | 13519 | B-824 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 124 | अवतार सिंह | 13316 | 749-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 125 | सुरिंदर सिंह | 22279 | K-1996 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 126 | रामनरेश | 13972 | 944-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 127 | राम पाल | 15036 | 34/6 Block-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 128 | महेंदर लाल | 14199 | B-190/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 129 | श्यामू | 14366 | B-143/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 130 | बिनोद पासवान | 13750 | 482/1-B | कॉलोनी नंबर-5 |
| 131 | श्री-अरविन्दर पुत्र श्री-राज कुमार (पी-1059900) | 13058 | 1677 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 132 | श्री-श्रीराम पुत्र श्री बरसाती (पी-1217845) | 22166 | 577/1 | कॉलोनी नंबर-5 |
| 133 | शीतला प्रसाद पुत्र श्री राम दयाल | 19043 | 210-A | गुरुसागर |
| 134 | लक्ष्मी | 12086 | 55 | जनता |
| 135 | कमलजीत | 12965 | 286 | जनता |
| 136 | गुलशन कुमार पुत्र श्री फरीक चंद | 12674 | 43/A | जनता |
| 137 | राम करन | 12759 | 5625 | जनता |
| 138 | सुशीला देवी | 10057 | 125 | कुम्हार |
| 139 | राम सिंह | 12203 | 586 | कुम्हार |
| 140 | रामकली | 10950 | 501-B | कुम्हार |
| 141 | बलवीर | 11515 | 2072 | कुम्हार |
| 142 | बृजपाल | 10034 | 3151 | कुम्हार |
| 143 | कृष्णपाल | 10125 | 166 | कुम्हार |
| 144 | राजिंदर | 11091 | 612 | कुम्हार |
| 145 | रणधीर | 11520 | 2472 | कुम्हार |
| 146 | शाम बाती | 11484 | 1426 | कुम्हार |
| 147 | विजय पसमा | 17354 | C-101 | एलबीएस |
| 148 | देशराज | 17657 | C-1297 | एलबीएस |
| 149 | गणेश शाह | 17352 | 265/C | एलबीएस |
| 150 | अर्चना देवी | 17403 | 285-C | एलबीएस |
| 151 | राजिंदर गुप्ता | 17802 | C-1065 | एलबीएस |
| 152 | लालती देवी पत्नी स्वर्गीय श्री चेतन | 17693 | C-55 | एलबीएस |
| 153 | मुकेश | 17335 | C-8 | एलबीएस |
| 154 | जसवीर कौर | 17734 | F-71 | एलबीएस |
| 155 | अजित सिंह | NA | C 345/772 | एलबीएस |
| 156 | बलवंत सिंह | NA | K 665/258 | एलबीएस |
| 157 | बंत राम | NA | K-235 | एलबीएस |
| 158 | दलबीर सिंह | NA | 4236 | एलबीएस |
| 159 | दारा सिंह | NA | K878/1,67 | एलबीएस |
| 160 | दर्शन कौर | NA | 1567 | एलबीएस |
| 161 | डेविड माशी | NA | 1868 | एलबीएस |
| 162 | दीपक | 17652 | F-368 | एलबीएस |
| 163 | धन राज | NA | C851/772 | एलबीएस |
| 164 | हरि सिंह | NA | 3556 | एलबीएस |
| 165 | कैलाश | NA | 241 | एलबीएस |
| 166 | करम चंद | NA | C-792 | एलबीएस |
| 167 | मेवालाल | NA | 689 | एलबीएस |
| 168 | परमजीत कौर | NA | 2017 | एलबीएस |
| 169 | प्रेम कुमार | NA | 1546 | एलबीएस |
| 170 | राज कुमार | NA | 851 | एलबीएस |
| 171 | रामनिवास जोशी | NA | 41/1 | एलबीएस |
| 172 | श्री कृष्ण | 17262 | 255 | एलबीएस |
| 173 | सुरिंदर कुमार | 17233 | C-108 | एलबीएस |
| 174 | स्वर्णजीत कौर | 17893 | F-465 | एलबीएस |
| 175 | प्रेम देवी | 17821 | C-183 | एलबीएस |
| 176 | शिव कुमार | 36882 | 2780/2288/250 6/696 | मद्रासी |
| 177 | पप्पू | 36963 | 2340/2622 | मद्रासी |
| 178 | बुगली देवी | 37087 | 2670 | मद्रासी |
| 179 | हरिशरण सरकार | 36459 | 16/2182/2548 | मद्रासी |
| 180 | भगवान देई पत्नी स्वर्गीय श्री मुंशी लाल | 36539 | 1971 | मद्रासी |
| 181 | शाम लाल | 37227 | 2207-C | मद्रासी |
| 182 | माया देवी | 37243 | 507/1036 | मद्रासी |
| 183 | काली देवी | 35871 | 1129/1247 | मद्रासी |
| 184 | प्रकाश पासवान | 18535 | 13 | मजदूर |
| 185 | हमीदा | 31017 | 32 | नेहरू |
| 186 | किंगानी पुत्री मनेगाम | 30254 | 221 | नेहरू |
| 187 | श्रीमती-पिचमुथु विधवा स्वर्गीय श्री मनोगर (क्रमांक-1004) | 30241 | A-215/1 | नेहरू |
| 188 | रमेश | 24711 | 131-A | नेहरू |
| 189 | श्याम सुंदर | 30329 | 140/1 | नेहरू |
| 190 | श्री छतर पाल पुत्र श्री नवबत सिंह (शांति देवी) | 30180 | 184/A | नेहरू |
| 191 | कैलाश राय | 30230 | 197-2 | नेहरू |
| 192 | राजन | 30897 | 202-A | नेहरू |
| 193 | श्री चंद | 30598 | 274-A | नेहरू |
| 194 | सरोज देवी पत्नी स्व. श्री सुरिंदर पाल | 30523 | B-286/5 | नेहरू |
| 195 | अय्यास्वामी | 30268 | B362 | नेहरू |
| 196 | बृजपाल | 30219 | 354/1 | नेहरू |
| 197 | चरणजीत कौर | 30625 | B 286B | नेहरू |
| 198 Same as 187 | मनोगर (क्रमांक-282) | 30241 | A-215/1 | नेहरू |
| 199 | माया देवी | 24718 | 126/1 | नेहरू |
| 200 | प्रिया स्वामी | 30132 | A68 | नेहरू |
| 201 | राजेन्द्र | 30131 | A 69 | नेहरू |
| 202 | राम दासशर्मा | 24818 | A-160 | नेहरू |
| 203 | रमेश चंदर | 30595 | 312B | नेहरू |
| 204 | सुखल कुशवाना | 24836 | 16B | नेहरू |
| 205 | उदय राज | 24787 | 180/1A | नेहरू |
| 206 | श्रीमती-रानी पत्नी शम्मी (पी-1000762) | 30367 | 269-1 | नेहरू |
| 207 | शांति देवी पुत्री जानकी राम | 18350 | 152 | पंडित |
| 208 | भानु साद | 18164 | 53 | पंडित |
| 209 | रुस्तम अली पुत्र नजीर अहमद | NA | 261 | पीर/पलसोरा |
| 210 | भूपिंदर सिंह पुत्र श्री दिलबाग सिंह | NA | 899 | पीर/पलसोरा |
| 211 | बुंदिया बेगम | NA | 1405 | पीर/पलसोरा |
| 212 | रमज़ान खान पुत्र नरंगा | NA | 1519 | पीर/पलसोरा |
| 213 | श्रीमती-उषा रानी पत्नी स्वर्गीय श्री-प्रेम नाथ | NA | 1674 | पीर/पलसोरा |
| 214 | प्रेमा | NA | 2921 | पीर/पलसोरा |
| 215 | जानकी देवी | NA | 4047 | पीर/पलसोरा |
| 216 | धर्मपाल | NA | 5013 | पीर/पलसोरा |
| 217 | रंगी राम पुत्र कालिया राम | NA | BII37 Gawala colony | पीर/पलसोरा |
| 218 | अमरीक सिंह | NA | 3675 | पीर/पलसोरा |
| 219 | बच्चन | NA | 297 | एसबीएस/पलसोरा |
| 220 | बलविंदर | NA | 2898 | पीर/पलसोरा |
| 221 | बेका राम | NA | 1469 | पीर/पलसोरा |
| 222 | बेल मेल | NA | 3069 | पीर/पलसोरा |
| 223 | बुदयान बेगम | NA | 1405 | पीर/पलसोरा |
| 224 | चंद्रिका प्रसाद | NA | K-804/252 | पीर/पलसोरा |
| 225 | दलजीत सिंह | NA | 18 | पीर/पलसोरा |
| 226 | दश रथ | NA | 328/166 | पीर/पलसोरा |
| 227 | देव राज | NA | 3864 | पीर/पलसोरा |
| 228 | दीना नाथ | NA | 1721 | पीर/पलसोरा |
| 229 | गुरदेव सिंह | NA | C-365 | पीर/पलसोरा |
| 230 | हरि लाल | NA | C-362 | पीर/पलसोरा |
| 231 | हरनेक सिंह | NA | 937 | पीर/पलसोरा |
| 232 | जयमिल खान | NA | 3648 | पीर/पलसोरा |
| 233 | कंवलजीत कौर | NA | 956 | पीर/पलसोरा |
| 234 | करनैल कौर | NA | 716 | पीर/पलसोरा |
| 235 | किताब सिंह | NA | 1334 | पीर/पलसोरा |
| 236 | कुसमा | NA | 34 | पीर/पलसोरा |
| 237 | लखविंदर सिंह | NA | C-832 | पीर/पलसोरा |
| 238 | लक्ष्मण | NA | 858 | पीर/पलसोरा |
| 239 | लियाकत अली | NA | 1723 | पीर/पलसोरा |
| 240 | मनसाराम | NA | 24 | पीर/पलसोरा |
| 241 | मोहम्मद-सलीम | NA | 1620 | पीर/पलसोरा |
| 242 | मोहिंदर कुमार | NA | K-40 | पीर/पलसोरा |
| 243 | मुन्ना कुमार | NA | 4045 | पीर/पलसोरा |
| 244 | नानकचंद | NA | P-15 | पीर/पलसोरा |
| 245 | नंदन कुमार | NA | 203 | पीर/पलसोरा |
| 246 | नसीमा | NA | 220 | पीर/पलसोरा |
| 247 | नीना | NA | 4082 | पीर/पलसोरा |
| 248 | निर्मल राम | NA | 878 | पीर/पलसोरा |
| 249 | पाल सिंह | NA | 3557 | पीर/पलसोरा |
| 250 | परमा नंद | NA | 4047 | पीर/पलसोरा |
| 251 | परवीन कुमारी | NA | 1858 | पीर/पलसोरा |
| 252 | प्रभु नाथ | NA | C-813-1 | पीर/पलसोरा |
| 253 | प्रेम कुमार | NA | 5019 | पीर/पलसोरा |
| 254 | प्रेमा | NA | 2921 | पीर/पलसोरा |
| 255 | प्रीतम कौर | NA | 4073 | पीर/पलसोरा |
| 256 | रघु नाथ | NA | 3354 | पीर/पलसोरा |
| 257 | राज कुमार | NA | 1706 | पीर/पलसोरा |
| 258 | राजा | NA | 558 | पीर/पलसोरा |
| 259 | राजिंदर कुमार | NA | 3411 | पीर/पलसोरा |
| 260 | राजू | NA | 3494 | पीर/पलसोरा |
| 261 | राकेश | NA | 4062 | पीर/पलसोरा |
| 262 | राम चेत परशाद | NA | P-284 | पीर/पलसोरा |
| 263 | राम कुमार | NA | 283 | पीर/पलसोरा |
| 264 | राम कुमार | NA | 1080 | पीर/पलसोरा |
| 265 | राम नरेश | NA | 581 | पीर/पलसोरा |
| 266 | राम पत | NA | 1312 | पीर/पलसोरा |
| 267 | रामभूल सिंह | NA | 1951 | पीर/पलसोरा |
| 268 | रामजीत साह | NA | 3827 | पीर/पलसोरा |
| 269 | रमज़ान खान | NA | 710/1519 | पीर/पलसोरा |
| 270 | रणवीर सिंह | NA | 1745 | पीर/पलसोरा |
| 271 | रंगी राम | NA | B-II37 | पीर/पलसोरा |
| 272 | रणजीत सिंह | NA | K-167 | पीर/पलसोरा |
| 273 | रशपाल | NA | 1776/1 | पीर/पलसोरा |
| 274 | रतन चंद | NA | 12 | पीर/पलसोरा |
| 275 | रौनकी राम | NA | 2562 | पीर/पलसोरा |
| 276 | रुस्तम अली | NA | 261 | पीर/पलसोरा |
| 277 | सहदेव | NA | 3695 | पीर/पलसोरा |
| 278 | साहिबअली | NA | 3896 | पीर/पलसोरा |
| 279 | समन सिंह | NA | 3091 | पीर/पलसोरा |
| 280 | संमुगम | NA | 3010 | पीर/पलसोरा |
| 281 | सरदारा सिंह | NA | 4163 | पीर/पलसोरा |
| 282 | सरवन कुमार | NA | 185 | पीर/पलसोरा |
| 283 | सतीश कुमार | NA | 1793 | पीर/पलसोरा |
| 284 | सत्य नारायण | NA | 176/1 | पीर/पलसोरा |
| 285 | सीता लाल | NA | 3765 | पीर/पलसोरा |
| 286 | शाहिद हुसैन | NA | 201 | पीर/पलसोरा/ इंदिरा |
| 287 | शंभू शरण | NA | 3776 | पीर/पलसोरा |
| 288 | शकुन्तला | NA | k 128 | पीर/पलसोरा |
| 289 | शिव शंकर सिंह | NA | 907 | पीर/पलसोरा |
| 290 | श्री चंद | NA | 1442 | पीर/पलसोरा |
| 291 | श्याम लाल | NA | 1597 | पीर/पलसोरा |
| 292 | सिलाव रोज | NA | 2119 | पीर/पलसोरा |
| 293 | सोहन पंडित और जिंदूराम | NA | 212,K-Block | पीर/पलसोरा |
| 294 | सोहन सिंह | NA | 936 | पीर/पलसोरा |
| 295 | सुभाष सिंह | NA | 5218 | पीर/पलसोरा |
| 296 | सुखदेव सिंह | NA | 1187 | पीर/पलसोरा |
| 297 | सुखराम | NA | 2321 | पीर/पलसोरा |
| 298 | सुखदेव सिंह | NA | 4498 | पीर/पलसोरा |
| 299 | सुखविंदर सिंह | NA | 3586 | पीर/पलसोरा |
| 300 | सुखविंदर सिंह | NA | 4049 | पीर/पलसोरा |
| 301 | सुमन गुप्ता | NA | 229 | पीर/पलसोरा |
| 302 | सुरेंद्र प्रशाद | NA | 1690 | पीर/पलसोरा |
| 303 | सुरिंदर सिंह | NA | 223 | पीर/पलसोरा |
| 304 | सुरिंदर सिंह | NA | 4371 | पीर/पलसोरा |
| 305 | स्वर्ण कौर | NA | 258 | पीर/पलसोरा |
| 306 | तारा सिंह | NA | 3096 | पीर/पलसोरा |
| 307 | तुलाराम | NA | 709-1 | पीर/पलसोरा |
| 308 | विद्या | NA | 4048 | पीर/पलसोरा |
| 309 | धर्मपाल सिंह | NA | 5013 | पीर/पलसोरा |
| 310 | तरसेम सिंह | NA | 1569 | पीर/पलसोरा |
| 311 | विजय कुमार | NA | 2476 | पीर/पलसोरा |
| 322 | श्री-सोनू कुमार पुत्र श्री तारा चंद | 16540 | 141 | एसबीएस |
| 323 | मुनी लाल | NA | 68 | एसबीएस |
| 324 | नरिंदर कौर | NA | 159 | एसबीएस/पलसोरा |
| 325 | नियाज़ खान | NA | 336 | एसबीएस/पलसोरा |
| 326 | राजिंदर | NA | 10 | एसबीएस |
| 327 | रमेश कुमार | NA | 81 | एसबीएस |
| 328 | भाई लाल | NA | 83/B | एसबीएस |
| 329 | मीना | NA | 141 | एसबीएस |
| 330 | अमरजीत कौर | NA | 117 | एसबीएस |
| 331 | श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री फूल सिंह (पी 1601830 | 23672 | 15,Block-B | एसबीएस |

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | फार्म नं. | झुग्गी नं. | कालोनी | आवंटित प्री-फैब शैल्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुन्नी देवी | 12610 | 148/Block C | जनता कॉलोनी | P-59 |
| 2 | आशा राम | 4028 | 6 Block G | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-189 |
| 3 | चुटन | 4346 | 72/A Block G | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-197 |
| 4 | सुनीता/ स्वर्गीय श्री पवन कुमार (सह-आवेदक) | 10376 | 2608 | कुम्हार कॉलोनी | P-295 |
| 5 | संजय कुमार/कौशल्या (सह-आवेदक) | 12760 | 3849 | जनता कॉलोनी | P-365 |
| 6 | गुरनाम सिंह/ सनिता देवी (सह-आवेदक) | 12591 | 95 | जनता कॉलोनी | P-511 |
| 7 | सुखई राम | 4354 | 35 | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-513 |
| 8 | शारदा | 4291 | 58G | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-576 |
| 9 | बबली | 4238 | H-162 A | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-637 |
| 10 | मोहम्मद हारून/नूरजहाँ (सह-आवेदक) | 4892 | 91A L | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-662 |
| 11 | मनसा राम / जय राजी (सह-आवेदक) | 4238 | 502 Block K | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-683 |
| 12 | सुभाष/इसरो (सह-आवेदक) | 4167 | G-112 | एल.कॉलोनी नं. 4 | P-730 |
| 13 | विनोद | 10050 | 2415 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-732 |
| 14 | चरणजीत सिंह/ कुलविंदर कौर (सह-आवेदक) | 4597 | 1438 Block K | कॉलोनी नं. 4 | P-783 |
| 15 | सतीश/बबलीता (सह-आवेदक) | 11912 | 107 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-874 |
| 16 | बलदाई देवी | 11604 | 3092 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-964 |
| 17 | राजू/अनीता (सह-आवेदक) | 11118 | 466 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1157 |
| 18 | दर्शना देव/हंस राज (सह-आवेदक) | 12206 | 475 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1191 |
| 19 | चांद फूला/नीतू (सह-आवेदक) | 11171 | 2727 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1220 |
| 20 | विनोद कुमार/मीना | 11475 | 370 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1290 |
| 21 | प्याह सिंह / बबीता (सह-आवेदक) | 10369 | 2236 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1299 |
| 22 | चंदर | 11303 | 415 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1346 |
| 23 | शांति / स्वर्गीय संत राम (सह-आवेदक) | 10109 | 435 | कुम्हार कॉलोनी सेक्टर 25 | P-1508 |

तदनुसार, सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपर्युक्त 343 आवेदकों, जिनकी दावा फाइलें चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, यू.टी., चंडीगढ़ के पास लंबित हैं, की जानकारी के लिए एक सार्वजनिक सूचना और अंतिम अवसर जारी किया जाता है। लाभार्थियों की कॉलोनी-वार सूची चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **www.chbonline.in** पर उपलब्ध है।

सभी संबंधित आवेदकों से अनुरोध है कि वे चंडीगढ़ स्मॉल फ्लैट्स स्कीम, 2006 के तहत छोटे फ्लैटों के आवंटन के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, यू.टी., चंडीगढ़ से संपर्क करें। यह उक्त योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए एक बार के अवसर के रूप में प्रदान किया जा रहा है।

निर्धारित अवधि के भीतर जवाब न देने पर आवंटन में अरुचि मानी जाएगी और संबंधित दावा फाइल(फाइलें) चंडीगढ़ स्मॉल फ्लैट्स स्कीम, 2006 के प्रावधानों के तहत रद्द मानी जाएंगी।

**सहायक संपदा अधिकारी,**
**संपदा कार्यालय, चंडीगढ़**

संसद का मानसून सत्र



### इस साल 8 विमान हादसों में 274 की मौत

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में बताया कि इस साल अब तक आठ विमान हादसों में 274 लोगों की मौत हुई है। इसमें 12 जून को अहमदाबाद में हुआ एयर इंडिया विमान हादसा भी शामिल है, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई थी। मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद दुर्घटना के अलावा इस साल तीन प्रशिक्षु विमान और चार हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने कहा कि इन घटनाओं के कारणों की विस्तृत विभागीय जांच चल रही है।



# संसद फिर ठप, मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक व चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष

## विपक्ष के हंगामे के कारण नहीं चल पाई दोनों सदनों की कार्यवाही, संसद परिसर में भी प्रदर्शन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में तीन दिनों तक चली लंबी चर्चा के बाद विपक्षी दलों के नेताओं ने बृहस्पतिवार को दोनों सदनों में एक बार फिर एसआईआर का मुद्दा उठाया और नारेबाजी की। हंगामे और भारी शोरगुल की वजह दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और कोई विधायी कामकाज नहीं हो सका। कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी समेत तमाम विपक्षी पार्टियों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक लगाने और इस पर दोनों सदनों में चर्चा की अपनी मांग फिर दोहराई।

बृहस्पतिवार को लोकसभा की कार्यवाही पहले 2 बजे, फिर 4 बजे और बाद में शुक्रवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। विपक्षी सांसदों को नसीहत देते हुए बिरला ने पूछा, क्या जनता ने उन्हें चुनकर संसद में नारेबाजी करने के लिए भेजा है? बिरला ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करने से पहले कहा कि सदन मुद्दों पर चर्चा के लिए है और सदस्यों का व्यवहार उचित नहीं है। दोपहर 2 बजे सदन का संचालन कर रहे अवधेश प्रसाद ने विपक्ष से नारेबाजी नहीं करने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा नहीं रुका, जिसके बाद कार्यवाही 4 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने बृहस्पतिवार को भी संसद के मकर द्वार परएसआईआर को लेकर प्रदर्शन किया।



बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक के लिए संसद परिसर में प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद। एजेंसी

### निसार मिशन की संसद में की गई सराहना

दोनों सदनों में भारत के निसार मिशन की सरहाना की गई। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमें अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की सफलता पर गर्व है और उनके भावी अंतरिक्ष अभियानों की सफलता की कामना करते हैं। वहीं, राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने कहा कि वह अपनी और समूचे सदन की ओर से इस अभियान से जुड़े वैज्ञानिकों बधाई देते हैं।

### सड़क पर जाकर लगाइए नारे : बिरला

शाम 4 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष बिरला ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भारत पर अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क पर अपना बयान देने के लिए बुलाया। बयान समाप्त होते ही विपक्षी सदस्य आसन के पास पहुंच गए और बिहार में मतदाता सूची की गहन समीक्षा पर चर्चा की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा, अगर आप चर्चा करना चाहते हैं, तो अपनी सीटों पर बैठिए। अगर आपको नारे ही लगाने हैं तो सड़कों पर उतरें।

■ नड्डा बोले-जब हमारी बारी आई तो वाकआउट कर विपक्ष ने दिखाया डबल स्टैंडर्ड, दोनों सदनों में मुंबई हमले पर चर्चा की मांग की

# हम सबको अपमानित किया गया इसलिए किया वाकआउट : खरगे

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में सदन की कार्यवाही स्थगित होने से पहले नेता सदन जेपी नड्डा की ओर से गृह मंत्री के जवाब के दौरान वॉकआउट पर सवाल का जवाब दिया। खरगे ने कहा, हमने वॉकआउट किया, क्योंकि गृह मंत्री ने अकेले सब पर भारी हूं, कहकर हम सबको अपमानित किया। मैं मान रहा हूं कि आप भारी हो पर हम भी कम भारी नहीं हैं।

इससे पहले राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष के हंगामे के बीच कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर लंबी चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह की ओर से जवाब के समय विपक्ष वॉकआउट कर गया। लोकसभा में प्रधानमंत्री और राज्यसभा में गृह मंत्री ने जवाब दिया। विपक्षी दलों ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में चर्चा की मांग की थी, जब मौका आया तब वॉकआउट कर गई। यह डबल स्टैंडर्ड है। हम दोनों सदनों में मुंबई हमले पर चर्चा की मांग करते हैं।



राज्यसभा में नेता सदन नड्डा और विपक्ष के नेता खरगे के बीच हुई नोकझोंक।

### उच्च सदन में प्रधानमंत्री को बुलाने की मांग

राज्यसभा में भी विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर को लेकर जमकर हंगामा किया और सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। कांग्रेस, टीएमसी, राजद और द्रमुक के सदस्य सदन में एसआईआर पर चर्चा की अपनी मांग पर अड़े रहे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि विपक्ष और सत्ता पक्ष को साथ बैठकर इस मुद्दे पर फैसला करना चाहिए। लेकिन इसके कोई खास असर नहीं हुआ और विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके कारण कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर 2 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य नारे लगाने लगे और प्रधानमंत्री से सदन में आने की मांग करने लगे।

■ नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गृह मंत्री के अकेले ही निपट लूंगा, के बयान पर आपत्ति जताते हुए इसे विपक्ष सदस्यों का अपमान बताया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, डेरेक ओब्रायन समेत टीएमसी सदस्यों का व्यवहार ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मंगलवार को लोकसभा में बहस का जवाब दिया था। हालांकि, विपक्ष का हंगामा नहीं थमा, जिसके बाद कार्यवाही 4.30 बजे तक स्थगित कर दी गई।

## संसद डायरी

### पीएम मोदी ने की गृहमंत्री शाह के भाषण की तारीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में हुई चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की जमकर तारीफ की। बृहस्पतिवार को मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गृह मंत्री ने आतंकी नेटवर्कों को जड़ से उखाड़ फेंकने समेत राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित सरकार का रुख स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। शाह के भाषण का लिंक पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, राज्यसभा में गृह मंत्री का एक अभूतपूर्व भाषण। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित प्रमुख पहलुओं पर हमारी सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। ब्यूरो

### आरएसपी के प्रेमचंद्रन लोकसभा की सभापति तालिका के बने सदस्य

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेता एनके प्रेमचंद्रन को सदन की कार्यवाही संचालित करने वाले सभापतियों की तालिका में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। प्रेमचंद्रन को लोकसभा नियमावली की धारा 9 के अंतर्गत कार्यवाही की अध्यक्षता करने के लिए नामित किया गया है। प्रेमचंद्रन केरल के कोल्लम से सांसद हैं। ब्यूरो

### चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकालेगा विपक्ष

नई दिल्ली। विपक्षी पार्टियां एसआईआर के मुद्दे पर संसद के अंदर और बाहर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगी। अगले सप्ताह चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकालने के विकल्प पर भी विचार कर रही हैं। बृहस्पतिवार सुबह इंडिया गठबंधन की बैठक में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन, द्रमुक नेता टीआर बालू समेत अन्य नेता शामिल हुए। ब्यूरो

# पाकिस्तानी डीजीएमओ ने लगाई थी युद्धविराम की गुहार

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में बताया कि 10 मई को पाकिस्तानी डीजीएमओ ने युद्ध विराम के लिए भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया था। इसके बाद भारत की ओर से युद्ध विराम पर सहमति जताई गई थी।

केरल के आईयूएमएल सांसद हारिस बीरन ने सरकार से पूछा था कि क्या यह सच है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम वार्ता में किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप हुआ था? इसके जवाब में कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, तीसरे देश ने हस्तक्षेप नहीं किया था। युद्ध विराम को लेकर दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच सहमति बनी थी। ब्यूरो

**78,100 हेक्टेयर वन भूमि दूसरे काम के लिए दी मंजूरी :** राज्यसभा में एक प्रश्न का जवाब देते हुए पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2025 तक देशभर में 78,100 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को विभिन्न कामों में उपयोग की मंजूरी दी गई है। 2025 की पहली छमाही में 12,324.32 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्जन को मंजूरी दी है।

### फलस्तीन पर दो-राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन

नई दिल्ली। फलस्तीन और इस्राइल से जुड़े सवाल पर विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में बताया कि भारत ने हमेशा बातचीत के माध्यम से दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है। इसके तहत सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फलस्तीन राज्य की स्थापना शामिल है। सरकार से पूछा गया था कि क्या फलस्तीन मुद्दे पर भारत का समर्थन हमारी विदेश नीति का अभिन्न अंग रहा है? इस सवाल का जवाब देते हुए विदेश राज्यमंत्री ने कहा, फलस्तीन के प्रति भारत की नीति लंबे समय से चली आ रही है। भारत ने हमेशा बातचीत के माध्यम से दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है।



भाई को सलाह

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जब मालेगांव पर फैसले से संबंधित सवाल किया गया तो तुरंत बहन प्रियंका ने उनको कुछ जरूरी सलाह दी।

### 6.6 लाख जन शिकायतें प्राप्त 4.47 लाख का हुआ समाधान

नई दिल्ली। कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि इस साल अप्रैल से 24 जुलाई के बीच 6.6 लाख से अधिक जन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 4.47 लाख का निवारण किया जा चुका है। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग शिकायतों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए सभी मंत्रालयों, विभागों और राज्यों के साथ मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करता है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि सिविल सेवा परीक्षा में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। इसे सरकार समय-समय पर शासन की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता को और अधिक समावेशी बनाने के लिए अपनाती है। ब्यूरो



## ट्रंप का टैरिफ

अतिरिक्त टैरिफ का विरोध कर रहा उद्योग जगत चाहता है कि भारत सरकार प्रतिरोधात्मक टैरिफ के साथ-साथ नए बाजारों की खोज, एफटीए वार्ताएं तेज करने और घरेलू उत्पादन प्रोत्साहन को त्वरित प्राथमिकता दे।

# यह व्यापार नहीं, दबाव बनाने की राजनीति

## 25 फीसदी अमेरिकी टैरिफ पर भारतीय उद्योग जगत की तीखी प्रतिक्रिया

अमर उजाला नेटवर्क

मुंबई/नई दिल्ली। भारत से आयातित वस्तुओं पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाकर भारतीय निजी उद्योग जगत में तीव्र असंतोष और चिंता पैदा कर दी है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और एसोचैम जैसी शीर्ष उद्योग संस्थाओं ने निर्णय को अनुचित व एकतरफा बताते हुए भारत सरकार से अमेरिकी प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराने की मांग की है।

सीआईआई अध्यक्ष संजीव बजाज ने कहा कि इससे भारतीय कंपनियों को न सिर्फ प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान पहुंचेगा, बल्कि द्विपक्षीय निवेश संबंध भी प्रभावित होंगे। ट्रंप का फैसला न तो व्यापार संतुलन की दिशा में है और न ही द्विपक्षीय साझेदारी के हित में। सीआईआई के मुताबिक 2024 में भारत ने अमेरिका को करीब 78 अरब डॉलर मूल्य का माल निर्यात किया था, जिसमें फार्मास्युटिकल्स, इंजीनियरिंग गुड्स, ऑटो पार्ट्स और सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रमुख थीं। नए टैरिफ इन क्षेत्रों को सीधा प्रभावित करेंगे।



### उद्यमियों को वैश्विक मंच से धकेलने की कोशिश

फिक्की के महासचिव शैलेश पाठक ने ट्रंप प्रशासन के फैसले को अनुचित व पक्षपातपूर्ण व्यवहार करार दिया। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों के उद्यमियों को किनारे लगाने का यह तरीका 21वीं सदी की वैश्विक व्यापार भावना के खिलाफ है।

■ **फिक्की ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि यह रुख जारी रहा, तो भारतीय निवेशक अमेरिका में टेक, फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए निवेश से हिचकिचाएंगे।**

### यूरोप और खाड़ी देशों में अवसर खोजें

एसोचैम ने सुझाव दिया है कि भारत को अपने एक्सपोर्ट बास्केट को री-डायवर्सिफाई करना चाहिए। महासचिव दीपक सूद ने कहा कि अमेरिकी नीति अब स्थिर नहीं रही। भारत को यूरोपीय संघ, खाड़ी क्षेत्र और अफ्रीका के साथ अपने व्यापारिक रिश्ते मजबूत करने होंगे।

### आईटी और फार्मा क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित

देश की प्रमुख आईटी इंडस्ट्री संस्था नासकॉम और इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस ने कहा कि उच्च टैरिफ भारतीय सेवाओं और जेनेरिक दवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता को सीधे नुकसान पहुंचाएगा। सीईओ देवी चंद्रन ने कहा, भारतीय आईटी कंपनियां पहले से ही अमेरिकी वीजा और नियामकीय जटिलताओं से जूझ रही हैं। अब इस टैरिफ से लागत और बढ़ेगी, जिससे अमेरिका में भारतीय सेवाओं की मांग पर असर पड़ेगा। फार्मा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सन फार्मा के प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप के फैसले से अमेरिकी मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति खतरे में पड़ सकती है।

**मझोले और छोटे उद्योगों पर दोहरी मार...** फरीदाबाद, राजकोट, कोयंबटूर और पुणे जैसे औद्योगिक केंद्रों में निर्यात पर आधारित मझोले और लघु उद्यमों ने भी गहरी चिंता जताई है। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी इंडिया) के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता का कहना है कि अमेरिका को भेजे जाने वाले ऑटो कलपुर्जों और इंडस्ट्रियल मशीनरी की लागत प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएगी। इससे एमएसएमई क्षेत्र पर व्यापक असर पड़ेगा।

### उद्योग जगत एकमत

### अमेरिका के खिलाफ संतुलित पर ठोस प्रतिक्रिया दे भारत

भारतीय निजी क्षेत्र यह मानता है कि अमेरिका के टैरिफ निर्णय से सिर्फ आर्थिक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक दबाव भी बनाया जा रहा है। हालांकि उद्योग जगत यह भी चाहता है कि भारत सरकार प्रतिरोधात्मक टैरिफ के साथ-साथ नए बाजारों की खोज, एफटीए वार्ताएं तेज करने और घरेलू उत्पादन प्रोत्साहन (पीएलआई योजना) को त्वरित प्राथमिकता दे। स्पष्ट है कि भारत के उद्योग अब व्यापारिक लचीलेपन और वैश्विक विकल्पों की दिशा में निर्णायक कदम उठाने को तैयार हैं।

### भारत नहीं देगा तात्कालिक प्रतिक्रिया दीर्घकालिक रणनीति पर चलेगा

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और नेशनल फॉरेन ट्रेड काउंसिल (एनएफटीसी) से जुड़े व्यापारिक नेताओं का मानना है कि भारत इस चुनौती का सामना रणनीतिक लचीलापन और नीति-आधारित सुधारों के जरिये करेगा। यूएसआईबीसी अध्यक्ष अर्जुन मेहता ने कहा कि भारत ने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में खुद को विश्वसनीय साझेदार के रूप में स्थापित किया है। भारतीय नेतृत्व तात्कालिक प्रतिक्रिया के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर ध्यान देगा। ट्रंप के फैसले के बाद भारत संभवतः अपनी घरेलू विनिर्माण क्षमता, एफटीए वार्ताओं और वैकल्पिक निर्यात बाजारों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

# भारत में विनिर्माण से लेकर वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने की संभावना

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) समेत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप के भारत की अर्थव्यवस्था को मृत बताना गलत है, क्योंकि तथ्यों के आईने में देखें तो यह एक चमकता सितारा है। भारत विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक जगह बना हुआ है और कई अंतरराष्ट्रीय दिग्गज देश में विनिर्माण केंद्र से लेकर वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने की संभावना तलाश रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय प्रतिभा की मांग विशेष रूप से प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सबसे अधिक है और यह अमेरिका सहित अन्य देशों को सेवाओं का प्रमुख निर्यातक रहा है। कंसल्टेंसी फर्म ईवाई इंडिया ने भारत के खिलाफ ट्रंप की टिप्पणियों को अनुचित बताते हुए कहा कि वास्तव में, विश्व अर्थव्यवस्था के आकर्षण का केंद्र धीरे-धीरे ग्लोबल साउथ की ओर स्थानांतरित हो रहा है, जिसमें भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने बताया, पूर्ववर्ती विकसित अर्थव्यवस्थाएं तेजी से बूढ़ी हो रही हैं और इन अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय प्रवासियों के योगदान के कारण ही वे लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रही हैं। एजेंसी

विशेषज्ञों की राय

### मोदी खुद करें ट्रंप से बात : अमेरिकी विशेषज्ञ



न्यूयॉर्क। अमेरिका के एक पूर्व व्यापार वार्ताकार ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति हर सौदे पर अपनी मुहर लगाने पर जोर देते हैं, इसलिए इसे अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने की जरूरत पड़ सकती है। अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी फोरम के वरिष्ठ सलाहकार और पूर्व सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि मार्क लिनस्कॉट ने सुझाव दिया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी, जिनमें स्वयं ट्रंप भी शामिल हैं, पिछले कुछ हफ्तों से समझौते के संकेत दे रहे हैं। एजेंसी

### कठोर रुख चौंकाने वाला : कौशिक बसु

विश्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक बसु ने कहा कि ट्रंप का भारत के खिलाफ कठोर रुख चौंकाने वाला लगता है। यह भारत के ट्रंप का निर्विवाद समर्थक बनने का ही नतीजा है कि नई दिल्ली के प्रति अमेरिकी आर्थिक नीति ने दुर्भाग्यपूर्ण मोड़ ले लिया है। अमेरिका ने भारत के साथ बड़ा व्यापार घाटा होने का हवाला दिया है।

■ हालांकि, भारत के साथ उसका व्यापार घाटा केवल 41 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो चीन (270 अरब डॉलर) या वियतनाम जैसे छोटे देशों (113 अरब डॉलर) की तुलना में कहीं नहीं ठहरता। उन्होंने कहा, अमेरिका अब भारत को पहले से कहीं कम आंक रहा है।

### गुमराह करने वाला कदम : पवन चौधरी

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमटीएआई) अध्यक्ष पवन चौधरी ने टैरिफ को आर्थिक रूप से अदूरदर्शी और रणनीतिक रूप से गुमराह करने वाला कदम बताया। चौधरी ने सवाल उठाया कि क्या पीएम और विदेश मंत्री की तरफ से संसद में हाल में दिए गए स्पष्टीकरण की वजह से ट्रंप ने ऐसा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम के दावे को नकारने के जवाब में अगर ऐसा कदम उठाया गया है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीधी बात का जवाब दंडात्मक कार्रवाई से दिया जा रहा है।

# अमेरिकी मीडिया ने कहा, अनावश्यक व्यापारिक टकराव की शुरुआत

वॉशिंगटन/नई दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से आयातित चुनिंदा उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा ने अमेरिकी व्यापार विशेषज्ञों, मीडिया और उद्योग संगठनों के बीच एक नई बहस को जन्म दे दिया है। इसे जहां कुछ हलकों में ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति के तार्किक विस्तार के रूप में देखा जा रहा है, वहीं कई अर्थशास्त्रियों और मीडिया के बड़े वर्ग ने इसे अनावश्यक व्यापारिक टकराव की शुरुआत बताया है, जो भारत जैसे रणनीतिक साझेदार के साथ संबंधों को चुनौती में डाल सकता है। एक तरह से यह आर्थिक युद्ध का एलान है, जिसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे। एजेंसी

*वॉशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार डेविड इग्नेशियस ने लिखा कि ट्रंप प्रशासन बार-बार सहयोगियों को भी उसी कठोर लाठी से हांकने की गलती कर रहा है, जिससे वह प्रतिद्वंद्वियों को नियंत्रित करना चाहता है। भारत के खिलाफ यह कदम, उस वक्त जब चीन और रूस के बीच गठजोड़ बढ़ रहा है, रणनीतिक रूप से अमेरिका के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अखबार ने यह भी आगाह किया कि इस फैसले से भारतीय संसद में अमेरिका-विरोधी भावनाएं तेज हो सकती हैं और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) में अमेरिकी प्रभाव को चुनौती मिल सकती है।*

### न्यूयॉर्क टाइम्स : घरेलू औद्योगिक लॉबी को साधने का प्रयास

न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि यह आर्थिक रणनीति नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक सख्ती है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस निर्णय की तीखी आलोचना करते हुए लिखा है कि ट्रंप प्रशासन का यह कदम विशुद्ध रूप से राजनीतिक है, जो नवंबर 2026 के अमेरिकी मध्यावधि चुनावों से पहले घरेलू औद्योगिक लॉबी को साधने का प्रयास है। अखबार ने कहा कि भारत से आयातित फार्मास्युटिकल्स, ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग गुड्स पर टैरिफ बढ़ाने से अमेरिकी चिकित्सा और विनिर्माण उद्योगों की लागतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है।

### ब्लूमबर्ग : भारत अब वैकल्पिक बाजार तलाशेगा...

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत को चीन से इतर एक स्थिर और लोकतांत्रिक आपूर्ति श्रृंखला साझेदार मानते हुए अब तक अमेरिका ने सतर्क व्यापार नीति अपनाई थी। लेकिन 25% टैरिफ भारत को दक्षिण एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में अन्य बाजारों की ओर मोड़ सकता है। रिपोर्ट में विशेषज्ञों के हवाले से लिखा गया है कि यह कदम अमेरिका के लिए लॉन्ग टर्म स्ट्रैटेजिक लॉस में बदल सकता है।

### सहयोग बनाम टकराव का नया मोड़

ट्रंप के इस फैसले को अमेरिका-भारत संबंधों में एक मजबूत दोस्त से आर्थिक प्रतिद्वंद्वी की ओर रुख करने के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि अभी भारत की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन अमेरिकी मीडिया और थिंक टैंक इस बात को लेकर लगभग एकमत हैं कि यह फैसला अल्पकालिक राजनीतिक फायदे के लिए दीर्घकालिक कूटनीतिक साझेदारी को खतरे में डाल सकता है, इसलिए आर्थिक युद्ध के इस एलान को समय रहते दुरुस्त किया जाना चाहिए।

### वॉल स्ट्रीट जर्नल चीन के साथ भारत से भी दूरी

.वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपने संपादकीय में सवाल उठाया कि यदि अमेरिका चीन से दूरी बना रहा है और अब भारत से भी व्यापार संबंधों में तनाव ला रहा है, तो वह वैश्विक सप्लाई चेन में किस पर भरोसा करेगा? रिपोर्ट में अमेरिकी व्यापार परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स डनहम के हवाले से लिखा गया कि, भारत जैसे लोकतांत्रिक और तेजी से बढ़ते हुए बाजार को दरकिनार करना एक रणनीतिक भूल हो सकती है।

### यूएसए टुडे ने कहा-बढ़ेगी महंगाई

यूएसए टुडे और लॉस एंजिल्स टाइम्स ने ट्रंप के फैसले को घरेलू राजनीति से प्रेरित और रणनीतिक दृष्टिकोण से संकुचित कदम बताया। यूएसए टुडे ने लिखा कि फैसला अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए महंगाई बढ़ाने वाला हो सकता है। खासकर जेनेरिक दवाओं और ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में, जबकि लॉस एंजिल्स टाइम्स ने इसे ऐसे सहयोगी को किनारे लगाने की गलती बताया, जो चीन के प्रभाव को संतुलित करने में अमेरिका का स्वाभाविक भागीदार है। दोनों अखबारों ने चेताया कि टैरिफ नीति भारत के साथ दशकों से चले आ रहे भरोसे को कमजोर कर सकती है और अमेरिका की वैश्विक नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े कर सकती है।

### नॉन-मॉनेटरी ट्रेड बैरियर्स पहले ही काफी हैं

ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन के वरिष्ठ शोधार्थी जोनाथन हार्डिंग ने कहा कि भारत पर पहले से ही नॉन-मॉनेटरी ट्रेड बैरियर्स जैसे तकनीकी अनुपालन, पेटेंट बाध्यताएं और एफडीए अनुमोदन जैसी जटिलताएं लागू हैं। ऐसे में अतिरिक्त टैरिफ लगाना ओवर-कंपेन्सेशन है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार में असंतुलन बढ़ेगा और भारत में एंटी-अमेरिकन व्यापारिक भावनाएं प्रबल हो सकती हैं।

## बीएसई-100 कंपनियों में सीईओ का वेतन पांच वर्षों में 114% बढ़ा

### एऑन की रिपोर्ट...विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के प्रमुखों से करीब तीन गुना अधिक कमाते हैं वित्तीय संस्थानों के सीईओ

**नई दिल्ली।** कर्मचारियों की छंटनी के बीच कॉरपोरेट में शीर्ष स्तर पर वेतन में जबरदस्त वृद्धि हो रही है। एऑन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई की शीर्ष-100 कंपनियों में प्रमुखों का कुल फिक्स्ड वेतन पिछले पांच वर्षों में 114 फीसदी बढ़ा है। इस दौरान लंबे समय के प्रोत्साहन (एलटीआई) के बिना कंपनियों की कुल लागत (टीसीसी) में 156 फीसदी की वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, एलटीआई के साथ टीसीसी में 2019 से 108 फीसदी की तेजी देखी गई है। इससे पता चलता है कि उच्च प्रदर्शन वेतन की ओर स्पष्ट बदलाव दिख रहा है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में वेतन में काफी असमानता भी दिखाई दे रही है। उदाहरण के तौर पर, वित्तीय क्षेत्र के संस्थानों के सीईओ, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के प्रमुखों की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक कमाई करते हैं। प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता वस्तुएं और लाइफ साइंस क्षेत्र भी नेतृत्व क्षमता एवं नवाचार की बाजार मांग के कारण प्रतिस्पर्धी मुआवजा प्रदान करते हैं। ब्यूरो




■ पेशेवर सीईओ को निश्चित वेतन, कम समय का प्रोत्साहन (एसटीआई) और एलटीआई के रूप में मिश्रण वाला वेतन मिलने की अधिक संभावना होती है। *मुख्यतः विनियामक कारणों से प्रमोटर सीईओ स्टॉक लिंक्ड रिवॉर्ड के कम उपयोग के साथ निश्चित मुआवजे को पसंद करते हैं।*

### निजी कंपनियों में ज्यादा वेतन संस्थापकों को

50 फीसदी निजी कंपनियां संस्थापकों को पेशेवर सीईओ से अधिक वेतन देती हैं। इसके पीछे का प्रमुख कारण भूमिका की जटिलता और क्रॉस फंक्शनल निरीक्षण होता है। 89% कंपनियां सीईओ के वेतन वृद्धि के लिए प्राथमिक आधार के रूप में बाजार के रुझान का उपयोग करती हैं। दीर्घकालिक प्रोत्साहनों का महत्व बढ़ रहा है। उदाहरण के तौर पर स्टॉक ऑप्शन 57 फीसदी के साथ सबसे प्रचलित एलटीआई साधन है।

## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरा, 15 पैसे मजबूत

### फॉरेक्स कारोबारियों ने कहा, कुछ वापसी के बावजूद रुपया अब भी नकारात्मक दायरे में

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 15 पैसे की मजबूती के साथ 87.65 पर बंद हुआ। भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने और रूसी कच्चा तेल-हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने की अमेरिका की घोषणा के बाद आरबीआई के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया संभला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा, बुधवार को तीन साल से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट यानी 89 पैसे टूटने के बाद रुपये ने कुछ हद तक वापसी की है, लेकिन यह अब भी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.66 पर खुला। दिन में यह 87.74 और 87.51 के दायरे में रहा। छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी बढ़कर 99.84 फीसदी के स्तर पर पहुंच गया। एजेंसी

### सेंसेक्स 296 अंक टूटा, 2.57 लाख करोड़ डूबे

घरेलू शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी तेजी बृहस्पतिवार को थम गई। अमेरिका के भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद बाजार नीचे आया। सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में थोड़ा सुधरा और अंत में 296.28 अंक टूटकर 81,185.58 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 786.71 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 86.70 अंक की गिरावट के साथ 24,768.35 पर बंद हुआ।



■ सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 2.57 लाख करोड़ घटकर 449.72 लाख करोड़ रह गई।

■ सेंसेक्स के 30 में 23 शेयर गिरावट में बंद हुए। टाटा स्टील सर्वाधिक 2.20% लाभ में।

■ **चांदी 2,000 रुपये सस्ती :** दिल्ली सराफा बाजार में सोना बृहस्पतिवार को 500 रुपये सस्ता होकर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी 2,000 रुपये सस्ती होकर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

**न्यूज डायरी**

### एचयूएल को 2,768 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. (एचयूएल) को जून तिमाही में 2,768 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की तुलना में यह 5.97 फीसदी अधिक है। राजस्व 5.15 फीसदी बढ़कर 16,296 करोड़ रहा। अन्य सेगमेंट से राजस्व (निर्यात, माल व अन्य) 6.38 प्रतिशत बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। ब्यूरो

### इमामी को 164 करोड़ रुपये का फायदा

**कोलकाता।** इमामी लि. को पहली तिमाही में 164 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। एक साल पहले की तुलना में यह 9 फीसदी अधिक है। राजस्व मामूली बढ़कर 904.1 करोड़ रहा। कुल खर्च 689 करोड़ पर स्थिर रहा। विदेशी बाजारों से राजस्व योगदान 141.7 करोड़ रुपये रहा। ब्यूरो

### मारुति का लाभ मामूली बढ़कर 3,792 करोड़

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया को पहली तिमाही में 3,792 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। एक साल पहले की तुलना में यह मामूली बढ़ा है। आय बढ़कर 40,493 करोड़ रही। घरेलू बिक्री में 4.5 फीसदी गिरावट की भरपाई निर्यात में 37.4 फीसदी की मजबूत वृद्धि से हुई। एजेंसी

### डब्ल्यूजीसी की रिपोर्ट...2025 में घट सकती है आभूषणों की बिक्री, निवेश मांग बढ़ने की उम्मीद

## कीमतों में रिकॉर्ड तेजी से पांच साल में सबसे कम रह सकती है सोने की मांग

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कीमतों में रिकॉर्ड तेजी से देश में 2025 में सोने की मांग पांच साल के निचले स्तर पर पहुंच सकती है। हालांकि, इस दौरान सोने की निवेश मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, आभूषणों की कम खरीदारी से इस साल सोने की मांग 600 से 700 टन के बीच रह सकती है, जो 2020 के बाद सबसे कम है। 2024 में मांग 802.8 टन रही थी।

डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने कहा, जनवरी से जून तक सोने की कुल मांग करीब 253 टन रही। अगर कीमत के स्तर पर स्थिरता रही, तो इस साल मांग 700 टन के ऊपरी स्तर पर पहुंच सकता है। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितता और अन्य वजहों से अगर कीमतें 10-15 फीसदी बढ़ती हैं, तो सोने की मांग में गिरावट आ सकती है।

घरेलू बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक 28 फीसदी बढ़ी हैं। जून में यह 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी।

**600-700** टन रह सकती है सोने की मांग 2025 में



**28 फीसदी बढ़ चुके हैं दाम इस साल अब तक**

### दूसरी तिमाही में 10 फीसदी गिरावट

रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में सोने की मांग सालाना आधार पर 10 फीसदी घटकर 134.9 टन रही। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 149.7 टन थी। हालांकि, मूल्य के लिहाज से मांग 93,850 करोड़ से 30 फीसदी बढ़कर 1,21,800 करोड़ रुपये पहुंच गई।

**सोने का आयात 34 फीसदी घटकर 102.5 टन रहा, जबकि 2024 की समान तिमाही में 150 टन था।**

### स्वर्ण आभूषणों की मांग में 17 फीसदी की गिरावट

स्वर्ण आभूषणों की मांग दूसरी तिमाही में 17 फीसदी घटकर 88.8 टन रही। 2024 की समान तिमाही में यह 106.5 टन थी। हालांकि, मूल्य के आधार पर आभूषणों की मांग 20 फीसदी बढ़कर 80,150 करोड़ रुपये पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 66,810 करोड़ रुपये थी।

■ सोने की निवेश मांग 7 फीसदी बढ़कर 46.1 टन रही। मूल्य में यह 54 फीसदी बढ़कर 41,650 करोड़ पहुंच गई।

■ गोल्ड रिसाइकिल मांग एक फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23.1 टन रही।

### सुरक्षित संपत्ति के रूप में आकर्षण कायम

सचिन जैन ने कहा, मूल्य के हिसाब से दूसरी तिमाही में मांग बढ़ना दर्शाता है कि सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोने की मांग कायम है। ये आंकड़े उपभोक्ताओं के बीच दीर्घकालिक मूल्य भंडार के रूप में सोने के प्रति गहरी रणनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### वैश्विक स्तर पर तीन फीसदी बढ़ी मांग

डब्ल्यूजीसी के मुताबिक, सोने की वैश्विक मांग दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर तीन फीसदी बढ़कर 1,249 टन पहुंच गई। गोल्ड ईटीएफ में निवेश की मांग में महत्वपूर्ण भूमिका रही। सोने के बिस्कुट और सिक्के में निवेश भी 11 फीसदी बढ़कर 307 टन पहुंच गया।

■ दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी जारी रखी है। दूसरी तिमाही में पोलैंड, तुर्किये और अजरबैजान के केंद्रीय बैंकों ने कुल 166 टन सोने की खरीदारी की है।

## महंगाई घटने से 76.6 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने बढ़ाया खर्च, सरकारी मदद से भी मिली राहत

**नाबार्ड का सर्वे**



**नई दिल्ली।** महंगाई की चिंता कम होने से 76.6 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने अपना खर्च बढ़ा दिया है। नाबार्ड के ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं भावना सर्वे (आरईसीएसएस) के मुताबिक, ग्रामीण आर्थिक स्थिति में तेजी के संकेत मिल रहे हैं। 78.4 फीसदी से अधिक परिवारों का मानना है कि मौजूदा महंगाई दर 5 फीसदी या उससे कम है, जो बेहतर मूल्य स्थिरता को दर्शाता है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के मुताबिक, ग्रामीण महंगाई मार्च के 3.25 फीसदी से कम होकर अप्रैल में 2.92 फीसदी और मई में 2.59 फीसदी रह गई। खाद्य महंगाई भी घटकर 1.36 फीसदी रह गई, जिससे वित्तीय सेहत सुधरी है। 20.6 फीसदी परिवारों ने कहा, उनकी बचत अधिक हो रही है। 52.6 फीसदी लोग ऐसे हैं, जिन्होंने सिर्फ औपचारिक संस्थानों से कर्ज लिया है। सर्वे में कहा गया है कि कर्ज के विभिन्न अनौपचारिक स्रोतों में मित्रों और रिश्तेदारों का हिस्सा साहूकारों से अधिक रहा। आशावाद के संबंध में 74.7 फीसदी लोगों को अगले वर्ष आय में वृद्धि की उम्मीद है। 56.2 फीसदी से अधिक लोगों को अल्पावधि में बेहतर रोजगार मिलने की उम्मीद है। सर्वे में कहा गया है, ये निष्कर्ष ग्रामीण भारत में बढ़ती आय, बढ़ते वित्तीय समावेशन और बढ़ते घरेलू आशावाद की उत्साहजनक तस्वीर पेश करते हैं। आय और खर्च के स्तर को केंद्र एवं राज्यों दोनों की ओर से कई राजकोषीय हस्तांतरण योजनाओं से मजबूती मिल रही है। इनमें भोजन, बिजली, रसोई गैस, खाद सब्सिडी और स्कूल की जरूरतों के लिए सहायता शामिल हैं। एजेंसी

### डीएलआई : 23 चिप डिजाइन परियोजनाओं को मंजूरी की घोषणा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलाई) योजना के तहत वित्तीय मदद के लिए 23 चिप डिजाइन परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा की है। यह पहल 76,000 करोड़ रुपये के सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य चिप डिजाइन में लगे स्टार्टअप, एमएसएमई व शैक्षणिक संस्थानों को सशक्त बनाकर सेमीकंडक्टर तंत्र को मजबूत करना है। एजेंसी

## राजकोषीय घाटा लक्ष्य का 17.9 फीसदी, खर्च 12.2 लाख करोड़

**सरकार का राजकोषीय घाटा 2025-26 में जीडीपी का 4.4 फीसदी रहने का अनुमान**

**नई दिल्ली।** केंद्र का राजकोषीय घाटा जून के अंत में पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 17.9 फीसदी रहा। बीते वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में यह 2024-25 के बजट अनुमान का 8.4 फीसदी था।

महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मूल्य के हिसाब से राजकोषीय घाटा या सरकार के खर्च और कमाई के बीच का अंतर जून तिमाही में 2,80,732 करोड़ रुपये था। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 फीसदी या 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा।

जून तिमाही में केंद्र का शुद्ध कर राजस्व 5.4 लाख करोड़ या कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान का 19 फीसदी था। इस दौरान कुल खर्च 12.22 लाख करोड़ रुपये या बजट अनुमान का 24.1 फीसदी रहा। एजेंसी

**देश**

**न्यूज डायरी**

### ओडिशा : मोदी के जन्मदिन पर लगेंगे 75 लाख पौधे

**भुवनेश्वर।** 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर ओडिशा सरकार ने राज्य में 75 लाख पौधे लगाने का ऐलान किया है मुख्यमंत्री मोहन माझी ने कहा कि यह एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीएम को जनता की ओर से उपहार होगा। इस साल 5 जून से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में ओडिशा ने 7.5 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। एजेंसी

### अमेरिका को पाक में तेल मिलने का भ्रम : थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान में तेल खोजने के बारे में वाशिंगटन को कुछ भ्रम हो सकता है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने संसद भवन परिसर में कहा, एक समय में हम सब एक देश थे। मैंने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं देखी है कि आज के पाक में बहुत सारा तेल मिला हो, लेकिन अमेरिकी देखना चाहते हैं तो उन्हें देखने दीजिए। एजेंसी

### पटना एम्स में आनंद मोहन के बेटे से मारपीट

**पटना।** बिहार में पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन के बेटे एवं विधायक चेतन आनंद के साथ पटना एम्स में मारपीट की गई है। उन्हें बंधक बनाया गया। चेतन आनंद बुधवार रात 12 बजे अपने एक परिचित मरीज को देखने एम्स पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल के प्रवेश द्वार पर गार्ड से कहासुनी हो गई। गार्ड हाथापाई करने लगा। मारपीट होते अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। गार्ड ने वीडियो बना रहे लोगों का मोबाइल छीन लिया और मारपीट की। ब्यूरो

### झगड़े में धक्का लगने से दादी की मौत, बहू ने फंदा लगाया

**बदायूं।** नगला डल्लू गांव में गृहकलह में एक ही परिवार की दो महिलाओं की जान चली गई। दीपक और उनकी पत्नी सपना (28) के बीच विवाद हो गया। दादी गंगा देवी (90) सुलह कराने पहुंच गईं। एक तेज धक्का लगने से गंगा जमीन पर गिर गईं। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे सपना अचानक गंगा देवी के शव के पास से उठी और कमरे में चली गई और दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। संवाद

## टैरिफ वार : अमेरिका से एफ-35 फाइटर जेट नहीं खरीदेगा भारत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद भारत सरकार ने अमेरिकी स्टिल्थ फाइटर जेट एफ-35 खरीदने की किसी भी योजना से इन्कार कर दिया है। ब्लूमबर्ग ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

गोपनीयता की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार ने अमेरिका को बता दिया है कि वह एएफ-35 समेत निकट भविष्य में उससे कोई भी बड़ी रक्षा खरीद नहीं करने जा रही है। इन अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत रक्षा खरीद में हथियारों के संयुक्त विकास, तकनीक के हस्तांतरण, भारत में निर्माण और आत्मनिर्भरता जैसी शर्तों को प्राथमिकता देता रहेगा।

लंबे समय से अमेरिकी रक्षा अधिकारी यह संकेत देते रहे हैं कि इस वर्ष फरवरी में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच वार्ता में इन विमानों को खरीदे जाने की बात हुई थी। ट्रंप ने मीडिया के सामने भी भारत को एफ-35 बेचने के प्रस्ताव की बात कही थी। लेकिन भारत ने कभी इसके लिए हामी नहीं भरी। उस समय दोनों देशों के बीच अगले पांच सालों में द्विपक्षीय कारोबार 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने और इसके लिए अमेरिका से बड़ी मात्रा में रक्षा खरीद की बात कही गई थी। इसी के तहत ट्रंप ने एफ-35 विमान भारत को बेचने का प्रस्ताव दिया था। भारत ने हाल के समय में अमेरिका से रक्षा खरीद बढ़ाई है और इनमें एमएच 60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर और पी-8आई समुद्री निगरानी विमान शामिल हैं। इसके बावजूद भारत ने अमेरिका से उच्च तकनीक वाली खरीद करने में तब तक अनिच्छा जताई जबतक भारत में निर्माण की शर्त न पूरी हो। ब्यूरो

## एसपी गोयल बने उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव

### निवर्तमान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिलने की अटकलों पर लगा विराम



**लखनऊ।** राज्य सरकार ने 1989 बैच के आईएएस अधिकारी एसपी गोयल को प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया है। उन्होंने बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे निवर्तमान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से कार्यभार ग्रहण किया।

कई दिनों से सिंह को सेवा विस्तार मिलने की अटकलें लग रही थीं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार ने इस बाबत केंद्र सरकार को पत्र भी भेजा था। हालांकि देर शाम उनकी जगह एसपी गोयल की नियुक्ति होने के बाद सभी अटकलों पर विराम लग गया।

गोयल सीएम के अपर मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके पास नागरिक उड्डयन, राज्य संपत्ति एवं प्रोटोकॉल विभाग की जिम्मेदारी भी थी। अब उन्हें मुख्य सचिव के पद पर तैनात करने के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, अध्यक्ष पिकप, यूपीडा एवं उपशा का मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा यूपीडास्प के निदेशक पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। ब्यूरो

### टीसीएस कर्मियों की छंटनी पर कारण बताओ नोटिस

**बंगलूरू।** कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड ने बृहस्पतिवार को कहा कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) से बड़े पैमाने पर छंटनी के पीछे का कारण बताने को कहा है। मंत्री ने कहा, टीसीएस के अधिकारियों को सिर्फ कारण जानने के लिए परामर्श हेतु बुलाया है। सनराइज इंडस्ट्रीज को श्रम कानूनों से छूट दी गई है, लेकिन कुछ शर्तें जुड़ी हैं।

वे किसी को नौकरी से निकालना चाहते हैं, तो उन्हें हमें जानकारी देनी होगी। दरअसल, टीसीएस ने संकेत दिया है कि वह इस साल 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने वाली है। इनमें से अधिकांश मध्यम और वरिष्ठ ग्रेड के कर्मचारी होंगे। बता दें, कर्नाटक राज्य आईटी/ आईटीईएस कर्मचारी संघ (केआईटीयू) ने बड़े पैमाने पर छंटनी पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अतिरिक्त श्रम आयुक्त जी मंजूनाथ के समक्ष टीसीएस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। लाड ने कहा कि टीसीएस और अन्य कंपनियों को बुलाने के पीछे अन्य कारण यह भी था कि उन्हें बताया जा सके कि सरकार प्रतिदिन नौ से 10 घंटे काम करने के उनके अनुरोध को स्वीकार नहीं कर रही है। एजेंसी

## मालेगांव विस्फोट मामले में भागवत को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया था : पूर्व एटीएस अफसर

**कहा, आदेश का मकसद 'भगवा आतंकवाद' को स्थापित करना था**

**पुणे।** मालेगांव विस्फोट मामले की जांच करने वाले महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के एक पूर्व पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया था। भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर सहित सभी सात आरोपियों को बरी करने के निचली अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त निरीक्षक महबूब मुजावर ने कहा कि भागवत को गिरफ्तार करने के आदेश का उद्देश्य 'भगवा आतंकवाद' को स्थापित करना था। उन्होंने सोलापुर में कहा कि अदालत के फैसले ने एटीएस के 'फर्जीवाड़े' को नकार दिया है।

शुरू में एटीएस ने मामले की जांच की थी, लेकिन बाद में इसे एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया। मुजावर ने एक वरिष्ठ अधिकारी का नाम लेते हुए कहा, इस फैसले ने एक फर्जी अधिकारी द्वारा की गई फर्जी जांच को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में हुए विस्फोट की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा थे, जिसमें छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे। एजेंसी

***मेरा 40 साल के कॅरिअर को बर्बाद कर दिया :*** *मुजावर ने कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि एटीएस ने उस समय क्या जांच की और क्यों, लेकिन मुझे राम कलसांगरा, संदीप डांगे, दिलीप पाटीदार और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जैसी हस्तियों के बारे में कुछ गोपनीय आदेश दिए गए थे। ये सभी आदेश ऐसे नहीं थे कि उनका पालन किया जा सके। मुजावर ने कहा कि दरअसल, उन्होंने उनका पालन नहीं किया क्योंकि उन्हें हकीकत पता थी। उन्होंने आरोप लगाया, मोहन भागवत जैसी बड़ी हस्ती को पकड़ना मेरी क्षमता से परे था। चूंकि मैंने आदेशों का पालन नहीं किया, इसलिए मेरे खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया और इसने मेरे 40 साल के करियर को बर्बाद कर दिया। पूर्व पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनके पास अपने दावों के समर्थन में दस्तावेजी सबूत हैं। उन्होंने कहा, कोई भगवा आतंकवाद नहीं था। सब कुछ फर्जी था।*

### मणिपुर: एनआईए ने जिरीबाम हत्याकांड के आरोपी को असम से गिरफ्तार किया

**गुवाहाटी।** मणिपुर के जिरीबाम हत्याकांड में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने असम की कछार पुलिस के साथ मिलकर जिले के दिलखोश ग्रांट स्थित मोइनाथोल गांव निवासी थांगलिएनलाल हमार उर्फ बोया को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने छापे मार कर हमार को गिरफ्तार किया, जो इस सुनियोजित हमले में कथित संलिप्तता के कारण एजेंसी के रडार पर था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक थांगलिएनलाल हमार ने पीड़ितों के अपहरण और बाद में हत्या में अहम लॉजिस्टिक (साजो-सामान) उपलब्ध कराने में भूमिका निभाई थी। जिरीबाम जिले में पिछले साल छह मैतेई लोगों (जिसमें एक शिशु भी शामिल था) की निर्मम हत्या कर दी गई थी। ब्यूरो

### हत्या मामले में आरएसएस के पूर्व पदाधिकारी को उम्रकैद

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले की एक सत्र अदालत ने वर्ष 2018 में एकल विद्यालय के संरक्षक अवधेशानंद महाराज की हत्या के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक उत्तम गिरि को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला न्यायाधीश रूपा गुप्ता ने गिरि (30) को अवधेशानंद महाराज की नृशंस हत्या का दोषी पाया। अदालत के आदेश के अनुसार, मामले में सभी साक्ष्य इस बात की ओर इशारा करते हैं कि आरोपी ने रंजिश के चलते अवधेशानंद महाराज पर चाकू से 30 से 40 बार वार कर उनकी बेरहमी से हत्या की थी। एजेंसी

### 50 लाख रिश्वत मांगने के आरोप में राज्यकर अधिकारी निलंबित

**मुजफ्फरनगर।** उद्यमी राजेश जैन से 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में शासन ने राज्यकर अधिकारी एसआइबी हिमांशु लाल को निलंबित कर दिया। आरोपी अधिकारी को आदेश तामील कराते हुए उनका संबंद्धीकरण झांसी कर दिया गया। ज्वाइंट कमिश्नर एसआइबी सिद्धेष चंद्र दीक्षित ने राज्यकर अधिकारी के निलंबन की पुष्टि की है। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से जुड़े उद्यमियों ने बुधवार को सिटी सेंटर मार्केट स्थित जीएसटी कार्यालय पर पहुंचकर हंगामा किया था। ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी सिद्धेष दीक्षित की मौजूदगी में आईआईए अध्यक्ष अमित जैन ने आरोप लगाया था कि एसोसिएशन से जुड़े उद्यमी को एक सप्ताह से परेशान किया जा रहा था। राज्यकर अधिकारी एसआइबी की ओर से उद्यमी को छापे की धमकी भी दी गई थी। संवाद

## छोटी-छोटी बातों पर दर्ज हो रहे आपराधिक मुकदमे, कमजोर होती विवाह संस्था : हाईकोर्ट

### कहा-संबंधियों के लिए भी असहनीय पीड़ा का कारण हैं शिकायतें

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक जीवन में छोटी-छोटी बातों पर आवेश में दर्ज कराए जा रहे आपराधिक मुकदमों से विवाह संस्था कमजोर पड़ रही है। बिना विचार-विमर्श के दर्ज कराई जा रही शिकायतें न केवल शिकायतकर्ता और आरोपी, बल्कि उनके निकट संबंधियों के लिए भी असहनीय पीड़ा का कारण बनती हैं। सहारनपुर से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने उक्त टिप्पणी की।

सहारनपुर निवासी शारिक मियां और तीन अन्य पर महिला थाने में दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। शिकायतकर्ता ने पति, ननद और भौजाई को आरोपी बनाया है। सभी आरोपियों की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमे की संपूर्ण कार्यवाही को रद्द करने की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की गई। साथ ही अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति माफ करने की भी मांग की गई। विवाद की प्रकृति को देखते हुए कोर्ट ने मुकदमा रद्द करने से इन्कार करते हुए निर्देश दिया कि यदि आवेदकों की ओर से ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति को माफ करने का आवेदन दायर किया जाता है तो संबंधित अदालत आवेदकों की व्यक्तिगत उपस्थिति को माफ कर दे। उन्हें वकील के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति दे। संवाद

***आपराधिक मामला लंबित होने पर भी अनुकंपा नियुक्ति से नहीं कर सकते इन्कार : हाईकोर्ट***

*हाईकोर्ट ने कहा कि केवल आपराधिक मामला लंबित होने के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति से इन्कार नहीं किया जा सकता है। नियोक्ता को नियुक्ति देने के लिए विवेक का उपयोग निष्पक्ष रूप से करना चाहिए। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने महेश कुमार चौहान की याचिका स्वीकार कर ली। देवरिया निवासी याची के पिता की सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। याची ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए संबंधित विभाग में अर्जी दाखिल की।*

### भारत सौर ऊर्जा का बड़ा उत्पादक, जापान को पछाड़ा : जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़कर तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत ने 1,08,494 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है। जापान ने 96,459 गीगावाट घंटा सौर ऊर्जा का उत्पादन किया है। भारत ने सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ दिया है। अब यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की बदौलत भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा क्रांति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा। एजेंसी

## मोदी कल वाराणसी को देंगे 2,200 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**अपने संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ी परियोजनाओं की करेंगे शुरुआत**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में करीब 2,200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास और सांस्कृतिक विरासत सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। इनका उद्देश्य वाराणसी में समग्र शहरी परिवर्तन, सांस्कृतिक कायाकल्प, बेहतर संपर्क और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करना है।

मोदी वाराणसी-भदोही और छितौनी-शूल टंकेश्वर सड़कों को चौड़ा और मजबूत करने की परियोजना और मोहन सराय-अदलपुरा रोड पर भीड़भाड़ कम करने के लिए हरदत्तपुर में एक रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करेंगे। बयान में कहा गया है कि वह दालमंडी, लहरतारा-कोटवा, गंगापुर, बाबतपुर सहित कई ग्रामीण और शहरी गलियारों में व्यापक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और लेवल क्रॉसिंग 22सी और खालिसपुर यार्ड पर रेल ओवरब्रिज की आधारशिला रखेंगे। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए, प्रधानमंत्री स्मार्ट वितरण परियोजना के तहत विभिन्न कार्यों और 880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले बिजली के बुनियादी ढांचे को भूमिगत करने की आधारशिला रखेंगे। ब्यूरो

# कार्यालय टॉस्क फोर्स सेनानायक, 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद

फोन/ फैक्स0120-2767021 सीयूजी - 919454400373 ईमेल - compac47@ up.nic.in वेब - uppolice.up.nic.in

पत्रांकः भ-07/2025 दिनांकः जुलाई, 31, 2025

## निविदा विस्तार विज्ञप्ति

टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद मे 23 x 30 मीटर के लोहे की फेमिगं का एक टिन शेड बहुउद्देशीय हॉल मय टाईलस का निर्माण के लिये दिनांक 4-08-2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक पुनः टेण्डर आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक भ- 07/ 2025
दिनांक जुलाई 31, 2025

सेनानायक
टॉस्क फोर्स 47वीं पीएसी
गाजियाबाद ।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बुकलाना, बुलंदशहर (उ०प्र०)

## कक्षा 11वीं ( विज्ञान और वाणिज्य) में दाखिला लेने हेतु सूचना

यह सूचित किया जाता है कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बुकलाना, जनपद बुलन्दशहर ( उत्तर प्रदेश ) में कक्षा 11वीं ( शैक्षणिक सत्र 2025-26 ) में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी पाठ्यक्रम, चयन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर विज़िट कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी https://forms.gle/aHCwZuRYKVKNUeev6 लिंक का उपयोग कर सकते हैं, या विद्यालय से सीधे आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। **आवेदन पत्र जमा करने कि अंतिम तिथि 10.08.2025 है।**

(पी.के.रॉय)
प्राचार्य

# उत्तर रेलवे

## ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 और रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2024/RS(G)/779/7(E3471089) दिनांक 13.08.2024, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर कम्पार्टमेंट और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 06.08.25 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 tonnes) on round trip basis in each train – 12454/12453, 20408/20407 |
| 2. | 07.08.25 को 10:30 बजे | 03256 (F1), 12034 (F1), 12457 (F1, F2 & R1) , 12497 (F1), 12820 (F1), 12874 (F1), 12876 (F1), 12878 (F1), 12963 (F1), 14164 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 14679 (F1), 14681 (F1), 22429 (F1) |
| 3. | 08.08.25 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12005 (F1), 12011(F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12057 (F1), 12191 (F1, F2), 12215 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 12816 (F1), 12818 (F1), 12826 (F1), 14053 (F2 & R1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 4. | 12.08.25 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12428 (F1), 12448 (F1), 12524 (F1), 12802 (F1), 14087 (F1, F2 & R1), 14731 (F1), 20452 (F1), 20958 (F1), 22210 (F1), 22472 (F1, F2 & R1) |

**महत्त्वपूर्ण सूचनाः 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
**2.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **2334/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कार्यालय संयुक्त निदेशक
# अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ, हापुड

पत्रांक 418 / निविदा / कच्चा माल / 2025-26 दिनांक 28/07/2025

## ई-निविदा सूचना

अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ़, हापुड़ पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में साँड राशन हेतु निम्न विवरण के अनुसार कच्चे माल को क्रय किए जाने सम्बन्धी ई - निविदा आमन्त्रित की जाती है। निम्न सामग्री का निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की ई - निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 30.07.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 27.08.2025 के अपरान्ह 05:00 बजे तक ई-टेण्डर द्वारा सबमिट की जाएगी। दिनांक 28.08.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे ई - निविदा की तकनीकी बिड कार्यालय संयुक्त निदेशक, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र बाबूगढ़, हापुड़ पर समिति के समक्ष खोली जाएगी।

### निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी का संक्षिप्त विवरण

| क्र०सं० | कच्चे माल का विवरण | कच्चा माल क्रय की अनुमानित मात्रा | क्रय किए जाने वाले कच्चे माल की अनुमानित कीमत (रू0) | अर्नेस्ट मनी (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रू0 ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मक्का (पीली) | 56000 किग्रा0 | 1346800.00 | रू0 14000-00 | 2000.00+18 प्रतिशत जीएसटी |

भवदीय
(डा० संजीव कुमार)
संयुक्त निदेशक
अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र
बाबूगढ, हापुड ।

# कार्यालय संयुक्त निदेशक
# अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ, हापुड

पत्रांक 417 / निविदा / कच्चा माल / 2025-26 दिनांक 28/07/2025

## ई-निविदा सूचना

अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ़, हापुड़ पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में साँड राशन हेतु निम्न विवरण के अनुसार कच्चे माल को क्रय किए जाने सम्बन्धी ई - निविदा आमन्त्रित की जाती है। निम्न सामग्री का निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 30.07.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 27.08.2025 के अपरान्ह 05:00 बजे तक ई-टेण्डर द्वारा सबमिट की जाएगी। दिनांक 28.08. 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे ई - निविदा की तकनीकी बिड कार्यालय संयुक्त निदेशक, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र बाबूगढ़, हापुड़ पर समिति के समक्ष खोली जाएगी।

### निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी का संक्षिप्त विवरण

| क्र०सं० | कच्चे माल का विवरण | कच्चा माल क्रय की अनुमानित मात्रा | क्रय किए जाने वाले कच्चे माल की अनुमानित कीमत (रू0) | अर्नेस्ट मनी (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रू0 ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जौं | 28000 किग्रा0 | 666400.00 | रू0 7200-00 | 1300.00+18 प्रतिशत जीएसटी |

भवदीय
(डा० संजीव कुमार)
संयुक्त निदेशक
अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र
बाबूगढ, हापुड ।

Government of Jharkhand

# Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative

(Animal Husbandry Division)
Jharkhand Ranchi

## *"Corrigendum"*

***e-Tender No. 01/2025-26 Published by PR No. 357505 Animal Husbandry (2025-26)_D***

This is with reference to Tender notice published for ***Selection of Insurance Intermediaries to provide Technical and Operational Support and Overseeing effective implementation of Jharkhand Livestock and Poultry Insurance Scheme through Nationalized Insurance Company under Mukhya Mantry Pashudhan Vikas Yojna (MMPVY).*** In the Pre-Bid Meeting, comments and suggestions received from the participated Intermediary Insurance Agency/Broker, the following improvements/amendments were considered in the published N.I.T. (Tender Document) :-

1. **Table Part A & B Sl. No- 02 (Work Experience in Insurance field Livestock & Poultry):-**
   - **Previous Requirement:** Working in Livestock & Poultry field for minimum 03 (Three) years (Under the Govt. Sponsored Scheme).
   - **Clarified Requirement:** Working in Livestock or Poultry field for minimum 03 (Three) years.
2. **Eligibility Criteria Sl. No.- 01 (Proof of Experience in Livestock and Poultry Field):-**
   - **Previous Requirement:** Insurance Intermediary should have been working in Livestock and Poultry field for a period of minimum 03 (Three) years (Copy of License to be provided).
   - **Clarified Requirement:** Insurance Intermediary should have been working in Livestock or Poultry field for a period of minimum 03 (Three) years (Proof for Experience to be provided).
3. **(A) Technical Evaluation Criteria Sl. No.- 03 (Number of Livestock/Poultry Insured):-**
   - **Previous Requirement:** Number of Livestock/Poultry insured over the years (Average of three years).
   - **Clarified Requirement:** Total number of Livestock or Poultry insured in three years.
4. **(A) Technical Evaluation Criteria Sl. No.- 04 (Number of Livestock/Poultry Claims Settled):-**
   - **Previous Requirement:** Number of Livestock/Poultry claims settled over the years.
   - **Clarified Requirement:** Total number of Livestock or Poultry claims settled in three years.
5. **(A) Technical Evaluation Criteria Sl. No.- 05 (Weightage of Marks for Office in Jharkhand):-**
   - **Previous Requirement:** Weightage of marks for having offices in Jharkhand is 1 marks per office for upto four offices (in different districts). For five to fourteen offices its 10 marks and for fifteen or more offices in Jharkhand its 15 marks.
   - **Modified Requirement:** Weightage of marks regarding office in Jharkhand is modified as 10 marks for one office and 15 marks for more than one office in Jharkhand.

Other than above points, in heading of Part-A and Background of Part-B of document it has been mentioned that insurance scheme through nationalized Insurance Company under MMPVY, but in the NIT document, Nationalized insurance word has not been mentioned.

So, regarding this it is to clarify that Insurance Scheme will be only through registered Insurance Company

But for the above changes all other terms and condition cited on tender notice remains same.

**Director,**
Animal Husbandry

PR 358645 Animal Husbandry (25-26)_D

118 शहरों की ख़बरें लगातार
amarujala.com

ख़बरें पढ़िए मोबाइल पर
amarujala.com

# कार्यालय संयुक्त निदेशक
# अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ, हापुड

पत्रांक 416 / निविदा / कच्चा माल / 2025-26 दिनांक 28/07/2025

## ई-निविदा सूचना

अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, बाबूगढ़, हापुड़ पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में साँड राशन हेतु निम्न विवरण के अनुसार कच्चे माल को क्रय किए जाने सम्बन्धी ई - निविदा आमन्त्रित की जाती है। निम्न सामग्री का निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की ई- निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 30.07.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 27.08.2025 के अपरान्ह 05:00 बजे तक ई-टेण्डर द्वारा सबमिट की जाएगी। दिनांक 28.08.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे ई - निविदा की तकनीकी बिड कार्यालय संयुक्त निदेशक, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र बाबूगढ़, हापुड़ पर समिति के समक्ष खोली जाएगी।

### निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी का संक्षिप्त विवरण

| क्र० सं० | कच्चे माल का विवरण | कच्चा माल क्रय की अनुमानित मात्रा | क्रय किए जाने वाले कच्चे माल की अनुमानित कीमत (रू0) | अर्नेस्ट मनी (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य कर सहित (रू0 ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डी ऑयल्ड राईस ब्रान (डी०ओ०आर०बी० ) | 14000 किग्रा0 | 308000.00 | रू0 3600-00 | 600.00+18 प्रतिशत जीएसटी |

भवदीय
(डा० संजीव कुमार)
संयुक्त निदेशक
अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र
बाबूगढ, हापुड ।

# पूर्व रेलवे

## शुद्धिपत्र

**निविदा सूचना सं. (i) ई–निविदा सं. एईएनशॉप–पीयू–आरसीसी–25–26–एलएलएच और (ii) एईएनशॉप–पीयूफ्लोर–25–26–एलएलएच, अंतिम तिथि 14.08.2025 को 12.00 बजे के संबंध में** शुद्धिपत्र, जो पूर्व में मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा प्रकाशित की गई थीं, उक्त निविदाओं के संबंध में निम्नलिखित कार्यों के लिए एक शुद्धिपत्र जारी किया गया है एवं वेबसाइट पर अपलोड किया गया है: **कार्य का नामः** (i) सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में वर्धित सामग्री प्रवाह के लिए उन्नत जिग्स और फिक्सचर एवं पीयू कोटेड शॉप फ्लोर के साथ विभिन्न कोच कंपोनेंट के लिए आधुनिक ओवरहॉलिंग सुविधा के विकास के लिए खुली ई-निविदा और (ii) सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अंतर्गत लिलुआ वर्कशॉप के कोच कंपोनेंट शॉप और बोगी सेक्शन में मौजूदा कंक्रीट फ्लोरिंग पर 12 मिमी. मोटे पीयू फ्लोरिंग का सुरक्षात्मक कोट प्रदान करते हुए कंक्रीट फ्लोरिंग में सुधार के लिए खुली ई–निविदा। निविदा की अंतिम तिथि और समयः 14.08.2025 को 12.00 बजे। वेबसाइट जहाँ एक शुद्धिपत्र-1 के साथ प्रत्येक के लिए निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध हैः **www.ireps.gov.in**

MISC-150/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# रेल पहिया कारखाना/बेला
जिला–सारण, (बिहार)–841221

**ई–निविदा संख्या :– एसएफइएस–25**

उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दोहरी पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि** : 6 महीनों में रेल व्हील प्लांट/बेला, सारण (छपरा) बिहार में "3 इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (प्रत्येक की क्षमता–20 टन) के लिए पूर्ण सेकेंडरी फ्यूम एक्सट्रैक्शन सिस्टम (एसएफईएस) उपकरण के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग" कार्यों के लिए परामर्श अनुबंध, जिसमें सिविल स्ट्रक्चरल कार्य, इलेक्ट्रिक्स के साथ उचित डक्टिंग, कुल टर्नकी आधार पर इंस्ट्रूमेंटेशन शामिल है।, **2. अनुमानित लागत :** ₹ 6861700.00, **3. निविदा दस्तावेज की लागत** : ₹ 5000.00, **4. बोली प्रतिभूति की राशि :** ₹ 137300.00, **5. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 29.08.2025 को 15.00 बजे।, **6.** वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है : पूर्ण विवरण और टेंडर / बोली प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। उपरोक्त निविदा के संबंध में परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/रद्दीकरण सहित अद्यतन के लिए निविदाकर्त्ता (ओं)/बोलीदाता (ओं) को IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** से जुड़े रहने के लिए निर्देशित किया जाता है।

उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला
आर.डब्ल्यू.पी. /सी.पी.आर.ओ. /ए.डी.भी.टी. /2025–26 /47

# कार्यालय ग्राम पंचायत समसपुर, विकास खण्ड खुर्जा

पत्रांक मीमो / ग्रा0पं0 / पं०स०नि० / 2025-26 दिनांक 24/7/2025

## -:: विज्ञप्ति :-

जिलाधिकारी महोदया, बुलन्दशहर के कार्यालय पत्रांक 1827 / पं० / पं० सहा0 / 2025-26 दिनांक 23.07.2025 एवं निदेशक पंचायती राज उ०प्र० लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप-6/2222/2018-6/20811/2024-25 दिनांक 17.12.2024 एवं शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3-2021-989 दिनांक 25.07.2021 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायत समसपुर विकास खण्ड खुर्जा में पंचायत सहायक / एकाउन्टेन्ट कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 01.08.2025 से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07.08.2025 है।

**नियम व शर्ते निम्न प्रकार हैं:-**

- ➢ न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमिडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी।
- ➢ आवेदक की आयु 31 जुलाई, 2025 को 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होगी। अनु०जाति, अनु० जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।
- ➢ आवेदक उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा।
- ➢ पंचायत राज अधिनियम में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत समसपुर का पद अनारक्षित है।
- ➢ शासन द्वारा निर्धारित मानदेय रू0 6000/- प्रति माह ग्राम पंचायत द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से दिया जायेगा।
- ➢ ग्राम पंचायत में कोविड-19 से मृत व्यक्ति के परिवार से (पत्नी या पति, पुत्र, अविवाहित पुत्री, विधवा माता, अविवाहित भाई, अविवाहित बहन) को अगर वह उस ग्राम पंचायत के आरक्षण श्रेणी को पूरा करते हैं और इण्टरमिडिएट पास है तो उन्हें चयनित किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत समसपुर
वि०ख० खुर्जा।

# चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

## खुली ई-निविदा सूचना

संख्याः सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांकः 26/07/2025। निम्नलिखित *ई-निविदाओं* को **www.ireps.gov.in** लिंक के अंतर्गत देखा जा सकता है। ऐसी ई-निविदा के प्रस्ताव केवल **www.ireps.gov.in → लॉगिन → ई-निविदा स्टोर/सप्लाई** लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विक्रेता विशेष निविदा या आईआरईपीएस से संबंधित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, उप सीएमएम/ मुख्यालय/ सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, **9163340711** या एसएमएम/सीओएन/मुख्यालय, **0341-2535631**। **क्रम संख्या; निविदा सं.; मद का संक्षिप्त विवरण; मात्रा; बयाना राशि जमा (रुपये); निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास)** निम्नलिखित हैं: **[1]; 75253838;** आरेख/विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/035 अल्ट.-4 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको के लिए ब्लाइंड इंस्टॉलेशन (एलएच एवं आरएच) (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **965.00 सेट;** रु. 10,81,310.00; **18/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [2]; 75253854सी; (i)** ईएलएयू/डीकेईई के लिए डब्ल्यूएजी-9एचसी हेतु बोल्ट हेक्स हेड का सेट (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने], **(ii)** विनिर्देश सं. आईएसः1364-एस-8.8 जीआर-ए से आईएसः 1367 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी के लिए हेक्स हेड बोल्ट का सेट (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **(i) 272.00 सेट, (ii) 336.00 सेट;** रु. 2,30,490.00; **18/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [3]; 75253868;** फायबर ग्लास इंसुलेशन किट, सीएलडब्ल्यू के विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/015 अल्ट.-6 के अनुसार। (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **406.00 सेट;** रु. 1,43,610.00; **19/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [4]; 75254051;** विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/077 अल्ट.-6, आरेख सं. 03/1/38/99 अल्ट.1 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको/श्रेणी-स्ट्रक्चरल के लिए एमएस फैब्रिकेटेड आयटम (लघु)-1 (सेट का विवरण संलग्न है), कैट सं. आर/9/0157। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **269.00 सेट;** रु. 2,15,590.00; **19/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [5]; 75254052;** आरेख सं. 1209-00.240-202 अल्ट.2, विनिर्देशः 1209-08.140-054 एवं 1209-08.140-055, कैट सं. एस/9/0082 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको/श्रेणी-स्ट्रक्चरल के लिए एमएस फैब्रिकेटेड आयटम (लघु)-2। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **644.00 सेट;** रु. 2,37,100.00; **21/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [6]; 75253941; (i)** सीएलडब्ल्यू विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040, अल्ट-15 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एच के लिए ईक्यू. माउंटिंग, रूफ, केबल बिछाने, कनेक्शन, वीबी, वीसी, जांच सेक्शन के लिए स्टेनलेस स्टील हार्डवेयर आयटम। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(ii)** विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040 अल्ट-15 के अनुसार ईएलएयू/डीकेईई के लिए एसटीएन. स्टील हार्डवेयर आयटम। (सेट के संलग्न विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(iii)** डब्ल्यूएजी-एचसी.3ईएचपी416001, 3ईएचपी416003, 3ईएचपी416004, एनबी332 600 पी0 के लिए पैनल सेक्शन हेतु एसटीएन. स्टील हार्डवेयर आयटम, विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040 अल्ट-15। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(iv)** सीएलडब्ल्यू/सीआरजे.3ईएचपी416003पी0312, 3ईएचपी416003पी0416 के लिए डब्ल्यूएजी-9एचसी के लिए हारनेस सेक्शन हेतु एसटीएन. स्टील हार्डवेयर आयटम, विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/040 अल्ट-15। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 72 महीने], **(i) 448.00 सेट, (ii) 212.00 सेट, (iii) 180.00 सेट, (iv) 163.00 सेट;** रु. 3,28,590.00; **22/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।**

**[PR4/156] पीसीएमएम/चिरेका/चित्तरंजन**

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways

# कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर बकसुआ, विकास खण्ड सिकंदराबाद

पत्रांक मीमो / ग्रा0पं0 / पं०स०नि० / 2025-26 दिनांक 24/7/2025

## -:: विज्ञप्ति :-

जिलाधिकारी महोदया, बुलन्दशहर के कार्यालय पत्रांक 1827 / पं०/पं० सहा0/2025-26 दिनांक 23.07.2025 एवं निदेशक पंचायती राज उ०प्र० लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप - 6/2222/2018-6/20811/2024-25 दिनांक 17.12.2024 एवं शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3-2021-989 दिनांक 25.07.2021 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायत हसनपुर बकसुआ विकास खण्ड सिकंदराबाद में पंचायत सहायक/एकाउन्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 01.08.2025 से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 07.08.2025 है।

**नियम व शर्ते निम्न प्रकार हैं-**

- ➢ न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमिडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी।
- ➢ आवेदक की आयु 31 जुलाई, 2025 को 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होगी। अनु०जाति, अनु० जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जायेगी।
- ➢ आवेदक उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा।
- ➢ पंचायत राज अधिनियम में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत हसनपुर बकसुआ का पद अनुसूचित जाति महिला आरक्षित है।
- ➢ शासन द्वारा निर्धारित मानदेय रू0 6000/- प्रति माह ग्राम पंचायत द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से दिया जायेगा।
- ➢ ग्राम पंचायत में कोविड-19 से मृत व्यक्ति के परिवार से (पत्नी या पति, पुत्र, अविवाहित पुत्री, विधता माता, अविवाहित भाई, अविवाहित बहन) को अगर वह उस ग्राम पंचायत के आरक्षण श्रेणी को पूरा करते हैं और इण्टरमिडिएट पास है तो उन्हें चयनित किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत- हसनपुर बकसुआ
वि०ख० - सिकंदराबाद
जनपद बुलंदशहर

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित्

छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002

**Website-www.markfed.cg.nic.in Email id: mf_ctrlroom_raipur@gov.in**

**क्र/विपणन/2469/2025 न.रा.अ.न. दिनांक 31.07.2025**

**खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में धान उपार्जन हेतु प्रदेश के उपार्जन केंद्रों/समितियों में आउट सोर्सिंग/एजेंसी के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटरों के नियोजन हेतु ई–निविदा का केविएट दायर सूचना बाबत।**

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BILASPUR, CHHATTISGARH**

**CAVEAT APPLICATION NO. OF 2025**

**IN**

**W.P. (C) NO. /2025**

**PROPOSED PETITIONER** Any member of the general public

**VERSUS**

**CAVEATOR/**
**PROPOSED RESPONDENT:**
Chhattisgarh State Cooperative Marketing Federation (MARKFED), Through Its Managing Director, Having Its Office at 6 -TH Floor, Tower "C". commercial Complex, CBD, sector-21, Block "C" Nava Raipur Atal nagar Raipur, Chhattisgarh -PIN-492002

**CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 ON BEHALF OF THE CAVEATOR**

That, the Caveator/proposed respondent, above named most humbly & respectfully beg to submit as under:-

1. That, the caveator/respondent had floated a Request for Proposal (RFP) for engagement of Data Entry Operators through outsourcing/agency in the procurement centers/committees across the state for paddy procurement during the Kharif Marketing Year 2025-26, bearing Notice for RFP No GEM/2025/B/6505648 dated 28-07-2025, through the Government E Market place portal (GeM Portal). The said RFP pertains to the engagement of 2.742 personnel across four schedules, published by the Chhattisgarh State Co operative Marketing Federation Limited (MARKFED), Raipur, Chhattisgarh. A corresponding public notice dated 29.07.2025 bearing No./Marketing/2415/2025 was also issued and published in the newspaper.
2. That, the Caveator apprehends that any member for general public may file a writ petition before this Hon'ble Court challenging the aforesaid recruitment.
3. It is submitted that to obviate such an eventuality, the Caveator enters a caveat with a prayer that in the event of filing of any such writ petition by any member of General public, before this Hon'ble Court, the Caveator may kindly be heard at the time of consideration of the prayer for grant of Interim relief/stay.

**PRAYER**

It is therefore, prayed that this Hon'ble Court may kindly be pleased to hear the caveator at the time of considering the prayer for interim relief/stay, in the interest of justice.

**BILASPUR (ANIMESH TIWARI)**
**(Mob. 9993390002)**

**DATE: 31/07/2025**
**COUNSEL FOR THE CAVEATOR-MARKFED**

Samvad-44747/5

पढ़ें, एक ख़बर के कई पहलू, 'स्पेशल स्टोरी' में amarujala.com पर

# एजुकेशन & कॅरिअर

विफलता तब तक आपको हरा नहीं सकती, जब तक आप उसे मान नहीं लेते।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ)

कॉन्स्टेबल के पदों पर आवेदन आमंत्रित



3588 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 23 अगस्त, 2025
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : bsf.gov.in

### समग्र शिक्षा, चंडीगढ़ में संभावनाएं ■ 218 पद

जेबीटी प्राथमिक शिक्षक के पदों पर नौकरी के मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
28 अगस्त, 2025
वेतनमान
रुपये 45,260
प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
ssachd.nic.in

### बीईएमएल लिमिटेड में निकली भर्ती ■ 96 पद

जूनियर एग्जीक्यूटीव के विभिन्न पदों पर रिक्तियां
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
11 अगस्त, 2025
योग्यताएं
बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
bemlindia.in

### बैंक ऑफ बड़ौदा में रिक्तियां ■ 330 पद

डिप्टी मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर व अन्य पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 19 अगस्त, 2025
योग्यताएं : ग्रेजुएशन डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : bankofbaroda.in

### आरपीएससी ने जारी किया विज्ञापन ■ 64 पद

सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पदों पर रोजगार के अवसर
आवेदन की अंतिम तिथि
13 अगस्त, 2025
आयु-सीमा
न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
rpsc.rajasthan.gov.in

### नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड ■ 15 पद

डिप्टी मैनेजर के विभिन्न पदों पर योग्य उम्मीदवार करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि
11 अगस्त, 2025
योग्यताएं
ग्रेजुएशन, इंजीनियरिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
nalcoindia.co.in

### यहां भी रोजगार की संभावनाएं ...

- पीजीआईएमईआर, दिल्ली : सीनियर रिसर्च फेलो का पद रिक्त।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 09 अगस्त, 2025
  - pgimer.edu.in
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली : परियोजना वैज्ञानिक का पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 14 अगस्त, 2025
  - aiims.edu

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# इन चार प्रशिक्षकों को कभी न भूलें

*चाहे छात्र हों या कोई पेशेवर, जिंदगी के किसी न किसी पड़ाव पर कॅरिअर काउंसलिंग या यूं कह लें कि कॅरिअर कोचिंग की जरूरत पड़ती ही है*

डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली
कॅरिअर काउंसलर



बोर्ड परीक्षाओं और सीयूईटी के परिणामों के बाद बहुत से छात्र ऐसे होंगे, जिन्होंने अपने लिए सही विकल्प का चयन कर लिया होगा। इसके विपरीत कई छात्र ऐसे भी होंगे, जो अभी भी अपने कॅरिअर और कोर्स को लेकर असमंजस में होंगे। चाहे छात्र हों या कोई पेशेवर, जिंदगी के किसी न किसी पड़ाव पर कॅरिअर काउंसलिंग या यूं कह लें कि कॅरिअर कोचिंग की जरूरत पड़ती ही है। इसमें सबसे अहम चार कोच (प्रशिक्षक) मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो रुचि, समस्या, अनुभव या पसंद-नापसंद के आधार पर आपको जीवन के अहम फैसले लेने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं ये चार कोच कौन हैं और किस तरह से ये आपका मार्गदर्शन करते हैं।

**■ शुरुआत खुद से करें**

आपका सबसे पहला कोच आप खुद हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आपके कॅरिअर का चुनाव आपसे ही शुरू होता है। आपका व्यक्तित्व, शौक आपके रुझान ही आपके कॅरिअर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बस जरूरत है सही समय पर अपनी रुचियों का पता लगाने की। उदाहरण के लिए आपको सही विकल्प समझ नहीं आ रहा कि आपको आगे क्या करना चाहिए, तो सबसे सही तरीका यह है कि आपको जितने भी कॅरिअर विकल्पों के बारे में पता है उनकी एक सूची बना लें। हर विकल्प की अच्छे से जांच-पड़ताल करें। इससे आपको आपकी रुचि से मेल खाता कोई न कोई विकल्प अवश्य मिल जाएगा। आगे कोशिश करें कि इन सभी विकल्पों पर आपकी अच्छी समझ हो।

**■ अभिभावक की भूमिका**

आपके दूसरे कोच आपके अभिभावक यानी माता-पिता हैं। आपने खुद से जिन विकल्पों का चयन किया है उनके बारे में अपने माता-पिता से बात करें और सलाह लें। यदि उनसे जुड़ा कोई व्यक्ति उस क्षेत्र का जानकार है, तो उनसे बातचीत करके जानने की कोशिश करें कि उस क्षेत्र में क्या संभावनाएं हैं। उनसे यह भी पूछें कि आपके लिए उस विकल्प का चयन करना किस हद तक सही है। इससे आपके पास पहले से मौजूद विकल्पों में से और सटीक विकल्प तलाशने में मदद मिलती है।

**■ बतौर शिक्षक का दायित्व**

अब आपको अपने लक्ष्य के अनुसार खुद के कौशल को



निखारना होगा। इसमें आपके तीसरे कोच यानी आपके शिक्षक का दायित्व बढ़ जाता है। आपके अध्यापक ही आपको सही तरीके से बता सकते हैं कि आप अपने लक्ष्य तक किस तरह से पहुंच सकते हैं। इसके अलावा, आपसे कहां चूक हो रही है और सुधार की कितनी गुंजाइश है। वे इस बारे में भी आपका मार्गदर्शन करते हैं कि 11वीं और 12वीं में अच्छे परिणाम लाने के लिए किस हद तक और कैसे मेहनत करनी है।

**■ दोस्तों को न करें नजरअंदाज**

आपका चौथा कोच आपके अपने ही दोस्त होते हैं। बस आपको अपने लिए सही दोस्त का चुनाव करना होगा। इसके लिए आप कुछ ऐसे दोस्त बनाएं, जिनकी रुचि, शौक, कॅरिअर या लक्ष्य आपसे मेल खाते हों। ऐसे में आपके दोस्त बेहतरीन कोच की भूमिका निभा सकते हैं।

फ्री कोर्स

## ऑनलाइन प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स

**अगर** आप एक ऐसे प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स की तलाश में हैं, जो निःशुल्क हो और आपके लिए एक बेहतरीन अवसर के दरवाजे भी खोल सके, तो आप गूगल के बिजनेस इंटेलिजेंस प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। दो माह के इस ऑनलाइन कोर्स में आपको डाटा मॉडलिंग, डाटा विजुअलाइजेशन और डैशबोर्डिंग व रिपोर्टिंग जैसे कौशल सीखने का मौका मिलेगा। इसके अतिरिक्त आपको व्यावसायिक विकास, डाटा पाइपलाइन, एप्लीकेंट ट्रैकिंग सिस्टम, डाटाबेस डिजाइन डाटा विश्लेषण व स्टेकहोल्डर कम्युनिकेशन आदि के बारे में जानने-समझने का एक शानदार अवसर मिलेगा। इस कोर्स में शामिल होने के लिए किसी खास डिग्री या अनुभव की आवश्यकता नहीं है। अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/2zz2ek2b पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से दाखिला ले सकते हैं।



आईआईएसईआर की पहल

## पोस्ट-डॉक्टरल रिसर्च फेलोशिप प्रोग्राम

**पोस्ट**-डॉक्टरल रिसर्च फेलोशिप (पीडीआरएफ) 2025-26, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), बरहामपुर द्वारा जैविक विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, गणितीय विज्ञान, भौतिक विज्ञान, पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान तथा कंप्यूटर विज्ञान में पोस्ट-डॉक्टरल रिसर्च फेलोशिप के लिए एक पहल है। फेलोशिप के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों के पास अधिकतम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए और उनके पास पीएचडी की डिग्री होनी चाहिए। आवेदन की तिथि को उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए। चयनित आवेदकों को रुपये 67,000 तक की फेलोशिप और अन्य लाभ प्राप्त होंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2026 निर्धारित की गई है। योग्य आवेदक आधिकारिक लिंक iiserbpr.ac.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन आमंत्रित

## इनलैक्स फाइन आर्ट अवॉर्ड-2026

**अगर** आप समकालीन ललित कला (फाइन आर्ट) के क्षेत्र में एक उभरते हुए कलाकार हैं और अपनी कला को नई दिशा व पहचान देना चाहते हैं, तो इनलैक्स शिवदासानी फाउंडेशन का 'इनलैक्स फाइन आर्ट अवॉर्ड–2026' आपके लिए एक सुनहरा अवसर है। इस अवॉर्ड का उद्देश्य युवा कलाकारों को अपनी रचनात्मक क्षमता और कलात्मक कौशल को स्वतंत्र रूप से विकसित करने हेतु मंच और आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसमें आपको एक साल तक प्रतिमाह 15,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि आप अपनी रचनात्मकता और हुनर को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकें। इसमें आवेदन करने की अंतिम तारीख 15 अगस्त, 2025 तय की गई है। आप आधिकारिक लिंक inlaksfoundation.org पर जाकर इसमें ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## खुद को परखें

1. ई-श्रम पोर्टल किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था?
   (a) श्रम और रोजगार मंत्रालय
   (b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
   (c) वित्त मंत्रालय
   (d) विधि और न्याय मंत्रालय
2. गवरी उत्सव मुख्य रूप से राजस्थान के किस समुदाय द्वारा मनाया जाता है?
   (a) सहरिया समुदाय
   (b) गरासिया समुदाय
   (c) मीना समुदाय
   (d) भील समुदाय
3. हाल ही में खबरों में रहा लीजियोनेयर्स रोग किस कारक के कारण होता है?
   (a) जीवाणु
   (b) विषाणु
   (c) कवक
   (d) प्रोटोजोआ

उत्तर : *1.a, 2.d, 3.a*

सामान्य ज्ञान

## शेंगेन वीजा



**■ क्या है**

यह एक प्रवेश परमिट है, जो गैर-यूरोपीय संघ के नागरिकों को शेंगेन क्षेत्र में अस्थायी रूप से यात्रा करने की अनुमति देता है।

**■ चर्चा में क्यों**

भारतीय यात्रियों को अब यूरोपीय आयोग द्वारा शुरू की गई नई 'कैस्केड' प्रणाली के तहत फास्ट-ट्रैक, दीर्घकालिक शेंगेन वीजा तक पहुंच प्राप्त होगी।

**■ वीजा जारी करने वाले देश**

इसमें 29 यूरोपीय देश शामिल हैं। इस क्षेत्र के सदस्यों में 27 यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में से 25 (साइप्रस और आयरलैंड को छोड़कर) और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सभी सदस्य (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड) शामिल हैं।

**■ इसकी वैधता**

पिछले तीन वर्षों में दो शेंगेन वीजा प्राप्त करने वाले भारतीय नागरिक अब दो-वर्षीय बहु-प्रवेश वीजा के लिए पात्र हैं। अपनी वैधता के दौरान, यह वीजा धारकों को शेंगेन क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने की अनुमति देता है, जो वीजा-मुक्त नागरिकों के यात्रा अधिकारों के समान है।

# कच्ची धूप

Fun & Learn

कविता





■ महादेवी वर्मा

### कोयल

डाल हिलाकर आम बुलाता
तब कोयल आती है।
नहीं चाहिए इसको तबला,
नहीं चाहिए हारमोनियम,
छिप-छिपकर पत्तों में यह तो
गीत नया गाती है!
चिक-चिक मत करना रे निक्की,
भौंक न रोजी रानी,
गाता एक, सुना करते हैं
सब तो उसकी बानी।
आम लगेंगे इसीलिए यह
गाती मंगल गाना,
आम मिलेंगे सबको, इसको
नहीं एक भी खाना।
सबके सुख के लिए बेचारी
उड़-उड़कर आती है,
आम बुलाता है, तब कोयल
काम छोड़ आती है।

साभार : हिंदी कविता डॉट कॉम

### किसकी परछाई कहां?




उत्तर : 1.C, 2.B, 3.A

नोट : 'कच्ची धूप' को लेकर अगर कोई सुझाव हो तो मेल करो : kidz@del.amarujala.com

## छोटी गाड़ी पेट्रोल से और बड़ी डीजल से क्यों?

**बच्चो, तुम्हें पता होगा कि आम तौर पर छोटी गाड़ियां पेट्रोल से चलती हैं, लेकिन बड़े और भारी वाहन जैसे बस या ट्रक डीजल से चलते हैं। ऐसा क्यों? आओ, जानते हैं।**

अधिकांश हल्के वाहन, जैसे यात्री कारें और पिकअप ट्रक, पेट्रोल से चलते हैं। भारी वाहन जैसे- बसें, डिलीवरी ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रेलर आमतौर पर डीजल से चलते हैं। वाहनों में दोनों प्रकार के ईंधन की जरूरत होती है, क्योंकि पेट्रोल और




डीजल इंजन की क्षमता अलग-अलग होती है। पेट्रोल और डीजल इंजन दोनों ही आंतरिक दहन प्रक्रिया से चलते हैं।

**■ अलग-अलग कामों के लिए अलग-अलग इंजन :** पेट्रोल और डीजल ईंधन, दोनों ही कच्चे तेल से बनते हैं, जो एक जीवाश्म-आधारित ऊर्जा स्रोत है। लेकिन इनके रासायनिक गुण अलग-अलग होते हैं, जिसके लिए अलग-अलग प्रकार के इंजनों की आवश्यकता होती है।

पेट्रोल इंजन में, स्पार्क प्लग नामक एक छोटा सा उपकरण संपीड़ित ईंधन-वायु मिश्रण को प्रज्वलित करता है। यह लाखों वोल्ट का उपयोग करके एक विद्युत चाप उत्पन्न करता है, जिससे दहन शुरू हो जाता है, ठीक वैसे ही जैसे चकमक पत्थर को दूसरे पत्थर से टकराने पर होता है।

डीजल पेट्रोल की तुलना में अधिक मुश्किल और धीमी गति से जलता है, लेकिन अगर इसे पर्याप्त रूप से संपीड़ित किया जाए, तो यह बिना चिंगारी के जल जाएगा। इस उच्च संपीड़न के परिणामस्वरूप दक्षता भी बढ़ जाती है, इसलिए डीजल से चलने वाले वाहन प्रति गैलन अधिक दूरी तक चलते हैं। यह माल और लोगों के परिवहन के लिए यथासंभव किफायती भी है। यही एक कारण है कि ज्यादातर बसें, ट्रेन और बड़े ट्रक डीजल से चलते हैं।

ये पेट्रोल इंजनों की तुलना में ज्यादा समय तक चलते भी हैं। यह ट्रक जैसे लंबी दूरी के वाहनों के लिए एक फायदे की बात है, क्योंकि उन्हें हजारों मील चलना पड़ता है।

अब सवाल यह है कि यात्री कारें पेट्रोल का इस्तेमाल क्यों करती हैं? एक वजह यह है कि डीजल इंजन ज्यादा दबाव और तापमान की वजह से अधिक आवाज करते हैं, जो इन्सानों को परेशान करते हैं। इन्हीं कारण से आमतौर पर काम और मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाली कारों में लोग पेट्रोल इंजन अधिक पसंद करते हैं। माल ढुलाई और परिवहन के लिए कुशल, लंबे समय तक चलने वाले डीजल इंजन की मांग ज्यादा होती है।

अब हाइब्रिड मॉडल गाड़ियों का अधिक उपयोग हो रहा है। इनमें बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल किया जाता है। ये वाहन विषाक्त गैसों और कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बहुत कम करते हैं, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता है।

ये वाहन पेट्रोल और डीजल मॉडलों की तुलना में बहुत कम शोर करते हैं और इनका रख-रखाव भी सस्ता है, क्योंकि इनमें चलने वाले पुर्जे कम होते हैं। आने वाले समय में इन्हीं गाड़ियों की मांग बढ़ने वाली है।

### पढ़ो और जानो -




प्यारे बच्चो, टॉम एंड जेरी जैसी कहानी पढ़ने में तुम्हें बहुत मजेदार लगती होंगी। वैसी ही मजेदार कहानियों की एक नई किताब आई है-'स्क्विरल एंड डक : मिशन इंप्रोबेबल'। इस पुस्तक के लेखक टॉम पर्सीवल हैं। किताब ब्लूम्सबेरी पब्लिशिंग से प्रकाशित हुई है और इसका मूल्य 424 रुपये है। यह पुस्तक दो असामान्य, लेकिन प्यारे पात्रों- एक गिलहरी (स्क्विरल) और एक बतख (डक) की मजेदार और साहसिक यात्रा पर आधारित है। इस किताब में दोनों की दोस्ती से जुड़ी बहुत ही मजेदार कहानियां हैं। कहानी एक अजीब, लेकिन बेहद मनोरंजक मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें ये दोनों मित्र मिलकर एक असंभव-से लगने वाले कार्य को पूरा करने निकलते हैं। नाम के अनुरूप असंभव जैसा मिशन, लेकिन स्क्विरल और डक अपनी सूझ-बूझ, दोस्ती और हास्य से भरपूर जुगलबंदी से हर मुश्किल को पार करने की कोशिश करते हैं। संवादों में हास्य और चतुराई दोनों का सुंदर मिश्रण है, जो तुम्हें हंसाने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करता है। यह किताब तुम्हें टीमवर्क, समस्या-समाधान और दोस्ती की अहमियत सिखाती है।

## आज का दिन

1 अगस्त, 1987

अमेरिकी मुक्केबाज माइक टायसन ने टोनी टकर को हराया था। उन्हें विश्व मुक्केबाजी परिषद, विश्व मुक्केबाजी संघ और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा हैवीवेट चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई थी।



- 1876 : कोलोराडो अमेरिका का 38वां राज्य बना था।
- 1920 : असहयोग आंदोलन की औपचारिक शुरुआत हुई थी।
- 1933 : भारतीय अभिनेत्री मीना कुमारी का जन्म हुआ था।
- 2005 : साल 1982 में सऊदी अरब के राजा बने फहद का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### व्रत त्योहार



आज : श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी।
कल : वर्षा ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।
राहुकाल : प्रातः 09.00 से 10.30 तक।

### कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2082, 11 श्रावण मास शक 1947, श्रावण मास 18 प्रविष्टे, 07 सफर हिजरी 1447, श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी 07.23 तक उपरांत नवमी, विशाखा नक्षत्र दिन रात, शुक्ल योग दिन-रात, बव करण 07.23 तक उपरांत बालव करण, चंद्रमा वृश्चिक राशि में 23.50 बजे।

■ सूर्योदय : 05.47
■ सूर्यास्त : 19.07
(भारतीय मानक समयानुसार)

### राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** मन में आशा का संचार होगा। नौकरी प्राप्ति संभव है। विरोधी परास्त होंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष :** समाज में सम्मान बना रहेगा। नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। विरोधी से बचें।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। परिवार में सामान्य परेशानी संभव है। क्रोध एवं वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :** मानसिक तनाव बना रहेगा। कार्य विशेष में निराशा होगी। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है। धन लाभ होगा।

**सिंह :** भाग्य सहायक रहेगा। पूर्वनियोजित कार्य में सफलता मिलेगी। कार्य क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कन्या :** अतिउत्साह पर नियंत्रण रखें। स्वजनों से मतभेद रहेंगे। अटका धन मिल सकता है।

**तुला :** आत्मबल बना रहेगा। नौकरी में नूतन पदभार संभव है। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कार्य रुक सकते हैं। आर्थिक दबाव रहेगा। नौकरी में स्थिति यथावत रहेगी।

**धनु :** मनोकामना पूर्ति का अवसर मिलेगा। चल-अचल संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**मकर :** मकर-महत्वपूर्ण कार्य में व्यस्त रहेंगे। सरकारी क्षेत्र में अटके कार्य बनेंगे। नौकरी में वर्चस्व बढ़ेगा।

**कुंभ :** मन में आशा का संचार होगा। नौकरी में कार्य कुशलता बनी रहेगी। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा।

**मीन :** स्वजनों से मतभेद रहेंगे। पूंजी निवेश से बचें। नौकरी में मन नहीं लगेगा। धन हानि हो सकती है।

### जन्मदिन

तापसी पन्नू, अभिनेत्री



**इस** वर्ष सावधानी के साथ प्रयत्नशील रहने पर योजनाओं में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से वर्ष महत्वपूर्ण रहेगा। मकान या प्लॉट क्रय हो सकता है। विवाह या संतान सुख की इच्छापूर्ति के योग बनेंगे। नाते-रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। किसी नए व्यवसाय की योजना बन सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 8 | | | 2 | |
| 3 | 1 | | | 4 | 6 | | | |
| | | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 3 | 1 | | | 2 | | | |
| | 8 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| | | | 5 | | | 7 | 3 | |
| | | 3 | | 6 | 9 | | | |
| | | | 3 | 2 | | | 1 | 5 |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | 3 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 3 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### सोया फूड्स बढ़ा सकता है थाइरॉइड

*सोया प्रोडक्ट्स लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं, लेकिन यह आपके थाइरॉइड की समस्या को बढ़ा सकती है।*

**सेहतमंद** रहने के लिए आजकल लोग दालों, नट्स, हरी सब्जियों और और प्रोटीन से भरपूर डाइट लेना चाहते हैं। इन चीजों के साथ-साथ सोयाबीन और सोया प्रोडक्ट्स लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। सोया मिल्क, टोफू, सोया चंक्स, सोया आटा और सोया प्रोटीन पाउडर लोग चाव से खा रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार, सोया प्रोडक्ट



थाइरॉइड की परेशानी को बढ़ा सकता है। इस बात की जानकारी लोगों को कम है सोया प्रोडक्ट किस तरह से उनके थाइरॉइड फंक्शन को प्रभावित करता है। इसे आम भाषा में थाइरॉइड ग्लैंड कहा जाता है। यह हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी हार्मोन बनाती है - ट्रायआयोडोथायरोनिन और थायरॉक्सिन। जब थायरॉइड हार्मोन कम बनने लगते हैं तो इसे हाइपोथायरॉइडिज्म कहते हैं, और जब ज्यादा बनने लगते हैं तो हाइपरथायरॉइडिज्म। एक अध्ययन में यह पता चला है कि अगर किसी व्यक्ति की डाइट में पर्याप्त आयोडीन हो, तो सामान्य मात्रा में सोया प्रोडक्ट खाने से थाइरॉइड को नुकसान नहीं होता है। लेकिन अगर आपको पहले से हाइपोथायरॉइडिज्म है, तो ये स्वास्थ्य को नुकसान को पहुंचा सकते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

थाइरॉइड के रोगियों को सोया फूड्स और पत्ता गोभी खाने से बचना चाहिए। अपने थायरोक्सीन के ब्लड लेवल को समय समय पर चेक कराते हुए चिकित्सक के परामर्श से दवा लेनी चाहिए।

-डॉ. नवीन चंद्र जोशी
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

# प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का खर्च 1,920 करोड़ रुपये बढ़ाया

## पीएमकेएसवाई के लिए 6,520 करोड़ मंजूर



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021-22 से 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के लिए 1,920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च सहित कुल 6,520 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई।

कैबिनेट ने बजट में की गई घोषणा के अनुरूप पीएमकेएसवाई के अधीन चलने वाली घटक योजना- एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना (आईसीसीवीएआई) के तहत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों के कार्यान्वयन, और दूसरी घटक योजना- खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना (एफएसक्यूएआई) के अंतर्गत एनएबीएल मान्यता प्राप्त 100 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं (एफटीएल) की स्थापना के लिए 1000 करोड़ रुपये खर्च की मंजूरी दी। इसके अलावा इसी अवधि के दौरान पीएमकेएसवाई की विभिन्न घटक योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए 920 करोड़ रुपये खर्च किए जाने को मंजूरी दी। आईसीसीवीएआई के तहत प्रस्तावित 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों के कार्यान्वयन से प्रति वर्ष 20 से 30 लाख मीट्रिक टन तक की कुल संरक्षण क्षमता सृजित होगी। निजी क्षेत्र के तहत प्रस्तावित 100 एनएबीएल-मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य नमूनों के परीक्षण के लिए उन्नत बुनियादी ढांचे का विकास होगा। ब्यूरो

## राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को दो हजार करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान

**कैबिनेट के फैसले**

कैबिनेट ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये की केंद्रीय अनुदान सहायता योजना को मंजूरी दी। इसमें वित्त वर्ष 2025-26 से लेकर हर वर्ष 500 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी। इस वित्तीय अनुदान की मदद से एनसीडीसी इसी चार वर्षों की अवधि में खुले बाजार से 20,000 करोड़ रुपये जुटा सकेगा। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अनुदान से सहकारी संस्थाओं को नए प्रोजेक्ट शुरू करने, संयंत्रों के विस्तार तथा ऋण देने में सहायता मिलेगी। इससे सहकारिता से जुड़े करोड़ों सदस्य लाभान्वित होंगे, महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## छह राज्यों में चार रेलवे परियोजनाओं को हरी झंडी

कैबिनेट ने भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि करते हुए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों से गुजरने वाली चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को अनुमति दी। कुल 11,169 करोड़ रुपये (लगभग) की अनुमानित लागत वाली ये परियोजनाएं वर्ष 2028-29 तक पूर्ण होंगी। परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 229 लाख मानव दिवस के प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होंगे। इन परियोजनाओं में इटारसी - नागपुर चौथी लाइन, औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर)- परभणी दोहरीकरण, अलुआबारी रोड- न्यूजलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन, डांगोपोसी- जारोली तीसरी और चौथी लाइन शामिल है।

### अगली पीढ़ी के अवसंरचना को मिलेगी मजबूती : पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चार प्रमुख रेल परियोजनाओं से अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इन राज्यों के 11 जिलों को लाभ होगा।

# बिहार : आयोग आज प्रकाशित कर देगा मसौदा मतदाता सूची

## 1 सितंबर तक नाम कटवा या जुड़वा सकेंगे



नई दिल्ली। बिहार में विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच निर्वाचन आयोग (ईसी) संशोधित मतदाता सूची का मसौदा शुक्रवार को प्रकाशित कर देगा। इसकी प्रतियां भी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मुहैया करा दी जाएंगी। फिर, अगले एक महीने तक कोई भी मतदाता और राजनीतिक दल नाम शामिल करने या हटाने को लेकर इस पर आपत्तियां दर्ज करा सकेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को बिहार के सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए एक बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि एसआईआर संबंध आदेशों के पैरा 7(4) के मुताबिक, बिहार की मसौदा मतदाता सूची शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित की जा रही है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावे और आपत्तियां देने के लिए आमंत्रित करेंगे। कोई भी मतदाता या राजनीतिक दल किसी भी छूटे मतदाता का नाम जोड़ने, या हटाने का आवेदन दे सकते हैं। ब्यूरो

**न्यूज डायरी**

### राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व प्रमुख प्रमिलाताई का निधन



नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की महिला शाखा, राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व संचालिका (प्रमुख) प्रमिलाताई मेधे का बृहस्पतिवार सुबह नागपुर में निधन हो गया। वह 97 वर्ष की थीं। पीएम ने शोक जताते हुए कहा, उनका पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित था। समिति ने बताया कि नागपुर स्थित देवी अहिल्या मंदिर में सुबह उनका निधन हो गया। वह संगठन की चौथी संचालिका थीं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और राष्ट्र सेविका समिति प्रमुख शांताका ने मेधे को श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के एक पदाधिकारी ने कहा कि मेधे की इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नागपुर को दान किया जाएगा। एजेंसी

### तृणमूल के पंचायत सदस्य की चाकू से गोदकर हत्या

कोलकाता। प.बंगाल के हुगली के कानाईपुर में तृणमूल कांग्रेस नेता पिंटू चक्रवर्ती की अज्ञात हमलावरों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। घायल अवस्था में उन्हें कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि पीड़ित मेरे करीबी थे, वह मेरे साथ पढ़े हैं। वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि पार्टी में आंतरिक कलह के कारण यह हमला हुआ। पुलिस जांच कर रही है। ब्यूरो

### मलयालम रैपर वेदान के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज

कोच्चि। मशहूर मलयालम रैपर वेदान उर्फ हीरादास मुरली के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। महिला डॉक्टर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि रैपर ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार देर रात श्रीक्काकारा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई। उस पर पहले भी गलत काम करने के आरोप लगे हैं। अप्रैल में ड्रग मामले में पकड़ा गया था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एजेंसी

**ऑनलाइन पोल**

amarujala.com/poll

ऑस्ट्रेलिया ने यूट्यूब पर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खातों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। क्या भारत में भी सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखने के लिए ऐसे निर्णय लिए जाने चाहिए?

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अगस्त से भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। क्या इस फैसले से दोनों देशों के बीच के व्यापारिक संबंधों पर असर पड़ेगा?

हां 86.99%

नहीं 13.01%

# बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर तीन महीने में निर्णय लें स्पीकर

## शीर्ष कोर्ट बोला- दलबदल राष्ट्रीय चर्चा का विषय, लोकतंत्र को कर सकता है बाधित

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस के 10 विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर तीन महीने के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा करने वाले दलबदलुओं के खिलाफ कार्रवाई विफल करने के लिए ऐसी कार्यवाही में अत्यधिक देरी करते हैं। संसद को विधायकों की अयोग्यता की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने 3 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीजेआई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राजनीतिक दलबदल राष्ट्रीय चर्चा का विषय रहा है। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह लोकतंत्र को बाधित कर सकता है। किसी भी विधायक को अयोग्यता कार्यवाही को लंबा खींचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने बीआरएस नेता केटी रामा राव और पाडी कौशिक रेड्डी की याचिका पर अपना फैसला सुनाया।



### ये बिल्कुल ऐसा जैसे ऑपरेशन सफल पर मरीज मर गया...ऐसा होने नहीं दे सकते

पीठ ने कहा, विधानसभा के कार्यकाल के दौरान अयोग्यता याचिकाओं को लंबित रखना बिल्कुल ऐसा जैसे ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन मरीज की मृत्यु हो गई। ऐसी स्थिति को अनुमति नहीं दी जा सकती। इससे दलबदलुओं को देरी का लाभ मिलेगा।

- पीठ ने कहा, हमने राजेश पायलट और देवेंद्र नाथ मुंशी समेत विभिन्न संसदीय भाषणों का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया है कि अयोग्यता की कार्यवाही अध्यक्ष को सौंपने का उद्देश्य अदालतों में होने वाली देरी से बचना है। फिर भी अगर हमारे लोकतंत्र की बुनियाद और उसे कायम रखने वाले सिद्धांतों की रक्षा करनी है, तो यह जांचना जरूरी है कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त है या नहीं। बार-बार दोहराए जाने के बावजूद, हम मानते हैं कि इस पर फैसला संसद को ही लेना है।

### स्पीकर ने सात माह बाद नोटिस जारी किया, वह भी जवाब मांगने पर

याचिका में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता कार्यवाही पर तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष से समय पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। पीठ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अध्यक्ष ने अयोग्यता याचिकाओं पर सात महीने बाद नोटिस जारी किया, वह भी तब जब इस अदालत ने इस मुद्दे पर जवाब मांगा। पीठ ने इस देरी की जांच करने का फैसला किया।

- अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता कार्यवाही में निर्णायक अथॉरिटी के रूप में विधानसभा अध्यक्ष हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के अधीन एक न्यायाधिकरण के रूप में भी कार्य करते हैं। पीठ ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को ऐसे मामलों में कोई सांविधानिक छूट प्राप्त नहीं है।

### कार्यवाही को लंबा खींचने पर प्रतिकूल निष्कर्ष निकालें

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि वह विधायकों को अयोग्यता की कार्यवाही को लंबा न खींचने दें। साथ ही, स्पीकर से यह भी कहा गया कि अगर विधायक कार्यवाही को लंबा खींचते हैं तो वह प्रतिकूल निष्कर्ष निकालें। हालांकि, फैसले में कुछ पूर्व आदेशों का हवाला देते हुए, अयोग्यता याचिकाओं पर शीर्ष अदालत की ओर से स्वयं निर्णय लेने की दलीलों को खारिज कर दिया गया।

- पीठ ने यह भी गौर किया कि अध्यक्ष ने लगभग सात महीनों तक अयोग्यता याचिकाओं पर नोटिस भी जारी नहीं किया। इस न्यायालय के समक्ष कार्यवाही दायर होने या इस न्यायालय की पहली सुनवाई के बाद ही नोटिस जारी करना, किसी भी तरह से, शीघ्रता से कार्यवाई करने के रूप में नहीं माना जा सकता है।

# रोहिंग्याओं को शरणार्थी माना जाए या घुसपैठिया, तय करेगा शीर्ष कोर्ट

## कहा-एक बार यह सवाल तय होने के बाद ही अन्य मुद्दे महत्वपूर्ण हो सकते हैं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस मुद्दे का परीक्षण करेगा कि क्या रोहिंग्या प्रवासी, शरणार्थी घोषित किए जाने के हकदार हैं?

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एक बार इसका निर्णय हो जाए, उसके बाद ही अन्य मुद्दे महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने रोहिंग्याओं के निर्वासन और शरणार्थी शिविरों में उनके रहने की स्थिति के मुद्दे पर दायर याचिकाओं के समूह अलग-अलग हिस्सों में बांट दिया। रोहिंग्या प्रवासियों के निर्वासन और उनके रहने की स्थिति से संबंधित मुद्दों, जैसे स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्वच्छ पानी तक पहुंच, आवास की स्थिति, शिक्षा तक पहुंच आदि पर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष 22 याचिकाओं का एक समूह



सुनवाई के लिए लंबित है। यह सूचित किए जाने पर कि 22 मामलों को एक साथ जोड़ा गया है, पीठ ने पूछा कि क्या ये सभी 22 मामले रोहिंग्याओं और शरणार्थियों से संबंधित हैं। प्रशांत भूषण सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बताया कि हालांकि कुछ मुद्दे एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं लेकिन मुख्य मुद्दा रोहिंग्याओं के निर्वासन और रोहिंग्याओं को शरणार्थी या घुसपैठिए माने जाने से जुड़ा है।

**सिद्धांत निर्धारित कर सकती है पीठ**...पीठ ने संकेत दिया कि जो लोग अवैध रूप से प्रवेश करते पाए गए हैं, और उन्हें निर्वासित करने की राज्य की जिम्मेदारी के प्रश्न पर, वह केवल सिद्धांत निर्धारित कर सकती है। ब्यूरो

### सुरक्षा मिले या निर्वासन तय होगा

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, पहला बड़ा मुद्दा सरल है, क्या रोहिंग्या शरणार्थी हैं या देश में घुसपैठिए हैं?

- पहला मुद्दा, क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित किए जाने के हकदार हैं? यदि हां, तो उन्हें किस प्रकार की सुरक्षा या अधिकार प्राप्त हैं?
- दूसरा, यदि रोहिंग्या शरणार्थी नहीं हैं तो क्या उन्हें निर्वासित करने में सरकार की कार्रवाई उचित है?
- तीसरा, भले ही रोहिंग्याओं को अवैध रूप से प्रवेश करने वाला माना गया हो, क्या उन्हें अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखा जा सकता है या क्या वे जमानत पर रिहा होने के हकदार है? साथ ही अदालत ने यह मुद्दा भी तय किया कि क्या ऐसे रोहिंग्या, जो हिरासत में नहीं हैं लेकिन शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं,उन्हें सुविधाएं दी गई हैं।

## हाथी के हमले में 3 की मौत, 2 वन अधिकारी निलंबित

ढेंकनाल (ओडिशा)। ओडिशा के ढेंकनाल जिले में बृहस्पतिवार को एक हाथी ने तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। मृतकों में दो महिलाएं भी हैं। घटना हिंदोल पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बाघधरिया गांव में हुई।

मृतकों में झूलना देहुरी (55), उनके देवर करुणाकर देहुरी (60) और ग्रामीण शशि साहू शामिल हैं। हाथी ने झूलना देहुरिया पर उस समय हमला किया जब वह घर के पास फूल तोड़ रही थीं। उनके देवर करुणाकर उन्हें बचाने आए और हाथी ने उन्हें भी कुचल दिया। इसके तुरंत बाद हाथी ने शशि साहू नाम के ग्रामीण पर हमला किया।

वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंहखुंटिया ने मृतकों के परिवार को मुआवजे और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। रसोल वन बीट के वन रक्षक और वनपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने मृतकों के शव लेकर सातमील चौक के पास कटक-संबलपुर रोड जाम कर मुआवजे और सोलर फेंसिंग की मांग की। ब्यूरो

# ब्लड मनी को मान्यता नहीं, मृत बच्चे के लिए समझौता कैसे कर सकते हैं : हाईकोर्ट

## सड़क दुर्घटना में 5 साल के बच्चे की मौत के मामले में एफआईआर रद्द करने से इन्कार

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2023 में लापरवाही से गाड़ी चलाने और जान लेने के मामले में दर्ज एफआईआर को संबंधित पक्षों के बीच समझौते के आधार पर रद्द करने से इन्कार कर दिया। दुर्घटना में पांच साल के बच्चे की मौत हो गई थी।

कोर्ट ने कहा कि इस तरह के समझौते को मंजूरी देने के बाद एफआईआर रद्द करना, 'ब्लड मनी' को पवित्र करने के समान होगा, जिसे हमारी कानूनी व्यवस्था से मान्यता हासिल नहीं है। 'ब्लड मनी' से मतलब सजा में माफी पाने के लिए अपराधी या उसके परिजनों के मृतक के परिवार को दिए जाने वाले मुआवजे से है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने विपिन गुप्ता की




याचिका खारिज करते हुए कहा कि कोई भी सभ्य समाज ब्लड मनी को मंजूरी नहीं देगा। कोर्ट ने कहा कि यह मृत बच्चा ही है, जिसने चोटों और दर्द को झेला, उसकी जान चली गई। उस मृत बच्चे को किसी भी तरह से मुआवजा नहीं दिया जा सकता।

**एक लाख रुपये का हुआ था समझौता**...अदालत ने कहा, मृत बच्चे के कानूनी प्रतिनिधियों को कोई नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं है कि वे पैसे के बदले में उसकी जान का सौदा करें। याचिकाकर्ता और मृतक बच्चे के कानूनी प्रतिनिधियों के बीच हुए समझौते के मुताबिक, आरोपी याचिकाकर्ता को मृत बच्चे के कानूनी प्रतिनिधियों को मुआवजे के रूप में एक लाख का भुगतान करना है। ब्यूरो

**ये है पूरा मामला**...याचिकाकर्ता ने अपनी कार लापरवाही से चलाते हुए ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसके नीचे आकर पांच साल का बच्चा कुचल गया। गुप्ता ने पहाड़गंज थाने में आईपीसी की धाराओं 279 /304ए के अपराधों के लिए दर्ज एफआईआर 272/2023 को इस आधार पर रद्द करने का कोर्ट से अनुरोध किया कि उसने मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों के साथ समझौता कर विवाद खत्म कर लिया है।

# मां-बेटी साथ करेंगी एमबीबीएस, दोनों ने पास की नीट

## हौसले की जीत : बेटी की तैयारी देख मां ने भी डॉक्टर बनने की ठानी

चेन्नई। हौसला मजबूत हो तो कामयाबी जरूर मिलती है। तमिलनाडु की 49 साल की फिजियोथेरेपिस्ट अमुथवल्ली मणिवन्नन ने इसे साबित कर दिखाया है। अमुथवल्ली ने बेटी एम संयुक्ता के साथ ही नीट पास की है। वह तमिलनाडु मेडिकल प्रवेश के लिए 30 जुलाई को शुरू हुई काउंसलिंग में बेटी के साथ दिव्यांगजन श्रेणी के तहत काउंसलिंग में शामिल हुईं।

नीट में 147 अंक हासिल करने वाली अमुथवल्ली ने अपने गृहनगर तेनकासी के पास विरुधुनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेना पसंद किया। वहीं उनकी बेटी सीबीएसई की छात्रा एम संयुक्ता को नीट में 450 अंक मिले। तमिलनाडु में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय के तहत चयन समिति ने 30 जुलाई को सरकारी स्कूल के छात्रों, विशेष श्रेणी, दिव्यांगजनों, पूर्व सैनिकों के बच्चों और प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के लिए 7.5 फीसदी आरक्षण हेतु यह ऑफलाइन काउंसलिंग आयोजित की थी। एजेंसी

### तीन दशक का सपना किया सच

अमुथवल्ली ने बताया कि उन्होंने लगभग तीन दशक पहले अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लेने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहीं। मजबूरी में उन्हें फिजियोथेरेपी की पढ़ाई करनी पड़ी। फिर वह दिन भी आया जब उन्होंने अपनी बेटी की राष्ट्रीय स्तर की स्क्रीनिंग परीक्षा की तैयारी से प्रेरित होकरअपनी तैयारी शुरू कर दी।


नीट पास करने वाली मां और बेटी।

- अमुथवल्ली कहती हैं, बेटी को नीट की तैयारी करते देखकर मेरी महत्वाकांक्षा फिर से जाग गई। वह मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा थी। मैंने उसकी किताबें उधार लीं और परीक्षा की तैयारी में जुट गई।

### मां और मेरी दिलचस्पी से मिली कामयाबी

संयुक्ता ने नीट की तैयारी के लिए कोचिंग ली थी, जिन किताबों को उसने खूब पढ़ा, उनसे उनकी मां को भी मदद मिली। संयुक्ता कहती हैं, जब मैं किसी को अपनी पढ़ाई के बारे में बताती हूं, तो मुझे याद रखना आसान लगता है। मेरे पिता पेशे से वकील हैं। उनकी चिकित्सा में दिलचस्पी नहीं है। मेरी मां की पृष्ठभूमि चिकित्सा की थी, इसलिए मेरी मां भी तैयारी को लेकर सहज थीं। संयुक्ता ने कहा, मैं मां के साथ एक ही कॉलेज में नहीं पढ़ना चाहती। मैं सामान्य कोटे में प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं और कहीं और, शायद राज्य के बाहर, पढ़ाई करना चाहती हूं। उनकी मां ने बताया कि वह एससी कोटे में भी प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं।

**मालेगांव विस्फोट : विशेष एनआईए अदालत में साबित नहीं हुई भगवा आतंकवाद की थ्योरी**

# पांच जज, दो जांच एजेंसियां, 17 साल बाद फैसला

मुंबई। 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले की करीब 17 साल चली सुनवाई में न सिर्फ जांच एजेंसियां बदलीं बल्कि कानूनी कार्यवाही के विभिन्न चरणों की अध्यक्षता करने वाले जज भी बदले। पांच जज, दो जांच एजेंसियों के बाद 17 साल का इंतजार बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक फैसले के साथ पूरा हुआ। नासिक की विशेष एनआईए अदालत ने साध्वी प्रज्ञा ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि आतंकवाद का धर्म नहीं होता और सिर्फ शंका पर सजा नहीं सुनाई जा सकती।

धमाके की जांच शुरुआत में महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने की। एटीएस ने अभिनव भारत समूह के सदस्य दक्षिणपंथी उग्रवादियों पर दोष मढ़ा था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि यह विस्फोट दक्षिणपंथी उग्रवादियों ने नासिक के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मालेगांव में मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से किया गया था। बाद में मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई। अभियुक्तों के प्रारंभिक रिमांड से लेकर आरोप पत्र दाखिल करने, आरोप तय करने, मुकदमे की शुरुआत और अंततः फैसले तक, यह मामला 2008 से 2025 के बीच पांच जजों के हाथों से गुजरा। विस्फोट के पीड़ितों और अभियुक्तों, दोनों ने जजों के इस लगातार बदलाव को मुकदमे की गति धीमी करने और इसमें लंबी देरी का एक महत्वपूर्ण कारण बताया। ब्यूरो


फाइल फोटो

### जजों ने इस तरह किया फैसला

- **पहले विशेष जज वाईडी शिंदे ने** पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और अन्य समेत अभियुक्तों की प्रारंभिक रिमांड की प्रक्रिया संभाली। एक महत्वपूर्ण फैसले में, उन्होंने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के इस्तेमाल को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कोई भी अभियुक्त किसी संगठित अपराध गिरोह का हिस्सा नहीं था।
- **दूसरे नंबर पर विशेष जज एसडी टेकाले ने** 2015 से 2018 तक इस मामले की सुनवाई की। वार्षिक न्यायिक नियुक्तियों के दौरान उनका स्थानांतरण नहीं हो गया। जज टेकाले ने ही प्रज्ञा ठाकुर को क्लीन चिट देने के राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उनके मुकदमे के लिए प्रथम दृष्टया सबूत मौजूद हैं।
- **तीसरे विशेष जज वीएस पडलकर ने** पदभार संभाला और अक्तूबर 2018 में ठाकुर, पुरोहित और पांच अन्य के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए। उनके कार्यकाल में पहले गवाह की पूछताछ के साथ मुकदमा आधिकारिक रूप से शुरू हुआ।
- **चौथे जज पीआर सित्रे ने 2020 में** पडलकर की सेवानिवृत्ति के बाद उनका स्थान लिया। चुनौतियों के बावजूद, जज सित्रे अपने एक वर्ष से थोड़े अधिक के कार्यकाल के दौरान 100 गवाहों से पूछताछ करने में सफल रहे। 2022 में, सित्रे के स्थानांतरण के बाद, विशेष जज एके लाहोटी ने सुनवाई शुरू की। अप्रैल 2025 तक, उन्होंने मुकदमे को जारी रखा और अंत में सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया।

### साध्वी प्रज्ञा पर ये थे आरोप

**साध्वी प्रज्ञा ठाकुर :** आरोप पत्र के मुताबिक साध्वी प्रज्ञा मुख्य आरोपी थीं। उनकी मोटरसाइकिल पर विस्फोट किया गया था। साध्वी पर धमाके के लिए व्यक्ति उपलब्ध कराने का आरोप था।

**ले. कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित :** सेवानिवृत्त कर्नल पुरोहित नंबर दो के आरोपी और मुख्य साजिशकर्ता थे। उन्होंने हमले के लिए अभिनव भारत नामक संगठन बनाया और 21 लाख रुपये जुटाए। उन पर आरडीएक्स की व्यवस्था करने, बम बनाने में तकनीकी मदद देने के आरोप लगे।

**मेजर रमेश उपाध्याय :** एटीएस ने उपाध्याय को अभिनव भारत का वरिष्ठ साथी बताया था। उन पर धमाके की साजिश रचने की बैठकों में शामिल होने और बम बनाने का प्रशिक्षण देने का आरोप था।

**सुधाकर द्विवेदी :** एटीएस के मुताबिक सुधाकर द्विवेदी भी प्रमुख साजिशकर्ता थे। वह बैठकों में नियमित रूप से शामिल हुए और बम लगाने वाले लोगों से संपर्क कराया।

**सुधाकर चतुर्वेदी :** चार्जशीट में आरोप था कि मालेगांव में जो बम धमाके हुए थे वह चतुर्वेदी के ही घर पर बनाए गए थे। धमाके के लिए दो लोगों को बम देने की बात कही गई थी।

**समीर कुलकर्णी :** इन्हें भी अभिनव भारत संगठन का सदस्य बताया गया। आरोपपत्र के मुताबिक कुलकर्णी पर साजिश के प्रचार और लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी थी।

**अजय राहिरकर :** आरोपपत्र के अनुसार राहिरकर अभिनव भारत के कोषाध्यक्ष थे। हथियार खरीदने के लिए पैसे जुटाए। सुधाकर द्विवेदी और राकेश दवाडे को पैसे दिए।

# आतंकवाद कभी भगवा नहीं था और न होगा...झूठ गढ़ने वाली कांग्रेस माफी मांगे

## भाजपा कांग्रेस पर हमलावर, कहा-वोट बैंक को खुश करने के लिए नई धारणा फैलाई गई

नई दिल्ली/मुंबई। मालेगांव विस्फोट मामले में फैसले के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह साबित हो गया कि आतंकवाद कभी भगवा नहीं था और न होगा।

उन्होंने कहा कि अपने फायदे के लिए कांग्रेस ने झूठ लाया और उसे देश से माफी मांगने चाहिए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अदालत का फैसला उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जिन्होंने इस घटना को भगवा आतंकवाद कहा था। उन्होंने कहा, मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं। 17 साल हो गए हैं, निर्दोष लोगों को बहुत लंबे समय तक जेल में रखा गया। यह आज के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मालेगांव ने उन्हें निर्दोष करार दिया है। पार्टी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए भाजपा व नरेंद्र मोदी के उदय को रोकने और अपने मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए हिंदू आतंकवाद का सिद्धांत गढ़ा था। आज सोनिया गांधी और राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। प्रसाद ने ये भी मांग की कि पार्टी की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित बरी किए गए आरोपियों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। ब्यूरो



### संतों को बदनाम करने के लिए गढ़ी कहानी : उमा भारती

मध्य प्रदेश की पूर्व सीएम व वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती ने कहा कि कांग्रेस नेताओं, खासकर दिग्विजय सिंह को भगवा आतंकवाद की कहानी गढ़ने और संतों को बदनाम करने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### आतंकवाद को किसी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए

**दिग्विजय का यूटर्न...**

भगवा आतंकवाद की धारणा गढ़ने में मुख्य भूमिका निभाने वाले कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने अदालत का फैसला आते ही यूटर्न लिया है। दिग्विजय ने कहा, आतंकवाद को किसी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं करता।

## भारत-यूएई रिश्ता और मजबूत होगा, द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ेगी

### पीएम मोदी व राष्ट्रपति नाहयान ने फोन पर की वार्ता



पीएम मोदी व राष्ट्रपति नाहयान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के निवासियों को फायदा पहुंचाने के लिए भारत-यूएई के बीच सहयोग को और गहरा व मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया।

बृहस्पतिवार को जारी बयान के मुताबिक, दोनों देशों के नेताओं ने भारत-यूएई के बीच मौजूद विस्तृत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती देने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। यह द्विपक्षीय साझेदारी कई अहम क्षेत्रों में सहयोग को लेकर है। दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की अब तक की उल्लेखनीय प्रगति को सराहा। शेख मोहम्मद ने पीएम मोदी को भारत के इतिहास में लगातार दूसरी सबसे लंबी सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र सेवा में उनकी निरंतर सफलता की कामना की। एजेंसी

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आयोग ने निर्वाचक मंडल को दिया अंतिम रूप

### आयोग जल्द ही करेगा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत के निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दे दिया है। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया है।

आयोग की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के मुताबिक, अब आयोग कभी भी चुनाव तिथियों की घोषणा कर सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत ईसी भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल करता है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर 1974 के नियम 40 का अनुपालन करते हुए आयोग इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अपडेट सूची, उनके नवीनतम पते सहित तैयार करता है। चुनाव आयोग ने बताया है कि उप राष्ट्रपति चुनाव, 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची में सदस्यों को एक सतत क्रम में सूचीबद्ध किया गया है। ब्यूरो

## कबूतरों को दाना डालने से होती परेशानी मामला दर्ज कर लगाएं जुर्माना : हाईकोर्ट



**कहा-स्वास्थ्य के लिए भी ऐसा करना हानिकारक**

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कबूतरों को दाना डालने की गतिविधियों को सार्वजनिक परेशानी का सबब बताते हुए इसे लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया। अदालत ने मुंबई नगर निकाय को ऐसी गतिविधियों में शामिल रहने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने पशु प्रेमियों के एक समूह की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मुद्दा सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए गंभीर और संभावित स्वास्थ्य खतरा है। न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को महानगर में किसी भी पुराने विरासत वाले कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि वह इन पक्षियों को दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकता। अदालत ने बुधवार को कहा कि अनुमति न दिए जाने के बावजूद, यह पाया गया है कि लोग कबूतरखानों में दाना डालना जारी रखे हुए हैं। पीठ ने कहा, यह अब कानून की घोर अवहेलना करने की स्थिति से और भी जटिल हो गया है, जो हमारे पिछले आदेश के बावजूद कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। आदेश में कबूतरों को दाना डालने और उनको समूह में रखने का समर्थन करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था और अब नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने बीएमसी को अपने निर्देशों की अवहेलना करके कबूतरों को दाना डालने वालों को दंडित करने का निर्देश दिया। ब्यूरो

## मणिपुर में 4 आतंकी समेत पांच गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने बुधवार को 4 आतंकियों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया। ये प्रतिबंधित संगठनों में पीपल्स लिबरेशन आर्मी, कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी और प्रेपाक (प्रो) में शामिल हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये लोग इंफाल, बिष्णुपुर और थौबल जिलों में ठेकेदारों व आम लोगों से वसूली करने के आरोप में पकड़े गए।

उधर, मणिपुर में सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर और थोबाल जिलों में बुधवार को अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। इसमें 14 देशी सिंगल बैरल रायफलें, एक पिस्तौल (मैगजीन सहित), एक पोम्पी, 9 देसी आईईआडी, 8 पोम्पी गोला-बारूद बरामद किया। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### 4 अगस्त से भारत दौरे पर रहेंगे फिलीपीन के राष्ट्रपति मार्कोस



**नई दिल्ली।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर 4 से 8 अगस्त तक भारत यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। फिलीपीन के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। ब्यूरो

### रमी विवाद : कोकाटे से लिया कृषि मंत्रालय

**मुंबई।** विधान परिषद में मोबाइल फोन पर रमी खेलते देखे जाने के बाद विवाद में फंसे महाराष्ट्र के मंत्री माणिकराव कोकाटे से बृहस्पतिवार को कृषि विभाग ले लिया गया। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि खेल मंत्री राकांपा नेता दत्तात्रेय भरणे नए कृषि मंत्री होंगे, जबकि कोकाटे को खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिया गया है। ब्यूरो

### तमिलनाडु : पन्नीरसेल्वम ने एनडीए से तोड़ा नाता

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक कार्यकर्ता अधिकार पुनर्प्राप्ति समिति ने बृहस्पतिवार को एनडीए गठबंधन से नाता तोड़ लिया। समिति के वरिष्ठ नेता पनरुति एस रामचंद्रन ने इसकी घोषणा की। रामचंद्रन ने कहा, फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। समिति प्रमुख पन्नीरसेल्वम जल्द राज्य के कई हिस्सों का दौरा शुरू करेंगे। एजेंसी

### तिरुमला मंदिर परिसर में रील बनाने पर प्रतिबंध

**तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने बृहस्पतिवार को मंदिर परिसर में रील बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। मंदिर निकाय ने कहा कि कुछ लोग भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के सामने अभद्रता भरे वीडियो रिकॉर्ड कर अपलोड कर रहे, जिससे आध्यात्मिक माहौल बिगड़ रहा है। एजेंसी

### गुजरात : 3 दिनों में तीन शेर शावकों की हुई मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में तीन दिनों में तीन शेर शावकों की मौत हो गई है। इसके बाद वन विभाग ने एहतियातन खून के नमूने लेने के लिए तीन शेरनियों और छह शावकों से अलग रखा है। राज्य के वन मंत्री मुलुभाई बेरा ने बुधवार को बताया कि शेर के दो शावकों की मौत 28 और 30 जुलाई को हुई थी। वरिष्ठ वन अधिकारी जरूरी कदम उठा रहे हैं। तीन शेरनियों और छह शावकों को अलग रखा है। उनके रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे। एजेंसी

# पीएमएलए मामले में सुप्रीम अदालत जांचेंगी समीक्षा याचिकाओं की योग्यता

### शीर्ष कोर्ट ने कहा, समीक्षा याचिकाकर्ताओं ने विचार के लिए 13 प्रश्न प्रस्तावित किए

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय को धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी, संपत्ति कुर्क करने, तलाश व जब्ती के अधिकारों को बरकरार रखने संबंधी अपने 2022 के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं की पोषणीयता पर दलीलें सुनेगा।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा, ईडी ने तीन प्रारंभिक मुद्दे प्रस्तावित किए हैं जो मुख्य रूप से समीक्षा याचिकाओं की पोषणीयता से जुड़े हैं। पीठ ने कहा, समीक्षा याचिकाकर्ताओं ने उसके विचार के लिए 13 प्रश्न प्रस्तावित किए हैं। पीठ ने कहा, चूंकि प्रस्तावित मुद्दे पुनर्विचार कार्यवाही में उठ रहे हैं, इसलिए हम सबसे पहले पुनर्विचार याचिकाओं की पोषणीयता के मुद्दे पर पक्षकारों की सुनवाई करने का प्रस्ताव रखते हैं। उसके बाद पुनर्विचार याचिकाकर्ताओं की ओर से उठाए जाने वाले प्रस्तावित प्रश्नों पर सुनवाई करेंगे। पीठ ने कहा, यदि पुनर्विचार याचिकाएं पोषणीय लगती हैं, तो अंततः विचार के लिए उठने वाले प्रश्नों का निर्धारण भी न्यायालय की ओर से ही किया जाएगा।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, सबसे पहले यह मुद्दा उठाने का ही औचित्य है कि क्या पुनर्विचार याचिका विचार योग्य है। हम सभी जानते हैं कि पुनर्विचार की अपनी सीमाएं होती हैं... कभी-कभी हमारा दृष्टिकोण अलग हो सकता है, लेकिन फिर भी हम उसे प्रतिस्थापित नहीं कर सकते। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तारीख तय कर दी।

### भूषण स्टील केस में पुराना फैसला लिया वापस, अब नए सिरे से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन (लिक्विडेशन) और जेएसडब्लू स्टील की अधिग्रहण योजना को खारिज करने का 2 मई को सुनाया फैसला वापस ले लिया है। अब कोर्ट इस मामले में नए सिरे से सुनवाई करेगा। सीजेआई जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुप्रीम कोर्ट का 2 मई 2025 को जारी फैसला वापस ले लिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर भूषण स्टील का परिसमापन हुआ, तो 25,000 लोग सड़क पर आ जाएंगे। जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो मई को दिए अपने फैसले में भूषण पावर एंड स्टील के परिसमापन का आदेश दिया था। परिसमापन कंपनियों पर की जाने वाली एक ऐसी कार्यवाही है, जिससे कंपनी का वैधानिक अस्तित्व खत्म हो जाता है। अदालत के आदेश के बाद, जिंदल साउथ वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) ने कंपनी को 19,700 करोड़ रुपये की रिवाइवल प्लान के तहत अधिग्रहित किया था।

**कहा-शक्ति का इस्तेमाल अन्याय के लिए नहीं...**

सीजेआई जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल किसी रिवाइव की गई कंपनी के 25,000 कर्मचारियों के साथ अन्याय करने के लिए नहीं कर सकता। चीफ जस्टिस गवई और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने मामले की नए सिरे से सुनवाई का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मामले को पहली नजर में देखने के बाद हमारा मानना है कि यह फैसला विभिन्न फैसलों में निर्धारित कानूनी स्थिति पर सही ढंग से विचार नहीं करता है। इस फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है। लिहाजा अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल पूरी तरह इंसाफ के लिए किया जाना चाहिए, अन्याय के लिए नहीं। ब्यूरो

## पाकिस्तान को झटका...चिनाब पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट का टेंडर जारी

### सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान बार-बार लगाता रहा है अड़ंगा

अमर उजाला ब्यूरो



जम्मू-कश्मीर की चिनाब नदी पर आकार लेगी हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना।

**1856** मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा, 1960 के दशक से लंबित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद पहला बड़ा कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर के स्वालकोट में 1856 मेगावाट के हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। भारत के इस कदम से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है क्योंकि यह परियोजना उसकी लगातार की जाने वाली आपत्तियों के कारण अब तक आरंभ नहीं हो पाई थी।

नेशनल हाइड्रोपावर कॉरपोरेशन ने 1960 के दशक में बनाई गई इस योजना के तहत ई-टेंडर जारी किया है और इसके बारे में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। टेंडर भरने की आखिरी तिथि 10 सितंबर है। यह परियोजना जम्मू से करीब 120 किलोमीटर और श्रीनगर से 130 किलोमीटर दूर रामबन जिले के सिधू गांव में निर्मित की जाएगी। स्वालकोट परियोजना सिंधु नदी के पानी के अधिकतम इस्तेमाल की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी थी। इससे पहले, बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सिंधु जल संधि को महत्वपूर्ण बताते हुए पाकिस्तान के शर्तों पर तैयार होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की थी।

जयशंकर ने कहा, सिंधु जल संधि कई मायनों में अनूठी थी। मैं यह सोच भी नहीं सकता कि दुनिया में कहीं भी कोई ऐसी संधि हो सकती है जहां कोई देश अपने यहां से बहने वाली नदी पर अपना अधिकार रखे बिना सारा पानी दूसरे देश को बांट दे। उन्होंने इस संधि के बारे में संसद में जवाहरलाल नेहरू के बयान को भी उद्धृत किया और कहा, उन्होंने (नेहरू) कहा था, मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस सदन को पानी की मात्रा या दिए जाने वाले धन का आकलन करना है। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, मुझे यह संधि पाकिस्तानी पंजाब के हित में करनी है। नेहरू ने कश्मीर या पंजाब के किसानों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा, न ही राजस्थान या गुजरात के बारे में कुछ कहा। पीएम नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म कर और सिंधु जल संधि को स्थगित कर जवाहरलाल नेहरू की गलती को सुधारा।

## महाराष्ट्र : ईवीएम जांच पूरी, नहीं मिलीं खामियां

### चुनाव आयोग ने कहा- ईवीएम में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं



**नई दिल्ली।** भारत के निर्वाचन आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आम चुनाव से संबंधित शिकायतों को लेकर ईवीएम की जांच का काम पूरा कर लिया है। इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई। इससे किसी तरह की गड़बड़ी की कोई आशंका नहीं बची है।

निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक आयोग के 17 जून 2025 के निर्देशानुसार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस चोक्कलिंगम ने 10 उम्मीदवारों के अनुरोध पर 10 विधानसभा क्षेत्रों में बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट की जांच करवाई। इस दौरान वीवीपैट पर्चियों और ईवीएम नतीजों में कोई अंतर नहीं पाया गया। आयोग ने कहा कि यह सत्यापन बताता है कि ईवीएम में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। ब्यूरो

## तकनीकी खराबी के कारण एअर इंडिया की लंदन उड़ान रद्द

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के विमानों में तकनीकी खामियों का सिलसिला थम नहीं रहा। बृहस्पतिवार को कंपनी की दिल्ली से लंदन जाने वाली उड़ान तकनीकी खामी के कारण रद्द कर दी गई। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया, 31 जुलाई को दिल्ली से लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई2017 को तकनीकी समस्या के कारण रोक दिया गया। ब्यूरो

## बैंक धोखाधड़ी : अंडमान-निकोबार में पहली बार ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में पहली बार बंगाल की खाड़ी में स्थित इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे।

ईडी अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ स्थानों के अलावा कोलकाता में दो जगहों पर छापे मारे। यह मामला अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक और उसके उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा से संबंधित है।

सूत्रों ने बताया कि ईडी को कुछ दस्तावेज मिले हैं, जो एएनएससी बैंक की ओर से ऋण सुविधाएं प्रदान करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की ओर इशारा करते हैं। कांग्रेस नेता शर्मा की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। अंडमान पुलिस ने शर्मा को पुलिस ने 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा बैंक के महाप्रबंधक (एमडी) समेत सात लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

## नौसेना को मिला पहला एडवांस गाइडेड मिसाइल युद्धपोत हिमगिरी...बढ़ी ताकत




**कोलकाता।** रक्षा क्षेत्र की कंपनी गार्डन रीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लि. (जीआरएसई) ने बृहस्पतिवार को भारतीय नौसेना को एडवांस गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट (युद्धपोत) हिमगिरी सौंप दिया।

जीआरएसई के अधिकारी ने बताया कि नौसेना के 17ए प्रोजेक्ट के तहत तीन फ्रिगेट के निर्माण का ठेका दिया गया है। कंपनी दो अन्य पोतों का निर्माण कर रही है। तीनों जहाजों की कीमत करीब 21,833.36 करोड़ है। नौसेना की ओर से, युद्धपोत को पूर्वी नौसेना कमान के चीफ स्टाफ ऑफिसर (तकनीकी) रियर एडमिरल रवनीश सेठ की मौजूदगी में शामिल किया गया। इसके शामिल होने से नौसेना की क्षमता में व्यापक वृद्धि हुई है। ब्यूरो

## अब आयकर विभाग का नुवामा व जेन स्ट्रीट के परिसरों पर छापा

### ट्रेडिंग कंपनी भारतीय बाजार में हेरफेर के आरोपों में घिरी

**मुंबई।** अमेरिकी प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग दिग्गज जेन स्ट्रीट ग्रुप भारतीय बाजार में हेरफेर के आरोपों में घिरी हुई है। इस बीच, आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को मुंबई में नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट और जेन स्ट्रीट के परिसरों पर छापे मारे। नुवामा भारत में जेन स्ट्रीट की ऑन-ग्राउंड ट्रेडिंग पार्टनर है। नुवामा को पहले एडलवाइस ब्रोकिंग के नाम से जाना जाता था।

आयकर विभाग की कार्रवाई के बीच नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट के शेयर के भाव में बृहस्पतिवार को गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर नुवामा शेयर का भाव 2.46 फीसदी टूटकर 7228.55 रुपए रहा। इंट्रा-डे के दौरान नुवामा वेल्थ का शेयर 3.6 फीसदी लुढ़क कर 7142 रुपए तक नीचे गया था। बता दें कि सेबी ने तीन जुलाई को दिए अपने अंतरिम आदेश में जेन स्ट्रीट (जेएस) को भारी मुनाफा कमाने के लिए फ्यूचर एंड ऑप्शन मार्केट्स के साथ-साथ कैश में भी दांव लगाकर सूचकांकों में हेरफेर करने का दोषी पाया। इससे, सेबी ने हेज फंड को बाजार में प्रवेश करने से रोक दिया और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ जब्त कर लिया। एजेंसी

**21 जुलाई को जेन स्ट्रीट को फिर से कारोबार की मिली अनुमति**

सेबी ने जेन स्ट्रीट को 21 जुलाई से फिर से कारोबार शुरू करने की अनुमति दे दी, जब कंपनी ने एस्क्रो खाते में 4,843.57 करोड़ की अनिवार्य राशि जमा कर दी। हाल ही में सेबी ने सख्त निगरानी सुनिश्चित करने के लिए शेयर बाजारों को जेन स्ट्रीट समूह के लेनदेन और स्थिति पर नजर रखने का भी निर्देश दिया है।

## उमर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की सैर करते देख अच्छा लगा : मोदी



**अब्दुल्ला ने अपनी पोस्ट में कहा था,** यह उन सबसे अच्छे स्थानों में से एक है, जहां मैं दौड़ सका हूं। मैं अद्भुत अटल फुट ब्रिज के पास से भी दौड़ने में कामयाब रहा।

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की गुजरात यात्रा पर खुशी जताई। पीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कश्मीर से केवड़िया! उमर अब्दुल्ला को साबरमती रिवरफ्रंट पर दौड़ का आनंद लेते और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने जाते देखकर अच्छा लगा। उनकी यह यात्रा एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश देती है और हमारे साथी भारतीयों को भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करने के लिए प्रेरित करेगी। इससे पहले, अब्दुल्ला ने प्रसिद्ध साबरमती रिवरफ्रंट सैरगाह पर अपनी सुबह की दौड़ की तस्वीरें पोस्ट की थीं। ब्यूरो

## ट्रायल कोर्ट से दोष मुक्त नौ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ फिर होगी जांच

**शिमला।** पूर्व भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने के मामले में ट्रायल कोर्ट (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) से दोषमुक्त कांग्रेस नेताओं समेत नौ कार्यकर्ताओं के खिलाफ दोबारा जांच होगी।

**हिमाचल प्रदेश सरकार ने दायर की पुनरीक्षण याचिका**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण गर्ग ने राज्य की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार कर ट्रायल कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए मामले को वापस भेजा है। आदेश दिए गए हैं कि आरोप पत्र की विषय-वस्तु और पुलिस रिपोर्ट में दर्ज सामग्री की जांच का समुचित अवलोकन करने के बाद इस मुद्दे पर नए सिरे से विचार हो। पक्षकारों को 22 अगस्त 2025 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामला 16 अप्रैल, 2019 को सदर थाना क्षेत्र का है। आरोप लगे थे कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं यशवंत छाजटा, आकाश सैनी, अरुण शर्मा, हरि कृष्ण हिमराल, दिनेश चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह, अमित कोहली, जैनब चंदेल, गीता नेगी समेत 80-90 अन्य लोगों ने एक राजनीतिक रैली में भाजपा नेता सतपाल सत्ती के खिलाफ नारे लगाए और उनके पुतले को आग लगा दी। संवाद

**जलवायु परिवर्तन** | लद्दाख और राजस्थान में रिकॉर्ड वर्षा, पूर्वोत्तर के सात राज्यों में भारी कमी

# जुलाई में औसत से सात फीसदी अधिक बारिश, कहीं ज्यादा-कहीं कम

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** जुलाई माह में औसत से 7% ज्यादा बारिश हुई है लेकिन कहीं ज्यादा तो कहीं कम। मानसून के असमान वितरण के लिए जलवायु परिवर्तन को कारण माना जा रहा है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जहां राजस्थान और लद्दाख जैसे इलाकों में सामान्य से बेहद अधिक बारिश दर्ज की गई, वहीं पूर्वोत्तर के कई राज्यों और दिल्ली जैसे इलाकों में वर्षा में भारी गिरावट देखने को मिली है। इस असमान वितरण को जलवायु परिवर्तन से उपजा एक स्पष्ट संकेत मान सकते हैं। पूरे देश में जुलाई के दौरान केवल दो राज्य ऐसे रहे जहां बहुत अधिक बारिश दर्ज की गई। राजस्थान में सामान्य से 89 फीसदी और लद्दाख में 161 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई। वहीं चार राज्य ऐसे हैं जहां सामान्य से अधिक वर्षा हुई है और 23 राज्यों में वर्षा को सामान्य श्रेणी में रखा गया है।



*उत्तर-पश्चिम भारत में मिश्रित तस्वीर...उत्तराखंड में सामान्य 567 मिमी वर्षा हुई, जबकि हरियाणा में 12 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई। चंडीगढ़ में नौ फीसदी की गिरावट रही, परंतु दोनों राज्यों को भी सामान्य श्रेणी में ही रखा गया है। दिल्ली में 26 फीसदी कम केवल 178.1 मिमी बारिश हुई। हिमाचल में आठ फीसदी अधिक वर्षा हुई, जबकि जम्मू-कश्मीर में 10 फीसदी की कमी रही। वहीं, मध्य भारत में बारिश संतोषजनक रही। यहां सामान्य से 55 फीसदी अधिक वर्षा हुई।*

**यूपी में सामान्य से आठ फीसदी कम**

उत्तर प्रदेश में एक से 29 जुलाई तक सामान्य से 8 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई। हालांकि यह कमी सीमित रही, इसलिए भारतीय मौसम विभाग ने राज्य को सामान्य वर्षा की श्रेणी में रखा है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि वर्षा का यह असमान वितरण कृषि और जल आपूर्ति को लेकर चिंता का कारण बन सकता है, विशेषकर उन जिलों में जहां पहले से ही जल स्तर कम है। वहीं पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में वर्षा में भारी गिरावट दर्ज की गई। मेघालय में सामान्य से 56 फीसदी कम बारिश हुई है, जिसे वर्षा में भारी कमी की श्रेणी में रखा गया है।

**अब बादलों का घर नहीं रहा मेघालय, 56% कम बारिश**

मेघालय जिसका शाब्दिक अर्थ है बादलों का घर, अब अपने नाम के अनुकूल नहीं रह गया है। यह राज्य, जो दुनिया के सबसे अधिक वर्षा वाले स्थानों मासिनराम और चेरापूंजी के लिए जाना जाता है, आज गहराते सूखे की चपेट में है। राज्य में वर्तमान मानसून के दौरान देश में सबसे अधिक 56% वर्षा की कमी दर्ज की गई है। 1 जून से 28 जुलाई तक मेघालय में केवल 690.7 मिमी वर्षा हुई, जबकि औसत सामान्य वर्षा 1,555.4 मिमी होनी चाहिए थी। वहीं, सूखा माने जाने वाला राज्य झारखंड इस बार मेघालय से आगे निकल गया, जहां 732.6 मिमी वर्षा हुई यानी सामान्य से 53% अधिक।

# कोविड वैक्सीन ने बचाईं 25 लाख जानें

### अध्ययन : हर 5,400 टीके ने कम से कम एक जिंदगी को बचाया

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी में कोविड वैक्सीन ने ऐतिहासिक रूप से 25 लाख से अधिक जिंदगियों को बचाया। वैश्विक स्तर पर 2020 से 2024 के बीच हर 5,400 टीके ने कम से कम एक जान बचाई। आंकड़ा सिर्फ वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में वैक्सीन की अहम भूमिका का प्रमाण है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटा कैथोलिका डेल सैक्रो कुओरे का यह संयुक्त अध्ययन जामा हेल्थ फोरम में प्रकाशित हुआ है। शोध के अनुसार, कोविड वैक्सीन ने कुल 25.3 लाख लोगों की जान बचाई, जिनमें 90% से अधिक वे लोग थे जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के थे। अगर यह वैक्सीन न होती तो ओमिक्रॉन के चरम समय में दुनिया को और अधिक भयावह त्रासदी का सामना करना पड़ता। क्योंकि 57% मौतें अकेले ओमिक्रॉन काल के दौरान टाली गईं। अध्ययन केवल मृत्यु दर पर नहीं, बल्कि जीवन वर्षों (इयर्स ऑफ लाइफ सेव्ड) पर भी आधारित था। टीकाकरण के कारण कुल 1.48 करोड़ जीवन-वर्ष बचे। यानी हर 900 डोज पर कम से कम एक वर्ष की जिंदगी बढ़ गई। वैश्विक विश्लेषण से पता चला कि 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के कारण ही 76% जीवन वर्ष बचे, यानी यह आयुवर्ग टीकाकरण से सर्वाधिक लाभान्वित हुआ। दीर्घकालिक देखभाल केंद्रों जैसे नर्सिंग होम में रहने वाले लोगों की भूमिका सिर्फ 2% रही। वहीं, बच्चों व किशोरों में जीवन रक्षा का प्रतिशत 0.01%, व 20-29 आयुवर्ग में मात्र 0.07% ही पाया गया।

**■ वैश्विक स्तर पर इतिहास का सबसे व्यापक शोध**

शोधकर्ता प्रोफेसर स्टेफानिया बोक्सिया ने कहा कि यह विश्लेषण अब तक का सबसे बड़ा और समग्र अध्ययन है, जिसमें न केवल डेल्टा और अल्फा, बल्कि ओमिक्रॉन के समय को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे आंकड़े पहले के आकलनों से अधिक सटीक हैं, लेकिन यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट है कि टीकाकरण ने वैश्विक स्तर पर लाखों जिंदगियां बचाईं और करोड़ों जीवन वर्षों को सुरक्षित किया।

■ अमर उजाला नेटवर्क

## स्पिनर कुलदीप को मौका देना चाहिए था : गांगुली



*कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि टीम प्रबंधन ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में न उतारकर मौका गंवाया है। टेस्ट मैच के अंतिम दो दिन स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कुलदीप को पांच मैचों की श्रृंखला में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं दिया गया। सौरव ने कहा कि मैच के अंतिम दो दिन अच्छे स्पिनर के बिना आप विपक्षी टीम को आउट करने की नहीं सोच सकते। एजेंसी*

# तरुण ने शीर्ष वरीय चेउक को हराकर किया उलटफेर

## बैडमिंटन : विश्व नंबर-47 मकाऊ ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे, अब चीन के हूझे से मुकाबला

**मकाऊ।** भारत के युवा शटलर तरुण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर किया। विश्व नंबर-47 तरुण ने शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चेउक यिऊ को 19-21, 21-14, 22-20 से हराकर सभी को चौंका दिया। इसके साथ ही वह दूसरी बार किसी सुपर 300 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने फरवरी में जर्मन ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई थी। अब उनकी भिड़ंत विश्व नंबर 87 चीन के हूझे एन से होगी।

23 साल के तरुण ने टूर्नामेंट के पहले दौर में हमवतन मनराज सिंह को हराया था। अंतिम -16 में ली चेउक के खिलाफ उन्होंने पहला गेम गंवा दिया था। हालांकि, शानदार वापसी से साथ उन्होंने एक घंटे में मुकाबला जीत लिया। एजेंसी



शटलर तरुण दूसरी बार अंतिम-8 में पहुंचे।

### साल के दूसरे क्वार्टरफाइनल में पहुंचे लक्ष्य

विश्व नंबर-17 लक्ष्य सेन इस साल के दूसरे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने दूसरे दौर में विश्व नंबर-48 इंडोनेशिया के चिको ऑरा को 21-14, 14-21, 21-17 से मात दी। लक्ष्य ने एक घंटे सात मिनट में मुकाबला जीता। इससे पहले वह ऑल इंग्लैंड ओपन में अंतिम-8 तक पहुंचे थे। लेकिन वहां से आगे नहीं बढ़ सके थे। इस बीच 17 वर्षीय आयुष शेट्टी को मलयेशिया के जस्टिन होह के खिलाफ 18-21, 16-21 से हार मिली। महिला एकल में रक्षिता रामराज को थाईलैंड की बुसानन से 21-14, 10-21, 11-21 से हार मिली।

- *विश्व नंबर-9 भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विक और चिराग ने जापान के केकेरू कुमागाई और हिरोकी निशि को एक घंटे में 10-21, 22-20, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।*

# फाइनल में मेरे पास खोने को कुछ नहीं था : दिव्या

## शतरंज विश्वकप चैंपियन बेटी ने कहा, उन पर नहीं था कोई दबाव

**नागपुर।** विश्वकप जीतकर अपने घर लौटीं 19 साल की ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख का कहना है कि वह फाइनल में हमवतन 38 वर्षीय कोनेरू हंपी के खिलाफ किसी तरह के दबाव में नहीं थीं, क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था।

दिव्या का बुधवार की रात बातूमी (जॉर्जिया) से लौटने पर जबरदस्त स्वागत किया गया। दिव्या ने फाइनल में हंपी को हराकर न सिर्फ विश्वकप जीता बल्कि ग्रैंडमास्टर की उपाधि भी हासिल की। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की चौथी बेटी हैं। एजेंसी



ट्रॉफी और स्वर्ण पदक के साथ ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख।

### दिवंगत कोच को समर्पित की जीएम उपाधि

दिव्या ने कहा, फाइनल के दौरान उन्होंने कभी नहीं सोचा कि वह खतरे में हैं। वह कहती हैं कि परिणाम उनके हाथ में नहीं था, जिसके चलते वह अपने सिर्फ और सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान दे रही थीं। इस टूर्नामेंट में उतरने से पहले दिव्या के पास एक भी ग्रैंडमास्टर की नॉर्म नहीं थी, लेकिन विजेता बनने पर उन्हें यह उपाधि मिल गई। दिव्या ने इस दौरान अपने पहले कोच राहुल जोशी को भी याद किया। राहुल चाहते थे कि वह ग्रैंडमास्टर बनें। दिव्या ने ग्रैंडमास्टर की उपाधि राहुल को समर्पित की। राहुल जोशी का 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

***जताई उम्मीद, महिला शतरंज को मिलेगी नई उड़ान***

*दिव्या ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। दिव्या को लगता है कि उनकी इस सफलता से देश में महिला शतरंज को नई उड़ान मिलेगी। वह कहती हैं कि माता-पिता बच्चों का खुलकर समर्थन करें, क्योंकि विफलता के समय उन्हें उनके सहारे की जरूरत होती है।*

## न्यूज डायरी

### डूरंड कप : बोडोलैंड एफसी ने कार्बी को 2-1 से हराया

**कोकराझार (असम)।** स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने 134वें डूरंड कप में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए कार्बी एंगलोंग मार्निंग स्टार एफसी को 2-1 से हराया। कार्बी एंगलोंग ने जोसफ मायोवा ओलालेये (25वां मिनट) की मदद से पहला गोल किया। बोडोलैंड एफसी ने 37वें मिनट में ग्वुग्वमसार की मदद से बराबरी हासिल कर ली। रोबिनसन (60वां मिनट) ने निर्णायक गोल किया। एजेंसी

### पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 में विश्व चैंपियन

**एथेंस।** भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं जबकि मोनी 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया के खिलाफ 5-6 से मिली हार के बाद रजत मिला। एजेंसी

### कॉन्वे और मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को मजबूत बढ़त

**बुलावायो।** डेवोन कॉन्वे (88) और डेरिल मिचेल (80) की पारियों से न्यूजीलैंड ने मेजबान जिंबाब्वे के खिलाफ पहली पारी में 307 रन बनाए। नाथन स्मिथ (22) रिटायर्ड हर्ट हुए। जिंबाब्वे की पहली पारी 149 पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 158 रन की बढ़त मिली। दूसरे दिन के खेल की समाप्ति पर मेजबान टीम ने दो विकेट पर 31 रन बनाए थे। मेजबान टीम अभी 127 रन से पीछे है। एजेंसी

# करुण का नौ साल बाद टेस्ट अर्धशतक सुंदर के साथ भारतीय पारी को संभाला

## पांचवें टेस्ट के पहले दिन बारिश के खलल के बीच भारतीय टीम ने बनाए 6 विकेट पर 204 रन

**लंदन।** टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाने का फैसला आखिर रंग लाया। पांचवें और निर्णायक टेस्ट के पहले दिन बारिश के खलल के बीच भारत की आधी टीम 123 रन पर पवेलियन लौट चुकी थी, लेकिन शार्दुल की जगह टीम में शामिल करुण नायर ने अर्धशतकीय पारी खेल कर लड़खड़ाई भारतीय पारी को सहारा दिया।

करुण ने वाशिंगटन सुंदर के साथ अटूट अर्धशतकीय साझेदारी कर दिन का खेल समाप्त होने तक भारत को छह विकेट पर 204 रन तक पहुंचा दिया। करुण 52 और सुंदर 19 रन पर खेल रहे हैं। 2016 में टेस्ट क्रिकेट में 303 रन की पारी खेल चुके करुण ने करीब नौ साल बाद (3149 दिन) पहला टेस्ट अर्धशतक लगाया। एक समय कप्तान शुभमन गिल (21) की रन चुराने में दिखाई गई जल्दबाजी भारतीय टीम को भारी पड़ती दिखाई दे रही थी। लय में नजर आ रहे गिल गेंद पुश करते भाग पड़े, एटकिंसन ने उनकी गिल्लियां बिखेर दीं।

**लगातार पांचवां टॉस हारे :** शुभमन लगातार पांचवें टेस्ट में टॉस हारे। ओली पोप ने उन्हें बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 15वीं बार टॉस हारा। भारत ने बुमराह की जगह आकाशदीप को, पंत की जगह ध्रुव जुरेल को शामिल किया। अंशुल की जगह प्रसिद्ध को जगह मिली। एजेंसी



पांचवें टेस्ट में अर्धशतक पूरा करने के बाद करुण नायर। एजेंसी

**21** पर रन आउट हो गए गिल

**भारतीय कप्तान के एक सीरीज में सर्वाधिक रन**

| क्रिकेटर | रन | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 743 | इंग्लैंड | 2025 |
| सुनील गावस्कर | 732 | वेस्टइंडीज | 1978-79 |
| विराट कोहली | 655 | इंग्लैंड | 2016 |

***गिल ने गावस्कर को पीछे छोड़ा***

*गिल ने 11 रन बनाते ही सुनील गावस्कर की ओर से बतौर कप्तान एक सीरीज में बनाए गए सर्वाधिक 732 रन के भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गिल इस सीरीज में अब 743 रन बना चुके हैं और गावस्कर के एक सीरीज में सर्वाधिक 774 रन के रिकॉर्ड से 32 रन दूर हैं।*

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी 6 विकेट पर 204 रन, 64 ओवर**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो एटकिंसन | 02 | 09 | 0/0 |
| केएल राहुल बो क्रिस वोक्स | 14 | 40 | 1/0 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो जोश टंग | 38 | 108 | 6/0 |
| शुभमन गिल रन आउट | 21 | 35 | 4/0 |
| करुण नायर नाबाद | 52 | 98 | 7/0 |
| जडेजा का स्मिथ बो जोश टंग | 09 | 13 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल का ब्रूक बो एटकिंसन | 19 | 40 | 2/0 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 | 45 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 30, **विकेट पतन :** 1-10, 2-38, 3-83, 4-101, 5-123, 6-153, **गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 14-1-46-1, एटकिंसन 19-7-31-2, जोश टंग 13-3-47-2, ओवरटन 16-0-66-0 , जैकब बैथल 2-1-4-0

### सीरीज में सर्वाधिक रन का नया भारतीय रिकॉर्ड

ओवल में भारत ने एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने के अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 3,271वां रन बनाते ही भारत ने एक सीरीज में सर्वाधिक बनाने का अपना नया रिकॉर्ड बना लिया। भारत ने 1978-70 की वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई छह टेस्ट मैचों की सीरीज में 3,270 रन बनाए थे।

- *पिच पर 8 मिलीमीटर की घास रखी गई। बारिश के कारण आधे घंटे की देरी से खेल शुरू हुआ। एटकिंसन ने यशस्वी (2) को पगबाधा आउट किया। राहुल (14) को वोक्स ने बोल्ड किया। स्कोर जब 72 रन था, तब फिर बारिश आ गई। लंच के बाद सवा घंटे देर से खेल शुरू हुआ। तेज गेंदबाज वोक्स क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए। उनका आगे खेलना संदिग्ध है।*

# लंबे समय बाद विदेश में तैयारियां करेंगे पहलवान

## विश्व चैंपियनशिप के लिए क्रोएशिया जाएंगे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ में विवाद के बाद ठप पड़ी गतिविधियां अब पटरी पर आने लगी हैं। लंबे समय बाद पहलवानों को दुनिया के नामी कुश्ती देशों के साथ तैयारियों के लिए विदेश भेजा जा रहा है।

भारतीय पुरुष और महिला पहलवान 24 अगस्त को क्रोएशिया के पोरेक शहर में विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए रवाना हो रहे हैं। यह तैयारी शिविर 13 सितंबर से जगरेब (क्रोएशिया) में शुरू होने जा रही विश्व चैंपियनशिप से ठीक पहले लगाया जाएगा, जिसमें अमेरिका, रूस, जापान, ईरान समेत 15 से 16 देशों के पहलवान एक दूसरे के साथ ताल ठोकते नजर आएंगे।

इस वक्त विश्व चैंपियनशिप के लिए फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन वर्ग के पुरुष पहलवान लखनऊ में और महिला पहलवान दिल्ली में तैयारियां कर रही हैं। पिछली कई विश्व चैंपियनशिप से भारतीय पहलवान पदक जीतते आ रहे हैं।



अमन

***अमन, दीपक-सुजीत पर रहेंगी निगाहें***

*भारतीय पहलवानों का अंतिम बार विदेश में तैयारी शिविर टोक्यो ओलंपिक से पहले 2019 में अस्ताना में लगा था। तब पहलवानों को ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए भेजा गया था। इसका फायदा भी मिला था। उस दौरान तीन पहलवानों ने इस तैयारी शिविर के जरिये ओलंपिक कोटा हासिल किया था। विश्व चैंपियनशिप के लिए फ्रीस्टाइल में पेरिस ओलंपिक पदक विजेता अमन (57), दीपक पूनिया (92) और रैंकिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण विजेता सुजीत कलकल (65) से पदक की उम्मीदें लगाई जा रही हैं।*

### चयन के लिए तीन और चार को होंगे ट्रायल

विश्व चैंपियनशिप के लिए 10-10 भार वर्गों में टीम का चयन होना है। महिला पहलवानों की टीम के चयन के लिए तीन अगस्त को दिल्ली के आईजी स्टेडियम में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे, जबकि पुरुष पहलवानों के चयन के लिए लखनऊ के साई सेंटर में ट्रायल आयोजित होंगे। भारत के लिए 2023 की विश्व चैंपियनशिप में अंतिम पंघाल ने 53 भार वर्ग में पदक जीता था। 2022 की विश्व चैंपियनशिप में विनेश और बजरंग ने पदक जीते थे।

# तूफान के चलते शंघाई में फंसी वुशु टीम

## एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में खेलने चीन गई थी, जीते नौ पदक

**नई दिल्ली।** जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में खेलने चीन गई भारतीय वुशु टीम को-मे तूफान के चलते शंघाई में फंस गई है। भारतीय वुशु महासंघ के प्रयासों से टीम को एयरपोर्ट से स्थानीय होटल में ठहराया गया है। 27 सदस्यीय वुशु टीम को शंघाई में फंसे हुए 36 घंटे से ऊपर हो चुके हैं। उन्हें शुक्रवार को दिल्ली भेजने का आश्वासन दिया गया है। टीम अधिकारियों का कहना है कि तूफान के चलते अगर फ्लाइटें नहीं शुरू हुईं तो उन्हें फिर यहीं रुकना पड़ेगा।

भारतीय टीम 22 जुलाई को चीन के जियांग यिन रवाना हुई थी। टीम ने एक स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य जीते। टीम अधिकारी के मुताबिक टीम को 30 जुलाई की सुबह शंघाई से दिल्ली के लिए रवाना होना था। टीम शंघाई एयरपोर्ट पहुंची तो उन्हें बताया गया कि सारी फ्लाइटें रद्द हैं। टीम छह घंटे तक एयरपोर्ट पर रही। वुशु महासंघ ने शंघाई वुशु संघ से बात कर टीम को होटल में ठहराया। एयरपोर्ट पर जापान, फिलीपीन की टीमें भी फंसी हुई थीं। चैंपियनशिप में रोशन (52 किलो) ने स्वर्ण, आईशा (60), रविचंद्रा (56), याईचेंबा, देविका रानी (2 रजत) ने रजत पदक जीते। अभिजीत, बिपुल, श्वेता को कांस्य मिला। ब्यूरो



एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी।

फुटबाल

### इंटर मियामी ने लीग कप में एटलस को 2-1 से हराया

# मेसी के आखिरी पल में किए कमाल से जीता मियामी

**मियामी।** लियोनल मेसी के मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबाल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकर द्वारा ऑल-स्टार में भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेसी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था।

उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट को विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया। मेसी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोजानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। मियामी के गोलकीपर रोको रियोस नोवो ने पहले हाफ में तीन बचाव किए थे। एजेंसी




एटलस के खिलाफ मैच के दौरान एक्शन में लियोनल मेसी।

***यमाल के डबल से बार्सिलोना की जीत***

*सिओल। अठारह साल के लामिने यमाल ने बार्सिलोना के लिए दस नंबर की जर्सी में अपना पहला गोल एफसी सिओल के खिलाफ प्रदर्शनी मैच में किया। पहले दस नंबर की जर्सी दिग्गज डिएगो माराडोना और मेसी पहन चुके हैं। स्पेन के युवा फुटबालर ने दो गोल किए। टीम 7-3 से जीतने में सफल रही। यमाल ने 14वें मिनट और हाफ टाइम से पहले गोल किया।*



- इस महीने मेसी ने इंटर मियामी के लिए पांच गोल करने में मदद की है। उन्हें आठ गोल करने पर मेजर लीग सॉकर का महीने का श्रेष्ठ फुटबालर भी आंका गया है।

अमर उजाला

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHI/2003/09919

# बिंदास

लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

**फिल्म 'मरते दम तक' में मैंने राज कुमार के साथ काम किया था। उन्हें कहानी सुनाने के लिए फोन लगाया, बोला- मैं मेहुल कुमार बोल रहा हूं। आपको फिल्म की कहानी सुनानी है.. वहां से जवाब मिला, 'कौन मेहुल कुमार?' परिचय देने के बाद मिलने को राजी हुए।**

90 के दशक में 'तिरंगा', 'क्रांतिवीर' और 'कोहराम' जैसी देशभक्ति से लबरेज एक्शन फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर मेहुल कुमार ने हाल ही में अमर उजाला से खास बातचीत की। मेहुल ने मोहम्मद रफी से लेकर राज कुमार तक से जुड़े कई मजेदार किस्से साझा किए। पेश हैं इस बातचीत के मुख्य अंश...

# 'पहले इंडस्ट्री में प्यार था, अब सिर्फ कारोबार है'

**■ अपनी फिल्मों में आपने बात हमेशा वजनदार की और उसे लोगों के हिसाब से भी बनाया। ये कितना मुश्किल था?**

मैं हमेशा बड़ी बात लोगों के हिसाब से ही कहता हूं, ताकि जो हमें कहना है, वो कह भी दिया जाए और लोग उससे जुड़ भी जाएं। यही वजह है कि मेरी कई एक्शन फिल्में परिवारों ने भी पसंद कीं। चाहे 'क्रांतिवीर' हो या 'तिरंगा', इनमें देशभक्ति का ही एंगल नहीं रहा। इनमें गाने और लव एंगल जोड़कर व्यावसायिक तरीके से ही पेश करना पड़ा, तभी वजनदार बात लोगों के दिलों तक पहुंची।

**■ आपने मोहम्मद रफी साहब के साथ काम किया है। कैसी शख्सियत थे वो?**

रफी साहब रमजान महीने में कभी गाने नहीं गाते थे, पर मेरी एक गुजराती फिल्म के लिए वे सिर्फ एक बार कॉल करने पर रिकॉर्ड करने आ गए। उन्होंने शाम 7 बजे रोजा खोलने के बाद मेरे लिए गाना रिकॉर्ड किया। वे जितने बड़े और महान कलाकार थे, उतने ही सरल इन्सान थे।

**■ आपने अशोक कुमार से लेकर मनोज बाजपेयी तक के साथ काम किया है? कलाकारों के साथ रिश्ते कैसे रहे?**



दादा मुनि ने तो मेरे साथ पर-डे के हिसाब से काम किया था। उन्हें लगा शूट 10 दिन का होगा पर छह दिन में ही खत्म हो गया। वे हंसते हुए बोले, 'तेरे साथ अब कभी पर-डे के हिसाब से काम नहीं करूंगा।' महमूद भाईजान ने तो अपनी आखिरी फिल्म मेरे साथ की थी। वे इंडस्ट्री में काम करना छोड़ चुके थे, पर मेरे कहने पर फिल्म 'लव मैरिज' में काम किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि उस वक्त इंडस्ट्री में आपस में प्यार था। लोग एक-दूसरे का साथ देने के लिए हमेशा खड़े रहते थे और कहानी को प्राथमिकता दी जाती थी। अब तो सबकुछ धंधा बन गया है।

**■ राज कुमार साहब के साथ जब पहली बार काम किया था तो कोई डर था?**

हमने साथ में पहली बार फिल्म 'मरते दम तक' में साथ काम किया था। उन्हें कहानी सुनाने के लिए पहली बार फोन लगाया, बोला- राज कुमार साहब मैं मेहुल कुमार बोल रहा हूं। आपको एक फिल्म की कहानी सुनानी है.. वहां से जवाब मिला- 'कौन मेहुल कुमार?' परिचय देने के बाद मिलने को राजी हुए। फिल्म की स्क्रिप्ट मैंने उन्हें उर्दू में लिखकर दी। उन्हें पसंद आई तो फिल्म करने को राजी हुए। मुहूर्त शॉट का दिन आया, तो देखा राज साहब टैक्सी में आ रहे हैं। पूरे यूनिट में हंगामा हो गया। मैंने पूछा, राज साहब आप टैक्सी में तो बोले- 'गाड़ी खराब हो गई थी और पहले ही दिन सेट पर नहीं आता तो कहानियां बन जातीं, इसलिए टैक्सी से चला आया।'

*क्यूआर कोड स्कैन करके आप इस इंटरव्यू की वीडियो भी देख सकते हैं।*

# एनिमेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज

गुरुवार को डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जहां पहली फिल्म में अपराध सुलझाने के लिए निक वाइल्ड और ज्युडी हॉप्स की जोड़ी बनाई गई थी, वहीं अब 'जूटोपिया 2' में भी दोनों मिलकर एक विशाल सांप का सामना करेंगे।



**● शहर में घुसा जहरीला सांप**

**फिल्म** 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे सफर पर ले जाता है, जहां निक और ज्यूडी, पुलिस में अफसर हैं, एक नए और खतरनाक केस में उलझ जाते हैं। इस बार चुनौती सिर्फ पेशेवर नहीं, बल्कि निजी भी है। दोनों के बीच बढ़ते मतभेदों को देखते हुए चीफ बोगो उन्हें 'पार्टनर्स इन क्राइसिस' नाम के काउंसलिंग प्रोग्राम में भेजते हैं, लेकिन हालात तब बिगड़ जाते हैं, जब उन्हें जूटोपिया में आए एक रहस्यमयी और जहरीले सांप के केस में जुटना पड़ता है। यह फिल्म भारत में इसी साल 28 नवंबर को हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों निर्देशक राज निदिमोरु के साथ अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में मुंबई के एक रेस्त्रां में डिनर डेट पर पहुंचे दोनों का वीडियो वायरल होने के बाद इस चर्चा ने जोर पकड़ ली है।

# डिनर डेट पर निकले सामंथा-राज, पैपराजी पर गुस्सा हुए निर्देशक



**सामंथा** और राज मुंबई के एक रेस्त्रां में एक साथ एक ही कार में डिनर करने पहुंचे। इस दौरान जब पैपराजी ने दोनों को एक साथ कैमरे में कैद करना चाहा, तो राज नाराज हो गए। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे लेकर यूजर्स तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

बताते चलें कि राज और सामंथा ने अब तक अपने रिश्ते पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वर्कफ्रंट पर सामंथा और राज ने 'द फैमिली मैन 2' और 'सिटाडेल : हनी बनी' जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। एक्ट्रेस इन दिनों 'रक्त ब्रह्मांड : द ब्लडी किंगडम' पर काम कर रही हैं।

# ऑस्ट्रेलिया : बाल सुरक्षा मामले में एक्स की अपील खारिज, कानूनी खर्च भुगतान का निर्देश

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक अपील कोर्ट ने बृहस्पतिवार को अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी एक्स कॉर्प के खिलाफ फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी। अदालत ने एक्स के प्लेटफॉर्म पर व्यापक बाल शोषण सामग्री से निपटने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी मांगने को चुनौती देने वाली याचिका को अनुचित बताते हुए सुनवाई से बाहर कर दिया। न्यायाधीशों ने एक्स को आयुक्त की कानूनी लागत का भुगतान करने का भी आदेश दिया। तीन संघीय अदालत के न्यायाधीशों ने पिछले साल अक्टूबर में संघीय अदालत के उस फैसले के खिलाफ एक्स की अपील को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया था, जिसमें कंपनी को ई-सेफ्टी आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट के एक्स पर साझा बाल शोषण सामग्री के बारे में दिए गए नोटिस का जवाब देने के लिए बाध्य किया गया था। यह कंपनी टेक्सास में निगमित है। इनमैन ग्रांट का कार्यालय खुद को दुनिया की पहली सरकारी एजेंसी बताता है जो लोगों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए समर्पित है। ग्रांट ने दुनिया का पहला ऐसा कानून भी पारित कराया है जो दिसंबर से 16 साल से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को एक्स सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से प्रतिबंधित कर देगा। एजेंसी

### तकनीकी कंपनियों की जवाबदेही जरूरी

ट्विटर की पूर्व कर्मचारी इनमैन ग्रांट ने फैसले का स्वागत कर कहा, यह बताता है कि ऑस्ट्रेलिया के ऑनलाइन सुरक्षा नियमों का पालन करने की बाध्यताएं अभी भी लागू हैं। वह बोलीं, उनकी एजेंसी ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम लागू कराना जारी रखेगी और बिना किसी डर के सभी तकनीकी कंपनियों को जवाबदेह ठहराएगी। उन्होंने कहा, सार्थक पारदर्शिता के बिना, हम तकनीकी कंपनियों को जवाबदेह नहीं ठहरा सकते। एक्स के वकील जस्टिन क्विल ने कहा अपील कोर्ट के तर्क पढ़ने के बाद कुछ कहेंगे।

# बांग्लादेश : शेख हसीना और 99 अन्य पर जमीन घोटाले के 6 मामलों में आरोप तय



**ढाका।** बांग्लादेश की दो अलग-अलग अदालतों ने बृहस्पतिवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 99 अन्य के खिलाफ एक आवास परियोजना में जमीन आवंटन में अनियमितताओं के छह मामलों में आरोप तय किए।

इन छह मामलों में से ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-4 के जज रबीउल आलम ने तीन मामलों में आरोप तय किए। अदालत ने इन मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की और आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए। इसी तरह ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 के जज मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने भी तीन मामलों में आरोप तय किए। बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के सरकारी वकील मीर अहमद अली सलाम के हवाले से बताया कि आयोग ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है और मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की है। एजेंसी

# भारत व ब्राजील का रक्षा सहयोग पर विशेष जोर

**ब्रासीलिया।** भारत व ब्राजील के बीच आठवीं संयुक्त रक्षा समिति की बैठक में सैन्य सहयोग, प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग साझेदारी और हिंद-प्रशांत व लैटिन अमेरिकी सुरक्षा पर बात हुई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बैठक की अगुवाई भारत के संयुक्त सचिव (स्वतंत्र प्रभार) विश्वेश नेगी और नीति एवं रणनीति के उप प्रमुख मेजर जनरल बिलेन कोजी कामेई ने की।

**हिंद-प्रशांत सुरक्षा व रक्षा उद्यम साझेदारी पर बातचीत**

बैठक में द्विपक्षीय घनिष्ठ और बहुआयामी संबंधों के साथ रणनीतिक संबंधों पर जोर रहा। दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग बढ़ाने पर बल देते हुए भविष्य में संयुक्त अभ्यास नौकायन रेगाटा जैसी गतिविधियों को और अधिक बढ़ाना विशेष रूप से जरूरी बताया। एजेंसी






## न्यूज डायरी

### लिथुआनिया पीएम का खुद के खिलाफ प्रदर्शन के बाद इस्तीफा



**विलनियस।** लिथुआनिया के पीएम गिंटौटस पलुकास ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह कदम उनके व्यापारिक लेनदेन की जांच के बाद उठाया। उनके लेनदेन का खुलासा होने के बाद इस बाल्टिक देश की राजधानी में प्रदर्शन शुरू हुए और उनके इस्तीफे की मांग की जाने लगी। राष्ट्रपति गिटानास नौसेदा ने मीडिया के सामने पलुकास के इस्तीफे की घोषणा की। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य पलुकास गत वर्ष अक्तूबर में संसदीय चुनाव के बाद 3 दलीय गठबंधन के बूते पीएम बने थे। एजेंसी

### पहली समलैंगिक महिला चेरी वैन बनीं वेल्स की आर्कबिशप



**लंदन।** बिशप चेरी वैन को वेल्स चर्च का आर्कबिशप चुना गया है। इस तरह वह ब्रिटेन के किसी भी एंग्लिकन चर्च का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और समलैंगिक (एलजीबीटीक्यू प्लस) पादरी बन गई हैं। यद्यपि अंतरराष्ट्रीय एंग्लिकन समुदाय में पहले भी खुले तौर पर समलैंगिक बिशप रहे हैं, लेकिन वैन विश्व स्तर पर आर्कबिशप के रूप में सेवा करने वाली पहली समलैंगिक महिला होंगी। इसे पश्चिमी जगत में खास माना जा रहा है। एजेंसी

### पाकिस्तान : इमरान के दल के 166 नेताओं को दस साल की सजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आतंक-रोधी अदालत ने पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी (पीटीआई) के 166 नेताओं व कार्यकर्ताओं को 10-10 साल की सजा सुनाई है। इन नेताओं में नेशनल असेंबली और सीनेट के विपक्षी नेता भी शामिल हैं। यह सजा नौ मई 2023 को आईएसआई बिल्डिंग और सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। पार्टी ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि वह इस निर्णय को लाहौर के हाईकोर्ट में चुनौती देने जा रही है। एजेंसी

# ईरानी पेट्रो उत्पादों की खरीद-बिक्री वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध

## प्रतिबंधित सूची में भारत के अलावा यूएई, तुर्किये और इंडोनेशिया की कंपनियां भी शामिल

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री और खरीद के लिए छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, ईरान सरकार अपनी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के वास्ते पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ा रही है। आज, अमेरिका ऐसे राजस्व के प्रवाह को रोकने जा रहा है, जिसका इस्तेमाल विदेशों में आतंकवाद के समर्थन व अपने ही लोगों को दमन के लिए होता है।

उसने ईरानी पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों या पेट्रोकेमिकल व्यापार में शामिल 20 वैश्विक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा- भारत, यूएई, तुर्किये और इंडोनेशिया की कई कंपनियों को ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीदी-बिक्री के लिए प्रतिबंधित किया जा रहा है। भारत की जिन कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है, उनमें कंचन पॉलिमर्स, अलकेमिकल सॉल्यूशन्स, रमनीकलाल एस गोसालिया एंड कंपनी, जूपिटर डाई चेम प्राइवेट लिमि. शामिल हैं। एजेंसी



### ट्रंप के टैरिफ पर ईरान भड़का, बोला-भारत जैसे स्वतंत्र देशों पर अपनी इच्छा थोप रहा अमेरिका

*नई दिल्ली। भारत में ईरानी दूतावास ने डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25% टैरिफ लगाने के फैसले की कड़ी निंदा की। ईरानी दूतावास ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका अपने आर्थिक दबाव और प्रतिबंधों का इस्तेमाल ईरान और भारत जैसे स्वतंत्र देशों को नियंत्रित करने के लिए कर रहा है। इससे देश की वृद्धि और विकास प्रभावित हो रहा है। दूतावास ने कहा कि ये पक्षपाती और जबरदस्ती वाले कदम अंतरराष्ट्रीय कानून और राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन हैं और ये आर्थिक साम्राज्यवाद का आधुनिक रूप हैं। एजेंसी*

### ईरान ने की अमेरिका के विरोध की अपील

ईरान ने कहा कि अमेरिका की ऐसी नीतियों और दबावों के खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। इसका विरोध करना एक मजबूत,गैर-पश्चिमी, बहुपक्षीय वैश्विक व्यवस्था और वैश्विक दक्षिण को सशक्त करने की दिशा में जरूरी कदम है। बताते चलें कि बुधवार को ट्रंप ने भारत और रूस दोनों पर हमला बोलते हुए कहा था कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता भारत रूस के साथ क्या करता है।

## पाबंदी की सूची में यूएई में रह रहे पंकज पटेल भी शामिल

अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने भी 50 से ज्यादा व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है और 50 से ज्यादा जहाजों की पहचान की है जो ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के शीर्ष राजनीतिक सलाहकार अली शमखानी के बेटे मोहम्मद हुसैन शमखानी द्वारा नियंत्रित विशाल शिपिंग साम्राज्य का हिस्सा हैं। वित्त मंत्रालय ने इसे 2018 के बाद से ईरान से जुड़ी सबसे बड़ी कार्रवाई बताया है। उसने कहा, यूएई स्थित भारतीय नागरिक पंकज नागजीभाई पटेल का भी नाम प्रतिबंध सूची में है, जो कई शिपिंग कंपनियों में कार्यकारी रह चुके हैं।

### कई देशों की 13 कंपनियां प्रतिबंधित

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही कह चुके हैं, कोई भी देश या व्यक्ति जो ईरानी तेल या पेट्रोकेमिकल उत्पाद खरीदता है, वह अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करेगा और अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएगा। ईरान के पेट्रोकेमिकल व्यापार को निशाना बनाते हुए अमेरिका ने कई देशों की 13 कंपनियों को प्रतिबंधित किया है।

# रूस का कीव पर मिसाइल व ड्रोन से हमला, 11 की मौत, 52 घायल

## नौ मंजिला आवासीय इमारत का बड़ा हिस्सा ढहा, कई मलबे में फंसे

**कीव।** रूस ने कीव पर मिसाइल व ड्रोन हमलों में छह साल के बच्चे सहित 11 लोगों को मार गिराया है। इसमें 52 लोग घायल हैं। शहरी सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा, इन हमलों में हताहतों संख्या बढ़ेगी क्योंकि कई लोग अभी मलबे में दबे हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर कहा, सीधे एक रिहाइशी इमारत पर मिसाइल हमला...। घटनास्थल की तस्वीरों में आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त इमारत से धुंए का गुबार व जमीन पर मलबा दिखाई दे रहा है। तकाचेंको ने बताया कि कीव में 27 जगह हमला हुआ, जिसमें सर्वाधिक क्षति सोलोमिंस्क्यी और स्वियातोशिनस्क्यी में हुई। यूक्रेन ने कहा, रूस ने 309 ड्रोन व 8 इस्कंदर-के मिसाइलें दागीं। एजेंसी



कीव में नौ मंजिल की इमारत का हिस्सा रूसी मिसाइल हमले से तबाह। एजेंसी

### रूस का दावा : चासिव यार उसके नियंत्रण में

*रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसकी सेनाओं ने यूक्रेन के पूर्वी दोनेस्क क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर चासिव यार पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रात भर में 32 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया है। स्थानीय गवर्नर ओलेग मेल्निचेंको ने कहा, रूस के पेन्जा क्षेत्र में एक औद्योगिक स्थल पर ड्रोन हमले के बाद आग लग गई। उन्होंने तुरंत कोई और जानकारी नहीं दी, बस इतना कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ।*

# यरुशलम में नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन



अपनों की रिहाई के लिए सड़कों पर लोग

हमास की तरफ से बंधक बनाए गए अपनों की रिहाई के लिए इस्राइली पीएम के यरुशलम ऑफिस के बाहर बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के बाहर जुटे और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन सिर्फ यरुशलम ही नहीं बल्कि कई अन्य शहरों में भी चल रहे हैं।

**20** से ज्यादा शहरों में बंधकों की रिहाई के लिए प्रदर्शन

**60** हजार से ज्यादा फलस्तीनी अब तक गाजा में मारे गए हैं

# अमेरिका ने अपने राष्ट्रपति ट्रंप के लिए मांगा शांति का नोबल

## कहा, भारत-पाक संघर्ष समेत निपटाए कई विवाद



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए शांति के नोबल पुरस्कार की मांग की। लेविट ने बृहस्पतिवार की रात नियमित पत्रकार वार्ता में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप अब तक थाईलैंड और कंबोडिया, इस्राइल और ईरान, रवांडा और कांगो, भारत-पाकिस्तान, सर्बिया और कोसोवो और मिस्र एवं इथियोपिया के बीच संघर्षों को रुकवा चुके हैं। ट्रंप ने औसतन हर महीने एक विवाद को शांतिपूर्ण समाधान निकाला है। यह उन्हें शांति का नोबल दिए जाने का उचित समय है। लेविट ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे हिंसक संघर्ष को तत्काल रुकवाने के लिए मध्यस्थता की। उन्होंने दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों से सीधे फोन पर बात की। इसके तत्काल बाद दोनों पक्षों में शांति स्थापित हो गई। इससे हजारों जानें बचीं और व्यापार वार्ता फिर शुरू होने की स्थिति बन पाई। एजेंसी

### ट्रंप से भी दो कदम आगे निकले उनके वित्त मंत्री, बोले-भारत बड़ा वैश्विक खिलाड़ी नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट भारत के खिलाफ बयानबाजी में अपने राष्ट्रपति से भी आगे निकल गए और व्यापार समझौता न होने का दोष भारत पर मढ़ दिया। उन्होंने कहा, व्यापार वार्ता में धीमी प्रगति के लिए भारत जिम्मेदार है। हमारी पूरी व्यापार वार्ता टीम उनके रवैये से निराश है। सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में बेसेंट ने कहा, मुझे नहीं पता आगे क्या होगा। सबकुछ भारत पर निर्भर है। भारत वार्ता की मेज पर जल्दी आया था। लेकिन उन्होंने चीजों को बहुत धीमी गति से किया। इसलिए राष्ट्रपति और पूरी वार्ता टीम उनसे निराश है। बेसेंट ने कहा, भारत प्रतिबंधित रूसी तेल का बहुत बड़ा खरीददार है और फिर उसे रिफाइन कर बेचता है। वे अब बड़े वैश्विक खिलाड़ी नहीं रह गए हैं। एजेंसी

### ट्रंप के टैरिफ पर अमेरिकी विदेश मंत्री की सफाई

# रूसी तेल के कारण भारत को लेकर खटास : रूबियो



मार्को रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत की ओर से रूसी तेल की खरीद, यूक्रेन में मास्को के युद्ध प्रयासों को जारी रखने में मदद कर रही है और यह वाशिंगटन के साथ नई दिल्ली के संबंधों में निश्चित रूप से चिढ़ने और संबंधों में खटास का विषय है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में रूबियो ने कहा, देखिए, वैश्विक व्यापार में भारत एक सहयोगी है। यह एक रणनीतिक साझेदार है। विदेश नीति में आप हर चीज पर 100 प्रतिशत एकमत नहीं हो सकते।

रुबियो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूसी सैन्य उपकरण और तेल खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की घोषणा और इस वजह से वाशिंगटन दिल्ली से कितना निराश है, इस बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। रूबियो ने माना कि भारत को ऊर्जा की बहुत जरूरत है और इसमें तेल, कोयला, गैस और अन्य चीजें खरीदने की क्षमता शामिल है। उसे अपनी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए इनकी जरूरत है। वह इसे रूस से खरीदता है, क्योंकि रूसी तेल प्रतिबंधित है और सस्ता है। प्रतिबंधों के कारण वे इसे वैश्विक कीमत से कम पर बेच रहे हैं। दुर्भाग्य से, इससे रूस को अपने युद्ध प्रयासों को बनाए रखने में मदद मिल रही है। इसलिए यह निश्चित रूप से भारत के साथ हमारे संबंधों में खटास का एक विषय है। उनके साथ हमारे सहयोग के कई अन्य बिंदु भी हैं। लेकिन मुझे लगता है, राष्ट्रपति को जो हम व्यक्त करते हुए देख रहे हैं, वह बहुत स्पष्ट रूप से निराशा है। इतने सारे अन्य तेल विक्रेता उपलब्ध होने के बावजूद, भारत रूस से इतना अधिक तेल खरीद रहा है, जो वास्तव में युद्ध प्रयासों को वित्तपोषित करने में मदद कर रहा है। एजेंसी

**सियासत** | फ्रांस-ब्रिटेन के बाद 14 देशों के समूह ने खोला मोर्चा, सितंबर में पेश करेंगे यूएन में प्रस्ताव

# कनाडा-माल्टा भी उतरे फलस्तीन के समर्थन में

**संयुक्त राष्ट्र।** ब्रिटेन-फ्रांस के बाद कनाडा और माल्टा ने भी घोषणा की है कि वे सितंबर में फलस्तीन देश को मान्यता देंगे। इस तरह वे भी इस्राइल-फलस्तीन संघर्ष को खत्म करने के लिए दबाव बढ़ाने वाले देशों में शामिल हो गए हैं। इस्राइल के लिए यह बड़ा झटका है।

इससे पहले 14 देशों के समूह ने साझा मोर्चा खोलते हुए कहा, यदि गाजा में इस्राइली सैन्य कार्रवाई नहीं रुकी तो वे फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता देंगे। इसमें एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, माल्टा, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन जैसे देश शामिल हैं। ये प्रस्ताव आगामी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया जाएगा। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी व माल्टा के पीएमम रॉबर्ट अबेला ने फलस्तीन को खुला समर्थन दिया है। एजेंसी



मार्क कार्नी



रॉबर्ट अबेला

### प. एशिया में शांति प्रयासों का हिस्सा

माल्टा के पीएम रॉबर्ट अबेला ने कहा, यह निर्णय पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने के प्रयासों का हिस्सा है। यूरोपीय संघ का यह सदस्य देश अब उन 145 से अधिक देशों के साथ शामिल हो जाएगा, जिन्होंने पहले ही फलस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता दे दी है। माल्टा सरकार ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सितंबर में फलस्तीन को औपचारिक मान्यता देने का निर्णय लिया है।

### इस्राइल ने किया विरोध

इस्राइल ने कहा है कि वह द्विराष्ट्र समाधान का विरोध करता है और अमेरिका के साथ मिलकर इस बैठक का बहिष्कार कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में इस्राइली राजदूत डैनी डैनन ने 125 देशों और फलस्तीन को मान्यता देने की नई घोषणाओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, दुनिया में कुछ लोग आतंकियों से लड़ते हैं, जबकि कुछ उन्हें नजरअंदाज करते हैं।

### फलस्तीन प्राधिकरण सुधार आगे बढ़ाएगा

कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र की 80वीं महासभा में माल्टा का इरादा फलस्तीन राज्य को मान्यता देने का है। हम ऐसा इसलिए करना चाहते हैं क्योंकि फलस्तीनी प्राधिकरण ने सुधारों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। कनाडा का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब गाजा में युद्ध इस्राइल द्वारा मानवीय मदद रोकने के चलते पैदा हुए भुखमरी संकट पर विश्व समुदाय का ध्यान बढ़ा है।

### मिस्र : ब्रिटिश फैसले का स्वागत

**काहिरा।** मिस्र ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की इस घोषणा का स्वागत किया कि ब्रिटेन फलस्तीन राज्य को मान्यता देने का इरादा रखता है। मिस्र ने द्विराष्ट्र समाधान के तहत फलस्तीन को व्यापक मान्यता देने के लिए अपना पूर्ण समर्थन दोहराया और महत्वपूर्ण कदम बताया। एजेंसी

# अमेरिका में एफ 35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त



**लेमूर।** अमेरिका के मध्य कैलिफोर्निया स्थित नौसैनिक प्रतिष्ठान के पास बुधवार को एफ-35सी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित है। फ्रेस्नो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अधिकारियों को शाम 6:40 बजे सूचना मिली थी कि सैन्य विमान में आग लग गई है। अग्निशमन कर्मी, कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्ती अधिकारी और ईएमएस कर्मियों ने लेमूर नौसेना वायु स्टेशन के पास खेत में मलबा पाया। पायलट को अस्पताल पहुंचाया गया। वह ठीक हो जाएगा। नेवल एयर स्टेशन लेमूर ने पुष्टि की है कि वीएफए-125 रफ रेडर्स से जुड़ा एफ-35सी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एजेंसी

# मेदवेदेव खुद को अब भी रूस का राष्ट्रपति समझते हैं, जुबान पर लगाम लगाएं : ट्रंप

## अमेरिकी राष्ट्रपति और रूस के पूर्व राष्ट्रपति के बीच जुबानी जंग तेज

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भारत पर टैरिफ लगाने के बाद ट्रंप ने रूस को भी घेरा और चेतावनी भरे लहजे में मेदवेदेव को अपनी जुबान पर काबू लगाने को कहा।

दरअसल, रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष मेदवेदेव ने दो दिन पहले एक्स पर ट्रंप को नसीहत दी थी कि अमेरिका 'अल्टीमेटम गेम' बंद करे। रूस के पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप द्वारा रूस पर 10–12 दिन में युद्ध रोकने और सीजफायर डील पर हस्ताक्षर की डेडलाइन दिए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

ट्रंप ने इसका करारा जवाब अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर दिया। ट्रंप ने लिखा, भारत-रूस के साथ क्या करता है। दोनों मिलकर अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाएं डुबोएं,



मेदवेदेव

मुझे परवाह नहीं। भारत के टैरिफ सबसे ज्यादा हैं, इसलिए हमने उनके साथ कम व्यापार किया है। रूस को लेकर उन्होंने कहा, हमारा रूस से भी लगभग कोई व्यापार नहीं है। यह ठीक भी है। मेदवेदेव अपनी जुबान पर लगाम लगाएं। वह अब भी खुद को राष्ट्रपति समझते हैं। दरअसल ट्रंप ने पहले रूस को 50 दिन का समय दिया था कि वह युद्ध रोक दे, लेकिन अब वह डेडलाइन घटाकर सिर्फ 10–12 दिन पर आ गए हैं। एजेंसी

### पूर्व रूसी राष्ट्रपति ने कहा था...अल्टीमेटम गेम बंद करें ट्रंप

रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष मेदवेदेव ने दो दिन पहले सोशल मीडिया पर ट्रंप को नसीहत दी थी कि अमेरिका 'अल्टीमेटम गेम' बंद करे। उन्होंने ट्रंप की ओर से रूस पर 10–12 दिन में युद्ध रोकने और शांति वार्ता समझौते पर हस्ताक्षर की डेडलाइन दिए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। मेदवेदेव ने कहा था, रूस, इस्राइल या ईरान नहीं है, उल्टा जवाब देगा। हर नया अल्टीमेटम, एक युद्ध की तरफ कदम है। यूक्रेन से नहीं, सीधे अमेरिका से। मेदवेदेव ने ट्रंप को 'स्लीपी जो' (जो बाइडन) का रास्ता न अपनाने की चेतावनी भी दी थी।